बैशाख कृष्ण पक्ष द्वितीया
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

गुरुवार, 25 अप्रैल 2024
वर्ष 5, अंक 30, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

अमृत विचार

मुरादाबाद

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



ब्रॉउन इ्वार्फ के मीथेन की आश्चर्यजनक खोज 16

किंग में डॉन का किरदार निभाएंगे शाहरूख 15

एक नजर

बांदीपोरा में आतंकवादियों से मुठभेड़, दो जवान घायल

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर के बांदीपोरा जिले में आतंकवादियों के साथ मुठभेड़ में दो सैनिक घायल हो गए। आतंकवादियों का पता लगाने के लिए बांदीपोरा के अरागाम के रेन्जी वन क्षेत्र में बड़े पैमाने पर तलाश अभियान जारी है। बुधवार तड़के सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच गोलीबारी हुई थी। शुरुआती गोलीबारी में दो सैनिक घायल हो गए और उनकी हालत स्थिर बताई जा रही है। आतंकवादियों को इलाके से फरार होने से रोकने के लिए हवाई निगरानी के लिए आज सुबह से हेलीकॉप्टर और ड्रोन को भी सेवा में लगाया गया है। सेना ने कहा कि इलाके में आतंकवादियों की मौजूदगी के बारे में एजेंसियों की विशेष खुफिया जानकारी के आधार पर रविवार को एक संयुक्त अभियान शुरू किया गया था।

इन्वेस्ट ट्रेडिंग के नाम पर 95 लाख की ठगी

श्रीगंगानगर। राजस्थान के हनुमानगढ़ में ऑनलाइन इन्वेस्ट ट्रेडिंग में निवेश करने के नाम पर 95 लाख की ठगी का मामला सामने आया है। शातिर ठग ने शिकार बने व्यक्ति को उसके कॉलेज के दोस्त की पुरानी फोटो टेलीग्राम एप पर लगाकर धोखा दिया। गांव पक्का सहारन निवासी सुनील कुमार जाट ने एसपी को दिए प्रार्थना पत्र के आधार पर साइबर थाने में 94 लाख 70 हजार 300 रुपये की ठगी का मामला दर्ज हुआ है, जिसकी जांच उपाधीक्षक अरुण कुमार द्वारा की जा रही है।

पीआईटी एनडीपीएस एक्ट में किया गिरफ्तार

हल्द्वानी। राजधानी में सक्रिय एक आदतन नशा तस्कर को देहरादून पुलिस ने पीआईटी एनडीपीएस एक्ट के तहत पहली बार जेल भेजने की कार्रवाई की है। पुलिस ने मामले की रिपोर्ट गृह सचिव को भेजी तो उन्होंने आरोपी को पांच सप्ताह के लिए जेल में बंद करने के निर्देश दिए। एसएसपी अजय सिंह ने बताया कि रायपुर थाने में एसओ कुंदन राम के नेतृत्व में एक टीम का गठन नशा तस्करों के खिलाफ किया गया। सक्रिय नशा तस्करों को चिह्नित किया गया। इसमें तस्कर अमरकांत उर्फ डोला के बारे में पता चला कि वह अब भी छोटे-छोटे बच्चों के माध्यम से स्मैक व अन्य नशीले पदार्थों की तस्करी करता है। उसके खिलाफ नशा तस्करी के तीन मुकदमे दर्ज हैं।

चुनावी भाषण के दौरान नितिन गडकरी बेहोश

यवतमाल। भाजपा नेता व केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी पूर्वी महाराष्ट्र के यवतमाल जिले में एक चुनावी रैली में भाषण के दौरान बेहोश हो गये। वह पुसाद में चुनाव प्रचार कर रहे थे, जो यवतमाल-वाशिम लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत आता है। गडकरी जैसे ही बेहोश हुए उनके साथ मौजूद सुरक्षाकर्मी उन्हें मंच से बाहर ले गए। हालांकि, केंद्रीय मंत्री कुछ मिनट बाद ठीक हो गए और उन्होंने अपना भाषण पूरा किया। गडकरी (66) ने ''एक्स'' पर इस घटना की जानकारी देते हुए एक पोस्ट में कहा महाराष्ट्र के पुसाद में एक चुनावी रैली में गर्मी के कारण बेचैनी महसूस हुई। लेकिन अब मैं पूरी तरह ठीक हूं और अगली रैली में हिस्सा लेने के लिए वरुड जा रहा हूं।

मंच पर बेहोश गडकरी को संभालते पार्टी कार्यकर्ता।

दूसरे चरण की 88 सीटों पर मतदान कल

- 89 सामान्य पर्यवेक्षक, 53 पुलिस पर्यवेक्षक तैनात

नई दिल्ली, एजेंसी

लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण का प्रचार अभियान बुधवार शाम थम गया। इस चरण में 12 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की 88 सीटों पर शुक्रवार को मतदान होगा।

निर्वाचन आयोग के पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार दूसरे चरण में मध्य प्रदेश की बैतूल सीट पर भी चुनाव होना था, लेकिन बसपा उम्मीदवार के निधन के बाद अब इस सीट पर चुनाव 7 मई को तीसरे चरण में होगा। इन सीटों पर कुल 1206 प्रत्याशी चुनावी मैदान में भाग्य आजमा रहे हैं। मत सुबह सात बजे से शाम छह बजे तक डाले जायेंगे और मतगणना चार जून को होगी। निर्वाचन आयोग के अनुसार इस चरण के लिये 89 सामान्य पर्यवेक्षक, 53 पुलिस पर्यवेक्षक और 109 व्यय पर्यवेक्षक तैनात किये गये हैं। प्रचार के अंतिम दिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह ने भाजपा की जीत की संभावनाओं को मजबूत करने के लिये कई रैली और रोड शो किये। भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा, केंद्रीय मंत्री और गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने भी प्रचार किया। वरिष्ठ भाजपा नेता एवं कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री बी एस येदियुरप्पा तथा पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष विजयेंद्र येदियुरप्पा ने जमकर चुनाव प्रचार किया।

इन राज्यों की सीटों पर होगा मतदान

इस चरण में केरल की 20, कर्नाटक की 14, राजस्थान की 13, महाराष्ट्र और उत्तर प्रदेश की आठ- आठ, मध्य प्रदेश की छह, असम और बिहार की पांच-पांच, छत्तीसगढ़ और पश्चिम बंगाल की तीन-तीन और जम्मू-कश्मीर, मणिपुर तथा त्रिपुरा की एक-एक सीट पर मतदान होगा।

उप्र में 81 पुरुष व 10 महिला प्रत्याशी चुनाव मैदान में

लखनऊ। प्रदेश में दूसरे चरण की आठ सीटों पर कुल 91 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं, जिसमें 81 पुरुष व 10 महिला प्रत्याशी हैं। कुल 1,67,77,198 मतदाता मतदान करेंगे। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि इस चरण में 90,26,051 पुरुष मतदाता, 77,50,356 महिला मतदाता व 791 थर्ड जेंडर हैं। सभी सीटों अमरोहा, मेरठ, बागपत, गाजियाबाद, गौतमबुद्धनगर, बुलंदशहर, अलीगढ़ व मथुरा में मतदान के लिए तैयारियां शुरू हो गई हैं। पोलिंग पार्टियों को रवाना होने के निर्देश दिये गये हैं। मतदान के दौरान मतदाताओं को गर्मी व लू से बचाने के लिए पुख्ता इंतजाम किये गये हैं। मतदान केंद्रों पर समुचित सुरक्षा बलों की तैनाती की जाएगी। उन्होंने बताया कि मतदाता पहचान पत्र के लिए 12 विकल्पों का प्रयोग भी कर सकेंगे।

देश में शरिया कानून और तालिबानी बर्बरता चाहती है कांग्रेस : योगी

कांग्रेस पर जमकर बरसे योगी, इंडी गठबंधन की नीयत पर उठाए सवाल

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को कांग्रेस और इंडी गठबंधन की नीयत पर सवाल उठाए। योगी ने कहा कि कांग्रेस को देश की कीमत पर येन केन प्रकारेण सत्ता चाहिए। वह महिलाओं पर बर्बर अत्याचार करने वाले तालिबानी प्रवृत्ति को भारत में लागू करना चाहती है। ये लोग तीन तलाक का समर्थन करते हैं। कांग्रेस देश में शरिया कानून लागू करके तालिबानी बर्बरता की समर्थक है।

मुख्यमंत्री बुधवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में आमंत्रित मीडिया के सामने अपनी बात रख रहे थे। इससे पहले उन्होंने पाटी कार्यालय में मीडिया सेंटर की शुरुआत भी की। योगी ने यहां कहा, कांग्रेस के घोषणापत्र में आधी आबादी के अपमान के इरादे साफ दिखाई देते हैं। ये देश की सुरक्षा, संप्रभुता से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दे हैं, जिसमें कांग्रेस की मंशा स्पष्ट उजागर होती है। उन्होंने यह भी कहा कि इनकी मंशा एससी, एसटी और ओबीसी के आरक्षण में डकैती डालने की है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि यूपीए सरकार अपने शासनकाल में पूर्व चीफ जस्टिस एवं कांग्रेस सांसद रंगनाथ मिश्रा कमीशन सिफारिशों को लागू करना चाहती थी। रंगनाथ मिश्रा कमीशन के तहत ओबीसी को मिलने वाले 27 प्रतिशत आरक्षण में छह प्रतिशत अल्पसंख्यक समुदाय को देने की बात है।

मुख्यमंत्री के अनुसार कांग्रेस की मंशा एससी, एसटी के अधिकारों में भी घुसपैठ करने की है। इसका सबसे बड़ा उदाहरण यूपीए सरकार में आई सच्चर कमेटी की रिपोर्ट है, जिसे भाजपा के भारी विरोध के कारण उन्हें वापस लेना पड़ा था। उन्होंने कहा कि कांग्रेस अपने घोषणापत्र में संपत्ति का सर्वे कराने की बात कर रही है। वे लोग उसके बाद संपत्ति का अपने अनुसार बंदरबांट करेंगे। यूपीए सरकार के तत्कालीन प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने इस बात का उल्लेख भी किया था कि देश के संसाधनों पर पहला हक मुसलमानों का है। मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा ने देश में चार जातियों की बात की है, गरीब, किसान, युवा और महिला। इसमें किसी जाति, मत-मजहब की बात नहीं है। इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी, मंत्री असीम अरुण, मीडिया प्रभारी मनीष दीक्षित, महामंत्री अनूप गुप्ता, हरीश श्रीवास्तव, हिमांशु दुबे सहित अन्य पार्टीजन मौजूद रहे।

मीडिया से रूबरू

- कांग्रेस की मंशा एससी, एसटी, ओबीसी के आरक्षण में कटौती कर अल्पसंख्यकों को देने की
- मुख्यमंत्री ने कहा-कांग्रेस पार्टी के घोषणापत्र में दिखाई दिए आधी आबादी के अपमान के इरादे

31 मई तक लिंक किया तो कम कटौती के लिए कार्रवाई नहीं

नई दिल्ली। आयकर विभाग ने कहा कि यदि करदाता 31 मई तक अपने पैन को आधार से जोड़ देते हैं, तो टीडीएस की कम कटौती के लिए कोई कार्रवाई नहीं की जाएगी। आयकर नियमों के अनुसार, यदि स्थायी खाता संख्या (पैन) को बायोमेट्रिक आधार से नहीं जोड़ा जाता है, तो लागू दर के मुकाबले दोगुनी दर से स्रोत पर कर कटौती (टीडीएस) की जाएगी। केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) ने परिपत्र में कहा कि करदाताओं से कई शिकायतें मिली हैं कि उन्हें इस बारे में नोटिस मिले हैं। नोटिस में कहा गया है कि उन्होंने ऐसे लेनदेन करते समय टीडीएस / टीसीएस की कम कटौती/ संग्रह करने की चूक की है, जहां पैन निष्क्रिय थे। ऐसे मामलों में चूंकि कटौती/ संग्रह उच्च दर पर नहीं किया गया है, लिहाजा विभाग ने टीडीएस/ टीसीएस विवरणों के प्रसंस्करण के दौरान कर मांग की है। एकेएम ग्लोबल में साझेदार (कर) संदीप सहगल ने कहा कि जल्द से जल्द पैन को आधार से जोड़ लेना चाहिए।

पैन-आधार लिंक मामले में टीडीएस कटौती

तुलसियानी ग्रुप के 10 ठिकानों पर छापेमारी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने रियल एस्टेट कंपनी तुलसियानी ग्रुप के प्रयागराज, लखनऊ, दिल्ली और नोएडा स्थित ठिकानों पर बुधवार को छापेमारी की। ग्रुप पर निवेशकों और बैंक के करोड़ों रुपए हड़पने का आरोप है। ईडी ने दिसंबर 2023 में कंपनी के खिलाफ मनी लांड्रिंग के तहत केस दर्ज किया था। छापेमारी के दौरान क्या-क्या मिला यह अभी स्पष्ट नहीं है, हालांकि सूत्रों के मुताबिक टीम ने कई दस्तावेजों को अपने हाथों में लिया है।

गौरतलब हो कि तुलसियानी ग्रुप के खिलाफ दर्जनों निवेशकों ने करीब 30 करोड़ रुपये डकारने के मामले में एफआईआर दर्ज करा रखा है। वहीं, पंजाब नेशनल बैंक ने भी तुलसियानी ग्रुप पर कर्ज हड़पने के आरोप में एफआईआर भी दर्ज करा रखा है। ग्रुप ने फर्जी दस्तावेज लगाकर बैंक से 4.63 करोड़ का कर्ज लिया था। बैंक मैनेजर की शिकायत पर ग्रुप के निदेशक महेश तुलसियानी, अनिल कुमार तुलसियानी और अन्य पूर्व निदेशकों पर हजरतगंज थाने में मुकदमा दर्ज हुआ था। पुलिस उक्त आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भी भेज चुकी है। बता दें कि फिल्म अभिनेता शाहरुख खान की पत्नी भी बतौर ब्रांड एंबेस्डर तुलसियानी ग्रुप से जुड़ी थी।

ईडी की कार्रवाई

- लखनऊ, प्रयागराज, नोएडा, दिल्ली और गुरुग्राम में छापा मारा
- निवेशकों का 30 करोड़ हड़पने के आरोप में दर्ज है एफआईआर

विधायक के कार्यालय भी पहुंची टीम

लखनऊ। भाजपा से हरैया विधायक अजय सिंह के गोमती नगर विस्तार स्थित कार्यालय में भी प्रवर्तन निदेशालय की टीम पहुंची। इस प्रकरण पर अजय सिंह ने मीडिया को बयान देते हुए कहा कि टीम जांच कर ले उसके बाद जो भी वह प्रश्न करेगी हम जवाब देने को तैयार हैं। प्रवर्तन निदेशालय के अफसरों ने मुझसे अभी तक कोई बात नहीं की है। हमारा कार्यालय बंद है, लेकिन कार्मिक वहां पर खड़े हैं। मैं चुनाव प्रचार में व्यस्त हूं।

देश के संसाधनों पर किसानों व गरीबों का पहला हक : जयंत

अमरोहा में राष्ट्रीय लोकदल के अध्यक्ष जयंत चौधरी को गदा भेंट करते भाजपा प्रत्याशी कंवर सिंह तंवर व अन्य। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

- समाजवादी पार्टी गंगा पार से हमें खत्म करना चाहती थी
- बोले- देश में चौधरी चरण सिंह की विचारधारा की जरूरत

अमृत विचार : रालोद के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी ने कहा कि देश के संसाधनों पर किसानों और गरीबों का पहला हक है। सरकार की भी यही प्राथमिकी होती है। चौधरी चरण सिंह गांव का विकास चाहते थे। इसलिए कुटीर उद्योगों की पैरवी करते थे। देश के सर्वोच्च पद पर बैठे लोग भी जानते हैं कि देश में चौधरी चरण सिंह की विचारधारा की जरूरत है। आजादी के बाद से कांग्रेस सबसे बड़ी पार्टी रही। किसानों की जमीनों को लेकर चौधरी चरण सिंह ने तत्कालीन प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू का विरोध किया था। उन्होंने कहा कि हम भी सपा के साथ थे, लेकिन सपा गंगा पार से हमें खत्म करना चाहती थी। सपा के लोग अब हमें दुश्मन मानने लगे हैं।

जिले में लोकसभा चुनाव प्रचार के अंतिम दिन बुधवार को वह गांव पपसरा के मैदान पर भाजपा के प्रत्याशी कंवर सिंह तंवर के समर्थन में जनसभा को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि सपा के लोगों ने चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न मिलने पर भी बधाई नहीं दी। उन्होंने कहा कि सबसे महत्वपूर्ण काम वोट है। वोट डालने के लिए गर्मी में भी किसानों को कोई फर्क नहीं पड़ेगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लेकर लोग तीसरी बार भी मन बना चुके हैं। इस बार रालोद भाजपा के साथ है। जो कमी रह गई थी, उसे पूरा किया जाएगा। कहा कि हम लोग अब सरकार में है। रालोद के कैबिनेट मंत्री हैं। अब हम सरकार के हर फैसले में शामिल होंगे। चौधरी चरण सिंह के विचारों को साकार करने के लिए भविष्य में काम होगा।

सोना तस्करी गिरोह का भंडाफोड़, 10.48 करोड़ का सामान जब्त, चार गिरफ्तार

मुंबई। राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) ने सोने की तस्करी करने वाले एक गिरोह का मुंबई में भंडाफोड़ किया है और 10.48 करोड़ रुपये मूल्य की बहुमूल्य धातु, नकदी और अन्य कीमती सामान जब्त किए हैं। डीआरआई के एक अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि सोमवार को दक्षिण मुंबई में उस जगह तलाशी अभियान चलाया गया, जहां सोना को पिघलाने का काम किया जाता है और यहां से दो अफ्रीकी नागरिक सहित चार लोगों को गिरफ्तार किया गया। अधिकारी ने एक बयान में बताया कि डीआरआई को सूचना मिली थी कि मुंबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के माध्यम से अफ्रीका से तस्करी कर लाये गए सोने से विदेशी मुद्रण हटाने के लिए यहां झवेरी बाजार में पिघलाया जा रहा है और फिर इसे स्थानीय बाजार में भेजा जा रहा है। इस जगह की तलाशी के दौरान अधिकारियों ने 9.31 किलोग्राम सोना और 16.66 किलोग्राम चांदी जब्त की।

कोटक महिंद्रा बैंक को ऑनलाइन ग्राहक जोड़ने और क्रेडिट कार्ड जारी करने पर रोक

मुंबई, एजेंसी

भारतीय रिजर्व बैंक ने बुधवार को निजी क्षेत्र के कोटक महिंद्रा बैंक को तत्काल प्रभाव से अपने ऑनलाइन और मोबाइल बैंकिंग चैनलों के माध्यम से नए ग्राहकों को जोड़ने और नए क्रेडिट कार्ड जारी करने से रोक दिया।

रिजर्व बैंक ने कोटक महिंद्रा बैंक लिमिटेड के खिलाफ पर्यवेक्षी कार्रवाई को लेकर जारी बयान में कहा कि बैंक अपने क्रेडिट कार्ड ग्राहकों सहित अपने मौजूदा ग्राहकों को सेवाएँ प्रदान करना जारी रखेगा। वर्ष 2022 और 2023 के लिए रिज़र्व बैंक की बैंक की आईटी जांच से उत्पन्न महत्वपूर्ण चिंताओं और इन चिंताओं को व्यापक और समय पर ढंग से निपटान करने में बैंक की ओर से लगातार विफलता के आधार पर ये कार्रवाई की गयी है।

आईटी इन्वेंट्री प्रबंधन और परिवर्तन प्रबंधन, उपयोगकर्ता पहुंच प्रबंधन, विक्रेता जोखिम प्रबंधन, डेटा सुरक्षा और डेटा लीक रोकथाम रणनीति, व्यापार निरंतरता और आपदा वसूली कठोरता और ड्रिल के क्षेत्रों में गंभीर कमियां और गैर-अनुपालन देखे गए। लगातार दो वर्षों तक, नियामक दिशानिर्देशों के तहत बैंक के आईटी जोखिम और सूचना सुरक्षा प्रशासन में कमी का आकलन किया गया था। बाद के आकलन के दौरान, बैंक को वर्ष 2022 और 2023 के लिए रिज़र्व बैंक द्वारा जारी सुधारात्मक कार्य योजनाओं के साथ काफी गैर-अनुपालनकारी पाया गया, क्योंकि बैंक द्वारा प्रस्तुत अनुपालन या तो अपर्याप्त, गलत या टिकाऊ नहीं पाया गया।

- अनियमितताओं के चलते रिजर्व बैंक ने लिया निर्णय

हृदय घात से हाथरस के भाजपा सांसद का निधन

अलीगढ़। भाजपा नेता एवं हाथरस लोकसभा क्षेत्र से सांसद राजवीर सिंह दिलेर का हृदयघात से निधन हो गया। अलीगढ़ में आवास पर हालत बिगड़ने पर अस्पताल में भर्ती कराया गया। चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। उनके निधन से समर्थकों और परिजनों में शोक है। राजवीर का इस बार बीजेपी ने टिकट काट दिया है। बुधवार को अचानक उनकी तबीयत बिगड़ गई और वे बेहोश हो गए थे। वह 66 वर्ष के थे। राजवीर सिंह दिलेर 2019 में हाथरस लोकसभा सीट से 2.60 लाख मतों से जीते थे। तीन दिन पहले वह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अलीगढ़ में आयोजित जनसभा में मंच पर उपस्थित रहे थे। राजवीर सिंह दिलेर के पिता किशनलाल दिलेर भी भाजपा के दिग्गज नेता रहे। वह लगातार पांच बार विधायक और चार बार सांसद रहे थे।

- अलीगढ़ में तबियत बिगड़ने पर अस्पताल में कराया भर्ती

मुस्लिम धर्मगुरु मौलाना अब्दुल अलीम फारुकी का इंतकाल

लखनऊ। मुस्लिम धर्मगुरु मौलाना अब्दुल अलीम फारुकी का बुधवार की सुबह लखनऊ के चौधरी गढैया स्थित आवास पर इंतकाल हो गया। वह 76 साल के थे और पैंक्रियाज कैंसर से जूझ रहे थे। शाम को अस्र की नमाज के बाद नदवतुल उलेमा में उनकी नमाज-ए-जनाजा हुई और उसके बाद ऐशबाग कब्रिस्तान में उन्हें सुपुर्द-ए-ख़ाक कर दिया गया। मौलाना जमीयत उलेमा-ए-हिन्द के उपाध्यक्ष थे। वह दारुल उलूम देवबंद और नदवतुल उलेमा लखनऊ के कार्यकारिणी सदस्य थे।

क्या ईवीएम के माइक्रोकंट्रोलर को फिर से प्रोग्राम किया जा सकता है : सुप्रीम कोर्ट

नई दिल्ली, एजेंसी

उच्चतम न्यायालय ने इलेक्ट्रॉनिंग वोटिंग मशीन' (ईवीएम) के माध्यम से डाले गए सभी वोट का वोटर वेरिफियेबिल पेपर ऑडिट ट्रेल (वीवीपैट) के साथ पूरी तरह मिलान करने के अनुरोध वाली याचिकाओं पर बुधवार को अपना फैसला सुरक्षित रख लिया।

न्यायालय ने निर्वाचन आयोग के समक्ष उठाए गए सवालों के जवाबों का संज्ञान लेने के बाद फैसला सुरक्षित रखा। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ ने निर्वाचन आयोग के एक अधिकारी से ईवीएम की कार्य-प्रणाली के संबंध में पांच प्रश्न पूछे थे जिनमें यह प्रश्न भी शामिल है कि क्या ईवीएम में लगे माइक्रोकंट्रोलर को फिर से प्रोग्राम किया जा सकता है या नहीं। वरिष्ठ उप निर्वाचन आयुक्त नीतेश कुमार व्यास ने इससे पहले ईवीएम की कार्य-प्रणाली के बारे में अदालत में प्रस्तुतिकरण दिया था। पीठ ने उन्हें अपराह्न दो बजे प्रश्नों के उत्तर देने के लिए बुलाया था। पीठ ने कहा था कि उसे कुछ पहलुओं पर स्पष्टीकरण की जरूरत है क्योंकि आयोग द्वारा ईवीएम के बारे में बार-बार पूछे जाने वाले प्रश्नों (एफएक्यू) पर दिए गए उत्तरों को लेकर कुछ भ्रम की स्थिति है। पीठ ने कहा हमें कुछ संशय है और स्पष्टीकरण की जरूरत है और इसलिए हमने मामला निर्देशों के लिए सूचीबद्ध किया है। उसने कहा, हम अपने निष्कर्षों में तथ्यात्मक रूप से गलत नहीं होना चाहते, बल्कि पूरी तरह सुनिश्चित होना चाहते हैं।

- मतों के वीवीपैट से मिलान के मुद्दे पर कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रखा

पेड़ से पैर फिसला, दुपट्टा बना फंदा, छात्रा की मौत

संवाददाता, हसनपुर (अमरोहा)

- परिजनों ने बिना कार्रवाई के ही छात्रा का किया अंतिम संस्कार

अमृत विचार: कोतवाली क्षेत्र के गांव दीपपुर में बुधवार को अमरूद तोड़ते समय पेड़ पर पैर फिसलने से छात्रा के गले में दुपट्टे का फंदा कस गया। इससे उसकी मौत हो गई। हालांकि परिजन छात्रा को लेकर निजी चिकित्सक के यहां गए। वहां चिकित्सक ने उसे मृतक घोषित कर दिया।

बताया जाता है कि कोतवाली क्षेत्र के गांव दीपपुर में किसान सुरेंद्र सिंह का परिवार रहता है। उसकी पुत्री कक्षा-11 की छात्रा थी। बुधवार को वह अकेली आम के बाग में गई थी। बताया कि वहां वह अमरूद के पेड़ पर चढ़ गई और अमरूद तोड़ने लगी। इस बीच पेड़ से उसका पैर फिसल गया। इससे छात्रा के गले में पड़ा दुपट्टा पेड़ की शाखाओं में उलझ गया और दुपट्टे के फंदे में छात्रा की गर्दन कस गई। उधर से गुजर रहे लोगों ने देखा तो वह मौके पर पहुंचे। उन्होंने सूचना देकर परिजनों को बुलाया। परिजन फंदे से उतार कर छात्रा को नगर के एक निजी चिकित्सक के यहां ले गए। वहां उसे मृत घोषित कर दिया। छात्र की मौत से परिवार में कोहराम मचा है। बाद में परिजनों ने बिना किसी कार्रवाई के उसका अंतिम संस्कार कर दिया।

एक नजर

गोशाला की भूमि पर अवैध कब्जे का लगाया आरोप

मुरादाबाद, अमृत विचार : ग्रामसभा अगवानपुर की जमीनों पर कुछ लोग अवैध कब्जे कर रहे हैं। इसमें कान्हा गोशाला की जमीन भी शामिल है। विश्व हिंदू महासंघ गोरक्षक के जिलाध्यक्ष कामेश सिंह लोधी ने जिलाधिकारी को दिए शिकायती पत्र में आरोप लगाया है कि अगवानपुर में ग्रामसभा की जमीनों पर भूमाफिया अवैध कब्जा कर रहे हैं। इस समस्या पर नगर पंचायत की ओर से भी संज्ञान नहीं लिया जा रहा है। इससे स्थिति बिगड़ती ही जा रही है। लोधी ने जिलाधिकारी को दिए पत्र में लिखा है कि इस पर रोक लगाई जाए। अगर इस पर रोक न लगाई गई तो वे इस समस्या को लेकर मुख्यमंत्री को पत्र प्रेषित करेंगे।

महाशिव पुराण कथा आज से

मुरादाबाद, अमृत विचार : वेव मॉल के पीछे स्थित शिव मंदिर में गुरुवार से नौ दिवसीय महाशिव पुराण कथा का आचार्य प्रभात भारद्वाज के मुख से गुणगान किया जाएगा। 25 अप्रैल से 3 मई तक शाम 4 बजे से 7 बजे तक कथा का वाचन होगा। इसके बाद सभी भक्तों के लिए अल्पाहार व प्रसाद का वितरित किया जाएगा।

कांठ रोड स्थित एक कॉलोनी में भजन संध्या में उपस्थित महिलाएं। ● अमृत विचार

भजन संध्या में राम भजनों पर झूमे भक्त

मुरादाबाद, अमृत विचार : गौर ग्रेशियस स्थित मंदिर में बुधवार को 11वें वार्षिकोत्सव में भजन संध्या और भंडारे का आयोजन हुआ। इसमें कथाकार आचार्य धीरशांत दास अर्द्धमौनी ने अपने भजनों से आध्यात्मिक रसामृत से सबको भाव विभोर कर दिया।

कथावाचक ने बताया कि जिसके मन में भगवान के प्रति भक्ति है, वही यथार्थ भक्त है, बाहरी आडंबर वाला नहीं। भगवान मन पर ध्यान देते हैं, भेष पर नहीं। इसलिए मन से भगवान की भक्ति करो, दुनिया के लोग चाहे तुम्हें भक्त न मानें। महादेव शंकर रामजी के सेवक, स्वामी और सखा तीनों ही हैं। रामजी की सेवा करने के लिए शंकर ने हनुमान जी का रूप धारण किया। वानर का रूप उन्होंने इसलिए धारण किया कि अपने स्वामी की सेवा तो करूं, पर उनसे चाहूं कुछ भी नहीं, क्योंकि वानर को न रोटी चाहिए, न कपड़ा चाहिए और न मकान चाहिए। वह जो कुछ भी मिले, उसी से अपना निर्वाह कर लेता है। कार्यक्रम में संजीव आनंद, भोला नाथ खन्ना, राजीव अग्रवाल, एके रस्तोगी, पीडी वाजपेई, विनोद खन्ना, नीतू आनंद, इंदु खन्ना, शीलू महरोत्रा, संध्या अग्रवाल आदि का सहयोग रहा।

अमरोहा स्टेशन पर ट्रेन रोक कर टीम ने की चेकिंग, बेटिकट व अनियमित यात्रियों से सवा लाख जुर्माना वसूला

सप्तक्रांति एक्सप्रेस की पेंट्रीकार में सफर करते 29 को पकड़ा

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार : बुधवार को रेलवे की चेकिंग टीम ने सप्तक्रांति एक्सप्रेस की पेंट्रीकार में सफर कर रहे 29 यात्रियों को पकड़ लिया। चेकिंग टीम ने अमरोहा स्टेशन पर ट्रेन रोककर चेकिंग की तो पता लगा कि पकड़े गए यात्रियों से किराये के नाम पर अवैध रूप से वसूली की गई थी। आरोपी पेंट्रीकार मैनेजर के खिलाफ कार्रवाई की तैयारी की जा रही है। टीम ने ट्रेन में चेकिंग के दौरान बेटिकट व अनियमित यात्रियों से सवा लाख रुपये का जुर्माना भी वसूला है।

बुधवार को आनंद विहार से मुजफ्फरपुर के लिए चली सप्तक्रांति एक्सप्रेस की पेंट्रीकार में यात्रियों के सफर करने की शिकायत रेलवे अधिकारियों के पास पहुंची। इस पर डीआरएम व सीनियर डीसीएम के निर्देश पर एसीएम विशाल शर्मा के नेतृत्व में चेकिंग टीम पहले अमरोहा स्टेशन पहुंच गई। ट्रेन में पहले से सवार टीटीई के अलावा सीएमआई जितेन्द्र सिंह, सीआईटी विजयंत शर्मा स्थानीय स्टाफ की मदद ट्रेन को अमरोहा में रुकवाने के आदेश दिए। लगभग शाम पांच बजे ट्रेन बिना स्टापेज के अमरोहा रुकी। इसके बाद चेकिंग स्टाफ पेंट्रीकार समेत अन्य कोचों में सवार हो गए। अचानक चेकिंग से पेंट्रीकार में हड़कंप मच गया। कोच को दोनों ओर से घेरकर एसीएम ने यात्रियों से पूछताछ की। बताया कि मैनेजर असगर ने उन लोगों से किराये की रकम वसूली है। आनंद विहार से चली ट्रेन में सफर के लिए मैनेजर ने पेंट्रीकार को कोच बना लिया और वसूली की। सीनियर डीसीएम आदित्य गुप्ता ने बताया कि अमरोहा में अचानक चेकिंग के लिए ट्रेन को ठहराव देकर रोका गया। पेंट्रीकार में अवैध रूप से सफर करते 29 यात्रियों को पकड़ा गया। यात्रियों से 65 हजार रुपये का राजस्व वसूला गया। पकड़े जाने पर यात्रियों के पेंट्रीकार मैनेजर असगर को रकम देने की बात सामने आई है। अब ट्रेन के पेंट्रीकार की कंपनी वृंदावन फूड प्रोडक्टस व रेलवे के उच्चाधिकारियों को पत्र भेजा जाएगा। बेटिकट यात्री व अनियमितता को लेकर लगभग सवा लाख रुपये का जुर्माना वसूला गया है।



सप्तक्रांति एक्सप्रेस की पेंट्रीकार में चेकिंग करती रेलवे की टीम। ● अमृत विचार

गाजियाबाद-सहारनपुर रेल मार्ग पर 80 करोड़ से बनेंगे 20 अंडरपास

मुरादाबाद, अमृत विचार : रेलवे में ट्रेनों की हाईस्पीड के लिए संरक्षा का खाका तैयार किया जा रहा है। जिसके तहत रेल फाटकों पर अंडरपास बनाए जाएंगे। ताकि ट्रेनों को तेज गति से दौड़ाया जा सके और संरक्षा भी कायम रहे। रेल मंडल में मुरादाबाद-गाजियाबाद व सहारनपुर रेल मार्ग पर फाटकों पर 20 अंडरपास बनाए जाएंगे। रेलवे प्रशासन ने इस वित्तीय वर्ष में अंडरपास बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया है। रेलवे प्रशासन ट्रेनों में हादसे रोकने के लिए लगातार काम कर रहा है। बालासोर हादसे के बाद रेल मंत्रालय हादसों पर अंकुश लगाने का प्रयास कर रहा है। तकनीकी तौर पर होने वाली दुर्घटनाओं के साथ मानवीय खामियों पर रेल प्रशासन का फोकस है। रेलवे ट्रैक, सिग्नल आदि के अपग्रेडेशन के बाद प्रशासन का जोर ट्रेनों की गति बढ़ाने पर है। मंडल के मुरादाबाद-गाजियाबाद रूट पर 110 की रफ्तार से ट्रेनें चल रही हैं। रेल प्रशासन ने इस सेक्शन को सुधारा है। सेक्शन पर कॉशन घटाकर ट्रेनों की गति बढ़ाकर 130 किमी प्रति घंटा होगी। इसके चलते रेलवे ने संरक्षा को लेकर नई कवायद की है। रेल प्रशासन के अनुसार ट्रेनों की गति में बाधक बनने वाले रेल फाटकों को बंदकर अंडरपास बनाने का प्रस्ताव बनाया गया है। रेलवे अधिकारियों का कहना है कि गाजियाबाद व सहारनपुर मार्गों पर स्पीड में बाधक बने रेल फाटकों पर अंडरपास बनाए जाएंगे। ताकि ट्रेनों की गति निर्बाध रहे। विभाग की मानें तो इस वित्तीय वर्ष 2024-25 में अंडरपास का निर्माण का लक्ष्य रखा गया है। रेलवे ने नए साल में इसे पूरा करने की विभागीय तैयारी शुरू कर दी है। फिलहाल अंडरपास के निर्माण पर 80 करोड़ रुपये के प्रस्ताव तैयार किया गया है। जल्द ही निर्माण शुरू भी कराया जाएगा।

श्रीमद्भागवत कथा सुनाते पं. भैया लाल शुक्ल।

भगवान का स्मरण ही सबसे बड़ी संपत्ति

मुरादाबाद, अमृत विचार: अमरोहा गेट स्थित मंदिर साहू परसादी लाल रस्तोगी में चल रहे 40वें श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह के दूसरे दिन बुधवार को पंडित भैया लाल शुक्ल ने कहा कि भगवान का स्मरण ही सबसे बड़ी संपत्ति है और प्रभु का विस्मरण विपत्ति।

उन्होंने कहा कि धन संपत्ति संग्रह से दुख दूर नहीं होते हैं। दुख और विपत्ति में परमात्मा को याद करने से मानसिक शक्ति प्राप्त होती है और समस्या का कोई न कोई समाधान निकल जाता है। मनुष्य को अपने कर्मों का फल इसी जन्म में प्राप्त होता है। कथा के मुख्य यजमान मुकेश रस्तोगी एवं निशा रस्तोगी रहे। इस अवसर पर दिनेश रस्तोगी, मनोज कुमार, बबीता रस्तोगी,इंद्रेश रस्तोगी, विनय रस्तोगी, राकेश रस्तोगी, सत्येंद्र रस्तोगी, डॉ. मनोज रस्तोगी, मधु रस्तोगी, शिखा रस्तोगी, पूनम रस्तोगी, पारुल रस्तोगी, मिथलेश रस्तोगी, इंदु रस्तोगी, सुमन रस्तोगी आदि मौजूद रहे।

इमरजेंसी में बेड फुल, स्ट्रेचर पर उपचार

गर्मी बढ़ते ही जिला अस्पताल में बढ़ने लगे डायरिया, बुखार व पीलिया के मरीज

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार : अप्रैल के अंत में गर्मी ने अपने तेवर दिखाने शुरू कर दिए हैं। तेज धूप के बीच झुलसाती हवा के तल्ख होते तेवरों ने लोगों को परेशान करना शुरू कर दिया है। इस बीच गर्मी बढ़ने के चलते सेहत खतरे में पड़ रही है। जिला अस्पताल व निजी अस्पतालों में डायरिया, वायरल और पीलिया के मरीजों की संख्या बढ़ने लगी है। इमरजेंसी में बेड फुल हो गए हैं। स्ट्रेचर पर ही इलाज करना पड़ रहा है।

पिछले कई दिनों से गर्मी लगातार बढ़ रही है। जिसके चलते अस्पतालों में डायरिया, वायरल बुखार, पीलिया आदि संक्रामक रोगों से पीड़ित मरीजों का तांता लग रहा है। अगर बात करें पिछले 10 दिनों की तो जिला अस्पताल के वार्डों में भर्ती मरीजों की संख्या चार गुना बढ़ गई है। वार्डों में मरीज बढ़ने से बेड फुल हो जाने के हालात बन गए हैं। इमरजेंसी में संक्रामक रोग से पीड़ित मरीज अधिक संख्या में पहुंच रहे हैं। इमरजेंसी में भी बेड लगभग फुल हो जाने के चलते डायरिया से पीड़ित मरीजों को स्ट्रेचर पर ही आईबी फ्लूड लगाकर इलाज शुरू किया जा रहा है। अस्पताल में दवाओं व आईबी फ्लूड की खपत कई गुना बढ़ गई है। जिला अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. राजेंद्र कुमार ने बताया कि अस्पताल के वार्डों में अब ज्यादा संख्या में मरीज भर्ती होने लगे हैं। सभी बेड फुल होने की स्थिति में गंभीर मरीजों को भर्ती करने में समस्या न आए इसके लिए जो मरीज घर पर इलाज से ठीक हो सकते हैं, उन्हें जरूरी दवाएं देकर भेजा जा रहा है। परेशानी बढ़ते ही 108 एंबुलेंस से अस्पताल पहुंचने की सलाह दी जा रही है।

जिला अस्पताल की ओपीडी में दवा लेने के लिए लगी रोगियों की कतार। ● अमृत विचार

जल्द खुलेंगे तीन नए रजिस्ट्रेशन काउंटर

मुरादाबाद, अमृत विचार : जिला अस्पताल की ओपीडी परिसर में ही जल्द तीन नए रजिस्ट्रेशन काउंटर खुलने जा रहे हैं। जिसके बाद यहां आने वाले मरीजों को काफी राहत मिलेगी। जिला अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. राजेंद्र कुमार ने बताया कि अभी तक छह रजिस्ट्रेशन काउंटर पर मरीजों के पर्चे बन रहे थे। तीन नए रजिस्ट्रेशन काउंटर ओपीडी के प्रवेश द्वार के पिछले हिस्से में बनेंगे।

मनोरोग चिकित्सक की हुई तैनाती

मुरादाबाद, अमृत विचार : जिला अस्पताल में लंबे इंतजार के बाद मनोरोग विशेषज्ञ की तैनाती हो गई है। एनएचएम के अंतर्गत नियुक्त हुए मनोरोग विशेषज्ञ डॉ. अभिनव की ज्वाइनिंग हुई है। ओपीडी में मनोरोग विशेषज्ञ का पद डॉ. एसएन तिवारी के रिटायर होने के बाद से लंबे समय से खाली चल रहा था।

26 से छात्रवृत्ति के आवेदनों में त्रुटि को सही कर सकेंगे छात्र

मुरादाबाद, अमृत विचार : शैक्षिक सत्र में दशमोत्तर छात्रवृत्ति योजना के अंतर्गत अनुसूचित जाति- अनुसूचित जनजाति के छात्र-छात्राओं के द्वितीय चरण के ऑनलाइन आवेदन में त्रुटियां मिलीं थीं। जिनके सुधार के लिए निदेशालय की ओर से 26 अप्रैल को विभागीय वेबसाइट का पोर्टल ऑनलाइन किया जाएगा।

बुधवार को जिला समाज कल्याण अधिकारी शैलेंद्र सिंह ने बताया कि अनुसूचित जाति के छात्र छात्राओं ने छात्रवृति के लिए दूसरे चरण में आवेदन किए थे। जिसमें जांच के दौरान प्रमाण पत्रों में कई त्रुटियां पाई गई थीं। जिसके लिए 31 मार्च तक किए सभी त्रुटि पूर्ण आवेदनों को सही किया जाना है।

इसके लिए निदेशालय ने 26 अप्रैल से लेकर तीन मई तक विभागीय पोर्टल पर आवेदन की सभी त्रुटियों को सही किये जाने के निर्देश दिए हैं। सात मई तक सही किए आवेदन पत्रों को संबंधित शिक्षण संस्थानों में जमा कर संस्था के माध्यम दोबारा दिए समय के भीतर अग्रसारित करा लें।

पारा @37, अप्रैल में ही मई जून की गर्मी का अहसास

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

● गर्म हवा और लू के थपेड़ों ने बढ़ाई लोगों की परेशानी, रात की नींद और दिन का चैन हुआ गायब

अमृत विचार: इन दिनों मौसम की मार से घर और बाहर दोनों ही सुलग रहे हैं। अप्रैल में ही मई-जून की गर्मी का अहसास हो रहा है। लगातार बढ़ रहे तापमान से लोगों का दिन का चैन और रात की नींद गायब है। बुधवार को दिन का अधिकतम तापमान 37 और न्यूनतम 21 डिग्री सेल्सियस रहा। बढ़े हुए तापमान के कारण बीच-बीच में बूंदाबांदी और आंधी तूफान जैसी स्थिति बन रही है। क्षेत्र से पेड़-पौधों के लगातार हो रहे कटान के कारण पर्यावरण से नमी गायब हो रही है। जिसका परिणाम है कि तापमान लगातार अपने चरम पर जा रहा है।

इस भारी गर्मी के बावजूद लोगों का आना-जाना बराबर बना हुआ है। नगर में कहीं पर भी सार्वजनिक प्याऊ नहीं दिखाई दे रहे। सरकार की ओर बस अड्डों और रेलवे स्टेशनों सहित सरकारी कार्यालयों में खराब हो चुके वाटर कूलर अभी तक ठीक नहीं किए जा सके हैं। इसके चलते लोगों पर गर्मी का काफी असर दिखाई दे रहा है। लोग भरी दोपहरी में कहीं न कहीं पर छांव की तलाश में रहते हैं। जीव जंतुओं के लिए तो कोई व्यवस्था ही नहीं है। मनुष्य जब अपने समुदाय की व्यवस्था नहीं कर पा रहा है तो जीव जंतुओं की व्यवस्था कैसे होगी। इस समय गर्मी का सबसे ज्यादा असर रेलवे स्टेशनों, बस अड्डों और सरकारी अस्पतालों में दिख रहा है। यहां पर लोग धूप और तपिश से परेशान होकर पहुंच रहे हैं। इसके बाद वहां पर भी गर्मी से बचाव की सुविधाएं उपलब्ध नहीं हैं।

धूप से बचने के लिए कुछ इस तरह छाता लगाकर जातीं महिलाएं। ● अमृत विचार

शोभायात्रा में झांकियों ने मोहा मन

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार : श्री बालाजी सेवा ट्रस्ट की ओर से बुधवार को श्री हनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में शास्त्रीनगर से शोभायात्रा निकाली गई। इसमें राम दरबार के साथ-साथ श्री बालाजी महाराज की झांकी शोभायात्रा में शामिल रही। जिन्हें देखने के लिए भक्तों में उत्साह देखने को मिला।

झांकी की शुरुआत स्थानीय पार्षद सुधीर कुमार सेठ ने नारियल फोड़ कर किया। इस अवसर पर 108 मातृ शक्तियों ने कलश यात्रा निकली। मुख्य यजमान के रूप में महावीर सिंह और राजकुमार गोस्वामी मौजूद रहे। विशिष्ट अतिथि में सुभाष शर्मा, उदयभान सिंह, महेश गिरी रहे। यात्रा में हजारों श्रद्धालु डीजे की धुन पर नाचते गाते हुए शोभायात्रा में शामिल हुए। शोभायात्रा शास्त्री नगर से आरंभ होते हुए मानसरोवर कॉलोनी, प्रकाश नगर चौराहा, रामलीला मैदान, पुतलीघर रोड होते हुए रामकुमार की धर्मशाला मानसरोवर में सम्पन्न हुई। शोभायात्रा का जगह-जगह पर स्वागत किया गया। इसमें गायत्री परिवार अन्नपूर्णा भोजनालय, सीता रसोई ट्रस्ट एवं महानगर की तमाम संस्थाओं ने बालाजी शोभायात्रा का जगह-जगह पर स्वागत किया।

शास्त्री नगर से निकली कलश यात्रा में शामिल महिलाएं। ● अमृत विचार

● श्री हनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में शास्त्री नगर से निकाली भव्य शोभायात्रा, जगह-जगह स्वागत

हवन में आहुति देकर की शांति की कामना

मुरादाबाद, अमृत विचार: श्री बालाजी महाराज भक्तजन सेवा समिति के तीन दिवसीय श्री बालाजी जन्मोत्सव का बुधवार को हवन एवं भंडारे के साथ समापन हो गया। अंतिम दिन बनवटा गंज स्थित द्वारिकाधीश मंदिर में पुरोहित विनीत शर्मा ने पूजन एवं हवन कराया। महंत राकेशानंद महाराज ने बताया कि हवन में 22 किलो हवन सामग्री की आहुति दी गईं। श्रद्धालुओं ने आहुति देकर विश्व कल्याण की कामना की। आरती के बाद बालाजी को भोग लगाकर भंडारा आरंभ किया गया। डॉ. गिरीश अग्रवाल, सुशील कुमार वर्मा, अतुल जौहरी, शशांक गुप्ता, राम कुमार, अमित गुप्ता, शिवम गुप्ता, नन्हें यादव, कपिल गुप्ता, कमल कांत सक्सेना, सुरेश कुमार, साक्षी गुप्ता, भीम सिंह सैनी, अतुल अग्रवाल, संजय धमीजा आदि शामिल रहे।

ओपीडी में हड्डी, हृदय व कैंसर के रोगियों की जांच

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: मौजूदा समय में अनुचित खान पान, व्यायाम की कमी व अन्य कारणों के चलते लोगों में कई तरह की समस्याएं उत्पन्न हो रही हैं। जिसमें प्रमुख तौर पर हड्डी रोग, हृदय रोग व कैंसर से संबंधित समस्याओं के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। इसी को लेकर धर्मशिला नारायणा अस्पताल दिल्ली की ओर से महानगर के आरएसडी अस्पताल में ओपीडी की शुरुआत की गई। जिसमें डॉ. बीएस मूर्ति, डॉ. गौरव महाजन, डॉ.अतुल श्रीवास्तव, डॉ. वी.सेंथिल कुमार द्वारा रोगियों की जांच की गई।

रामगंगा विहार स्थित आरएसडी अस्पताल एंड रिसर्च सेंटर मल्टीस्पेशियलिटी अस्पताल के अध्यक्ष डा. विनोद कुमार, डा. जी. कुमार, चिकित्सा निदेशक डॉ. गौरव कुमार, प्रशासनिक निदेशक डा. गरिमा शर्मा एवं वित्त निदेशक अजय शर्मा के सौजन्य से धर्मशिला नारायणा अस्पताल के अनुभवी चिकित्सकों द्वारा ओपीडी की शुरूआत की गई। जिसमें हड्डी रोग विशेषज्ञ हर महीने के आखिरी बुधवार को प्रातः 11 बजे से दोपहर एक बजे तक, हृदय रोग विशेषज्ञ हर महीने के पहले मंगलवार को दोपहर एक बजे से 3 बजे तक व कैंसर रोग विशेषज्ञ हर महीने के पहले गुरुवार को दोपहर 1 बजे से तीन बजे तक रोगियों की जांच एवं परामर्श के लिए उपस्थित रहेंगे। सीनियर कंसलटेंट सर्जिकल ऑन्कोलॉजी कैंसर डॉ. अतुज श्रीवास्तव ने बताया कि कैंसर एक ऐसी बीमारी है, जिसको लेकर लोगों के मन में बहुत ही भय है। यदि कैंसर की समय रहते डायग्नोसिस और प्रारंभिक चरण में ही उपचार शुरू कर दिया जाए तो रोगी को जल्द से जल्द कैंसर मुक्त किया जा सकता है। डॉ. गौरव महाजन, डॉ. बीएस मूर्ति, डॉ. वीए सेंथिल कुमार ने रोगियों को परामर्श दिया।

आरएसडी में आयोजित कैंप में कैंसर के बारे में जानकारी देते विशेषज्ञ चिकित्सक। ● अमृत विचार

मिनी आईपीएल लीग | टीम के लिए अंश ने झटके 4 विकेट, दूसरा रोमांचक मैच एसएस ने 1 विकेट से जीता

22 यार्ड सुपरकिंग्स ने कृष्णा बुल्स को हराया

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: एमपीएस में चल रहे मिनी आईपीएल लीग में बुधवार को दो मैच खेले गए। पहले मैच में 22 यार्ड सुपरकिंग्स ने कृष्णा बुल्स को 6 विकेट से मात दी। दूसरा मैच आखिरी गेंद तक चला। इसमें एसएस की

टीम ने बहुत ही रोमांचक तरीके से एक विकेट से जीत दर्ज की।

पहला मैच कृष्णा बुल्स और 22 यार्ड सुपर किंग्स के बीच खेला गया। इसमें बुल्स ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। लेकिन, कप्तान का यह फैसला गलत साबित हुआ। टीम निर्धारित 30 ओवर में 8 विकेट के नुकसान पर 114 रन ही बना पाई। टीम के लिए मुनेंद्र ने 47 गेंदों पर 25 रनों की पारी खेली। वहीं 22 यार्ड के लिए गेंदबाजी में अंश जोशी ने 4 और अंश गुप्ता ने 2 विकेट लिए। जवाब में लक्ष्य का पीछा करने उतरी यार्ड ने 8.5 ओवर में 4 विकेट खोकर 118 रन बनाकर लक्ष्य हासिल कर लिया और मैच 6 विकेट से अपने नाम किया। टीम के लिए कार्तिकेय शर्मा ने 19 गेंदों पर 42 और आदित्य राजपूत ने 25 रन बनाए। अंश जोशी को उनकी शानदार गेंदबाजी के लिए मैन ऑफ द मैच चुना गया। दूसरा मैच स्प्रिंगफील्ड कैपिटल और एसएस रॉयल्स चैलेंजर्स के बीच खेला गया। इसमें स्प्रिंगफील्ड ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। टीम ने निर्धारित 30 ओवर में 7 विकेट खोकर 174 रन बनाए। टीम के लिए शिवम ने 52 और नितिन सिंह ने 51 रनों अर्धशतकीय पारी खेली। रॉयल्स के लिए विश्वजीत वर्मा ने 3 विकेट लिए। जवाब में रॉयल्स ने रोमांचक मैच में 30 ओवर में 9 विकेट खोकर 176 रन बनाकर मैच जीत लिया। रॉयल्स के लिए अर्शिल 34, अमन 22 रनों की महत्वपूर्ण पारी खेली। मैन ऑफ द मैच विश्वजीत वर्मा को मिला। इस दौरान मिर्जा दानिश आलम, रिजबान खान, नैतिक अली, शरीफ नाबाज, मो हसन, यश शुक्ला आदि मौजूद रहे।

मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार प्राप्त करते अंश जोशी साथ में अन्य। ● अमृत विचार

डीएम ने नायब तहसीलदार को दी प्रतिकूल प्रविष्टि

मुरादाबाद, अमृत विचार: जिलाधिकारी मानवेंद्र सिंह ने कान्हा गोशाला अगवानपुर एवं अस्थायी गोवंश आश्रय स्थल भटावली का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण में गोशाला भटावली में गोवंश के भरण पोषण में लापरवाही देख नाराजगी जताई। इसमें नोडल अधिकारी/नायब तहसीलदार सदर को प्रतिकूल प्रविष्टि प्रदान की।

जिलाधिकारी ने मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी को तत्काल गोशाला भटावली में दाना, नमक, मिनरल, चूना आदि की व्यवस्था कराने के निर्देश दिए। गोशाला अगवानपुर में हरे चारे में पानी नहीं लगाए जाने पर जिलाधिकारी ने केयर टेकर को फटकार लगाते हुए दो दिन में हरे चारे में पानी लगाकर फोटो भेजने के निर्देश दिए। साथ ही अगवानपुर गोशाला में गोवंश को पर्याप्त मात्रा में हरा चारा, दाना देने के निर्देश दिए।

उद्यान विभाग ने किसान, कारोबारियों से की आलू का भंडारण न करने की अपील

खबर का असर

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: आलू के बढ़े भाव को लेकर आम आदमी की रसोई से आलू गायब होता जा रहा है। जिसकी वजह आलू के बड़े कारोबारियों का पश्चिम बंगाल को सप्लाई करना है। इसके लिए कोल्ड स्टोरेज में भंडारण किया जा रहा है। साथ ही किसानों ने भी आलू को भारी मात्रा अपने ढंग से स्टॉक कर रखा है। जिसको लेकर आम आदमी परेशान है। अमृत विचार ने इस समस्या को 23 अप्रैल के अंक में प्रमुखता से प्रकाशित किया था। जिसके बाद उद्यान विभाग ने किसान और कारोबारियों को आलू का भंडारण न करने की अपील की है।

बुधवार को जिला उद्यान अधिकारी गया प्रसाद ने बताया कि गत वर्ष की अपेक्षा आलू के बाजार भाव में भारी उछाल आया है। इससे आम आदमी को आलू खरीदने में असहज महसूस कर रहा है। जबकि सरकार की प्राथमिकता है कि आम जनमानस को खाद्य सामग्री सस्ते एवं उचित मूल्य पर उपलब्ध हो। किसी भी सामग्री में भी कालाबाजारी किसी दशा में हो सके। सरकार का मानना है कि खाद्य सामग्री में औसत मूल्य से अधिक वृद्धि तभी होती है जब उसका भण्डार गृहों में संरक्षण किया जा रहा हो। सरकार ने नियमों को पलान कराने के क्रम सभी कोल्ड स्टोरेज स्वामियों, व्यापारियों, आढ़तियों तथा किसानों से अपील की है कि वह वर्तमान बाजार भाव को दृष्टिगत रखते हुए आलू का भंडारण न करें और आलू को बाजार में भेजकर उसका उचित मूल्य पर विक्रय करें। ताकि आम जनमानस को भी आलू खाने के लिए उचित दामों उपलब्ध हो सके।

● आलू के बढ़ते दाम का आम आदमी के जीवन पर पड़ रहा असर गड़बड़ाया रसोई का बजट

शहर में आज

- मुरादाबाद पैरेंट्स ऑफ स्कूल का प्रतिनिधिमंडल जिलाधिकारी से मुलाकात करेगा सुबह 11:00 बजे।
- मंडी चौक स्थित संवेदना किड्स कॉटेज में विशिष्ट योग सेमिनार सुबह 10:00 बजे।
- दिल्ली रोड स्थित एमपीएस में क्रिकेट मैच का आयोजन सुबह 9:00 बजे।

एक नजर

नगर निगम ने जब्त की प्रतिबंधित पॉलीथिन

मुरादाबाद, अमृत विचार : नगर निगम की टीम ने अभियान चलाकर 20 किलो प्रतिबंधित पॉलीथिन जब्त की है। इसमें 20 हजार रुपये जुर्माने के रूप में वसूले गए। यह कार्रवाई कटारिया ट्रेडर्स मोहल्ला कंजरी सराय में की गई। इस अभियान में मुख्य कर निर्धारण अधिकारी, प्रवर्तन दल प्रभारी कर्नल एसके शाही, मंगल सिंह पापड़ा, शुभम चौहान, शकीलुर्रहमान आदि मौजूद रहे।

महानगर पहुंचने पर पद्मश्री बाबूराम का जोरदार स्वागत

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: पीतल नगरी के बाबूराम यादव ने पीतल पर नक्काशी के लिए पद्मश्री अवार्ड हासिल किया। जिसके बाद बुधवार को वह अपने घर पहुंचे। घर पहुंचने पर परिवार, रिश्तेदारों और महानगरवासियों ने उनका जोरदार स्वागत किया।

महानगर के नागफनी के रहने वाले शिल्पगुरु बाबूराम यादव को दो दिन पूर्व राष्ट्रपति ने दिल्ली के राष्ट्रपति भवन में पद्मश्री अवार्ड से नवाजा। बाबूराम को पद्मश्री अवार्ड मिलने की खबर से पीतलनगरी में खुशी की लहर दौड़ पड़ी थी। पद्मश्री मिलने के बाद बाबूराम यादव अपने परिवार के साथ दिल्ली में रुके और बुधवार को नागफनी स्थित अपने घर पहुंचे। शाम छह बजे जैसी ही बाबूराम अपने घर पहुंचे तो वह पहले से मौजूद उनके परिवार, रिश्तेदारों और महानगर के लोगों ने उनका जोरदार स्वागत किया। जिसके बाद बाबूराम ने सभी से मुलाकात की। जिसके बाद उन्होंने अपने परिवार के साथ समय बिताया।

श्री सनातन धर्म सभा ने किया सम्मानित

मुरादाबाद, अमृत विचार : नक्काशी के क्षेत्र में दूसरा पद्मश्री पाने वाले शिल्प गुरु बाबूराम को श्री सनातन धर्म सभा द्वारा सम्मानित किया गया। सभा के अध्यक्ष ओम संस एक्सपोर्ट समूह से महेश चंद्र अग्रवाल ने सम्मानित करते हुए कहा शिल्प गुरु बाबू राम ने समूचे भारत में महानगर का गौरव बढ़ाया है। उन्होंने युवा पीढ़ी को भी नक्काशी सिखाने की बात कही है।

मुरादाबाद रेलवे स्टेशन पर तीन डिलीवरी ब्यॉय को किया अधिकृत, वेज व नॉन वेज का होगा विकल्प

ट्रेन में सफर के दौरान जोमैटो पहुंचाएगा आपका मनपसंद खाना

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: ट्रेनों में सफर करने वाले यात्री अब अपनी पसंद का गरमागरम खाना मंगा सकेंगे। क्योंकि अब यात्री सफर के दौरान भी जोमैटो को ऑर्डर कर सकते हैं। अब मुरादाबाद स्टेशन पर भी ट्रेन में सवार यात्री तक जोमैटो तत्काल खाना पहुंचाएगा। रेलवे ने इसके लिए तीन डिलीवरी ब्यॉय को अधिकृत कर दिया है।

रेलवे प्रशासन ट्रेन में यात्री को सफर के दौरान खानपान की सुविधा देने के लिए अपने नियमों में लगातार सुधारात्मक बदलाव कर रहा है। आईआरसीटीसी (इंडियन रेलवे कैटरिंग एंड टूरिज्म कार्पोरेशन) व जोमैटो ने करार किया है। जोमैटो के डिलीवरी ब्यॉय अब प्री आर्डर के आधार पर स्टेशन व ट्रेनों में खाना पहुंचाएंगे। रेल यात्री जोमैटो से अपनी पसंद का वेज व नॉन वेज खाना भी मंगवा सकते हैं। अभी पायजट प्रोजेक्ट के तौर पर केटरिंग व्यवस्था को मंडल के चुनिंदा स्टेशनों पर शुरू किया गया है। फिलहाल मुरादाबाद में यह योजना शुरू कर दी गई है।

> ट्रेन में सफर कर रहे लोगों तक जोमैटो पसंद का खाना पहुंचाएगा। अभी फिलहाल मुरादाबाद में पायलट के तौर पर व्यवस्था को शुरू किया गया है। मुरादाबाद में जोमैटो के तीन डिलीवरी ब्यॉय को यात्री तक खाना सर्व कराने के लिए अधिकृत किया है।
>
> – **आदित्य गुप्ता**, सीनियर डीसीएम

दो घंटे पहले करना होगा ऑर्डर

सफर के दौरान खाने की सुविधा लेने के लिए यात्री को दो घंटे पहले जोमैटो को ऑर्डर करना होगा। आईआरसीटीसी की साइट पर केटरिंग बॉक्स में जोमैटो का विकल्प उभरेगा। आर्डर करने के दौरान ट्रेन का नंबर व पीएनआर भी अंकित करना होगा। आईआरसीटीसी ने ई-केटरिंग की सुविधा पहले से दी हुई है। होटल व रेस्टोरेंट से खुद संपर्क कर खाना मुहैया कराता था, लेकिन अब आईआरसीटीसी में जोमैटो का विकल्प भी जुड़ गया है।

मऊ और कटिहार के लिए स्पेशल ट्रेन

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: गर्मी की छुट्टियों में ट्रेनों में भीड़ बढ़ रही है। इसे देखते हुए रेलवे ने मऊ व कटिहार के लिए समर स्पेशल ट्रेनें चलाने का फैसला लिया है। यह स्पेशल ट्रेन 24 अप्रैल से 27 जून तक चलेगी। मऊ के लिए दो और कटिहार के लिए एक स्पेशल ट्रेन संचालित की जाएगी।

सीनियर डीसीएम आदित्य गुप्ता ने बताया कि गर्मी के मौसम में यात्रियों की सुविधा के लिए दो और समर स्पेशल ट्रेनों को चलाने का शेड्यूल जारी कर दिया है। स्टेशनों पर वेटिंग को देखते हुए रेलवे ने मऊ व कटिहार के लिए स्पेशल ट्रेन चला रहा है। सीनियर डीसीएम आदित्य गुप्ता का कहना है कि मऊ व आनंद विहार से प्रत्येक गुरुवार व स्पेशल ट्रेन चलेगी। मऊ से ट्रेन (05301-02) सुबह चार बजे चलकर मुरादाबाद शाम 5.20 बजे आएगी। आनंद विहार में रात साढ़े आठ बजे पहुंचेगी। जबकि मऊ की दूसरी ट्रेन (05310-09) के भी नौ फेरे लेगी। मऊ से हर रविवार को शाम छह बजे चलकर ट्रेन मुरादाबाद में सुबह 6:40 बजे व आनंद विहार 10:00 बजे पहुंचेगी। आनंद विहार से सोमवार को दोपहर 12.30 बजे चलकर मुरादाबाद पौने तीन बजे व मऊ सुबह चार बजे पहुंचेगी। उन्होंने बताया कि इसके अलावा कटिहार से आनंद विहार (05721-22) ट्रेन भी 24 अप्रैल से 27 जून तक संचालित की जाएगी। कटिहार से बुधवार व आनंद विहार से गुरुवार को चलेगी। ट्रेन के दस फेरे होंगे। ट्रेन चंदौसी, मुरादाबाद व हापुड़ गाजियाबाद में स्टापेज रहेंगे।

योजना के लाभ को दादी संग चक्कर काट रही अवनी

आर्थिक तंगी के चलते पढ़ाई-लिखाई पर संकट, घरों में चौका-बर्तन कर मां कर रही है गुजर-बसर

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: सरकार जहां बेटियों की शिक्षा के लिए कई योजनाएं चलाकर बेटी पढ़ाओ-बेटी बचाओ का नारा दे रही है। वहीं छठी कक्षा की 10 साल की अवनी अपनी पढ़ाई जारी रखने के लिए संघर्ष कर रही है। पिता को खोने के बाद वह बूढ़ी दादी के साथ स्पान्सरशिप योजना का लाभ लेने के लिए विभाग के चक्कर काट रही है। बुधवार को सुबह 10 बजे पहुंची अवनी विभागीय अधिकारी से मिलने के लिए दोपहर तक विकास भवन की सीढ़ियों पर ही बैठी रही। इंतजार में उन्हें भूख के आगे बेबस होना पड़ा और विकास भवन की सीढ़ियों पर बैठ कर ही भोजन करना पड़ा। दोपहर बाद तक इंतजार कर दादी पोती को मायूस होकर लौटना पड़ा।

बुधवार की दोपहर 12 बजे विकास भवन की सीढ़ियों पर बैठी एक बूढ़ी महिला एक छोटी बच्ची के साथ बैठी खाना खा रही थी। यह बच्ची कोई और नहीं मेथोडिस्ट गर्ल्स इंटर कॉलेज में पढ़ने वाली छठी कक्षा की छात्रा अवनी है। वह चिड़ियाटोला में रेलवे के क्वार्टर में दादी और मां के साथ रहती है। अवनी के पिता का देहांत कई वर्ष पूर्व हो चुका है। मां कृष्णा घरों में चौका-बर्तन कर किसी तरह परिवार की गुजर-बसर कर रही है। घर में आर्थिक तंगी के कारण अब अवनी की आगे पढ़ाई पर संकट गहराने लगा। लेकिन, 10 वर्षीय अवनी अपनी आगे की पढ़ाई जारी रखने के लिए संघर्ष कर रही है। अवनी बाल विकास एवं महिला कल्याण विभाग की स्पॉन्सरशिप योजना का लाभ लेने के लिए अपनी दादी के साथ विभाग के कई महीनों से चक्कर काट रही है। लेकिन, विभागीय कर्मचारी उसे हर बार टरका देते हैं। बुधवार की सुबह 10 बजे अवनी दादी के साथ कार्यालय पहुंची जहां बाल विकास एवं महिला कल्याण अधिकारी अनुराग श्याम रस्तोगी नहीं मिले। उनके कक्ष के बाहर बैठे कर्मचारी ने दोनों को कमरा नम्बर-11 में भेज दिया। जहां उन्हें हर बार की तरह नियमों को पहाड़ा पढ़ाकर टरका दिया गया। पर इस बार अवनी और दादी दोनों विकास भवन की सीढ़ियों पर बैठकर बाल विकास एवं महिला कल्याण अधिकारी का इंतजार कर रही थी। दोपहर के 12 बजे तो उनसे भूख के आगे रुका नहीं गया और थैले से टिफिन निकाला खाना खाने लगीं। यहां से गुजरने वाला हर कोई उनके यहां बैठे होने का कारण पूछ रहा था। अवनी और उसकी दादी समस्या के समाधान को हर हाल में बाल विकास एवं महिला कल्याण अधिकारी से मिलकर ही जाना चाहती थीं। लेकिन, हर बार की तरह इस बार भी दोपहर बाद उनका सब्र टूट गया और दोनों को पहले की तरह मायूस होकर लौटना पड़ा।

अधिकारी के इन्तजार विकास भवन की सीढ़ियों पर बैठी अवनी और उसकी दादी।

ऐसे बच्चों को दिया जा रहा लाभ

सरकार की तरफ से अनाथ व एक अभिभावक की मौत के बाद बच्चों को स्पॉन्सरशिप योजना के तहत प्रतिमाह 4000 रुपये की आर्थिक सहायता दी जाएगी। इसके तहत एक माता-पिता के अधिकतम दो बच्चों को यह लाभ दिया जाएगा। अभी तक ऐसे बच्चों को मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना से लाभान्वित किया जा रहा है। जिन बच्चों के माता-पिता में से किसी एक का देहांत मार्च 2020 के बाद हुआ है उन्हें बाल सेवा योजना के तहत 2500 रुपये प्रतिमाह दिए जाते हैं। इसके अलावा निराश्रित बच्चों के माता-पिता में से दोनों या किसी एक के न होने की स्थिति में उन्हें स्पॉन्सरशिप योजना का लाभ दिया जा सकता है। पात्र की आयु 18 वर्ष से कम होनी चाहिए।

192 बच्चों को मिल रहा लाभ

स्पॉन्सरशिप योजना से जिले के 192 बच्चों को लाभांवित किया जा रहा है। 100 बच्चों ने अभी और आवेदन किया है। जिनको जल्दी ही योजना का लाभ दिया जाएगा।

> कलेक्ट्रेट में एक मीटिंग की वजह से बुधवार को मैं अवनी को नहीं मिल पाया। अगर वह कई दिनों से चक्कर काट रही तो बेहद गंभीर विषय है। गुरुवार को उसकी डिटेल निकलवा कर उसे स्पॉन्सरशिप योजना में शामिल करने की कार्रवाई की जाएगी। अवनी की पढ़ाई में अब कोई रुकावट नहीं आने दी आएगी।
>
> –**अनुराग श्याम रस्तोगी**, बाल विकास एवं महिला कल्याण अधिकारी

नियम विरुद्ध भुगतान करने में फंसे दो सचिव

मुरादाबाद, अमृत विचार: पंचायती राज निदेशालय ने डीपीआरओ को विभाग के दो सचिवों के खिलाफ नियमों को दर किनार कर भुगतान करने के आरोप में जांच कर कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। निदेशालय ने सचिवों को नियम विरुद्ध भुगतान करने के लिए का कारण बताओ नोटिस जारी किया है। जवाब नहीं देने पर धांधली का षड्यंत्र रचने का आरोपी मानते हुए कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं।

जिला पंचायत राज अधिकारी वाचस्पति झा ने बताया कि मूंढापांडे विकास खंड में तैनात सचिव दीपक सैनी व बिलारी विकास खंड में तैनात सतपाल सिंह ने ग्राम पंचायतों में कराए गए विकास कार्य का भुगतान विभागीय पोर्टल गेटवे से न करके बाहर से नकद भुगतान करना दर्शाया है। जबकि किसी भी दशा में गेटवे के अलावा विकास कार्य का भुगतान नहीं किया जा सकता। इसको लेकर निदेशालय ने दोनों को नियमों का उल्लंघन करने का आरोपी माना है। जिसके लिए नोटिस जारी कर कारण पूछा है। जवाब न देने पर धांधली के षड्यंत्र करने के आरोप में दोनों आरोपियों पर कार्रवाई की जाएगी

सामान लेने जा रहे किसान की दीवार के मलबे में दबकर मौत

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार : मूंढापांडे थाना क्षेत्र में मंगलवार को आई आंधी के दौरान परचून की दुकान से सामान लेने जा रहे किसान पर अचानक दीवार गिर गई। किसान मलबे में दब गया। परिजनों ने गांव वालों की मदद से घायल किसान को कुंदरकी स्थित सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां से हालत गंभीर होने पर उसे हायर सेंटर रेफर किया। उपचार को ले जाते समय रास्ते में उसकी मौत हो गई।

थाना मूंढापांडे क्षेत्र के गांव गोविंदपुर कलां निवासी राजू (27) किसान था। उसके परिवार में पत्नी राजकुमारी के अलावा बेटी निधि, अनुष्का व बेटा जय सिंह है। बताया कि मंगलवार शाम आई आंधी के दौरान राजू परचून की दुकान से कुछ सामान लेने जा रहा था। इसी बीच रास्ते में केशव के घर की दीवार उसके ऊपर गिर गई। चीख-पुकार सुनकर ग्रामीण व परिवार के लोग तुरंत मौके पर पहुंचे और मलबा हटाकर राजू को बाहर निकाला। परिवार वाले उसे कुंदरकी के सरकारी अस्पताल ले गए। हालत गंभीर होने पर चिकित्सक ने राजू को हायर सेंटर रेफर कर दिया। जिसके बाद परिवार वाले उसे हायर सेंटर लेकर जा रहे थे, लेकिन रास्ते में उसकी मौत हो गई।

पुरानी रंजिश के चलते शादी समारोह में मारपीट

मुरादाबाद, अमृत विचार : भोजपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत पुरानी रंजिश के चलते कुछ लोगों ने शादी समारोह में मारपीट की। थाना भोजपुर क्षेत्र के गांव सरदार नगर निवासी चंद्रपाल के घर 23 अप्रैल की दोपहर उसकी दो बेटियों की बरात आई थी। परिवार व रिश्तेदार शादी समारोह में बरातियों को खाना खिलवा रहे थे। आरोप है कि इसी बीच चंद्रपाल से पुरानी रंजिश रखने वाले गांव के मुरारी, नन्हे, छोटू, जयप्रकाश, धर्मेंद्र, रोहित और विशाल वहां आ गए। सभी ने लाठी-डंडों व चाकू लेकर मारपीट करना शुरू कर दी। छोटू और विशाल ने चंद्रपाल के पेट में चाकू से वार कर दिया। धर्मेंद्र ने चंद्रपाल के बेटे केवल के सिर में लाठी-डंडे मारे। मुरारी व नन्हे ने चंद्रपाल के दूसरे बेटे धर्मवीर के सिर में तबल से वार किया। मारपीट में चंद्रपाल व परिवार के लोग घायल हो गए। सभी का सरकारी अस्पताल में उपचार कराया गया। पीड़ित चंद्रपाल ने आरोपियों के खिलाफ थाने में तरहीर दी। पुलिस ने तहरीर पर मुरारी, नन्हे, छोटू, जयप्रकाश, धर्मेंद्र, रोहित और विशाल के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

अनदेखी : कांठ रोड पर पिछले काफी समय से पुलिया निर्माण का कार्य बहुत ही धीमी गति से चल रहा है। फिलहाल पुलिया निर्माण का कोई कार्य नहीं हो रहा है। मधुबनी पार्क के पास बनी इस अधूरी पुलिया से सरिए सड़क की तरफ निकले हुए हैं। इनसे कभी भी कोई हादसा हो सकता है। ● अमृत विचार

पर्ची वितरण न करने पर 3 बीएलओ की सेवा समाप्त

मुरादाबाद, अमृत विचार: महाराजा हरीश्चंद्र डिग्री कॉलेज में मतदान केंद्र पर मतदाता पर्ची वितरण में लापरवाही पर तीन बीएलओ की जिलाधिकारी ने सेवाएं समाप्त कर दी हैं।

बुधवार को जिलाधिकारी मानवेंद्र सिंह ने बताया कि मतदान के दिन 19 अप्रैल को मतदान केंद्र महाराजा हरीश्चन्द्र डिग्री कालेज में बने बूथ 165, 166 पर चुनाव ड्यूटी कर रहे बीएलओ ने 150-160 पर्चियों के वितरण में लापरवाही की। जिससे मतदान प्रभावित हुआ। मतदान के दिन निरीक्षण में भी देखा कि पर्चियों के वितरण को लेकर मतदाताओं को परेशानी हुई। जिसकी जांच कराई गई। जिसमें बीएलओ की गई लापरवाही की बात सामने आई। जिस पर जिलाधिकारी ने जिला कार्यक्रम अधिकारी प्रीति सिंह को विवेक, रिचा एवं रिशा गुप्ता की सेवाएं समाप्त करने के निर्देश दिए।

ब्यूटीफुल लेडीज क्लब के कार्यक्रम में उपस्थित क्लब की पदाधिकारी व सदस्य। ● अमृत विचार

लेडीज क्लब ने मनाया फाउंडर-डे

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: ब्यूटीफुल लेडीज क्लब की मासिक बैठक का आयोजन आईएमए हॉल में किया। इसमें नवीन कार्यकारिणी घोषित हुई। इसमें डॉ. शिवानी गर्ग को अध्यक्ष बनाया गया।

क्लब की अध्यक्ष डॉ. निधि ठाकुर ने सबसे पहले सभी का स्वागत किया। बैठक का संचालन सचिव डॉ. स्मिता अग्रवाल ने किया। इसमें सदस्यों को विभिन्न प्रकार की हाउजी खिलाई गई। मनोरंजक प्रश्नोत्तर से सबका मन मोह लिया। क्लब के सभी सदस्यों ने फाउंडर डे धूमधाम से मनाया। फाउंडर प्रेसिडेंट डॉ. बबिता ने अगले साल के लिए डॉ. शिवानी गर्ग को अध्यक्ष, रितु सिंह को सेक्रेट्री, डॉ. लता अग्रवाल को कल्चर सेक्रेट्री, डॉ. गरिमा को संयुक्त सचिव मनोनीत किया। इस दौरान डॉ. अनीता रस्तोगी, डॉ. प्रीति गुप्ता, डॉ. मधुलिका बत्रा, भारती खट्टर, डॉ. सीमा मिड्ढा आदि मौजूद रहीं।

धांधली के खिलाफ मंडलायुक्त को दिया पत्र

पाकबड़ा, अमृत विचार : नगर पंचायत के सभासदों ने नगर पंचायत अध्यक्ष एवं ईओ के खिलाफ धांधली एवं भ्रष्टाचार के खिलाफ मंडलायुक्त को प्रार्थना पत्र दिया है। सभासदों ने प्रार्थना पत्र में कई आरोप लगाए हैं।

नगर पंचायत के सभासद आमना वेगम, ज्योति, बुशरा, मोहम्मद खालिद, अनस सैफी, मोहम्मद हासिम, शबनम आरा, रंजीत सैनी, साकरा, रोहित सैनी आदि सभासदों ने पाकबड़ा में हो रहे कार्यों में भ्रष्टाचार को लेकर शिकायती पत्र मंडलायुक्त को दिया है। शिकायती पत्र में आरोप लगाए हैं कि नगर पंचायत क्षेत्र में जो भी कार्य कराए जा रहे हैं, उनमें किसी भी सभासद को जानकारी नहीं दी जा रही है। जो भी पंचायत कर्मी लगाए गए हैं। उनमें मौके पर बहुत कम हैं। जबकि कागजों में ज्यादा कर्मी दिखाए जा रहे हैं। सभासदों ने निष्पक्ष जांच की मांग की है।

आरटीई | प्रवेश न देने के लिए बहाने बना रहे संचालक, बीएसए कार्यालय पहुंच रहे अभिभावक

अभिभावकों को दौड़ा रहे निजी स्कूल संचालक

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार : महानगर के निजी स्कूल बेलगाम हैं। बात स्कूल में निजी प्रकाशकों की किताबें चलाने की हो या आरटीई (शिक्षा का अधिकार अधिनियम) के तहत प्रवेश देने की। दोनों ही मामलों में स्कूल अपनी मनमानी कर रहे हैं।

लॉटरी के पहले चरण में 7100 आवेदन हुए। इसमें 3128 को स्कूल आवंटित हुए। दूसरे चरण में 2738 आवेदन हुए। इसमें करीब 1323 के स्कूल आवंटित हुए। अब तीसरा चरण 15 अप्रैल से 8 मई और चौथा चरण 1 जून से 20 जून तक चलेगा। लेकिन, अभी तक पहले चरण में स्कूल आवंटन के बाद भी बच्चों को प्रवेश नहीं मिला है। निजी स्कूलों में हालात यह है कि अभिभावकों ने आवेदन करते समय जितने स्कूल विकल्प के रूप में भरे थे, उनकी सीट आवंटित होने के बाद भी उन्हें विकल्प वाले दूसरे स्कूलों में भेजा जा रहा है। निजी स्कूलों की मंशा है कि अभिभावकों को इधर से उधर दौड़ाकर इतना थका दिया जाए कि वह हारकर घर बैठ जाएं और प्रवेश की उम्मीद ही छोड़ दें। यही वजह है कि आरटीई के तहत प्रवेश लेने में निजी स्कूल एक महीने बाद भी दिलचस्पी नहीं ले रहे हैं। स्कूल प्रबंधन आरटीई के लाभार्थी बच्चों को प्रवेश देने से बचने के लिए तरह-तरह के हथकंडे अपना रहे हैं। निजी स्कूलों ने अभिभावकों को परेशान करने के लिए नया हथकंडा अपना लिया है। इसके तहत आवेदन करते समय अभिभावकों ने फार्म में स्कूलों के जो विकल्प भरे थे, उन्हें विकल्प वाले स्कूलों में भेजा जा रहा है, जबकि प्रवेश उसी स्कूल में होना चाहिए, जहां की सीट विभाग की ओर से लॉक की गई है। जानकारी के अभाव में अभिभावक स्कूलों का चक्कर लगा रहे हैं। इसके पीछे सिर्फ यही मंशा है कि अभिभावकों को परेशान कर दिया जाए। ऐसी कई शिकायतें बीएसए कार्यालय पर रोज पहुंच रही है।

स्कूलों ने अभी तक विभाग को नहीं दिए प्रवेश के आंकड़े

निजी स्कूलों ने आरटीई के तहत पहली सूची में दाखिला लेने वाले बच्चों की अभी तक विभाग को संख्या नहीं बताई है। अब विभाग की ओर से ऐसे स्कूलों को नोटिस भेजे जाने की तैयारी की जा रही है। जिले में लगभग 70 फीसदी निजी स्कूल ऐसे हैं, जहां से विभाग को प्रवेश के आंकड़ों का इंतजार है।

24 स्कूलों को भेज चुके हैं नोटिस

अभिभावकों को चक्कर कटाने वाले स्कूलों के खिलाफ शिक्षा विभाग एक्शन लेने के लिए तैयार है। अभी तक महानगर के कुल 24 स्कूलों को नोटिस भेजा गया है। इन स्कूलों में आवंटन के बाद भी प्रवेश देने में आनाकानी की जा रही है। जिसपर बीएसए ने एक्शन लेते हुए नोटिस जारी किया है। उन्होंने बताया कि सभी स्कूलों को नियमों का पालन करना होगा। अगर किसी स्कूल ने नियमों के पालन में ढिलाई बरती तो उसके खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी।

कस्तूरबा गांधी विद्यालय में होंगी मासिक परीक्षाएं

मुरादाबाद, अमृत विचार: माध्यमिक शिक्षा परिषद की तर्ज पर अब कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालयों में भी नवीन शैक्षिक सत्र 2024-25 में मासिक परीक्षा के आयोजन की तैयारी शुरू हो गई है। इसके लिए विभाग की ओर से जरूरी व्यवस्थाएं व समय से पाठ्यक्रम पूरा कराने के निर्देश दिए हैं। प्रत्येक माह की पहली या दूसरी तारीख को परीक्षा का आयोजन होगा। मासिक परीक्षा के प्राप्तांक वार्षिक मूल्यांकन में भी जोड़े जाएंगे। जिले में 9 कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालयों का संचालन किया जा रहा है। समग्र शिक्षा के उप शिक्षा निदेशक डॉ. मुकेश कुमार सिंह ने निर्देश जारी किए हैं। बीएसए अजीत कुमार ने बताया कि हर माह परीक्षा से छात्राओं पर पढ़ाई का दबाव कम होगा। दूसरा वह हर महीने का कोर्स भी बेहतर तरीके से पूरा करेंगी।

अधूरे कार्यों से नगर आयुक्त नाराज

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- **बोले- हर हाल में निर्धारित अवधि में पूरे हों कार्य, अन्यथा दंडात्मक कार्रवाई को रहें तैयार**

अमृत विचार: नगर आयुक्त एवं सीईओ दिव्यांशु पटेल ने बुधवार को स्मार्ट सिटी लिमिटेड की परियोजनाओं के समय से पूरे न होने पर नाराजगी जताते हुए कार्यदायी संस्था के अधिकारियों को फटकार लगाई। चेतावनी देते हुए कहा कि अगर समय पर कार्य पूर्ण नहीं हुए तो संबंधित एजेंसियों के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।

बुधवार को पीलीकोठी स्थित कैंप कार्यालय पर आयोजित बैठक में नगर आयुक्त एवं सीईओ ने स्मार्ट सिटी लिमिटेड परियोजना "कामन ब्रास फेसिलिटी सेंटर" का कार्य समयावधि में पूर्ण न किए जाने पर असंतोष व्यक्त करते हुए कार्यदायी संस्थाओं को कड़े निर्देश जारी किए। परियोजना के कार्य को पूर्ण किये जाने के लिए वार मोड में कार्य किया जाना सुनिश्चित करें अन्यथा शासन स्तर पर एजेंसी के खिलाफ कार्रवाई को रिपोर्ट प्रेषित कर दी जाएगी।

स्मार्ट सिटी लिमिटेड परियोजना रिहैबिलिटेशन ऑफ स्टॉर्म वाटर ड्रेनेज सिस्टम समयावधि के अन्तर्गत पूर्ण न किए जाने पर असंतोष व्यक्त करते हुए कार्यदायी एजेन्सी को निर्देश दिए। स्मार्ट सिटी योजना के तहत सड़कों का समय पर निर्माण न होने पर असंतोष जताया। वहीं रेट्रोफिटिंग ऑफ ओल्ड मार्केट एरिया का कार्य भी समय पर पूरा नहीं किया। इस पर भी स्मार्ट सिटी को लेकर की गई बैठक में संबंधितों को फटकार लगाई। बिजली व्यवस्था का कार्य भी समयावधि के अन्तर्गत पूर्ण न किए जाने पर असंतोष व्यक्त करते हुए कार्यदायी एजेन्सी को कड़े निर्देश जारी किये गए। कहा कि कार्यस्थल पर मैनपॉवर की संख्या बढ़ाते हुए एवं जितने एरिया में कार्य पूर्ण होता जाय उतने एरिया की साइट से निर्माण सामग्री एवं अनावश्यक रखे हुए विद्युत केबल के बन्डल को हटाते हुए साइट को क्लीयर कराएं। परियोजना के तहत एमएससीएल द्वारा दी गई समयावधि के अन्तर्गत पूर्ण न किये जाने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कार्यदायी लाइन डिपार्टमेंट को कड़े निर्देश जारी किए गए। कार्यदायी एजेन्सी को कारण बताओ नोटिस जारी करते हुए परियोजना कार्य में हुए विलम्ब के लिए एजेन्सी के विरुद्ध अर्थदण्ड लगाया जाए। बैठक में अपर नगर आयुक्त अतुल कुमार, नोडल अधिकारी स्मार्ट सिटी एके मिश्रा, मुख्य अभियंता एके मित्तल, इकाई प्रभारी राकेश कुमार राजा, स्थानीय अभियंता सीएंडडीएस चन्द्रशेखर, सज्जाद अली खान, अशोक सहित स्मार्ट सिटी लिमिटेड की टीम रही।

एक नजर

महिला यात्री व स्टेशन मास्टर के बीच विवाद

मुरादाबाद, अमृत विहार : ट्रेन में सीट को लेकर महिला यात्री व स्टेशन मास्टर के बीच तकरार हो गई। इतना ही नही थप्पड़ मारने का मामला जीआरपी तक पहुंच गया। लेकिन विवाद को लेकर जीआरपी पुलिस के हस्तक्षेप के बाद कुछ देर में दोनों पक्षों में समझौता करा दिया गया। विवाद का मामला मुरादाबाद स्टेशन का है। महिला यात्रियों का एक ट्रेन में तत्काल का टिकट था। लेकिन, टिकट कंफर्म न होने पर महिला यात्रियों से स्टेशन मास्टर के कमरे में पहुंच गई और दूसरी ट्रेन में सीट का इंतजाम करने की बात कही। लेकिन, स्टेशन मास्टर ने सीट को लेकर असमर्थता जता दी। आरोप है कि विवाद के बीच थप्पड़ मारने से मामला गरमा गया। इस पर दोनों पक्ष जीआरपी थाने पहुंच गए। बताया गया कि महिला यात्री अधिवक्ता है। वहीं जीआरपी निरीक्षक ने बताया कि इस मामले में लिखित में शिकायत नहीं मिली थी। दोनों पक्षों में आपस में समझौता हो गया।

खंभा लगाने के विरोध पर दी जान से मारने की धमकी

मैनाठेर, अमृत विचार : क्षेत्र के लालपुर गंगवरी में एक खेत में हाई टेंशन लाइन का खंभा लगाने का विरोध करने में किसान फहीम ने गांव के व्यक्ति पर जान से मारने और फसल को नुकसान पहुंचाने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए पुलिस से शिकायत की है। बताया कि बुधवार को क्षेत्र के लालपुर गंगवरी निवासी फहीम ने पुलिस को दिए शिकायती पत्र में आरोप लगाते हुए कहा है कि एक व्यक्ति जबरन उसके खेत से 11 हजार की लाइन निकालना चाहता है। जिसका फहीम द्वारा विरोध करने उक्त व्यक्ति ने फहीम को जान से मारने और फसल को नुकसान पहुंचाने की धमकी दी है। पीड़ित ने घटना की शिकायत पुलिस से कर आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

मैनाठेर थाना क्षेत्र में एक ही रात में कई जगह चोरी

मैनाठेर, अमृत विचार : क्षेत्र में एक ही रात में चोरी ने कई वारदातों को अंजाम दिया। चोरों ने नरौदा में पप्पू उर्फ पंखु के ट्यूबवेल से देर रात स्टार्टर एवं केबल चोरी कर लिया। वहीं मैनाठेर क्षेत्र के नगलिया मश्कूला में खुशनुमा अपने परिवार के साथ तलवार शहबाजपुर गांव में भात लेकर गए हुए थे। जब रात को नौ बजे वहां से अपने घर लौटे तो देखा कि उनकी परचून की दूकान का सामान बिखरा पड़ा था। पीड़िता खुशनुमा ने तहरीर देकर बताया कि उनके दुकान में रखे लगभग 1400 रुपये एवं सामान चोरी हुआ है। पुलिस का कहना है कि महिला ने तहरीर दी थी। मगर फिर महिला तहरीर वापस लेने के लिए थाने आई। मामले में जांच की जा रही है।

महिला को घायल करने वाले के खिलाफ रिपोर्ट

शाहबाद, अमृत विचार : टक्कर मारकर महिला को घायल करने में पुलिस ने बाइक सवार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। कोतवाली क्षेत्र के गांव टांडा निवासी राजू की पत्नी सुनीता ने गांव के ही अमरपाल के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। आरोप है कि वह अपने खेत से गेहूं काटकर घर आ रही थी। इस दौरान सामने से तेज गति से आ रही बाइक ने टक्कर मार दी। इसमें वह जख्मी हो गई। पुलिस ने अमरपाल के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

बाहरी क्षेत्रों के चालकों के खिलाफ कार्रवाई की मांग

रामपुर, अमृत विचार : ई-रिक्शा यूनियन के पदाधिकारियों ने बुधवार को कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक बलवान सिंह को ज्ञापन सौंपा। इसमें कहा कि बाहरी क्षेत्रों से आकर नगर में ई-रिक्शा चलाने वाले लोगों के खिलाफ कार्रवाई की जाए। कोतवाल ने जांच करके उचित कार्रवाई करने व सभी ई-रिक्शा के रूट तय करने के निर्देश दिए। यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रेम नरेश वाल्मीकि ने बताया कि बाहर से आने वाले ई-रिक्शा चालक नगर में जाम लगाते हैं। सामान की चोरी आदि भी करते हैं।

बाइक-स्कूटी से सड़कों पर फर्राटा भर रहे स्कूली बच्चे

शिक्षा विभाग की अनदेखी छात्र-छात्राओं पर न पड़ जाए भारी, स्कूल प्रबंधन व अभिभावक भी बेपरवाह

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: शिक्षा विभाग की अनदेखी स्कूली बच्चों पर भारी पड़ सकती है। महानगर में आपको रोज बच्चे स्कूल से घर और घर से स्कूल ई-रिक्शा और ऑटो में बेतरतीब ढंग से आते-जाते मिल जाएगे। 18 वर्ष से कम आयु के बच्चे स्कूटी और बाइक से स्कूल आ रहे हैं। स्कूल वाहन भी नियमों का पूरा पालन नहीं कर रहे हैं। लेकिन, जिम्मेदारी अधिकारी मौन है।

महानगर में नियमों को ताक पर रखकर स्कूली वाहन फर्राटा भर रहे हैं। अधिकांश स्कूली वाहन या तो पुराने हैं या अनफिट हैं। इक्का-दुक्का स्कूलों को छोड़ दें तो अधिकतर पब्लिक स्कूल के बच्चे निजी वाहनों से पहुंचते हैं। यह स्कूली वाहन ट्रैफिक नियमों को पूरा नहीं करते।

ट्रैफिक पुलिस की नाक के नीचे नियमों की धज्जियां उड़ाती स्कूल बसें रोजाना विद्यार्थियों की जान जोखिम में डाल रही हैं। यहां स्कूली वाहन को लेकर समय-समय पर जिला प्रशासन भी सख्ती दिखाता है। बावजूद उसके स्कूल प्रबंधन की मनमानी जारी है। स्कूली बसों में क्षमता से ज्यादा बच्चों को बैठाया जा रहा है। आपको रोज बच्चे ई-रिक्शा और ऑटो से स्कूल आते-जाते मिल जाएगे।

कंपनी बाग के पास स्कूल की छुट्टी के बाद ई-रिक्शा से जाते छात्र छात्राएं। ● अमृत विचार

स्कूलों के बाहर खड़ी होती हैं बाइकें और स्कूटी

कहने को तो स्कूल में बिना डीएल के स्कूल में विद्यार्थी बाइक या स्कूटी नहीं ला सकते हैं। लेकिन, स्कूल के बाहर आराम से खड़ी कर सकते हैं। जी हां इस समय कांठ रोड, पंचायत भवन, रामगंगा विहार के निजी स्कूलों के बाहर आपको देखने मिलेगा कि बड़ी संख्या में बच्चे रोक के बावजूद स्कूल व बाइक से आ रहे हैं। इनमें अधिकांश की आयु 18 वर्ष से कम होती है और वह स्कूल के बाहर वाहन खड़ा करके आराम से स्कूल आते हैं। इस पर स्कूल प्रबंधनों का कहना होता है कि स्कूल में किसी भी बच्चे का प्रवेश स्कूटी या बाइक के साथ नहीं है। बाहर की जिम्मेदारी जिला प्रशासन, पुलिस और शिक्षा विभाग की है। अभिभावक भी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे। डीआईओएस डॉ. अरुण दुबे ने बताया कि सभी स्कूलों को यातायात नियमों के पालन के निर्देश दिए हैं। अगर किसी स्कूल में नियमों का उल्लंघन होगा तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

स्कूल वाहनों के लिए जारी गाइडलाइन

स्कूली वाहनों का रंग पीला हो एवं बस पर गहरे नीले रंग की 254 मिलीमीटर की चौड़ी पट्टी पर स्कूल का नाम लिखा होना चाहिए।
स्कूली वाहन के आगे की तरफ 50 मिलीमीटर सफेद रंग की रिफलेक्टिव टेप पर स्कूल का नाम लिखा हो और बाकी जगह लाल रंग की रिफ्लेक्टर टेप लगी होनी चाहिए।
स्कूली वाहनों में ट्रांसपोर्ट डिपार्टमेंट से स्पीड गवर्नर लगा होना चाहिए।
वाहन स्कूल का अपना है तो उस पर स्कूल बस लिखा होना चाहिए। यदि वाहन अनुबंध के आधार पर है, तो उस पर 'ऑन स्कूल ड्यूटी' लिखा होना चाहिए।
स्कूल वाहन पूरी तरह से मेंटेन होना चाहिए। फिटनेस और इंश्योरेंस सर्टिफिकेट होना चाहिए।
स्कूली बच्चों के लिए चाहे बस हो, वैन या कोई भी वाहन उसकी अनुमति होनी चाहिए।
स्कूली वाहनों पर कार्यरत चालक कम से कम 5 साल का अनुभवी होना चाहिए।
चालक का ट्रैफिक नियमों संबंधी तीन बार से ज्यादा चालान नहीं कटा होना चाहिए।
स्कूली वाहनों में चालक के अलावा कंडक्टर या अटेंडेंट होना अनिवार्य है।
स्कूली वाहन की स्पीड शहर में 50 किलोमीटर प्रति घंटा से अधिक नहीं होना चाहिए।
स्कूलों की चहारदीवारी में ही वाहनों की पार्किंग होनी चाहिए एवं स्कूल परिसर में बच्चों को वाहनों से उतारा-चढ़ाना चाहिए।
फर्स्टएड बॉक्स और अग्निशमन यंत्र रखना अनिवार्य है।
स्कूली वाहन में स्कूल का नाम, रूट, टाइमिंग आदि लिखा हो। वाहन पर स्कूल मालिक और पुलिस कंट्रोल रूम का नंबर भी अंकित होना चाहिए।

बिलारी में दिव्यांग मतदाताओं की रैली को झंडी दिखातीं एसडीएम। ● अमृत विचार

मतदाता जागरूकता को दिव्यांग मतदाताओं ने निकाली रैली

संवाददाता, बिलारी

अमृत विचार : नगर में उप जिलाधिकारी मणि अरोड़ा ने दिव्यांग मतदाताओं की रैली को झंडी दिखाकर रवाना किया।

बुधवार को तहसील परिसर में नगर व देहात क्षेत्र के दिव्यांग मतदाताओं ने मतदाता जागरूकता रैली निकाली। दिव्यांग मतदाता रैली का आरंभ उप जिलाधिकारी मणि अरोड़ा ने झंडी दिखाकर किया।

इस रैली में नगर क्षेत्र के विभिन्न गांवों से दिव्यांग बच्चे और दिव्यांग लोग शामिल हुए थे। रैली तहसील मुख्यालय से शाहाबाद रोड, पौणा खेड़ा मंदिर होते हुए नगर के विभिन्न मोहल्लों से होते हुए, कोतवाली से घूमते हुए वापस तहसील पर आकर संपन्न हुई। इस दौरान दिव्यांग मतदाता रैली में विकासखंड के सभी नोडल टीचर, विशेष शिक्षक, तहसीलदार बिलारी, खंड शिक्षा अधिकारी शामिल हुए। रैली की समाप्ति पर खंड शिक्षा अधिकारी ने समस्त दिव्यांगों को धन्यवाद दिया।

अभिनव शर्मा को मिठाई खिलाते क्षेत्रवासी। ● अमृत विचार

अभिनव शर्मा को इंटर में मिले 93.2 प्रतिशत अंक

बिलारी, अमृत विचार : गांव रुस्तमनगर सहसपुर निवासी उप्र प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लॉक मंत्री नीरज शर्मा के बेटे अभिनव शर्मा ने नगर के देवेंद्र पाल इंटर कॉलेज से इंटर में विज्ञान वर्ग से 93.2 प्रतिशत अंक लाकर गांव का नाम रोशन किया है। छात्र अभिनव शर्मा के माता-पिता दोनों ही बेसिक शिक्षा परिषद में अध्यापक हैं। आगे छात्र का उद्देश्य सिविल सेवा के लिए तैयारी करना है। इस मौके पर धर्मेंद्र गांधी, नीरज शर्मा, रजनीश गर्ग, गोविंद गुप्ता, महेश बिष्ट, राहुल शर्मा, सुमित गुप्ता, नीरज सक्सेना रहे।

युवती ने दूसरे समुदाय के युवक से किया प्रेम विवाह

अगवानपुर, अमृत विचार : मोहल्ला निवासी युवती का काफी समय से मोहल्ले के ही दूसरे समुदाय के युवक से प्रेम प्रसंग था। कुछ दिन पहले एक मोहल्ले के निवासी होने पर दोनों पक्षों ने मोहल्ले के गणमान्य लोगों को बैठाकर पंचायत की गई थी। पंचायत में तय हुआ था कि अब युवक और युवती एक दूसरे से बात नहीं करेंगे। इस बात को लेकर दोनों पक्ष सहमत हो गए थे और पंचायत के दौरान मामले को निपटा दिया गया था।

इसके बावजूद दोनों का मिलने का सिलसिला जारी रहा। इसी दौरान युवती बाजार से सामान लाने को कहकर सोमवार को घर से कहीं चली गई। वह शाम तक जब घर नहीं लौटी तो परिवार के लोगों ने युवती की तलाश शुरू की। बात में पता चला युवती युवक के साथ गई है। युवती के परिवार के लोग व रिश्तेदार थाना सिविल लाइंस पहुंचे और शिकायत दर्ज कराई। बाद में पुलिस को पता चला दोनों ने हिंदू रीति-रिवाज के साथ शादी कर ली है।

प्रेक्षक ने बिलारी, कुंदरकी के चुनाव की तैयारी परखी

कार्यालय संवादाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: सामान्य प्रेक्षक अमित कुमार की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आगामी 7 मई को लोकसभा संसदीय क्षेत्र 8 संभल में लगने वाली जनपद मुरादाबाद की विधानसभाओं बिलारी एवं कुंदरकी में होने वाले चुनाव की तैयारी के संबंध में समीक्षा बैठक हुई।

सामान्य प्रेक्षक ने निर्देश दिए की चुनाव आयोग के दिशा निर्देशों के अंतर्गत आने वाले चुनाव को सफलतापूर्वक संपन्न कराएं। उन्होंने कहा कि इस बात का विशेष ध्यान रखा जाए की आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन न होने पाए। सी- विजिल ऐप का आम जनमानस में व्यापक प्रचार प्रसार करवाया जाए और प्रयास करें कि शिकायत सी विजिल एप के माध्यम से आए। चुनाव में लगे सभी कार्मिक सी विजिल एप को डाउनलोड कर इसका प्रचार प्रसार करें। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि चुनाव से संबंधित जो भी समस्याएं आए उनका स्थानीय स्तर पर समाधान हो इसको अच्छे से सुनिश्चित किया जाए। सभी अधिकारीगण आपसी समन्वय के साथ कार्य करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि सभी लोग पारदर्शिता, निष्पक्षता के साथ चुनाव को संपादित करने में अपने दायित्वों का कुशलतापूर्वक निर्वहन करें। 7 मई को होने वाले चुनाव के लिए सभी तैयारियां समय से दुरुस्त कर लिया जाए। इस अवसर पर जिलाधिकारी मानवेंद्र सिंह, मुख्य विकास अधिकारी सुमित यादव, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हेमराज मीना, अपर जिलाधिकारी प्रशासन गुलाब चंद, मुख्य कोषाधिकारी रेनू बौद्ध, अपर जिलाधिकारी नगर ज्योति सिंह सहित संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

कलेक्ट्रेट सभागार में चुनाव की तैयारियों की समीक्षा करते सामान्य प्रेक्षक, साथ में अन्य अधिकारी। ● अमृत विचार

- **चुनाव आयोग के दिशा-निर्देशों पर चुनाव को सफलतापूर्वक संपन्न कराने का लिया संकल्प**

मिलिट्री स्पेशल में चोरी की जानकारी लेने पहुंचे आरपीएफ के आईजी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

जांच

- **मिलिट्री स्पेशल ट्रेन में चोरी की जानकारी लेने मुरादाबाद पहुंचे आरपीएफ के आईजी**
- **कुछ दिन पहले मिलिट्री स्पेशल ट्रेन में चोरी हो गई थी चेनें, वैगनों की हो रही जांच**

अमृत विचार: कुछ दिन पहले पंजाब से चली मिलिट्री स्पेशल ट्रेन में चेनें गायब होने की घटना पर रेल मुख्यायल गंभीर दिख रहा है। बुधवार को ट्रेन की लोहे की चेनें की चोरी का पता लगाने आरपीएफ के उत्तर रेलवे के मुख्य प्रधान सुरक्षा आयुक्त आईजी एएन मिश्रा मुरादाबाद पहुंचे। आईजी ने डिपो में वैगनों को देखा और रेलवे स्टेशन व यार्ड का मुआयना किया। इस मौके पर आईजी ने कहा कि मिलेट्री स्पेशल ट्रेन की घटना का पता लगाया जा रहा है। चोरी कहां हुई, इसके लिए वैगनों का जांचा जा रहा है।

मिलिट्री स्पेशल ट्रेन में सामान के साथ लोहे की चेनें लगाई जाती हैं। लेकिन कुछ दिन भटिंडा से चली स्पेशल ट्रेन में चेनें चोरी हो गईं थी। 10 अप्रैल की रात को स्पेशल ट्रेन में खामियों को मुरादाबाद आरपीएफ ने पकड़ा था। पोस्ट निरीक्षक अनिल कुमार व स्टाफ ने इसकी सूचना वरिष्ठ अधिकारियों को दी। चोरी का सुराग पाने के लिए बुधवार को आरपीएफ के मुख्य प्रधान सुरक्षा आयुक्त मुरादाबाद पहुंचे। राजधानी एक्सप्रेस से आईजी के आने की खबर के बाद विभागीय अधिकारी सतर्क हो गए। आईजी ने रेलवे स्टेशन व यार्ड का मुआयना किया।

इस दौरान आरपीएफ थाने में उन्होंने बताया कि मिलेट्री स्पेशल ट्रेन में लगने वाली लोहे की चेनें गायब हो गईं।

कुछ दिनों पहले स्पेशल ट्रेन मुरादाबाद पहुंची तो इस चेनें गायब होने का पता चला। इसके लिए वैगनों की जांच पड़ताल की जा रही है।आईजी ने रेल पटरी से गुजरने वाले लोगों से सावधानी बरतने को कहा है। इस दौरान आरपीएफ के सीनियर डीएससी शानमुग, आरपीएफ प्रभारी शिखा मलिक, सीआईबी निरीक्षक सुधीर कुमार शामिल रहे।

नौकरी दिलाने के नाम पर 1.70 लाख की ठगी

मुरादाबाद, अमृत विचार : विदेश में नौकरी और अच्छा वेतन का लालच देकर ठगी के मामले कम होने का नाम नहीं ले रहे है। अब दुबई में नौकरी दिलाने के नाम पर मूंढापांडे थाना क्षेत्र में रहने वाले युवक के साथ 1.70 लाख की ठगी की गई है। पीड़ित ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई के लिए एसएसपी से शिकायत की है।

थाना मूंढापांडे क्षेत्र के गांव सकटू नगला निवासी मोहम्मद सलमान ने एसएसपी को दिए गए शिकायती पत्र में बताया कि लगभग छह माह पूर्व उसकी मुलाकात जनपद के ठाकुरद्वारा कोतवाली क्षेत्र में रहने वाले युवक से हुई थी। आरोपी ने दुबई में इलेक्ट्रीशियन की नौकरी लगवाने की बात सलमान से कही। पीड़ित आरोपी के झांसे में आ गया। जिसके बाद उसने आरोपी को 1.70 लाख रुपये दे दिए। पैसे लेने के बाद आरोपी ने सलमान से कहा कि मार्च के आखिरी महीने तक उसकी दुबई में नौकरी लग जाएगी।

आयोग पहुंचा छात्र की मौत का मामला

संवाददाता, मिलक

अमृत विचार : मिलक के सिलईबड़ा गांव में फायरिंग के दौरान हुई छात्र की मौत के मामले का मानवाधिकार आयोग ने संज्ञान लिया है। पुलिस अधीक्षक को जारी आदेश में शीघ्र रिपोर्ट सौंपने का आदेश दिया है। सिलईबड़ा गांव में बवाल के दौरान छात्र की गोली लगने से मौत हो गई थी। इसके बाद मामला काफी दिन तक सुर्खियों में रहा था। छात्र की मौत के बाद से परिजन सदमे में हैं।

क्षेत्र के सिलईबड़ा गांव में 27 फरवरी को डॉ. भीमराव आंबेडकर की तस्वीर लगे हुए बोर्ड को हटवाने के दौरान बवाल हो गया था। दलित समाज के लोग अपनी बस्ती में स्थित ग्राम समाज की जमीन पर डॉ. भीमराव आंबेडकर के नाम से पार्क बनाकर उनकी मूर्ति स्थापित कराना चाहते थे। गांव के कुछ लोगों ने इस पर आपत्ति जताते हुए विरोध किया था। पुलिस व जिले के उच्च अधिकारियों से मामले की शिकायत की थी। इस पर एसडीएम अमन देओल पुलिस बल के साथ डा. आंबेडकर का बोर्ड हटाने पहुंचे थे। इस दौरान बोर्ड लगाने वाले जाटव समाज के लोगों ने शांतिपूर्ण ढंग से विरोध किया था। इस दौरान पुलिस ने लाठीचार्ज और फायरिंग की थी। इस दौरान सोमेश नाम के दलित छात्र की गोली लगने से मौत हो गई थी। जबकि दो युवक घायल हो गए थे। उनका आरोप था कि युवक की मौत पुलिस की गोली लगने से हुई है। पुलिसकर्मी ने बहुत ही पास से छात्र के सिर में गोली मारी है। जब इस मामले को लेकर गांव के लोग धरने पर बैठ गए तब पुलिस ने आनन फानन में 21 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था।

सिलईबड़ा में लगा डॉ. भीमराव आंबेडकर का बोर्ड। ● अमृत विचार

प्रशासन द्वारा लिखित रूप में मांगें माने जाने के बाद शव का अंतिम संस्कार किया गया था। दोषियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई न करने पर परिजनों ने मानवाधिकार आयोग का दरवाजा खटखटाया था। मामले की गम्भीरता को देखते हुए इलाहाबाद हाईकोर्ट के अधिवक्ता डॉ.गजेंद्र सिंह यादव ने मानवाधिकार आयोग में मामला दर्ज कराया था। इस पर कार्रवाई करते हुए आयोग ने घटना की जांच का आदेश दिया है। पुलिस अधीक्षक को नोटिस भेज कर 24 मई 2024 तक रिपोर्ट सौंपने के निर्देश दिए हैं।

दढ़ियाल के चालक की रानीखेत में सड़क हादसे में मौत, कोहराम

संवाददाता, दढ़ियाल

अमृत विचार : रामनगर-रानीखेत मार्ग पर शटरिंग का सामान लेकर जा रहे दढ़ियाल निवासी चालक की कैंटर अनियंत्रित होकर खाई में गिर गया। उधर से गुजर रहे पर्यटकों ने हादसे की सूचना पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने रेस्क्यू कर एक युवक को गंभीर हालत में बाहर निकाल लिया, जबकि दूसरे युवक की मौके पर ही मौत हो गई। मौत की सूचना पाकर युवक के परिजनों में कोहराम मच गया। रोते-बिलखते परिजनों का बुरा हाल हो गया।

नगर के मोहल्ला बाजार निवासी मतलूब अली पुत्र नन्हें कैंटर चलाता था। मंगलवार शाम को वह कैंटर लेकर रामनगर गया था। बुधवार की सुबह रामनगर से शटरिंग का सामान भरकर रानीखेत जा रहा था। रामनगर-रानीखेत मार्ग पर सोनी घाट से आगे बदरोजखान के समीप कैंटर अनियंत्रित होकर खाई में पलट गया। हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। उधर से गुजर रहे पर्यटकों और स्थानीय लोगों ने हादसे की सूचना पुलिस को दी।

सूचना पर पहुंची पुलिस ने रेस्क्यू कर घायल तौफीक निवासी नगलिया रामपुर को बाहर निकाल लिया और अस्पताल में भर्ती कर दिया। जबकि चालक मतलूब अली की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए रानीखेत अस्पताल भेज दिया।

सड़क हादसे में बिलारी के युवक की हुई मौत

कार्यालय संवाददाता, रामपुर/मिलक

अमृत विचार : अजीमनगर और मिलक में हुए अलग-अलग सड़क हादसों में दो लोगों की मौत हो गई। जबकि एक युवक घायल हो गया। घायल को लोगों ने अस्पताल में भर्ती कराया है।

मुरादाबाद जिले के बिलारी थाना क्षेत्र के मोहल्ला कोहरियान निवासी 21 वर्षीय अंकित उर्फ सुनील अपने दोस्त रितिक के साथ रामपुर में शादी समारोह में शामिल होने जा रहा था। देर रात करीब नौ बजे आंधी के चलते अंकित की बाइक मिलक थाना क्षेत्र के किरा गांव के पास सड़क किनारे लगे साइन बोर्ड से टकरा गई।

इसमें बाइक सवार दोनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। लोगों ने घटना की सूचना पुलिस को दी।

अस्पताल में बैठे अंकित के गमजदा परिजन। ● अमृत विचार

सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों घायलों को जिला अस्पताल भेज दिया। जहां उपचार के दौरान अंकित ने देर रात दम तोड़ दिया। सूचना पर जिला अस्पताल पहुंचे परिजनों में चीख-पुकार मच गई। पोस्टमार्टम के बाद परिजन शव को बिलारी ले गए। दूसरे घायल रितिक की हालत गंभीर बनी है। अंकित के पिता कमलेश ने बताया कि अंकित शादी नहीं हुई थी। परिजनों को उसकी शादी का बहुत अरमान था। अंकित कहता था कि वह खूब पैसा कमा ले उसके बाद शादी करेगा। ताकि भविष्य में कोई परेशानी न आए।

ट्रैक्टर की चपेट में आकर बाइक सवार की मौत, कोहराम

सैदनगर, अमृत विचार : अजीमनगर थाना क्षेत्र में ट्रैक्टर की चपेट में आकर बाइक सवार की मौत हो गई। बाइक सवार शादी के कार्यक्रम से वापस अपने घर जा रहा था। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। मामला अजीमनगर थाना क्षेत्र के बगड़खा की पुलिया के पास का है। थाना टांडा क्षेत्र के तार का मझरा छितरिया गांव निवासी शिव कुमार (45) शादी के कार्यक्रम में गए थे। दोपहर बाद शिव कुमार की बाइक बगड़खा की पुलिया के पास ट्रैक्टर की चपेट में आ गई। इसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद ट्रैक्टर चालक भी संतुलन खो बैठा और ट्रैक्टर गड्ढे में चला गया। मौके पर मौजूद लोग घायल शिवकुमार को जिला अस्पताल ले जाने लगे। लेकिन मुरसैना के पास उनकी मौत हो गई। सूचना मिलते ही पुलिस भी घटनास्थल पर पहुंच गई।

सड़क किनारे कार में रंगरलियां मना रहे युगल को ग्रामीणों ने पकड़ा

संवाददाता, बिलासपुर

- **बचकर भागते समय कार से तीन लोगों को मारी टक्कर**
- **पुलिस आने से पहले कार छोड़कर भागा प्रेमी युगल**

अमृत विचार : सड़क किनारे कार खड़ी करके रंगरलियां मना रहे प्रेमी युगल को देख ग्रामीणों ने हंगामा कर दिया। ग्रामीणों से बचकर भागते समय उनकी कार से तीन लोग टकरा कर घायल हो गए। सूचना पर पुलिस भी पहुंच गई। मगर प्रेमी जोड़ा कार छोड़कर फरार हो गया।

बुधवार को करीब दो बजे खौंदलपुर होते हुए बाबा का डेरा जाने वाले सुनसान मार्ग पर ग्रामीणों ने एक कार खड़ी देखी। नजदीक पहुंचने पर पता चला कि इसमें प्रेमी जोड़ा रंगरलियां मना रहा था। इस पर ग्रामीण हंगामा करने लगे। कुछ ही देर में वहां भीड़ जमा हो गई। हंगामा होते देख प्रेमी जोड़ा अपनी कार लेकर मौके से फरार होने लगा। हड़बड़ाहट में उन्होंने राखी पत्नी सुमित और विजय सहित तीन लोग को टक्कर मारकर घायल कर दिया। तभी पीछे से आ रहे ग्रामीणों ने कार को पकड़ लिया। लेकिन प्रेमी युगल मौके से फरार हो गया। सूचना पाकर कोतवाली पुलिस भी मौके पर पहुंच गई और कार कोतवाली ले आई। पुलिस ने मामले की छानबीन कर कार्रवाई का आश्वासन दिया है। प्रभारी निरीक्षक बलवान सिंह ने बताया कि घटना की जांच की जा रही है। तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

एक नजर

मुख्यमंत्री कल बिलारी में करेंगे जनसभा

बिलारी, अमृत विचार : हाइवे स्थित बैंक्वेट हॉल में भाजपा की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता भाजपा के जिला अध्यक्ष आकाश पाल ने की। बुधवार को भारतीय जनता पार्टी की बैठक हाइवे स्थित बैंक्वेट हॉल स्थित कार्यालय में हुई। जिसमें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आगमन को लेकर चर्चा की गई। बैठक में भाजपा जिलाध्यक्ष आकाश पाल ने बताया कि शुक्रवार को दोपहर दो बजे रामरतन इंटर कॉलेज के मैदान पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जनसभा को संबोधित करेंगे। जिसके लिए सभी पदाधिकारियों को जिम्मेदारियां दी गईं।

घर में घुसकर युवती से छेड़छाड़, मामला दर्ज

कुंदरकी, अमृत विचार : थाना क्षेत्र के अंतर्गत गांव में युवक द्वारा घर में घुसकर युवती से छेड़छाड़ और धमकाने का मामला प्रकाश में आया है। पीड़ित युवती ने आरोपी युवक के खिलाफ थाने में तहरीर दी है। युवती का कहना है कि वह 23 अप्रैल को अपने घर में अकेली थी और उसके परिवार के लोग खेत पर गए हुए थे। तभी उसको घर में अकेला देखकर गांव का युवक राजकुमार घर में घुस आया और छेड़छाड़ करने लगा। विरोध करने पर उसका मुंह दबाते हुए धमकाया कि अगर शोर मचाया तो वह युवती के भाई को जान से मार देगा। इसके बाद युवती के द्वारा शोर मचाने पर आरोपी युवक जान से मारने की धमकी देता हुआ मौके से फरार हो गया। पुलिस मामले दर्ज कर जांच में जुट गई है।

जंगल में कुत्तों के हमले में हिरन की मौत

कुंदरकी, अमृत विचार : कुत्तों के हमले में हिरन की मौत हो गई। जानकारी पर पहुंचे वन विभाग के अधिकारियों ने हिरन के शव का पोस्टमार्टम कराकर उसको दफना दिया। वन विभाग के इंस्पेक्टर वीरेंद्र सिंह ने बताया कि ग्राम सैफपुर चित्तू निवासी हाजी नैन पुत्र असगर के घर में हिरन जंगल से निकलकर पहुंचा था। सूचना पर वह टीम के साथ मौके पर पहुंचे थे। लेकिन उससे पहले ही ग्राम वासियों ने उसको गांव से निकाल कर रूपपुर के जंगल में छोड़ दिया था। जहां पर कुत्तों के झुंड ने उसको मार डाला।

श्मशान में बंधे दो गोवंशों को पहुंचाया गोशाला

कांठ, अमृत विचार : राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ गोसेवा गतिविधि के जिला संयोजक विकास शर्मा ने श्मशान में दो दिन से पेड़ से बंधे दो गोवंशों को गोशाला पहुंचवाया। विकास शर्मा को भाजपा नेता बंटी चौहान ने बताया था कि शमशान में दो दिन पहले कोई व्यक्ति दो गोवंशों को पेड़ से बांध गया। उन्होंने मौके पर पहुंचकर गोवंशों के लिए भूसे और पानी की व्यवस्था कराकर ईओ से वार्ता की। ईओ के निर्देश पर बुधवार सुबह दोनों निराश्रित गोवंशों को कान्हा गोशाला गोविंदपुर में भिजवाया गया।

अज्ञात वाहन ने तोड़ा रेलवे फाटक का बूम

कांठ, अमृत विचार : अज्ञात वाहन ने कांठ-अमरोहा मार्ग के रेलवे क्रॉसिंग का बूम तोड़ दिया। मंगलवार रात किसी समय अमरोहा मार्ग के रेलवे क्रॉसिंग के फाटक नंबर 433बी में किसी वाहन ने टक्कर मारकर बूम तोड़ दिया। बूम के टूटने पर गेटमैन ने इसकी सूचना तुरंत रेलवे स्टेशन पर दी। लेकिन तब तक अज्ञात चालक वाहन लेकर फरार हो चुका था। बुधवार सुबह जब वाहन इधर से गुजरे तो यातायात ठप हो गया। किसी तरह से रेल कर्मचारियों ने टूटे हुए बूम को ठीक किया तब कहीं यातायात सुचारू हो सका।

खेत में घुसी श्रद्धालुओं से भरी ट्रैक्टर-ट्राली, पांच घायल

चैती मेला देखकर लौटते समय हुआ हादसा, एक गंभीर

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

अमृत विचार : चैती मेला देखकर लौट रहे श्रद्धालुओं से भरी ट्रैक्टर-ट्राली हाइवे पर एक कार को बचाने की कोशिश में पानी से भरे खेत में जा घुसी। हादसे में तीन महिलाओं समेत पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। एक बालिका की हाथ की उंगलियां कट गईं हैं। घायलों को राहगीरों ने लक्ष्मण दत्त भट्ट राजकीय चिकित्सालय में भर्ती कराया है।

मंगलवार को ठाकुरद्वारा के ग्राम पंचायत मानपुर दतराम निवासी वीर सिंह पुत्र चंदन सिंह अपनी ट्रैक्टर-ट्राली में करीब 30 महिलाओं, 25 व्यक्तियों और 15 बच्चों के साथ काशीपुर में लगे चैती मेले में आए हुए थे। चैती मेला देखकर वह शाम करीब सात बजे अलीगंज रोड से घर लौट रहे थे। जैसे ही ट्रैक्टर-ट्राली पैराडाइज कॉलोनी के सामने पहुंची तभी सामने से तेज गति से आ रही कार को बचाने की कोशिश में ट्रैक्टर-ट्राली रोड के किनारे खेत में घुस गई। इस हादसे में ट्रैक्टर-ट्राली में बैठी अवनी 10 वर्ष पुत्री कृष्ण पाल सिंह, रंजीत 17 वर्ष पुत्र सुरेश, राजवती उम्र 35 वर्ष पत्नी महावीर सिंह, पायल 12 वर्ष पुत्री दिनेश कुमार, वीर सिंह उम्र 40 वर्ष पुत्र चंदन सिंह घायल हो गए। गनीमत रही कि खेत में पानी भरा हुआ था। जिससे ट्रैक्टर-ट्राली दलदल में फंसकर रुक गई। अन्यथा बड़ा हादसा हो सकता था। चीख पुकार की आवाज सुनकर राहगीरों ने रंजीत को ट्रैक्टर-ट्राली के नीचे से बाहर निकाला। हादसे में रंजीत के हाथ में गंभीर चोट लगी है। जबकि अवनी की हाथ की उंगलियां कट गई हैं। राहगीरों ने निजी वाहन से घायलों को लक्ष्मण दत्त भट्ट राजकीय चिकित्सालय में भर्ती कराया है।

काशीपुर-अलीगंज मार्ग पर खेत से ट्रैक्टर-ट्राली को निकालते ग्रामीण। ● अमृत विचार

- **पैराडाइज कॉलोनी के सामने हुआ हादसा, ग्रामीणों ने ट्रैक्टर-ट्राली को खेत से बाहर निकाला**

दहेज की मांग और मारपीट को लेकर सात पर रिपोर्ट दर्ज

संवाददाता, छजलैट

कार्रवाई

- **ससुराल के लोग मांग रहे थे गाड़ी और नकद रुपये**
- **पीड़िता की तहरीर पर मामला दर्ज पुलिस कर रही जांच**

अमृत विचार : थाना छजलैट क्षेत्र के ग्राम सलावा खेड़ा निवासी सदमा पुत्री बाबू अली ने थाने में तहरीर देकर बताया कि फरवरी 2022 में गांव के ही जुल्फिकार के साथ उसकी शादी हुई थी। शादी के कुछ समय बाद से ही ससुराल पक्ष द्वारा गाड़ी और नकद रुपयों की मांग की जा रही थी।

मांग पूरी नहीं होने पर उसे प्रताड़ित किया जाता था। पीडिता ने बताया कि 11 अप्रैल को देवर ने अभद्र व्यवहार भी किया। उसने दहेज की मांग के मामले में सास, ससुर, ननद, देवर, भाभी पर आरोप लगाते हुए थाने में तहरीर देकर न्याय की मांग की है। पीड़िता की तहरीर पर सात व्यक्तियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। पुलिस का कहना है कि जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी।

मांग पूरी न होने पर महिला को पीटा, तलाक दिया

ठाकुरद्वारा, अमृत विचार : मकान व एक लाख रुपये की मांग पूरी न होने पर महिला को मारपीट कर घर से निकाल दिया। जब उसने विरोध किया तो तीन तलाक दे दिया। पीड़िता ने पुलिस को तहरीर देकर आरोपी पति व ससुराल वालों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। कोतवाली क्षेत्र के गांव रतुपुरा निवासी नाजरा ने पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि उसका पति व ससुराल वाले उससे एक लाख रुपये व ठाकुरद्वारा में मकान खरीद कर देने की मांग कर रहे हैं। आरोप है कि 22 अप्रैल को रात में उसका देवर व ननदोई उसके कमरे में घुस आए और अश्लील हरकतें की। उसने पति से शिकायत की उसे बुरी तरह पीटकर घायल कर दिया। महिला के बताने पर उसका भाई घर आया और घायल बहन को इलाज के लिए ले जाने लगा, तो सभी ने उससे मारपीट की। इसके बाद उसके पति ने तीन तलाक देते हुए घर से बाहर कर दिया। पीड़िता ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है।

चोरी का माल बरामद एक आरोपी गिरफ्तार

ठाकुरद्वारा, अमृत विचार : कोतवाली पुलिस ने चोरी की घटना का खुलासा किया है। पुलिस ने एक आरोपी को चोरी का सामान बरामद कर गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। जहां उसे जेल भेज दिया।

मोहल्ला काशीराम कालोनी निवासी विशाल कश्यप पुत्र अमर सिंह ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कहा था कि काशीराम कालोनी में 19 अप्रैल को चोर घर से चांदी की अंगूठी, पाजेब व सोने की गले की कंठी ले गए। जिस पर कोतवाली प्रभारी शैलेंद्र सिंह ने बुधवार को घटना का खुलासा करते हुए काशीराम कालोनी निवासी दानिश पुत्र मुस्तकीम को माल सहित गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास से अंगूठी, पाजेब, गले की कंठी बरामद हुई है। कोतवाली पुलिस ने आरोपी दानिश को न्यायालय के समक्ष पेश कर उसे जेल भेज दिया है।

एसडीएम कोर्ट के बाहर धरने पर बैठे अधिवक्ता

संवाददाता, बिलारी

अमृत विचार : एसडीएम न्यायिक कोर्ट के बहिष्कार के बावजूद मुकदमों की कोर्ट में सुनवाई से नाराज अधिवक्ताओं ने धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया। अधिवक्ताओं ने कहा कि जब तक उनकी मांगों को पूरा नहीं किया जाएगा, धरना खत्म नहीं होगा।

बिलारी में तैनात एसडीएम न्यायिक नरेंद्र सिंह ने शनिवार को पश्चिमी उप्र हाईकोर्ट संघर्ष समिति के आह्वान पर चल रही हड़ताल के बावजूद कोर्ट में मुकदमों की सुनवाई की थी। जिसको लेकर अधिवक्ता नाराज थे। अधिवक्ताओं ने एसडीएम न्यायिक को ज्ञापन देकर कोर्ट बहिष्कार शुरू कर दिया। इसके बावजूद भी मुकदमों की सुनवाई कोर्ट में जारी रही। जिसको लेकर अधिवक्ताओं में रोष है। इस सब के बावजूद एसडीएम न्यायिक की ओर से अधिवक्ताओं को वार्ता के लिए नहीं बुलाया। अधिवक्ता कोर्ट के बाहर धरने पर बैठ गए। अधिवक्ताओं का कहना था कि जब तक मांगे पूरी नहीं होगी, प्रदर्शन समाप्त नहीं होगा। वहीं, एसडीएम न्यायिक नरेंद्र सिंह ने बताया कि कोर्ट की सुनवाई नियमित तौर पर चलती रहेगी। कई वादकारी स्वयं ही अपने मुकदमों की पैरवी कर रहे हैं। इस मौके पर रामकुवंर सिंह यादव, कमाल अकबर, आफाक हुसैन, विनय कुमार सिंह, चौधरी अजय पाल सिंह, प्रमोद शर्मा, नवाब हुसैन, चैतन्य पाल सिंह, विक्रांत कुमार, अखिलेश चंद्र गौड़, आशीष शर्मा, सुनील सिंह, जबर सिंह, विजयवीर सिंह, मनोहर सिंह, मोहम्मद कामिल, भारत सिंह यादव रहे।

बिलारी में एसडीएम न्यायिक कोर्ट के बाहर धरने पर बैठे अधिवक्ता। ● अमृत विचार

आत्महत्या को उकसाने में एक आरोपी गिरफ्तार

कांठ, अमृत विचार : दंपती से घर में घुसकर मारपीट व गाली-गलौज करने तथा अन्य मामले में महिला को आत्महत्या के लिए उकसाने के मामले में पुलिस में आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

18 मार्च को मोहल्ला पट्टीवाला निवासी महिला ने ट्रेन के आगे कूदकर आत्महत्या कर ली थी। आत्महत्या के मामले में महिला के मायके पक्ष ने तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की थी। तहरीर पर पुलिस ने पट्टी वाला निवासी संदीप पुत्र राजपाल को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। वहीं, ग्राम गढ़ी निवासी नीलोफर एवं उसके पति सोहेल से घर में घुसकर मारपीट, जान से मारने की धमकी देने के मामले में पुलिस ने नसीमा पत्नी असलूम को गिरफ्तार कर संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर जेल भेज दिया है।

छेड़छाड़ से तंग परिवार पलायन करने को विवश

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

- **मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों के खिलाफ किया मामला दर्ज**

अमृत विचार : किशोरी को रास्ते में रोककर छेड़खानी व अश्लील हरकतें करने और घर में घुसकर दुष्कर्म का प्रयास करने से डरा एक परिवार गांव से पलायन करने को विवश है। कई बार पुलिस से शिकायत करने के बाद भी आरोपी के विरुद्ध कार्रवाई नहीं की जा रही है।

कोतवाली क्षेत्र के शरीफनगर-बहादुरनगर मार्ग पर स्थित गांव निवासी परिवार अपने पड़ोस में रहने वाले युवक की हरकतों से तंग है। अब परिवार गांव से पलायन को विवश है। परिवार का आरोप है कि पड़ोस में रहने वाले युवक ने उनकी नाबालिग पुत्री का घर से निकलना दूभर कर दिया है। जब भी किशोरी घर से निकलती है तो युवक उसे रास्ते में घेर लेता है और अश्लीलता करता है। इस बात की शिकायत जब उन्होंने युवक के माता-पिता से की तो युवक ने उसके परिवार को जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित परिवार ने 12 दिसम्बर को कोतवाली में तहरीर दी थी। लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की हुई। इसके बाद भी कई बार शिकायत की गई। लेकिन पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक शैलेंद्र चौहान ने बताया कि मामला संज्ञान में आते ही गांव के सोनू, वकील व खलील के विरुद्ध पोक्सो एक्ट की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली है। शीघ्र ही उनकी गिरफ्तारी की जाएगी।

रंजिशन खेत में लगाई आग, 30 बीघा गेहूं की फसल राख

डिलारी, अमृत विचार : रंजिशन गेहूं की कटी फसल में आग लगा दी गई। जिससे 30 बीघा फसल राख हो गई। गांव डिलारी निवासी किसान योगेश का आरोप है कि 20 बीघा गेहूं की कटी फसल खेत में पड़ी थी, तभी पुरानी रंजिश को लेकर गांव धींगरपुर निवासी पड़ोसी किसान ने गेहूं की पुलियों में आग लगा दी।

आग की लपटों ने पड़ोसी धर्मपाल सिंह के भी लगभग 10 बीघा खेत को चपेट में ले लिया। सूचना पाकर ग्रामीणों ने इंजन लगाकर आग पर काबू किया। आग बुझाने में कई ग्रामीणों के हाथ झुलस गए। पीड़ित किसानों ने दमकल विभाग को सूचना दी। लेकिन तब तक आग ने विकराल रूप ले लिया था। पीड़ित किसान ने थाने में नामजद तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

नामांकन पत्रों की जांच के दौरान मौजूद एल्डर कमेटी के सदस्य। ● अमृत विचार

जांच में वैध मिले नामांकन

संवाददाता, कांठ

अमृत विचार : तहसील बार एसोसिएशन के वार्षिक चुनाव के मद्देनजर बुधवार को नामांकन पत्रों की जांच की गई। जांच में सभी नामांकन पत्र वैध पाए गए।

बुधवार को ऐल्डर कमेटी ने नामांकन पत्रों की जांच की। जिसमें सभी नामांकन पत्र वैध मिले। दाखिल नामांकन पत्रों के आधार पर अध्यक्ष पद के लिए हिमांशु विश्नोई एवं मोहम्मद अय्यूब, महासचिव पद के लिए कमल कुमार, शीशराम सिंह, नन्हे खां और कोषाध्यक्ष पद के लिए वैभव विश्नोई, भू प्रकाश सिंह में चुनाव होना है। 29 अप्रैल को चुनाव संपन्न होगा। इसी दिन विजयी प्रत्याशियों एवं शेष पदों पर निर्विरोध निर्वाचन की घोषणा की जाएगी। नामांकन पत्रों की जांच में एल्डर कमेटी के अध्यक्ष शमशाद अहमद, उपाध्यक्ष गजेंद्र कुमार, सचिव महावीर सिंह, महासचिव डॉ. विनीत नैन, कोषाध्यक्ष शहजाद रफी खान, मीडिया प्रभारी दीपक कुमार तथा व्यवस्थापक प्रदीप कुमार आदि उपस्थित रहे।

छात्र-छात्राओं से वसूले रुपये वापस करने की मांग

ठाकुरद्वारा, अमृत विचार : जनता इंटर कॉलेज गोपीवाला कालेवाला में पिछले तीन वर्षों से कक्षा 6,7, 8 में 300 रुपये प्रति छात्र प्रतिवर्ष वसूलने की शिकायत आइजीआरएस पोर्टल पर डालेद्र सिंह ने दर्ज कराई थी।

वहीं, विद्यालय के अध्यापकों और प्रधानाचार्य भूपेंद्र पाल सिंह गहलोत और लिपिक तरुण कुमार ने जांच समिति को सौंपे शुल्क वसूली की शिकायत को निराधार दर्शाने वाले प्रार्थना पत्र झूठे साबित हुए। संयुक्त शिक्षा निदेशक ने तीन वर्षों में लिए शुल्क को छात्र-छात्राओं को वापस करने का आदेश करने का आश्वासन दिया है। जिविनि के दबाव के चलते शिकायतकर्ताओं को आरटीआई के माध्यम से सूचनाएं उपलब्ध नहीं कराई जा रहीं। शिकायतकर्ता ने मांग की है कि तीन वर्ष की शुल्क वापसी का आदेश तथा समिति गठित कर प्रबंध समिति को भंग नहीं किया तो शिकायतकर्ता वरिष्ठ अधिकारियों के समक्ष जाने के लिए मजबूर होंगे।

बैठक | उप जिलाधिकारी ने राशन डीलरों को किया भूसा दान अभियान से जुड़ने के लिए प्रेरित

किसानों को भूसा दान करने के लिए प्रेरित करें राशन डीलर :एसडीएम

संवाददाता, कांठ

अमृत विचार : एसडीएम ने क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी के साथ राशन डीलरों की बैठक में सभी राशन डीलरों को निशुल्क भूसा दान अभियान से जुड़ने के लिए प्रेरित किया।

बुधवार को बैठक में एसडीएम विनय कुमार सिंह ने कहा सभी राशन डीलर अपने गांव में किसानों से संपर्क भूसा दान के लिए प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि तहसील कांठ क्षेत्र में जितनी गोशालाएं चल रही हैं, वहां पर जितने गोवंश पशु हैं। उनके लिए पर्याप्त मात्रा में हरा चारा एवं खल चोकर तथा भूसे की व्यवस्था होनी चाहिए। इस कार्य में लेखपाल, ग्राम पंचायत सचिव, ग्राम प्रधान पहले से ही लगे हुए हैं और राशन डीलर भी गांव का जिम्मेदार व्यक्ति होता है।

इसलिए सभी राशन डीलर अपनी जिम्मेदारी समझें और किसानों को भूसा दान करने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि प्रत्येक गांव में भूसा बैंक स्थापित किए जा रहे हैं। जो किसान भूसा दान करेंगे वह गांव में भूसा बैंक बनाकर इकट्ठा किया जाएगा और जब गोशाला में भूसा की आवश्यकता होगी तभी गांव से मंगवाया जाएगा।

उन्होंने कहा कि सभी लोग अपनी जिम्मेदारी समझें और बड़े किसानों को इस कार्य के लिए प्रेरित करें। इस अवसर पर क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी सरदार जितेंद्र सिंह ने राशन डीलरों से आह्वान किया कि वह इस पुण्य के कार्य में सहयोग दें। इस अवसर पर पूर्ति निरीक्षक अनिल कुमार, प्रतिलिपिक अनुज कुमार, काजल सहित क्षेत्र के राशन डीलर उपस्थित रहे।



गोशाला का निरीक्षण करते एसडीएम विनय कुमार सिंह। ● अमृत विचार

गोशाला का निरीक्षण कर दिए निर्देश

कांठ, अमृत विचार : एसडीएम विनय कुमार सिंह वृहद गो संरक्षण केंद्र सादकपुर खिचड़ी पहुंचकर निरीक्षण किया। एसडीएम ने कहा कि गर्मी में पशुओं के लिए खल चोकर, हरे चारे के साथ-साथ पानी की व्यवस्था समुचित रूप से की जाए। उन्होंने कहा कि गर्मी में प्यास अधिक लगती है और शुद्ध पेयजल गोवंश को मिलना चाहिए। इसमें किसी तरह की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि जितने भी केयरटेकर गोशाला में कार्य कर रहे हैं, अगर उन्हें किसी तरह की कोई समस्या है तो वह बताएं। उनकी समस्याओं का निस्तारण कराया जाएगा। परंतु पशुओं के खाने-पीने और देखभाल में किसी तरह की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। इस अवसर पर गोशाला के केयरटेकर एवं ग्राम पंचायत सचिव उपस्थित रहे।

सार-संक्षेप

निरंकारी सत्संग भवन में प्रवचन के दौरान मौजूद लोग। ● अमृत विचार

निरंकारी साध संगत में हुए प्रवचन

ठाकुरद्वारा, अमृत विचार : मुरादाबाद रोड स्थित संत निरंकारी भवन में मानव एकता दिवस के रूप में निरंकारी साध संगत हुई। जिसमें मुरादाबाद से आए प्रचारक अमृत सत्यार्थी ने मानव एकता दिवस पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह दिन रक्तदान दिवस के रूप में भी मनाया जाता है। उन्होंने संगत से कहा कि तुम बदले की भावना मत रखना, बदला लेना ही है तो प्यार करके एक दूसरे के काम आएं। उन्होंने कहा कि समस्त मानव जाति को मिशन से जोड़कर मानव को एक करना है। कार्यक्रम का संचालन मुखी ब्रह्म प्रकाश गुप्ता, प्रेम प्रकाश फरीदनगर वालों ने किया। इस दौरान रामकुमार, रितु, सुनीता एवं अन्य सेवादार रहे।

जवाहर नवोदय विद्यालय में प्रेरणा उत्सव में शामिल बच्चे व शिक्षक।

जवाहर नवोदय विद्यालय में मनाया प्रेरणा उत्सव

ठाकुरद्वारा, अमृत विचार : जवाहर नवोदय विद्यालय कालेवाला में जिला स्तरीय प्रेरणा उत्सव का आयोजन हुआ। जिसमें जनपद के विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। उत्सव का आरंभ मुख्य अतिथि आकाश जैन शाखा प्रबंधक केनरा बैंक एवं प्राचार्य संतोष कुमार गौड़ ने मां शारदे के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। विद्यालय के उप प्रचार्य अजय कुमार ने प्रेरणा उत्सव के उद्देश्य एवं कार्यक्रम की रूपरेखा के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन बृजेश देवी व कृष्ण कुमार ने किया। निर्णायक मंडल के सदस्य के रूप में राजेंद्र राम पांडे, सुनीता शर्मा अनीता, विनीत तिवारी, सुदामा शर्मा कौशल कुमार रहे।

पति ने नशे में पत्नी और ससुराल वालों को पीटा

कुंदरकी, अमृत विचार : थाना क्षेत्र के एक गांव में पति ने नशे में पत्नी सहित ससुराल वालों को पीट दिया। मामला गांव हाशा नगला का है। गांव निवासी मोनिका पत्नी अतुल ने बुधवार शाम थाना में पति के विरुद्ध शिकायती पत्र देते हुए बताया कि उसकी शादी लगभग एक वर्ष पहले गांव हाशा नगला निवासी अतुल के साथ हुई थी। शादी के कुछ दिन बाद से ही पति रोजाना घर में शराब पीकर आता है और मारपीट करता है। आरोप है कि मंगलवार रात में मोनिका को अतुल ने पीटा। जिसकी शिकायत उसने अपनी मां से की थी। बुधवार सुबह पीड़िता की मां परिजनों के साथ मोनिका के घर पहुंची जो उसके पति ने पीड़िता की मां और उसके भाइयों के साथ भी मारपीट की। जिसकी शिकायत लेकर पीड़िता थाने पहुंची और तहरीर देते हुए पति के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। मामले में पुलिस ने जांच कर कार्रवाई करने की बात कही है।

हर्षोल्लास से मनेगा भगवान परशुराम जन्मोत्सव

कांठ, अमृत विचार : भगवान परशुराम जन्मोत्सव भव्य ढंग से मनाया जाएगा। भगवान परशुराम जन्मोत्सव के तहत प्रभात फेरी, प्रसाद वितरण और शोभायात्रा आदि आयोजन होंगे। अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के क्षेत्रीय अध्यक्ष भावेश शर्मा ने बताया कि 10 मई शुक्रवार को अक्षय तृतीया का पर्व है। भगवान परशुराम जन्मोत्सव की शोभायात्रा 10 मई को निकाली जाएगी। आठ मई से कार्यक्रम शुरू होंगे। क्षेत्र में भ्रमण करते हुए ब्राह्मण समाज से भगवान परशुराम जन्मोत्सव धार्मिक कार्यक्रमों में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की जा रही है। ग्राम दुम्हेला, ढाकी, निगु नंगला, रुस्तमपुर, भेसली जमालपुर, समदपुर, शादीपुर, चाउपुरा, सुनपुरा, पैगंबरपुर, लदावली पचोकरा आदि गांवों में ब्राह्मण समाज के लोगों से जन्मोत्सव शोभायात्रा सहित धार्मिक कार्यों में शामिल होने की अपील की जाएगी। कार्यक्रम के तहत तीन दिन प्रभात फेरी का आयोजन होगा।

डायट में परीक्षा देते प्रशिक्षु। ● अमृत विचार

डायट में इकाई परीक्षा सम्पन्न

कांठ, अमृत विचार : जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान में डीएलएड के प्रथम सेमेस्टर के प्रशिक्षुओं की इकाई परीक्षा हुई। इस दौरान बाल विकास, शिक्षण अधिगम के सिद्धांत, गणित, विज्ञान, सामाजिक, अध्ययन, हिंदी, संस्कृत, कंप्यूटर आठ विषयों की परीक्षाएं संपन्न हुईं। प्रत्येक परीक्षा 10 अंक के लिए ली गई। इस परीक्षा के अंक प्रथम सेमेस्टर की आंतरिक परीक्षा में जोड़े जाते हैं। डायट प्राचार्य डॉ. ओम प्रकाश गुप्ता ने परीक्षा का निरीक्षण किया। निरीक्षक के रूप में डायट प्रवक्ता डॉ. स्नेह लता राव, डॉ. अनिल यादव, डॉ. सुनील कुमार, डॉ. टीना वर्मा, डॉ. नेहा इकबाल, पुलकित शर्मा, शीतल कुमार, अंशु गुप्ता, आशुतोष त्यागी, राशिद अली, अजय विक्रम सिंह एवं डॉ. लोकेंद्र विश्वकर्मा उपस्थित रहे। परीक्षा समापन पर संस्थान के प्रवक्ता सुरेंद्र सिंह रावत को प्रशिक्षकों को शुभकामनाएं दीं।

किशोरी को ले जाने में चार पर मामला दर्ज

कांठ, अमृत विचार : नाबालिग को फुसलाकर ले जाने के मामले में पुलिस ने तीन नामजद एवं एवं एक अज्ञात के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की है। थाना क्षेत्र के ग्राम निवासी व्यक्ति ने दी तहरीर में बताया है कि उसकी पुत्री उम्र16 वर्ष घर से कहीं चली गयी थी। बताया कि 23 अप्रैल की रात मेरे पास फोन आया कि बेटी अम्बाला में है। वह अपनी पुत्री को अम्बाला से लेकर थाना कांठ पहुंचे। बेटी ने बताया कि उसे अतर सिंह निवासी मल्लीवाला, चन्दन निवासी अज्ञात अम्बाला ले गये थे एवं विक्की निवासी ढाक का मंझरा थाना डिलारी व एक अज्ञात व्यक्ति ने मदद की है। नाबालिग के पिता की तहरीर के आधार पर पुलिस ने तीन नामजद एवं एक अज्ञात व्यक्ति के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

नाबालिग के अपहरण में अज्ञात पर रिपोर्ट

बिलारी, अमृत विचार : कोतवाली क्षेत्र की महिला ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उसकी 16 साल की बेटी 15 अप्रैल की रात घर से कहीं चली गई। उसकी बेटी के फोन पर कई नंबरों से कॉल आती थी। जिस पर वह बात करती थी। तलाश करने पर उसकी बेटी का कहीं कुछ पता नहीं लगा। अब मामले में महिला ने रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने जांच शुरू कर दी।

एक नजर

नाली के विवाद में मारपीट, चार पर रिपोर्ट

हसनपुर, अमृत विचार : नगर के मोहल्ले में नाली के विवाद को लेकर दो पड़ोसियों में मारपीट हो गई। इस मामले में पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। मोहल्ला काला शहीद निवासी ओमवती अपनी सास पूनिया के साथ सोमवार रात्रि घर पर बैठी थी। तभी पड़ोस में रहने वाली विमला, रोहतास, मोहित एवं कोमल नाली के विवाद को लेकर गाली गलौज करने लगे। उसने विरोध किया तो चारों ने लाठी डंडों से ओमवती व उसकी सास की पिटाई कर दी। ओमवती कोतवाली पहुंची और आरोपियों के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। कोतवाली पुलिस ने तहरीर पर विमल, रोहतास, मोहित व कोमल के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

मां-बेटे सहित तीन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

हसनपुर, अमृत विचार : गांव दियावली खालसा निवासी गुलाब सिंह, सोमवती पत्नी लखपत के मकान आसपास हैं। गुलाब सिंह का आरोप है कि वह 27 फरवरी को अपने घर पर बैठा था। दोपहर एक बजे उसकी तहेरी भाभी सोमवती अपने पुत्र अंकित के साथ आई और गाली गलौज व मारपीट की। सोमवती का आरोप है कि वह और उसका पुत्र घर पर बैठे थे। तभी गुलाब सिंह ने लाठी डंडों से पीटकर उन्हें घायल कर दिया। दोनों पक्ष कोतवाली पहुंचे और एक दूसरे पर आरोप लगाते हुए तहरीर दी। पुलिस ने 23 अप्रैल को गुलाब सिंह की तहरीर पर सोमवती, अंकित एवं सोमवती की तहरीर पर गुलाब सिंह के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

चुनाव प्रचार थमा, आज रवाना होंगी पोलिंग पार्टियां

जिले में 1486 मतदान स्थलों पर शुक्रवार को डाले जाएंगे वोट, 13.54 लाख लोग करेंगे मतदान

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

अमृत विचार : जिले में लोकसभा चुनाव के लिए बुधवार शाम चुनाव प्रचार थम गया। शुक्रवार को होने वाले मतदान के लिए गुरुवार सुबह सात बजे से 1486 पोलिंग पार्टियां मंडी समिति से रवाना होंगी। मतदान के लिए अधिकारियों ने तैयारियां पूरी कर ली हैं।

लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण का मतदान शुक्रवार को होगा। जनपद के 13 लाख 54 हजार 154 मतदाता प्रत्याशियों के भाग्य का निर्णय करेंगे। जिले की पांच विधानसभा सीटों में अमरोहा, नौगांवा सादात, मंडी धनौरा, हसनपुर व गढ़मुक्तेश्वर अमरोहा लोकसभा सीट में आते हैं। इन सभी जगहों पर बनाए गए 1486 मतदेय स्थलों पर वोट डाले जाएंगे। इनमें से 233 मतदेय स्थल संवेदनशील हैं। मतदान केंद्रों पर बैरिकेडिंग कर दी गई है। मतदान कराने के लिए जिले को जोन व सेक्टर में बांटा गया है। चुनाव को स्वतंत्र, पारदर्शी एवं शांतिपूर्वक कराने के लिए 744 मतदान केंद्रों को वेबकास्टिंग के लिए कंट्रोल रूम से जोड़ा गया है। मतदान केंद्रों पर लाइव वेबकास्टिंग के लिए सुविधाओं को बहाल करने की जिम्मेदारी अधिकारियों को दी गई है। सुरक्षा की दृष्टि से पीएसी के जवान, पंजाब पुलिस संवेदनशील बूथों पर तैनात रहेगी। जिलाधिकारी ने बताया कि चुनाव प्रचार थम चुका है। अगर किसी भी प्रत्याशी ने कोई प्रचार किया या सामग्री का वितरण करते पाया गया तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। उधर, एसपी कुंवर अनुपम सिंह ने बताया कि शांति एवं निष्पक्ष रूप से मतदान कराने के लिए जिले की सभी सीमाओं को मतदान के दौरान सील कर दिया जाएगा। बताया कि सभी मतदान केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरे लगा दिए गए हैं। इन कैमरों से निगरानी की जाएगी।

मंडी समिति का निरीक्षण करते जिलाधिकारी और एसपी। ● अमृत विचार

एक नजर में अमरोहा लोकसभा क्षेत्र में मतदाता

विधानसभा	क्षेत्र मतदाता
अमरोहा	311651
नौगांवा सादात	330935
मंडी धनौरा	347793
हसनपुर	370432
गढ़मुक्तेश्वर	352343
कुल	17,13,154

> लोकसभा चुनाव में मतदान के लिए तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। पोलिंग बूथ तैयार हैं। गुरुवार सुबह सात बजे से पोलिंग पार्टियां मंडी समिति परिसर से मतदान केंद्रों के लिए रवाना होनी शुरू हो जाएंगी। – **राजेश त्यागी**, जिला निर्वाचन अधिकारी

पार्टी	प्रत्याशी
भाजपा	कंवर सिंह तंवर
कांग्रेस	दानिश अली
बसपा	मुजाहिद हुसैन
अखिल भारतीय परिवार पार्टी	सुहैल हैदर
निर्दलीय	कुशाग्र
निर्दलीय	कुमदेश कुमार
निर्दलीय	जीतपाल राणा
निर्दलीय	दानिश
निर्दलीय	नईमुद्दीन
निर्दलीय	नरेंद्र सिंह
निर्दलीय	काशिफ हुसैन

जिलाधिकारी ने मंडी समिति में स्ट्रांग रूम का किया निरीक्षण

अमरोहा, अमृत विचार : जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने मंडी समिति में बनाए गए स्ट्रांग रूम का निरीक्षण किया। सुरक्षा के बारे में जानकारी ली। बुधवार को जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक मंडी समिति पहुंचे। यहां स्ट्रांग रूम का निरीक्षण किया और व्यवस्थाओं का जायज लिया।

अच्छे आचरण के साथ मतदाता से पेश आएं अधिकारी

अमरोहा, अमृत विचार : जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने पुलिस लाइन में चुनाव ड्यूटी में लगे पुलिसकर्मियों को ब्रीफ किया। अधिकारियों और कर्मचारियों को उन्हें कर्तव्य बताए। कहा कि ड्यूटी स्थान पर सतर्कता बढ़ाते हुए निष्ठा के साथ दायित्वों का निर्वाहन करें। उन्होंने कहा कि ड्यूटी के दौरान समस्त कर्मचारियों को अनुशासन व संयम और अच्छे आचरण के साथ मतदाता से पेश आएं। अपना पहचान पत्र साथ रखें। साफ सुथरी वर्दी के साथ डयूटी पर पहुंचे। उन्होंने कहा कि मतदान के दिन प्रत्येक थाना प्रभारी अपने क्षेत्र में भ्रमण करते रहेंगे इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार समेत सभी पुलिस क्षेत्र अधिकारी और थाना प्रभारी मौजूद रहे।

मतदान केंद्रों पर लगाई जा रहीं बल्लियां

सैदनगली, अमृत विचार : लोकसभा चुनाव में मतदान करने के लिए प्रशासन ने मतदान केंद्रों पर बैरीकेडिंग शुरू कर दी है। बुधवार को नगर समेत ग्रामीण क्षेत्र के मतदान स्थलों पर बैरीकेडिंग की गई। लेखपाल टिंकू ने बताया कि सैदनगली में कुल 9 बूथ बनाए गए हैं। जिनमें 8 बूथ दयानंद इंटर कॉलेज व एक बूथ कंपोजिट स्कूल प्रथम में बनाए गए हैं। बूथों पर कैमरे भी लगाए जा रहे हैं।

कंट्रोल रूम से निगरानी करतीं सीओ अंजलि कटारिया। ● अमृत विचार

सीसीटीवी कंट्रोल रूम से होगी 910 मतदान केंद्रों की निगरानी

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

अमृत विचार : लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के मतदान के लिए पुलिस प्रशासन अलर्ट हो गया है। सभी मतदान केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरों से निगरानी की जाएगी। इसके लिए एसपी कार्यालय में आधुनिक कंट्रोल रूम बनाया गया है। यहां से सभी मतदान केंद्रों पर नजर रखी जाएगी।

एसपी कुवंर अनुपम सिंह ने बताया कि लोकसभा चुनाव को शांति पूर्ण एवं निष्पक्ष रूप से संपन्न कराने के लिए अमरोहा पुलिस द्वारा सभी 910 मतदान केंद्रों के आसपास सीसीटीवी कैमरे स्थापित कराए गए हैं। मतदान के दिन सभी केंद्रों के सीसीटीवी कंट्रोल रूम से निगरानी रखी जाएगी। मतदान केंद्र के पास असामाजिक तत्व दिखाई देने पर रियल टाइम में अलर्ट भेज कर कड़ी कार्रवाई होगी। सीसीटीवी कैमरे के जरिए इलेक्ट्रॉनिक साक्षर रिकॉर्डिंग कर कार्रवाई की जाएगी। सीओ अंजलि कटारिया ने कंट्रोल रूम से निगरानी करके जांच की।

पुलिस ने किया पैदल मार्च

चौधरपुर, अमृत विचार : लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्ण निष्पक्ष व भयमुक्त माहौल में संपन्न कराने के लिए बुधवार को पुलिस ने अर्धसैनिक बल के साथ क्षेत्र में पैदल मार्च किया। संदेनशील मतदान केंद्रों, अतिसंदेनशील स्थानों का भ्रमण कर लोगों को मतदान करने के लिए प्रेरित किया। थाना डिडौली पुलिस और अर्धसैनिक बल ने चुनाव में शांति बनाए रखने के लिए दंगा नियंत्रण उपकरण के साथ पैदल भ्रमण किया।

उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल की बैठक के बाद मौजूद पदाधिकारी। ● अमृत विचार

व्यापारियों के हितों पर की चर्चा

संवाददाता, हसनपुर

अमृत विचार: उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल की नगर कार्यकारिणी की बैठक में नगर अध्यक्ष मनोज गोयल ने कहा कि व्यापारी हितों को ध्यान में रखते हुए संगठन को और मजबूत करने की जरूरत है। मंगलवार देर रात्रि नगर के पुराना डाकघर के निकट स्थित एक शोरूम में उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल नगर कार्यकारिणी की बैठक हुई। इसमें नगर अध्यक्ष ने कहा कि हमारा संगठन व्यापारी हित की रक्षा करने वाला है। इस दौरान महामंत्री विवेक शर्मा, संदीप गुप्ता, गिरधारी लाल सैनी, विनोद भोज, अफसर, लियाकत आदि रहे।

विपक्ष में रहते हमने लखनऊ तक हिला दिया था

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

अमृत विचार : गांव पपसरा में लोकसभा चुनाव प्रचार के आखिरी दिन बुधवार दोपहर राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी ने चुनावी जनसभा को संबोधित किया है। यहां उन्होंने समाजवादी पार्टी और कांग्रेस पर निशाना साधा।

जनसभा में लोगों से कहा कि चौधरी चरण सिंह के सम्मान को ध्यान में रख कर पश्चिम यूपी में रालोद व भाजपा को मजबूत करो। जो समस्याएं हैं, उन्हें दूर करेंगे। अमरोहा से गंगा का नाता है। खेती भी गंगा के आंचल में हो रही है। तिगरी का सौंदर्यकरण हो, पर्यटन को बढ़ावा मिले यह प्रयास रहेगा। उन्होंने कहा कि सर्व समाज से अपील करता हूं। हमें जाति व धर्म से मतलब नहीं। हमें किसान और गरीब से मतलब है। इसलिए वोट जरूर दें। अब सरकार में रालोद के मंत्री हैं। विपक्ष में रहते हुए अलग बात होती है। चौधरी चरण सिंह के विचारों को साकार करने के लिए भविष्य में काम होगा। हम 10 साल विपक्ष में थे तो सड़कों पर विरोध दिखाई देता था। अब विपक्षी कहां हैं। हमने लखनऊ तक हिला दिया था। उन्होंने कहा कि जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उत्तर प्रदेश आए थे। उस समय उन्होंने कहा था कि मां गंगा ने बुलाया है। हमारा भी गंगा से नाता है। चरण सिंह की अस्थियां भी अमरोहा की गंगा में प्रवाहित की गई थीं। इस दौरान सांसद मलूक नागर, शिक्षक विधायक डॉ हरि सिंह ढिल्लो, जिलाध्यक्ष मनवीर चिकारा, क्षेत्रीय अध्यक्ष रामवीर सिंह, भाजपा प्रत्याशी कंवर सिंह तंवर, सचिन चौधरी आदि रहे।

मंच पर हाथ उठाकर लोगों का अभिवादन करते रालोद प्रमुख जयंत चौधरी व अन्य। ● अमृत विचार

सार-संक्षेप

ओपी राजभर की माता के चित्र पर पुष्प अर्पित सुभासपा के कार्यकर्ता।

ओपी राजभर की मां के निधन पर जताया शोक

अमरोहा, अमृत विचार : सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने बुधवार को पार्टी कार्यालय पर शोकसभा की। सुभासपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ओमप्रकाश राजभर की मां के निधन पर दुख व्यक्त किया। उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किए। दो मिनट का मौन धारण किया। इस दौरान जिलाध्यक्ष सत्यपाल तोमर, आदेश, डॉ. जगत सिंह, मोहम्मद यूनुस, बाबूराम पाल, जगबीर सिंह चौहान, सुहेल साबरी, अंजली सिंह, नीरज अग्रवाल, शकील अहमद, घन्नेंद्र शर्मा, राम गोपाल जाटव, अमीर खान आदि मौजूद रहे।

प्रधान ने पति पर लगाया मारपीट का आरोप, रिपोर्ट

हसनपुर, अमृत विचार : क्षेत्र के एक गांव की महिला प्रधान ने अपने पति पर गाली गलौज, मारपीट व जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। उसने पुलिस को तहरीर देकर आरोपी पति के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। गांव रझेडा की ग्राम प्रधान शीतल अपने पति अंकित के साथ नगर की ग्रीन सिटी कॉलोनी के निकट रह रही हैं। ग्राम प्रधान का आरोप है कि मंगलवार रात्रि को उनके पति शराब पीकर घर आए और उनके साथ गाली गलौज, मारपीट करने लगे। जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़ित शीतल किसी तरीके से बचकर कोतवाली पहुंचीं। आरोपी पति के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने ग्राम प्रधान की तहरीर पर आरोपी अंकित के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

दिव्यांग कम्प्यूटर आपरेटर के घर में घुसकर मारपीट

गजरौला, अमृत विचार : दिव्यांग कम्प्यूटर ऑपरेटर के घर में घुसकर मारपीट की गई। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने चार अज्ञात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। शहर के मोहल्ला मायापुरी निवासी निरंकार सिंह दिव्यांग है। क्षेत्र के गांव अफजलपुर लूट स्थित कुंदन सिंह मेमोरियल कॉलेज में वह कम्प्यूटर ऑपरेटर है। आरोप है कि सोमवार शाम चार लोगों ने घर में घुसकर निरंकार को पीट कर घायल कर दिया। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन ने मामले में पीड़ित की तहरीर पर चार अज्ञात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

हसनपुर में आयोजित कार्यशाला में बोलते वक्ता। ● अमृत विचार

कार्यशाला में शिक्षकों को दिया प्रशिक्षण

हसनपुर, अमृत विचार : ढबारसी के वेदांता ग्लोबल सीनियर सेकेंडरी स्कूल में बुधवार को सीबीएसई की ओर से शिक्षक क्षमता संवर्धन को लेकर कार्यशाला आर्ट इंटीग्रेशन विषय पर की गई। इस कार्यशाला में क्षेत्र के सीबीएसई से संबद्ध विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों को ट्रेनर डॉ. हेमंत कुमार झा ने प्रशिक्षित किया। उन्होंने विश्व में आर्ट एजुकेशन का प्रयोग करके कक्षा को रोचक बनाना और बच्चों को एक्सपीरियंस लर्निंग के माध्यम से विषय में विशेषज्ञता दिलाने के लिए प्रशिक्षित किया। इस प्रशिक्षण में नवीन कुमार, उमेश कुमार, गीता देवी, अरुणा राजपूत, भावना पोद्दार, प्रीति सैनी, तनु, जविंदर सिंह, माधवी त्यागी आदि अध्यापक अध्यापिकाएं उपस्थित रहे। प्रधानाचार्य अरुण कुमार शर्मा ने ट्रेनर, शिक्षक-शिक्षिकाओं को ट्रेनिंग के दौरान प्राप्त किए गए सभी टिप्स को ध्यान में रखकर अपने शिक्षण कार्य को और कुशल बनाने का आह्वान किया गया। संजय सायल ने ऑनलाइन माध्यम से सभी शिक्षक शिक्षकों से संवाद किया।

मतदान के दिन बिजली आपूर्ति रहेगी सुचारु

अमरोहा, अमृत विचार : लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के मतदान के दिन विद्युत निगम ने बिजली आपूर्ति सुचारू रखने का निर्णय लिया है। फाल्ट की समस्याओं को दूर करने के लिए कर्मचारियों को तैनात किया गया है। अधिशासी अभियंता निखिल कुमार ने बताया कि शुक्रवार को लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण का मतदान होना है। इसके लिए 25 अप्रैल की सुबह 8 बजे से लेकर 27 अप्रैल तक बिजली आपूर्ति को सुचारू रखने के निर्देश दिए हैं।

मतदान केंद्र के रास्ते पर जलभराव को लेकर प्रदर्शन

संवाददाता, हसनपुर

अमृत विचार: तहसील क्षेत्र के एक गांव में मतदान केंद्र तक जाने वाले मार्ग पर जलभराव को लेकर ग्रामीणों ने प्रदर्शन किया। ग्रामीणों ने कहा कि अगर मार्ग पर नाला निर्माण नहीं हुआ तो वे मतदान नहीं करेंगे।

गांव लुहारी खादर में मतदान के लिए प्राथमिक विद्यालय में मतदान केंद्र बनाया गया है। मतदान केंद्र के सामने तालाब है। इसका पानी मार्ग पर आने से मतदान केंद्र तक जल भराव हो रहा है। इसके विरोध में ग्रामीणों ने एकत्र होकर मतदान केंद्र के पास प्रदर्शन करके अपना विरोध जताया। जगत सिंह ने बताया कि काफी समय से तालाब का पानी मार्ग पर भरा है। इससे आवागमन में परेशानी होती है। 26 अप्रैल को मतदान होना है। ग्रामीणों को मतदान केंद्र तक पहुंचाने के लिए जल भराव में होकर जाना पड़ेगा।

प्रदर्शन करने वालों में गौरव, टिंकू, उमेश, जगत सिंह, विक्रम, विवेक, मेकराम, संतोष, सुरेश, सुखवीर आदि मौजूद रहे।

विरोध-प्रदर्शन करते ग्रामीण। ● अमृत विचार

मतदाता जागरुकता रैली में शामिल छात्राएं।

छात्र-छात्राओं ने मतदाता जागरूकता रैली निकाली

हसनपुर, अमृत विचार : एचएसएस पब्लिक स्कूल के छात्र-छात्राओं ने बुधवार को मतदाता जागरूकता रैली निकाली। मतदान के प्रति नगर वासियों को जागरूक किया। रैली में कक्षा 6, 7 एवं 8 के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। रैली का आरंभ प्रबंधक राजीव अग्रवाल एवं प्रधानाचार्य वरुण मोहन ने किया। प्रधानाचार्य वरुण मोहन ने बताया कि नगर के मतदाताओं को सत प्रतिशत मतदान के लिए जागरूक करना है। इस दौरान विद्यालय का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

पति से बिछड़ने के बाद तनाव में महिला ने खाया जहर, मौत

संवाददाता, रहरा

अमृत विचार: झगड़ा होने के बाद पति से बिछड़ी महिला ने तनाव में आकर जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। इससे उसकी मौत हो गई।

क्षेत्र के कस्बा निवासी अमीत कुमार हरिद्वार में रहता था। वहां गीता देवी नाम की एक महिला से प्रेम प्रसंग हो गया था। उसके चलते दोनों ने शादी कर ली और कुछ दिन के बाद ही दोनों में नोकझोंक होने लगी। पति-पत्नी ने अलग रहने का फैसला किया। मंगलवार को संभ्रांत लोगों की पंचायत हुई। इसमें दोनों का फैसला हो गया। फैसला होने के बाद महिला पति से बिछड़ने का दुख सहन नहीं कर सकी। उसने कीटनाशक पदार्थ का सेवन कर लिया। देर रात उसकी मौत हो गई।

पुलिस ने उसका शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थाना अध्यक्ष रमेश सहरावत ने बताया कि महिला के परिजनों ने तहरीर दी है। इसके आधार पर मामला दर्ज किया जा रहा है।

दुखद

- हरिद्वार में रहते समय प्रेम-प्रसंग के बाद युवक-युवती ने की थी शादी
- कुछ दिनों बाद दोनों में होने लगा झगड़ा, अब महिला ने दे दी जान

दुर्घटना के बाद क्षतिग्रस्त कार। ● अमृत विचार

डिवाइडर से टकराकर पलटी कार, चार लोग गंभीर घायल

संवाददाता, गजरौला

अमृत विचार: दिल्ली नेशनल हाईवे पर प्रेम धाम के पास चालक को नींद की झपकी आने से कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराकर पलट गई। इससे कार सवार चार लोग घायल हो गए। घायलों को पास के ही निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया।

नोएडा निवासी निखिल, वंश, आदिल, शिवम मंगलवार शाम रामपुर में शादी समारोह में शामिल होने के लिए गए थे। बुधवार सुबह वहं से लौटते समय नेशनल हाईवे पर गजरौला के पास चालक को नींद की झपकी आ गई। इससे कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराकर पलट गई।

हादसे के बाद राहगीरों की भीड़ जमा हो गई। जिससे कुछ ही देर बाद हाईवे पर जाम की स्थिति बन गई। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन ने बताया कि मामले में तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

जागरण | दिल्ली की नेहा शिल्पी और मेरठ के नवीन कुमार ने गाए भजन

वीर हनुमाना अति बलवाना पर झूमे भक्त

संवाददाता, मंडी धनौरा

अमृत विचार: बोलो वीर हनुमाना अति बलवाना राम नाम रसियो रे.. जैसे भजनों की धुन पर बालाजी धाम गुंजायमान हो गया। बालाजी के जन्मोत्सव पर आयोजित कीर्तन संध्या में श्रद्धालु जमकर थिरके। कलाकारों ने भजन प्रस्तुत कर लोगों को मंत्र मुग्ध कर दिया। बा

लाजी जन्मोत्सव के अंतिम दिन बालाजी भक्त मंडल के संयोजन में मंगलवार रात जागरण संध्या हुई। यहां शिवम शर्मा ने किजो केसरी के लाल मेरा छोटा सा यह काम, छम छम नाचे देखो वीर हनुमान जैसे भजन प्रस्तुत किए। दिल्ली से आई नेहा शिल्पी सोनी सिस्टम ने मां को लेकर मार्मिक भजन प्रस्तुत किए। मेरठ से आए नवीन कुमार ने राम धुन, देवों में देव हजारो है बजरंगबली का क्या कहना आदि भजन प्रस्तुत किए। अंत में पहुंचे गोपाल भारद्वाज ने राम कहानी सुनो रे राम कहानी, अंजनी के लाल मेरा कर दो यह काम जैसे भजन गाए। इससे पहले कमेटी के सदस्यों ने नगर पालिका अध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल को पगड़ी बांधकर सम्मानित किया। यहां कमेटी के अध्यक्ष संजीव अग्रवाल, संकल्प गुप्ता, पवन अग्रवाल, नीरज अग्रवाल, अमित अग्रवाल, मिंटू अग्रवाल, नीरज गुप्ता आदि रहे।

भजन प्रस्तुत करतीं नेहा शिल्पी।

जागरण में मौजूद महिलाएं व अन्य। ● अमृत विचार

एक नजर

विधवा से जेठ ने की दुष्कर्म की कोशिश

बबराला अमृत विचार : विधवा महिला ने जेठ पर दुष्कर्म की कोशिश करने का आरोप लगाते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने महिला का मेडिकल परीक्षण कराया है और आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। एक गांव निवासी पीड़ित विधवा ने कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए कहा कि सोमवार की रात वह घर में सो रही थी। तभी रात लगभग एक बजे जेठ शेर सिंह उसकी चारपाई पर आ गया और पैर पकड़ कर छेड़छाड़ करने लगा। विधवा का आरोप है कि शोर मचाने पर आरोपी ने धमकी दी। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है।

कार में पीछे से घुसी बाइक, एक घायल

संभल/सिरसी, अमृत विचार : हजरतनगर गढ़ी थाना क्षेत्र के गांव बारीपुर भमरौआ निवासी धर्मेंद्र बुधवार को बाइक पर सवार होकर संभल मुरादाबाद मार्ग पर जा रहा था। नगर पंचायत सिरसी के पास आगे चल रही कार के अगले पहिये का टायर फट गया। जिससे अनियंत्रित होकर कार सड़क पर बने डिवाइडर से टकरा गई और धर्मेंद्र की बाइक पीछे से कार में घुस गई। इस हादसे में धर्मेंद्र घायल हो गया। हादसे के बाद मौके पर पहुंचे परिजनों ने घायल धर्मेंद्र उपचार के लिए संभल निजी अस्पताल में भर्ती कराया। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने कार हटवाकर सड़क पर यातायात सुचारु कराया।

फसल की सिंचाई करते ग्रामीण को सांप ने डसा

संभल, अमृत विचार : हयातनगर थाना क्षेत्र के गांव हैबतपुर निवासी मित्रपाल बुधवार की दोपहर तीन बजे खेत में खड़ी मक्का फसल की नलकूप चलाकर सिंचाई कर रहा था। मेड़ पर जाते समय मित्रपाल को सांप ने काट लिया। सांप के काटने की जानकारी होने पर खेतों पर काम कर रहे आसपास के लोग भी इकट्ठा हो गए। सांप का जहर चढ़ने पर मित्रपाल की तबियत बिगड़ने लगी। सूचना मिलने पर खेत पर पहुंचे परिजन आनन फानन में मित्रपाल को लेकर जिला अस्पताल आ गए और उपचार के लिए भर्ती कराया।

गजरौला के लिए रेल लाइन नहीं होने से जिले में थमा विकास का पहिया, मुरादाबाद से संचालित हो रही सिर्फ एक डीएमयू

76 वर्ष बीत चुके, लेकिन संभल से आज भी दूर है दिल्ली

कार्यालय संवाददाता, संभल

अमृत विचार : देश को आजाद हुए 76 वर्ष बीत चुके हैं लेकिन संभल से आज भी दिल्ली दूर है क्योंकि यहां से गजरौला के लिए रेल लाइन का विस्तार नहीं हो सका है। हालांकि देश की आजादी के बाद से ही रेल लाइन विस्तार की मांग उठ रही है। इस बीच कई सरकारें आईं और गईं, मगर संभल वासियों की मांग पूरी नहीं हुई। जनप्रतिनिधि भी उम्मीदों पर खरे नहीं उतर सके। अब मुरादाबाद से संभल के लिए सिर्फ एक डीएमयू ट्रेन का संचालन हो रहा है, जिस कारण संभल में विकास का पहिया थम गया है। चुनावी माहौल में नेता आश्वासनों के पिटारे खोल रहे हैं तो संभल वाले उम्मीद लगाये बैठे हैं कि कोई नेता उनके इस मुद्दे पर भी पक्का आश्वासन दे।

मुगलकाल में ऐतिहासिक नगरी संभल पृथ्वीराज चौहान की राजधानी रहा है। यहां 68 तीर्थ और 19 कूप हैं तो कलियुग में श्री कल्कि भगवान का अवतार भी प्रस्तावित है। संभल को एशिया की सबसे बड़ी मैंथा मंडी कहा जाता है तो आलू व्यापार और हैंडीक्राफ्ट उद्योग से भी इसका बड़ा नाम है। बावजूद इसके संभल से दिल्ली जाने के लिए पर्याप्त संसाधन नहीं हैं। वैसे संभल को रेल लाइन के जरिये गजरौला तक जोड़ने की मांग वर्षों से उठ रही है लेकिन यह आज तक अधूरी ही है। विभिन्न संगठनों की ओर से संभलवासियों की आवाज को केंद्र सरकार तक पहुंचाने का काम भी किया गया है मगर कुछ नहीं हो सका है। रेल कनेक्टिविटी नहीं होने के कारण संभल विकास के क्षेत्र में पिछड़ रहा है क्योंकि माल को दिल्ली के बाद देश और विदेशों तक पहुंचाने के लिए संसाधन नहीं हैं। बात रेल संसाधन की करें तो वर्तमान में तीन डिब्बों की सिर्फ एक डीएमयू ट्रेन संभल से मुरादाबाद के बीच चलती है, जो दिन में दो बार हातिम सराय रेलवे स्टेशन पर आती है। चूंकि मुरादाबाद तक ट्रेन पहुंचने में करीब दो घंटे का समय लगता है, इसलिए लोग सफर करने से बचते हैं। दोनों बार में करीब 100 यात्री ही सफर कर रहे हैं। ज्यादातर लोग अनुबंधित रोडवेज बसों का ही सहारा लेते हैं। हालांकि देर रात 10 बजे के बाद अनुबंधित रोडवेज बसों का संचालन भी बंद हो जाता है। बहरहाल, अगर संभल से गजरौला तक रेल लाइन का विस्तार होगा तो न सिर्फ लोगों को दिल्ली तक पहुंचने में आसानी होगी बल्कि व्यापारी भी रेल के जरिये माल को यहां से कहीं और पहुंचा सकेंगे तो व्यापार भी तरक्की के रास्ते पर बढ़ेगा।

संभल के हातिम सराय रेलवे स्टेशन पर आती ट्रेन। ● अमृत विचार

यह है ट्रेन के आने का समय

संभल अमृत विचार : मुरादाबाद से डीएमयू ट्रेन दिन में दो बार संभल हातिम सराय रेलवे स्टेशन आती है। सुबह 10 बजे ट्रेन आती है और यहां से 10 .25 बजे चली जाती है। वहीं शाम को 5 .55 बजे ट्रेन का आगमन होता है। रेलवे स्टेशन से मुरादाबाद के लिए ट्रेन 6 .25 बजे रवाना होती है। बेशक करीब तीन महीने पहले मुरादाबाद का किराया 30 रुपये से घटाकर 15 रुपये कर दिया गया, फिर भी ट्रेन में सफर करने से यात्री बच रहे हैं।

● मैंथा, हैंडीक्राफ्ट समेत कई काम कारोबारों को मिलेगी रफ्तार

डीएमयू ट्रेन दिन में दो बार स्टेशन आकर मुरादाबाद के लिए रवाना होती है। मुरादाबाद का किराया 15 रुपये और मछरिया तक का किराया 10 रुपये है। वर्तमान में दोनों समय पर ट्रेन में करीब 100 यात्री सफर कर रहे हैं।

-सत्यांशु सिंह, स्टेशन मास्टर संभल हातिम सराय

रेलवे क्रॉसिंग के पास मिला युवक का शव

भाई ने हत्या कर शव फेंके जाने की आशंका जताई, रिपोर्ट दर्ज कराने को दी तहरीर

संवाददाता, बहजोई

● ट्रेन की चपेट में आकर युवक की मौत का पुलिस कर रही दावा

● मंगलवार की दोपहर घर से निकल गया था चांद बाबू

अमृत विचार: घर से बाहर निकले युवक का शव देर रात्रि रेलवे क्रॉसिंग के पास लहूलुहान हालत में पड़ा मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने युवक के शव की शिनाख्त की । पुलिस ट्रेन की चपेट में आकर युवक की मौत होने का दावा कर रही है। जबकि युवक के भाई ने हत्या कर शव फेंके जाने की आशंका जताई है।

बहजोई के मोहल्ला कुरेशियान सैफियान मस्जिद के पास निवासी चांद बाबू पुत्र खैराती मंगलवार की दोपहर घर से बाजार की ओर निकला तो देर रात्रि तक जब वह वापस नहीं लौटा। इसके बाद एक युवक का शव देर रात्रि 2 बजे के लगभग संभल रोड स्थित रेलवे क्रॉसिंग के निकट पड़ा हुआ था। उधर से गुजर रहे लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना पर कोतवाल सत्येंद्र पवार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गए।

उन्होंने आसपास के लोगों से युवक के शव की शिनाख्त करने की कोशिश की तो उसकी शिनाख्त चांद बाबू के रूप में हुई। पुलिस ने इसकी सूचना चांद बाबू के परिजनों को दी तो भाई आमिर हुसैन मौके पर पहुंच गया। भाई का शव देखकर वह अचंभित रह गया।

पुलिस ने भाई से पूछताछ करते हुए युवक का शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। आमिर हुसैन ने बताया कि वह मंगलवार की दोपहर घर से निकल गया था। अब उसका शव पड़ा मिला है। उसके शरीर पर चोटों के निशान हैं। उसे आशंका है कि किसी ने उसके भाई की हत्या कर शव यहां पर डाल दिया है।

सीओ बहजोई दीपक तिवारी ने बताया कि फिलहाल युवक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी।

मैंगो शेक विक्रेता ने ग्राहक पर किया धारदार हथियार से हमला

बबराला, अमृत विचार : खाली गिलास मांगने पर मैंगो शेक विक्रेता ने नोएडा से विवाह समारोह में आए दूसरे समुदाय के युवक पर धारदार हथियार से हमला कर घायल कर दिया। दिनदहाड़े सरे बाजार हुई घटना से लोग भी सहम गए। गांव पूठरी निवासी हरिपाल पुत्र बनारसी लाल नोएडा में रहता है। वह बुधवार को नोएडा से परिवार सहित रिश्तेदारी में शादी समारोह में शामिल होने गांव वहीपुर आया। हरिपाल की पत्नी नीलेश ने बताया कि वहीपुर से लौटते समय बबराला में इंदिरा चौक पर बच्चों ने मैंगो शेक पीने की जिद की। मैंगो शेक विक्रेता ने मैंगो शेक में पेठा की चेरी डाल दी तो बच्चे ने पीने से इनकार कर दिया। इस पर हरिपाल ने चेरी अलग करने के लिए खाली गिलास मांगा। इसी बात पर दोनों में विवाद हो गया। आरोप है कि मैंगो शेक विक्रेता ने हरिपाल को डंडे से पीटा और किसी धारदार चीज का वार कर घायल कर दिया। मौके पर भीड़ जमा हो गई तो आरोपी भाग निकला। घायल हरिपाल को सीएचसी गुन्नौर में भर्ती कराया गया। चौकी इंचार्ज मनोज कुमार ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

अस्पताल सील, संचालक समेत तीन पर रिपोर्ट दर्ज

संभल/सौंधन, अमृत विचार : स्वास्थ्य विभाग के नोडल अधिकारी ने गांव कैला देवी में छापेमारी करते हुए अवैध अस्पताल को सील कर दिया। अस्पताल के संचालक समेत तीन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई।

स्वास्थ्य विभाग के नोडल अधिकारी डॉ.मनोज चौधरी ने मंगलवार को कैला देवी-शकरपुर मार्ग पर अस्पताल पर छापेमारी की। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने अस्पताल संचालन से संबंधित दस्तावेज मांगे लेकिन मौजूद कर्मचारी नहीं दिखा पाए। जिस पर नोडल अधिकारी डॉ. मनोज चौधरी ने अस्पताल को अवैध मानते हुए सील कर दिया। उन्होंने अस्पताल के संचालक हयातनगर थाना क्षेत्र के सरायतरीन निवासी शरीफ, राशिद और नईम के खिलाफ कैला देवी थाने में मेडिकल एक्ट के तहत रिपोर्ट दर्ज कराई है। थाना प्रभारी कैला देवी राजीव कुमार मलिक ने बताया कि अवैध अस्पताल संचालक सहित तीन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।

सार-संक्षेप

संभल के पोटा में शोभायात्रा निकालते लोग। ● अमृत विचार

बाबा साहब ने दलितों को दिलाया शिक्षा का अधिकार

संभल/सिरसी, अमृत विचार : संविधान निर्माता डॉ.भीमराव आंबेडकर जयंती के उपलक्ष्य में विकास खंड संभल के गांव पोटा में प्रधान उमेश कुमार सागर के नेतृत्व में शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में हर आयु वर्ग के लोगों ने हिस्सा लिया। शोभायात्रा गांव की मुख्य गलियों से होते हुए आंबेडकर पार्क पर पहुंचकर संपन्न हुई।शोभायात्रा समापन पर प्रधान उमेश कुमार सागर ने बाबा साहेब के जीवन पर प्रकाश डाला। कहा कि उन्होंने देश के दलित वर्ग के लोगों को शिक्षा का अधिकार दिलाया और महिलाओं को सम्मान दिलाया। शोभायात्रा के दौरान सुरक्षा के प्रबंध रहे। इस दौरान राजाराम नेताजी, गंगासरन, सुरेश कुमार सागर, विजय सिंह ठेकेदार, जसवंत कुमार, रामऔतार सिंह समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

मौसम हुआ साफ, गेहूं फसल की कटाई में जुटे किसान

संभल/ओबरी, अमृत विचार : संभल जिले में मंगलवार को मौसम बिगड़ने के बाद बुधवार को सुबह से ही चिलचिलाती धूप निकली तो किसानों के चेहरे खिल उठे। किसानों ने खेतों में पहुंचकर बची हुई गेहूं की फसल की कटाई की। किसान दिनभर कटाई में जुटे रहे। वैसे तो कई दिनों से खेतों में गेहूं फसल की कटाई चल रही है लेकिन अभी कुछ क्षेत्रों में खेतों में ही गेहूं की फसल खड़ी हुई है। कई खेतों में कटी हुई गेहूं की फसल भी पड़ी है। मंगलवार को शाम के वक्त मौसम का मिजाज बिगड़ा तो तेज हवा चलने के साथ ही कई क्षेत्रों में हल्की बारिश भी हुई। ज्यादा बारिश होने पर गेहूं फसल को नुकसान को लेकर किसान चिंतित होने लगे थे। इस बीच बुधवार को सुबह से ही मौसम साफ रहा तो किसानों के चेहरों पर भी रौनक लौटी। किसानों ने खेतों में पहुंचकर गेहूं फसल की कटाई शुरू कर दी। असमोली क्षेत्र के गांव मतावली पट्टी जग्गू, खासपुर, ओबरी, मलकपुर नवादा, मुबारकपुर बंद, बुकनाला, मंसूरपुर, मढ़न आदि में किसान गेहूं फसल की कटाई में जुटे रहे। जिले के दूसरे क्षेत्रों में भी दिनभर गेहूं फसल की कटाई का काम चला।

ध्रुव की कथा से मिलती है भक्ति की प्रेरणा

कथा सुनाते आचार्य गोपाल भैया।

संभल, अमृत विचार : श्रीमद भागवत कथा में वाचक आचार्य गोपाल भैया ने सती एवं ध्रुव चरित्र, नरसिंह अवतार आदि का वर्णन किया। भजनों की प्रस्तुति दी तो श्रद्धालु मंत्रमुग्ध होकर झूमते नजर आए। बुधवार को श्रीमद भागवत कथा में मुख्य अतिथि डॉ.यूसी सक्सेना, डॉ.संजय वार्ष्णेय रहे। कथा वाचक आचार्य गोपाल भैया ने कहा कि ध्रुव की कथा से हमें भक्ति करने की प्रेरणा मिलती है। छोटे बालक ध्रुव ने दृढ़ता के साथ अपनी मां के कहने पर भगवान की तपस्या की और भगवान नारायण ने उन्हें दर्शन देकर आशीर्वाद दिया। हर माता-पिता को अपने बच्चों को अच्छे संस्कार देने चाहिए। कथा वाचक ने कहा कि भक्ति का आश्रय हम सभी को बचपन से ही लेना चाहिए। भगवान के आश्रय में रहेंगे तो हमारे भक्ति पुष्ट होगी। इस बीच भजनों की प्रस्तुति दी गई। जिन्हें सुनकर श्रोता मंत्रमुग्ध हो गए। कथा के बाद प्रसाद वितरण किया गया। इस दौरान मुख्य यजमान सत्येंद्र गुप्ता, पूनम गुप्ता, संजय गुप्ता, सारिका गुप्ता, गीता गुप्ता, अरविंद गुप्ता, तृप्ति गुप्ता आदि रहे।

सिरसी में मतदान की शपथ दिलाते चेयरमैन। ● अमृत विचार

मतदान कर लोकतंत्र के उत्सव को सफल बनायें

संभल/सिरसी, अमृत विचार : नगर पंचायत कार्यालय सिरसी में मतदाता जागरूकता अभियान के तहत कर्मचारियों और नागरिकों को मतदान की शपथ दिलाई गई। कहा गया कि मतदान करना हर नागरिक का संवैधानिक अधिकार है। इसलिए लोकसभा चुनाव में अधिक से अधिक मतदान करके लोकतंत्र के उत्सव को सफल बनाने का काम किया जाए। इस दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष कौसर अब्बास, अधिशासी अधिकारी राजन गुप्ता, वार्ड सभासद हबीब रजा आदि मौजूद रहे।

मंदिर में हवन में आहुति देते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

मां संतोषी की पूजा अर्चना कर हवन में दी आहुतियां

चन्दौसी, अमृत विचार : नगर के मुरादाबाद रोड स्थित वीर सावरकरनगर कालोनी में बुधवार को मां संतोषी के मंदिर पर हवन का आयोजन किया गया। कालोनी के भक्तों ने वेद मंत्रोच्चारण के साथ हवन में आहुतियां दीं। भजन कीर्तन किया। एक के बाद एक माता के भजनों की प्रस्तुति पर श्रद्धालु झूम उठे। माता के जयकारे भी गूंजते रहे। आरती के बाद भंडारे का आयोजन किया गया। देर शाम आठ बजे सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। इस अवसर पर वीरेश सिंह, सर्वेंद्र सिंह, मुनेश सिंह, सोमेश सिंह आदि उपस्थित रहे।

हज जायरीनों का आज होगा टीकाकरण

कार्यालय संवाददाता, संभल

अमृत विचार : हज जाने वाले जायरीनों के लिए संभल के मरकजी मदरसा अहले सुन्नत अजमल उल उलूम में दो दिवसीय कैंप का आयोजन हुआ। पहले दिन हज जायरीनों को नियमों की जानकारी दी गई। गुरुवार को हज जायरीनों का टीकाकरण किया जाएगा।

मेंथा मंडी में स्थित मरकजी मदरसा अहले सुन्नत अजमल उल उलूम में हज यात्रा पर जाने वाले हज जायरीनों की सहायता के लिए तरबीयत कैंप लगाया गया। जिसमें कारी वसी अशरफ ने हज जायरीनों को स्क्रीन के जरिये हज के अरकान बताए।

जिला हज ट्रेनर अब्दुल खालिक ने नियमों और कानून की जानकारी दी। कहा कि गुरुवार को हज जायरीनों का टीकाकरण होगा। हज जायरीन समय से मदरसा पहुंच जाएं। इस बीच हाजी नदीम और तकी अशरफ़ एडवोकेट ने टीकाकरण के लिए हज जायरीनों के रजिस्ट्रेशन फार्म भरे। इस दौरान फरीद एडवोकेट, कारी तनजीम अशरफ, मुफ्ती आलम रजा नूरी, मुफ्ती अहमद रजा, मुफ्ती हसीब अख्तर, मौलाना शमशाद, कारी शाहिद, कारी सरताज, सय्यद अब्दुल कदीर, मास्टर इस्माईल आदि मौजूद रहे।

संभल में हज यात्रियों के प्रशिक्षण कार्यक्रम में बोलते वक्ता। ● अमृत विचार

● दो दिवसीय कैंप में नियमों की दी गई जानकारी

एसडीएम ने मतदान के लिए किया जागरूक

संभल, अमृत विचार: हयातनगर थाना क्षेत्र में एसडीएम ने मतदान जागरुकता बैठक कर ग्रामीणों को लोकसभा चुनाव में मतदान करने के लिए जागरूक किया। कहा कि सभी ग्रामीण शांतिपूर्ण ढंग से अपने मत का प्रयोग करें। फर्जी वोट करने वाले व्यक्ति की पुलिस को सूचना दें।

थाना क्षेत्र के गांव चंदायन में बुधवार को एसडीएम विनय कुमार मिश्रा ने ग्रामीणों के साथ सरकारी स्कूल परिसर में आयोजित मतदाता जागरुकता बैठक में कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव जनपद में सात मई को कराए जाएंगे। सभी लोग चुनाव के दिन शांति व्यवस्था बनाकर रखें और अपने मताधिकार का प्रयोग जरुर करें। सभी मतदाता किसी भी अफवाह पर ध्यान ना दें। साथ ही फर्जी मतदान न करें। अगर कोई व्यक्ति चुनाव में फर्जी वोट ड़ालते मिले तो पुलिस को तुरंत सूचना दें। । इस दौरान थाना प्रभारी संत कुमार व दर्जनों ग्रामीण मौजूद रहे।

महिला की बरामदगी की मांग को लेकर परिजनों का हंगामा

संवाददाता, संभल

● हिरासत में लिए दो लोगों को छोड़ने का पुलिस पर आरोप

अमृत विचार: बहजोई थाना क्षेत्र में ग्रामीणों ने घर से प्रेमी के साथ गई महिला को बरामद करने व इस मामले में हिरासत में लिए दो लोगों को छोड़ने का आरोप लगाकर पुलिस चौकी पर हंगामा करते हुए प्रदर्शन किया। रविवार की रात महिला गांव के ही तीन बच्चों के पिता राजमिस्त्री के साथ घर से चली गई थी। इस मामले में पुलिस ने दो लोगों को हिरासत में लिया था।

पंवासा पुलिस चौकी क्षेत्र निवासी मजदूर की पत्नी रविवार की रात साढ़े दस बजे दो बच्चों व पति को छोड़कर गांव के ही तीन बच्चों के पिता राजमिस्त्री के साथ घर से भाग गई थी। सोमवार की सुबह महिला घर में दिखाई नहीं दी तो मजदूर ने आसपास तलाश की। राजमिस्त्री के साथ जानकारी होने पर मजदर ने तहरीर देकर पुलिस से पत्नी को बरामद करने की मांग की। इस मामले में पुलिस ने दो लोगों के हिरासत में लिया था। बुधवार को परिजन मुहल्ला के लोगों को साथ लेकर पंवासा पुलिस चौकी पहुंचे और महिला को बरामद करने की मांग करते हुए पुलिस पर दोनों युवकों को छोड़ने का आरोप लगाकर हंगामा करते हुए प्रदर्शन किया।

चौकी प्रभारी ने ग्रामीणों को समझा-बुझाकर शांत कराया और जल्द जल्द से महिला व राजमिस्त्री को बरामद करने का आश्वासन दिया। थाना प्रभारी संतेंद्र पंवार ने बताया कि महिला के परिजन थाने में आए थे। हंगामा करने की जानकारी नहीं है। जल्द ही महिला को बरामद कर लिया जाएगा।

मन्नीखेड़ा गांव में मतदान की शपथ लेते ग्रामीण। ● अमृत विचार

शत प्रतिशत मतदान की शपथ दिलाई

संवाददाता, संभल/सिंहपुरसानी

अमृत विचार : तहसील क्षेत्र के गांव मन्नीखेड़ा में मतदाता जागरूकता को लेकर ग्राम प्रधान के आवास पर समाजसेवी चौधरी रविराज चाहल एडवोकेट के नेतृत्व में कार्यक्रम हुआ। जिसमें प्रधान के पति चौधरी करण पाल सिंह ने लोगों को शतप्रतिशत मतदान करने की शपथ दिलाई। ग्रामीणों ने भी संकल्प लिया कि वह शतप्रतिशत मतदान करेंगे और किसी व्यक्ति को मतदान से वंचित नहीं रहने दिया जाएगा।

चौधरी रविराज चाहल एडवोकेट ने कहा कि मतदान हमारा अधिकार है। हमारे देश का लोकतंत्र सबसे मजबूत है। हमारा एक मत ही मजबूत और निष्पक्ष सरकार का चयन कर सकता है। इसलिए हमें मतदान अवश्य करना चाहिए। खुद मतदान करते हुए लोगों को भी इसके लिए जागरूक किया जाए। पंकज कुमार, दीपांशु चाहल ने भी विचार रहे।

इस दौरान वीर सिंह, चौधरी शशि कुमार, रोहित बाजवा, रामप्रसाद, मनु, मनी, छज्जू, संदीप, हरिराज, मनोज, अमित कुमार, दीपचंद, प्रदीप आदि मौजूद रहे।

कोल्डड्रिंक से लदा ट्रक पलटा, चालक घायल

संभल/कैला देवी, अमृत विचार : कैला देवी थाना क्षेत्र में स्टेयरिंग फेल होने से कोल्डड्रिंक से लदा ट्रक खंदक में पलट गया। हादसे में ट्रक चालक घायल हो गया।

मथुरा से ट्रक कोल्डड्रिंक लेकर मुरादाबाद के लिए चला। ट्रक को उधमसिंह नगर जनपद निवासी जसवीर चला रहा था। जैसे ही ट्रक कैला देवी थाना क्षेत्र में संभल-गवां मार्ग पर गांव चाचू नागल के पास पहुंचा तो अचानक स्टेयरिंग फेल हो गया। जिससे ट्रक खंदक में पलट गया। हादसे में चालक जसवीर घायल हो गया। आसपास के लोगों ने शीशा तोड़कर जसवीर को बाहर निकाला।

सड़क किनारे पलटा कोल्ड ड्रिंक लदा ट्रक।

कैमिकल की शीशी फटने से सुपरवाइजर झुलसा

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

अमृत विचार: बनियाठेर थाना क्षेत्र के टी-प्वाइंट पर मैंथा फैक्ट्री में कैमिकल की शीशी फटने से सुपरवाइर झुलझ गया। आनन-फानन में उसे सीएचसी में भर्ती कराया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया गया।

बरेली जनपद के थाना आंवला क्षेत्र के गांव किशनपुर निवासी राजू बनियाठेर थाना क्षेत्र के मुरादाबाद मार्ग के पास टी-प्वाइंट स्थित एक मैंथा फैक्ट्री में सुपरवाइर के पद पर पिछले पांच वर्ष से कार्य कर रहा है।

बुधवार को सुपरवाइजर फैक्ट्री में कैमिकल की शीशी चेक कर रहा था। जब उसने एक कैमिकल की शीशी उठाई तो वह अचानक फट गई। जिससे सुपरवाइजर का चेहरा व शरीर उलझ गया। घटना से फैक्ट्री में अफरा-तफरी मच गई। सुपरवाइजर को आनन-फानन में निजी चिकित्सक के पास लेकर पहुंचे। जहां चिकित्सक ने सीएचसी पर ले जाने की सलाह दी। इसके बाद सुपरवाइजर को सीएचसी में लेकर पहुंचे। जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर सुपरवाइजर को हायर सेंटर रेफर कर दिया गया।

झुलसे सुपरवाइजर का उपचार करता चिकित्सक। ● अमृत विचार

मलेरिया ने जिले में पसारे पैर, 40 मरीज मिले संक्रमित

बदायूं, अमृत विचार : जनपद में गंदगी ने एक बार फिर मच्छरों का प्रजनन बढ़ा दिया है जिससे जिले भर में करीब 40 लोग मलेरिया संक्रमित पाए गए हैं। जिनका उपचार किया जा रहा है।

BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY
Rohilkhand Medical College Campus, Pilibhit Bypass Road, Bareilly-243006 (UP) India, Phone: 0581-2526051, 053, 153
Email: registrar@biu.edu.in, Website: www.biu.edu.in
For any query contact : 7906374491, 9105500202, 9105500404

APPLICATIONS ARE INVITED FOR ADMISSION TO Ph. D. PROGRAMMES JULY 2024 SESSION IN THE FOLLOWING DISCIPLINES

- FACULTY OF MEDICAL SCIENCES (All Clinical and Non-Clinical Specialties)
- FACULTY OF NURSING M. Sc.(N) with 3 years teaching or clinical experience
- FACULTY OF DENTAL SCIENCES All Specialties)
- HUMANITIES AND JOURNALISM English
- FACULTY OF PHARMACY

Last Date of Receiving Application : 20th May, 2024
Application Submission Address : To, The Registrar, Administrative Block, Bareilly International University, Bareilly-243006 (U.P.), India
For more details and application form & application fee
Visit University Website : www.biu.edu.in
(https://biu.edu.in/research/Latest-Application-form-for-PHD-pogramme.pdf

एक नजर

गोवंशीय पशु के हमले से ग्रामीण की मौत

संभल/ओबरी, अमृत विचार : ऐचोड़ा कंबोह थाना क्षेत्र में खेत पर चारा ड़ालने पहुंचे गोवंशीय पशु के हमले से ग्रामीण की मौत हो गई। परिजनों ने बिना पुलिस को सूचना दिए ही ग्रामीण के शव का अंतिम संस्कार कर दिया। थाना क्षेत्र के गांव नेकपुर निवासी प्रकाश सिंह 62 वर्षीय मंगलवार की दोपहर बाद हुई बरसात के बाद खेत पर बंधे गोवंशीय पशु को चारा ड़ालने गया था। यहां गोवंशीय पशु रस्सी तोड़कर बंधन मुक्त खड़ा था। प्रकाश सिंह जैसे ही चारा ड़ालने के लिए गोवंशीय पशु के पास पहुंचा। गोवंशीय पशु ने हमलाकर प्रकाश सिंह को सींगों से उठाकर जमीन पर पटक दिया। आसपास के लोगों ने मौके पर पहुंचकर गोवंशीय पशु के चंगुल से प्रकाश सिंह को छुड़ाया। जिसके बाद परिजन घायल प्रकाश सिंह को लेकर अमरोहा में निजी अस्पताल पहुंचे और उपचार के लिए भर्ती कराया। देर रात प्रकाश सिंह ने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया।

मतदान कार्मिकों को प्रशिक्षण देकर दक्ष बनायें मास्टर ट्रेनर्स

डीएम ने मास्टर ट्रेनर के साथ मॉक पोल, वीडियोग्राफी, मतपत्र लेखन पर चर्चा की

संवाददाता,बहजोई

अमृत विचार: सात मई को होने वाले मतदान को लेकर मास्टर ट्रेनर्स को प्रशिक्षण दिया गया। निर्वाचन आयोग के नियमों की ट्रेनर्स को जानकारी दी गई। वहीं ईवीएम की तकनीक के बारे में भी बताया गया।

कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित प्रशिक्षण में भूमि संरक्षण अधिकारी ओंकार सिंह ने प्रशिक्षित करते हुए कहा कि पोलिंग पार्टियों को विस्तार पूर्वक ढंग से प्रशिक्षित किया जाए। जिससे हमारा निर्वाचन कार्य निष्पक्ष व पारदर्शितापूर्ण तरीके से संपन्न हो सके। मास्टर ट्रेनर से पीठासीन अधिकारियों को क्या करना है क्या नहीं करना है, ईवीएम , मशीनों का प्रोटोकॉल, चैलेंज वोट, टेंडर वोट,पीठासीन अधिकारियों के कर्तव्य,मॉक पोल के विषय में संक्षिप्त रूप में जानकारी प्राप्त की गई। ईवीएम मशीनों के माध्यम से संक्षिप्त में प्रशिक्षण भी कराया गया। जिलाधिकारी मनीष बंसल ने मास्टर ट्रेनर के साथ मॉक पोल, वीडियोग्राफी, मतपत्र लेख, वीवीपैट की पर्ची, को लेकर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि मतदान को निष्पक्ष और पारदर्शिता पूर्ण संपन्न कराने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं। पीठासीन और प्रथम मतदान अधिकारियों को अच्छे से प्रशिक्षित करें।

ईवीएम की तकनीकी जानकारी लेते मास्टर ट्रेनर्स। ● अमृत विचार

गेहूं खरीद की प्रगति के लिए मोबाइल केंद्र किए जाएं सक्रिय

संवाददाता,बहजोई

- क्रय केंद्र प्रभारी अधिक से अधिक किसानों से संपर्क स्थापित करें : डीएम
- किसानों को सरकारी केंद्र पर ही गेहूं लाने के लिए प्रेरित करें

अमृत विचार: जनपद में हो रही गेहूं खरीद को लेकर जिलाधिकारी ने अधिकारियों के साथ समीक्षा की। डीएम ने सभी एजेंसियों के प्रबंधकों को अधिक से अधिक गेहूं की खरीद किए जाने के निर्देश दिए तो वहीं मोबाइल केन्द्रों के माध्यम से गेहूं खरीद की प्रगति बढ़ाए जाने की बात कही।

जिलाधिकारी कायार्लय में आयोजित बैठक में जिलाधिकारी मनीष बंसल ने जनपद के गेहूं क्रय केन्द्रों पर हो रही गेहूं खरीद को लेकर जिला प्रबंधकों से कहा कि क्रय केंद्र प्रभारी अधिक से अधिक किसानों से संपर्क स्थापित करें। किसानों को सरकारी केंद्र पर ही गेहूं लाने के लिए प्रेरित करें।

किसानों को गेहूं के केंद्र पर सभी सुविधाएं दी जाएं। किसानों का भुगतान समय से किया जाए। उन्हें किसी प्रकार की समस्या नहीं आनी चाहिए।

उन्होंने कहा कि क्रय केंद्र एजेंसियां मोबाइल क्रय केंद्र के माध्यम से गेहूं खरीद करें। जिससे गेहूं खरीद की प्रगति बढ़े और जनपद अपनी गेहूं खरीद का लक्ष्य प्राप्त कर सके।

उन्होंने भारतीय खाद्य निगम डिपो द्वारा प्रगति लाते हुए प्रतिदिन तत्काल प्रभाव से गेहूं उतार कर गाड़ियां खाली कराए जाने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि इस कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए नहीं तो कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान जिला विपणन अधिकारी विजेयता सिंह सहित गेहूं खरीद एजेंसियों के जिला प्रबंधक मौजूद रहे।

सार-संक्षेप

कॉलेज में मतदान की शपथ लेते शिक्षक व विद्यार्थी। ● अमृत विचार

शत प्रतिशत मतदान करने की शपथ दिलाई

चन्दौसी, अमृत विचार : मॉडल पब्लिक एजूकेशन कॉलेज में बुधवार को लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के अंतर्गत सात मई को शत प्रतिशत मतदान करने की शपथ दिलाई। साथ ही पास पड़ोस के लोगों को मतदान करने के लिए प्रेरित करने का संकल्प लिया। समाज सेविका संगीता भार्गव ने महाविद्यालय परिसर में मतदाताओं का मतदान करने की शपथ ग्रहण कराई। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के सभी प्राध्यापकों, शिक्षणेत्तर कर्मचारियों एवं छात्र-छात्राओं को देश हित में मतदान अवश्य करने के लिए प्राचार्य डॉ. एसबीएन श्रीवास्तव ने प्रोत्साहित किया। जिससे देश का पुनर्निर्माण एवं विकास सही दिशा में हो सके। डॉ. राजकुमार गोयल ने मतदाताओं को वोट अवश्य करने के लिए कहा। डॉ. दीपक उपाध्याय ने देश के विकास के लिए मतदान को आवश्यक बताते हुए मतदान करने पर जोर दिया। इस शपथ ग्रहण समारोह में छात्र-छात्राओं समेत एनसीसी एवं एनएसएस बालक वर्ग प्रभारी राजू पाल एवं बालिका वर्ग प्रभारी मधु राठौर तथा स्वयंसेवक एवं स्वयंसेविकाओं की भागीदारी रही।

संत निरंकारी सत्संग भवन में 50 लोगों ने किया रक्तदान

चन्दौसी, अमृत विचार : नगर के बदायूं रोड स्थित संत निरंकारी सत्संग भवन में बुधवार को संत निरंकारी चैरीटेबल फाउंडेशन की ओर से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का आरंभ उप जिलाधिकारी नीतू रानी ने फीता काटकर किया। शिविर में संभल जिला अस्पताल की टीम ने रक्तदान करवाया। निरंकारी मिशन 24 अप्रैल को मानव एकता दिवस के रूप में युग प्रवर्तक बाबा गुरुबचन की याद में मनाता है। इस दिन संपूर्ण भारत में रक्तदान शिविर के आयोजन किए जाते हैं। इंसान का रक्त नालियों में न बहे, इंसान की नाड़ियों में बहे। कोई भी मानव रक्त की कमी से शरीर न छोड़े। इसी भावना के साथ रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। डॉ. राजेंद्र सैनी ने बताया कि 50 यूनिट रक्त दान किया गया। शिविर के दौरान सत्संग का भी आयोजन किया गया। अध्यक्षता गुरुदयाल ने की। संचालन महेंद्र सिंह ने किया। इस अवसर पर क्षेत्रीय संचालक गुरुनाम, मुखी सुनील कुमार, संचालक रतन लाल, हरकेश, सुनील आदि उपस्थित रहे।

शोभायात्रा से पहले यज्ञ अनुष्ठान में शामिल श्रद्धालु। ● अमृत विचार

हयातनगर में निकली बालाजी की शोभायात्रा

संभल अमृत विचार : हनुमान जन्मोत्सव के मौके पर श्री बालाजी नवयुवक हयातनगर की ओर से हवन किया गया। जिसके बाद बालाजी की शोभायात्रा निकाली गई। हयातनगर में स्थित बालाजी मंदिर पर बुधवार को हवन हुआ। जिसमें श्रद्धालुओं ने आहुतियां दीं। पंडित परशुराम शर्मा ने यज्ञ अनुष्ठान संपन्न कराया। मंदिर में भजन कीर्तन का आयोजन भी किया गया। शाम को पुरानी पुलिस चौकी से बालाजी की शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा मेन बाजार, पुरानी चुंगी से होते हुए चामुंडा मंदिर पर पहुंचकर समाप्त हुई। शोभायात्रा में भगवान हनुमान जी की झांकी सभी के आकर्षण का केंद्र बनी थी। इस दौरान मुख्य अतिथि भाजपा क्षेत्रीय उपाध्यक्ष राजेश सिंघल, अनुराग गुप्ता सर्राफ, अमित कुमार भट्टे वाले, कनक सक्सेना, गणेश शर्मा, लक्षित सिंघल, धीरज आर्य, मधुर सेठ आदि रहे। शोभायात्रा के दौरान सुरक्षा के प्रबंध रहे।

फंदे पर मिला युवक का शव, पिता ने आरोप लगाया- बेटे की हत्या हुई

संवाददाता, नूरपुर पिनौनी(बदायूं)

- मंगलवार शाम शादी समारोह में गया था युवक
- पिता के अनुसार उसे बुलाकर ले गए थे तीन युवक

अमृत विचार : शादी समारोह में गया युवक लापता हो गया। अगले दिन सुबह गांव के पास पेड़ पर युवक का शव लटका मिला। सूचना पर परिजन चीत्कार करते हुए पहुंचे। युवक के पिता ने गांव के तीन लोगों पर हत्या करके शव लटकाने का आरोप लगाया। उन्होंने बताया कि तीनों युवकों ने 3 महीने पहले उनके बेटे से हुए विवाद के चलते घटना को अंजाम दिया है। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया। जिसमें हैंगिंग से मौत होने की पुष्टि हुई है।

थाना इस्लामनगर क्षेत्र के गांव गांव सकतपुर निवासी सोनू उर्फ काले (22) पुत्र रमेश की शादी नहीं हुई थी। मंगलवार शाम वह गांव में आयोजित शादी समारोह में शामिल होने के लिए गए थे। जिसके बाद लापता हो गए। बुधवार से सुबह लगभग छह बजे गांव निवासी दनवीर के खेत के पास सहसवान मार्ग किनारे पाकड़ के पेड़ पर साड़ी के फंदे पर सोनू का शव लटका मिला। ग्रामीणों की सूचना पर परिजन चीत्कार करते हुए पहुंचे। नूरपुर पिनौनी चौकी इंचार्ज ओमपाल सिंह मौके पर पहुंचे। मृतक के पिता रमेश ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि लगभग तीन महीने पहले सोनू का गांव निवासी जयवीर, सुनील और निर्देश के साथ विवाद हो गया था। जिसकी वजह से वह लोग सोनू से रंजिश मानने लगे थे। मंगलवार रात लगभग 10 बजे सोनू गांव में शादी समारोह में गए थे।

नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को शपथ दिलाई

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

अमृत विचार: जायंट्स ग्रुप ऑफ महिला नव शक्ति की ओर से बुधवार को बहजोई रोड स्थित एक रेस्टोरेंट में अधिष्ठापन समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें ग्रुप के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को पद की शपथ दिलाई गई।

मुख्य अतिथि डॉ. सुधा चौधरी एवं अन्य अतिथियों पद्मा भार्गव, कृष्ण अवतार, सुभाष रुस्तगी, अनीता अग्रवाल, अनु रस्तौगी, शिखा शर्मा, अंजू राजपूत आदि ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम आरंभ किया।

माधुरी शर्मा ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया। यूनिट डायरेक्टर क्षमा अग्रवाल ने ग्रुप की नव निर्वाचित अध्यक्ष एवं बोर्ड के सदस्यों को शपथ ग्रहण कराई। नये सदस्यों को भी शपथ दिलाई गई। इस दौरान ग्रुप सदस्य सरोज, रेखा, मीरा व सपना ने बुजुर्ग पर एक नाटिका प्रस्तुत की। शालिनी, रूपम ने मतदान के लिए जागरुकता को लेकर प्रस्तुति दी। नव निर्वाचित अध्यक्ष शुभ्रा शर्मा ने गत वर्ष किए गए सेवा कार्यों का विवरण प्रस्तुत किया।

मुख्य अतिथि ने प्रोजेक्ट के साथ-साथ जायंट्स का विस्तार करने के लिए प्रोत्साहित किया। अंत में सभी अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। संचालन साधना शर्मा ने किया।

इस अवसर पर कान्ता शर्मा, रानी शर्मा, उर्मिला शर्मा, पूजा गोयल, सोनी शर्मा, रश्मि वर्मा, मीनू फैंसी, माधुरी सिंह आदि ग्रुप सदस्य रहे। कार्यक्रम का आयोजन अभिलाषा प्रजापति एवं नीता सिंह की देख रेख में हुआ।

जायंट्स ग्रुप महिला नव शक्ति के अधिष्ठापन समारोह में उपस्थित पदाधिकारी।

- जायंट्स ग्रुप आफ महिला नव शक्ति का अधिष्ठापन समारोह

गैंगस्टर एक्ट में दोषी को तीन वर्ष की सजा

चन्दौसी, अमृत विचार: अदालत ने गैंगस्टर एक्ट के दोषी व जनपद संभल के टॉप टेन अपराधी को तीन वर्ष के कारावास व पांच हजार रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया है। मुकदमा न्यायालय विशेष न्यायाधीश (गैंगस्टर एक्ट)/ अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश जनपद संभल स्थित चन्दौसी में विचाराधीन था।

थाना बनियाठेर में धारा 3(1) गैंगस्टर एक्ट के तहत अभियुक्त मुनील उर्फ मुल्ला पुत्र सुरेंद्र सिंह निवासी अल्लीपुर बुजुर्ग थाना बनियाठेर जनपद संभल के खिलाफ मुकदमा दर्ज है। अभियुक्त मुनील उर्फ मुल्ला जिला संभल की टॉप टेन अपराधी सूची में शामिल है। बुधवार को मुकदमे में सुनवाई करते हुए न्यायाधीश ने अभियुक्त मुनील उर्फ मुल्ला को गैंगस्टर एक्ट में दोषी करार देते हुए तीन वर्ष के कारावास व 5000 रुपये अर्थदण्ड से दण्डित किया है।

गंदगी से उफन रहीं नालियां,आवागमन मुश्किल

कार्यालय संवाददाता, बनियाठेर/ चन्दौसी

अमृत विचार: बनियाठेर के गांव अकरौली में नालियां गंदगी से उफन रही हैं। चौराहों और तिराहों पर गंदगी फैली रहती है। जिससे ग्रामीणों में गर्मी के मौसम में संक्रामक रोग फैलने का अंदेशा बना हुआ है। जिम्मेदार इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं। सफाई व्यवस्था को लेकर गुस्साए ग्रामीणों ने बुधवार को गांव में ग्राम प्रधान व सचिव के खिलाफ नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया और गांव की सफाई व्यवस्था दुरुस्त कराने की मांग की ।

गांव अकरौली में सफाई व्यवस्था ठप है। नालियों गंदगी से अटी पड़ी हैं । गांव के चौराहों व तिराहों का भी यही हाल हैं। नियमित कूड़ा नहीं उठता। इतना ही नहीं कहीं-कहीं तो गंदगी फैली रहने से ग्रामीणों का निकलना दुश्वार हो गया है। गंदगी से उठती बदबू के कारण आसपास के घरों में रहना मुश्किल है। ग्रामीण घर के दरवाजे और आंगन में भी नहीं बैठ पाते। सफाई कर्मी नियमित नहीं आता। ग्रामीणों ने इस संदर्भ में ग्राम प्रधान व सचिव से शिकायत की लेकिन आश्वासन ही मिला। समस्या का समाधान नहीं हो सका है। ग्रामीणों ने बुधवार की दोपहर गांव में प्रदर्शन कर ग्राम प्रधान व ग्राम पंचायत सचिव के खिलाफ नारेबाजी की। साथ ही नालियों की सफाई कर सफाई व्यवस्था दुरुस्त कराने व कीटनाशक का छिड़काव कराने की मांग की। प्रदर्शन करने वालों में सोमपाल प्रजापति, अशोक कुमार प्रजापति, फूलवती देवी समेत अन्य ग्रामीण मौजूद रहे।

बनियाठेर के गांव अकरौली में गंदगी से पटी नालियां। ● अमृत विचार

- गड़बड़ाई सफाई व्यवस्था को लेकर ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन
- संक्रामक रोग फैलने का अंदेशा

कोल्ड स्टोरेज से निकासी पर अगले माह गिर सकते हैं आलू के दाम

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

- 1125 रुपए में बिक रहा पचास किलो का कट्टा , मई माह में कोल्ड स्टोरेज से शुरू होगी आलू की निकासी
- फिलहाल स्टॉक किया आलू बाजार में बेच रहे जरूरत मंद किसान, फुटकर में 25 रुपए प्रति किलोग्राम हैं दरें

अमृत विचार: आलू के दाम इस बार चढ़े हुए हैं। लंबे समय से आलू फुटकर में 20 से 25 रुपये प्रति किलोग्राम बिक रहा है। जबकि कोल्ड स्टोरेज फुल हैं। जरुरत मंद किसान अपना स्टॉक किया आलू बाजार में लेकर आ रहे हैं। मई माह में कोल्ड स्टोरेजों से आलू की निकासी शुरू होगी। तब कहीं आलू सस्ता होने की उम्मीद है।

चन्दौसी नगर क्षेत्र व नगर से सटे जनपद बदायूं क्षेत्र में करीब एक दर्जन कोल्ड स्टोरेज हैं। अक्टूबर और नवंबर माह में कोल्ड स्टोरेजों में आलू का भंडारण किया गया था। आलू की पैदावार भी इतनी हुई कि सभी कोल्ड स्टोरेज फुल हो गए। इसके बावजूद शुरुआत से ही आलू महंगा रहा। 10 रुपये प्रति किलो से शुरुआत होकर अब चिप्सोना आलू 25 रुपये किलो फुटकर में बिक रहा है।

खास बात यह कि कोल्ड स्टोरेज से अभी आलू की निकासी शुरू भी नहीं हुई है लेकिन बाजार में आलू खूब आ रहा है।

किसानों ने अपने साधनों से आलू स्टोर कर लिया था। जो वह अब दाम बढ़ने पर बाजार में ला रहे हैं। इसके बाद भी आलू के दाम कम नहीं हो रहे हैं।

अब कोल्ड स्टोरेज से आलू बाजार में आने पर ही दाम में गिरावट आने की संभावना है।

> इस बार सभी कोल्ड स्टोरेज आलू से फुल हैं। किसानों ने आलू का भंडारण कोल्ड स्टोरेज में करने के साथ ही जरुरत पड़ने पर बागों में भी भंडारण कर लिया है। जिससे किसान आलू महंगा होने पर बागों में स्टोर किया आलू बाजार में ला रहे हैं। एक मई से कोल्ड स्टोरेज से आलू की निकासी शुरू हो जाएगी।
>
> **-अमित कुमार,** संचालक जीवनराम कोल्ड स्टोरेज

> किसानों ने बिचौलियों की बजाय खुद ही कोल्ड स्टोरेज में आलू का भंडारण किया है। साथ ही तमाम किसान ऐसे भी हैं जिन्होंने बागों आदि में भी आलू का भंडारण किया है। इस बार किसानों को आलू का उचित दाम मिला है।
>
> **-ब्रजपाल सिंह,** प्रगतिशील किसान, गांव रामरायपुर गमटिया

ट्रैक्टर-ट्राली की टक्कर से मां व बेटी की मौत

बरेली, अमृत विचार : इज्जतनगर क्षेत्र में तेज रफ्तार ट्रैक्टर-ट्राली ने मिनी बाईपास रोड स्थित निर्माणाधीन न्यू रोडवेज के पास स्कूटी में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे स्कूटी सवार मां-बेटी की मौत हो गई। पुलिस ने ट्रैक्टर-ट्राली को कब्जे में लेते हुए चालक को हिरासत में लिया है। मामले में पुलिस जांच कर रही है।

परतापुर चौधरी निवासी फिरदौस अख्तर अपनी तीन वर्षीय बेटी जन्नत फातिमा की दवा लेने बड़ी बेटी अक्सा फातिमा के साथ बुधवार को कर्मचारी नगर में दवा लेने गई थीं। स्कूटी को अक्सा चला रही थी। घर लौटते समय डेढ़ बजे मिनी बाईपास पर निर्माणाधीन रोडवेज के पास पहुंची कि तभी पीछे से रेता-बजरी से भरी ट्रैक्टर ट्राली ने टक्कर मार दी। हादसे में स्कूटी पर बैठी फिरदोस अख्तर व जन्नत फातिमा की मौत हो गई।

खोया-पाया

मेरा हाईस्कूल परीक्षा वर्ष 2017 अनुक्रमांक 0645775 का प्रमाण पत्र सह अंक पत्र वास्तव में कहीं खो गया है।

अहमद रजा पुत्र अब्दुल हसन निवासी धींगरपुर मूलाबान डिलारी, मुरादाबाद

खोया-पाया

मेरा हाईस्कूल परीक्षा वर्ष 2010 अनुक्रमांक 0783597 का प्रमाण पत्र वास्तव में कहीं खो गया है।

मौ. हसीम पुत्र लडडन खां
पता : मूलाबान डिलारी, मुरादाबाद

सम्बन्ध विच्छेद

में अपने पुत्र गौरव आयु 22 वर्ष को गलत संगति व आचरण के कारण अपनी चल व अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं, यदि गौरव से भविष्य में कोई लेना-देना पैसे का अथवा किसी भी सामग्री का करता है तो वह स्वयं जिम्मेदार होगा।

रोहतास नाथ पुत्र श्री जगन्नाथ मोहल्ला मायापुरी, थाना गजरौला, तहसील धनोरा जिला अमरोहा

मॉडिफाइड बाइक से पटाखे छोड़ते दो युवक गिरफ्तार

संभल, अमृत विचार: हयातनगर थाना क्षेत्र में मॉडिफाइड साइलेंसर से भीड़ वाले इलाके में पटाखे छोड़ रहे दो युवकों को गिरफ्तार कर बुलेट मोटरसाइकिल को कब्जे में कर लिया। पुलिस ने बुलेट मोटरसाइकिल को सीज कर दिया ।

थाना प्रभारी संत कुमार ने बताया कि मंगलवार की शाम दो युवक मॉडिफाई साइलेंस वाली बाइक से पटाखे छोड़ते हुए आसपास के लोगों को डराते हुए मोटर साइकिल दौड़ा रहे थे। पुलिस ने रोककर दोनों युवकों से मोटर साइकिल के कागजात दिखाने को कहा, लेकिन वह कागजात नहीं दिखा सके। जिसके बाद पुलिस ने मोटरसाइकिल को कब्जे में लेकर हयातनगर में तुर्को वाली मस्जिद के पास निवासी अरशद अली व अमन को हिरासत में ले लिया। बुधवार को कानूनी कार्रवाई करते हुए पुलिस ने जुर्माना लगाकर बुलेट मोटर साइकिल को सीज कर दिया और अरशद व अमन का शांतिभंग में चालान कर दिया।

चुनाव उच्च शिक्षा के लिए अन्य जनपदों में जाने को मजबूर होना पड़ता है

शिक्षा में नए अवसर प्रदान करने वाला हो सांसद

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

अमृत विचार: लोकसभा चुनाव के लिए मतदान हो रहा है। ऐसे में बेटियां भी अपने क्षेत्र के सांसद से स्वयं की सुरक्षा व शिक्षा की आस लगाए बैठी हैं। क्योंकि बेटियों को उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए अन्य जनपदों में जाने को मजबूर होना पड़ता है। साथ ही वह सुरक्षा को लेकर भी हमेशा चिंतित रहती हैं।

अब हर क्षेत्र में बेटियां बेटों से आगे निकल रही है। ऐसे में जनपद की बेटियों को जब उच्च शिक्षा प्राप्त करनी होती है, तो उन्हें अन्य जनपद व प्रदेश में जाना पड़ता है। क्योंकि जनपद संभल में उच्च शिक्षा के ज्यादा अवसर नहीं है। कुछ निजी इंस्टीट्यूट हैं, जिनकी फीस काफी महंगे होने पर बेटियां शिक्षा प्राप्त नहीं कर पाती हैं। साथ ही सुरक्षा को लेकर बेटियां व महिलाएं हर समय चिंतित रहती हैं। ऐसे में बेटियां व महिलाएं नवनिर्वाचित सांसद से शिक्षा के क्षेत्र में नए अवसर व सुरक्षा की आस लगाए हैं। शिक्षा की ऐसी व्यवस्था की जाए, जिससे निम्न व मध्यम वर्गीय परिवार की बेटियां उच्च शिक्षा प्राप्त कर अपने परिवार व जनपद का नाम रोशन कर सके।

> जनपद में शिक्षा के अवसर बहुत कम है, हमें अपनी बेटियों को उच्च शिक्षा के लिए बाहर भेजना पड़ता है। जिससे हर समय चिंता लगी रहती है। जनपद में भी उच्च शिक्षा के अवसर मिलने चाहिए। **-रीमा ग्रोवर**

> नवनिर्वाचित सांसद जनपद में शिक्षा के नए अवसर दिलाए, ताकि जनपद की बेटियों को बाहर जाने की जरुरत ही नहीं पड़े। साथ ही उनकी सुरक्षा की जिम्मेदारी भी ले। **-आरती शर्मा**

> वैसे उत्तर प्रदेश में महिलाओं की सुरक्षा को लेकर काफी बदलाव आया है। मगर आज भी रात आठ बजे के बाद महिलाएं अकेले घर से बाहर निकलते समय डरती है। यह डर खत्म करने की जरुरत है। **-पूनम अरोरा**

> क्षेत्र के सांसद से हर वर्ग आस लगाए बैठा। जिसमें महिला वर्ग भी शामिल है। सांसद को हर वर्गों की बातों को ध्यान में रखकर कार्य करनी की जरुरत होगी। **-प्रियंका वासन**

श्री बालाजी मंदिर में भंडारे में प्रसाद ग्रहण करते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

बालाजी के भजनों पर झूमे श्रद्धालु

कार्यालय संवाददाता, संभल

अमृत विचार : शहर के मुहल्ला हल्लू सराय में स्थित श्री बालाजी मंदिर परिसर में भक्तों ने बच्चों से केक कटवाकर हनुमान का जन्मोत्सव मनाया। छप्पन भोग लगाकर भक्तों को प्रसाद वितरित किया गया। भजनों से माहौल भक्तिमय बना रहा।

मंगलवार को देर शाम बालाजी मंदिर में केक काटने के बाद छप्पन भोग का प्रसाद भक्तों को वितरित किया गया। अंकुर गोयल, उर्वशी ठाकुर, शशांक अग्रवाल ने गुरु वंदना, गणेश वंदना, मां सरस्वती वंदना के बाद बालाजी के भजनों की प्रस्तुति दी। मंदिर के महंत हरिओम सिंह ने बजरंगबली अब रात गुजरने वाली है भजन सुनाया। बताया कि प्रत्येक पूर्णिमा को मंदिर परिसर में 24 घंटे अखंड ज्योति व अखंड कीर्तन किया जायेगा। बुधवार को मंदिर में भंडारे का आयोजन हुआ। सैकड़ों भक्तों ने बालाजी का प्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान सचिन गर्ग, अनिल श्रीमाली, मंजू सिंह, लता रानी, स्तुति रस्तोगी, सलोनी त्यागी, मंजू रानी, रजनी रस्तोगी, रोजी, रितु शर्मा आदि मौजूद रहे।

नाम-परिवर्तन

मैंने अपना नाम HOORVI से बदलकर HOOR BI W/o NAWASE ALI, CHAKKAR KI MILAK, MORADABAD रख लिया है। भविष्य में इसी नाम जाना जाए।

खोया पाया

मेरे हाईस्कूल वर्ष 2014 अनुक्रमांक 0863915 इंटरमीडिएट वर्ष 2016 अनुक्रमांक 0755405 व एनसीसी सी सर्टिफिकेट के मूल प्रमाणपत्र खो गए है। अमजद खान पुत्र गुलहसन, मौ. लकड़ा इकरार नगर, जनपद अमरोहा।

सम्बन्ध-विच्छेद

मेरा भान्जा शुभम अग्रवाल पुत्र श्री राकेश अग्रवाल गलत संगत में पड़ गया है, इसलिए मैंने उससे और उसके पूरे परिवार से सम्बन्ध विच्छेद कर लिये है और अपने कुकृत्यों के यह स्वयं जिम्मेदार होगें। नितिन अग्रवाल पुत्र सरदेश चन्द्र निवासी पीतल नगरी महेश्वरी दयानंद कालौनी पानी की टंकी के पास, तह0 व जिला मुरादाबाद।

बिकाऊ

एक दुकान 12x12, रामपुर की पुरानी रोडवेज के पास बैंक ऑफ बड़ौदा रोड के पास बिना छत के सैल करनी है। जरूरतमन्द इस नम्बर पर सम्पर्क करें। मो. 9412717926, 9412252847

एक नजर

स्कूटी गिरने के विवाद में परिवार के लोगों को पीटा

अफजलगढ़, अमृत विचार : मोहल्ला चिरंजीलाल निवासी शबनम ने पुलिस को तहरीर दी है। इसमें उसने बताया कि मंगलवार सुबह उसका पति नसीम बाइक पर चारा लेकर घर आ रहा था। इस दौरान रास्ते में अन्य वाहन खड़े होने पर चारे की गठरी टकराने से स्कूटी गिर गई। नसीम ने नुकसान की भरपाई की बात की तो वाजिद, मतलूब, शौकीन, सादन व अन्य लोगों ने उसके घर पर चढ़ाई कर दी। आरोपी ने महिला के पति पर जानलेवा हमला किया। बीच-बचाव के लिए मौके पर पहुंची पुत्री व मेहमानों पर हमला किया। इससे महिला के परिवार के कई लोग घायल हो गए।

मारपीट के आरोप में रिपोर्ट

हीमपुर दीपा, अमृत विचार : गांव मुबारकपुर कला निवासी महिला को पीटने के मामले में पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ की रिपोर्ट दर्ज की है। शाहीन ने पुलिस को बताया कि दो दिन पहले सलमान व जेठ के पुत्र अयान, साकिब गांव में ही तालाब पर नहाने गए थे। वहां बच्चों में किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई थी। बाद में गांव के ही इरशाद, नब्बू, नौशाद व अमन ने महिला के घर आकर बच्चों को मारा पीटा।

बहन की शादी के कार्ड बांटने जा रहे युवक की हादसे में मौत

मिर्जापुर के पास नीलगाय से टकराई बाइक, वाहन ने कुचला

संवाददाता, हल्दौर

अमृत विचार: बहन की शादी के कार्ड रिश्तेदारी में देने जा रहे बाइक सवार युवक की सड़क हादसे में मौत हो गई। इससे शादी की खुशियां मातम में बदल गईं।

गांव सल्लाहपुर निवासी सराजुद्दीन का पुत्र शाहिद (32) बुधवार सुबह 10 बजे अपनी बहन की शादी के कार्ड बांटने चांदपुर क्षेत्र के गांव मिर्जापुर में अपने साढ़ू के घर जा रहा था। शाहिद की बाइक मिर्जापुर के पास पहुंची तो नीलगायों का झुंड सामने आ गया। इससे शाहिद की बाइक टकरा गई। टक्कर लगते ही शाहिद हवा में उछल कर सड़क पर गिर गया। इस दौरान अज्ञात कार ने शाहिद को कुचल दिया और कार चालक मौके से फरार हो गया। राहगीरों ने सूचना देकर एम्बुलेंस को बुलाया। सड़क पर बिखरे शादी के कार्ड पर लिखे मोबाइल नंबरों पर फोन कॉल कर उसके परिजनों को सूचना दी। इस बीच घायल को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। ग्रामीणों ने बताया कि शाहिद मुंबई में रहकर काम करता था। बहन की शादी करने वह एक-दो दिन पहने मुंबई से घर आया था। दो मई को सात दिन बाद छोटी बहन की बरात आनी है। इससे पहले ही उसकी मौत से शादी की खुशियां मातम में बदल गईं।

दो सड़क हादसों में पांच लोग घायल

नगीना, अमृत विचार : अलग-अलग सड़क हादसों में तीन महिलाओं सहित पांच लोग घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया गया।बुधवार दोपहर कोतवाली देहात निवासी एक परिवार के लोग नगीना क्षेत्र के गांव हीरा वाली में शादी समारोह में शामिल होने जा रहे थे। गांव हीरा वाली के पास पहुंचने पर ई-रिक्शा अचानक अनियंत्रित होकर पलट गया। ई-रिक्शा में सवार नाजिम, याकूब, सुबरा व मुनिजा घायल हो गईं। उधर, नगर के मोहल्ला कायस्थ सराय निवासी पवन गोस्वामी अपनी मां माया देवी के साथ बाइक से नहटौर की ओर किसी गांव जा रहे थे। गांव हसन अलीपुर के पास बाइक से गिरकर माया देवी सिर में चोट लग गई। उन्हें उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया।

कर्ज के लिए पैसे न देने पर दोस्तों ने की थी ई-रिक्शा चालक की हत्या

संवाददाता, नहटौर

अमृत विचार: पांच दिन पहले ई-रिक्शा चालक की गला घोंटकर हत्या उसके ही साथियों ने ही की थी। कर्ज चुकाने के लिए ब्याज पर पैसे दिलाने में नाकाम होने पर उसके साथियों ने साजिश रचकर हत्या करने के बाद ई-रिक्शा बेच दिया। पुलिस ने ई-रिक्शा बरामद तीन आरोपियों गिरफ्तार किया है।

नगर मोहल्ला छापेग्रान निवासी राजेश सैनी (50) का शव नहटौर-नगीना मार्ग पर गांव डूंडाखेड़ी के पास एक खेत में पड़ा मिला था। पुलिस ने ई-रिक्शा चालक को आखिरी कॉल करने वाले एक अन्य ई-रिक्शा चालक व एक महिला से पूछताछ की थी। पुलिस ने मोहल्ला काजियान के जावेद व उसके साथी गांव बैरमनगर के जाकिर को हिरासत में लिया। पुलिस पूछताछ में जावेद ने बताया कि वह काफी दिनों से कर्ज से परेशान था। यह बात उसने राजेश से बताई थी। राजेश ने ब्याज पर पैसे दिलाने की बात कही थी। लेकिन ब्याज पर भी कहीं से पैसे नहीं मिले। उसने राजेश की ई-रिक्शा लूटने की साजिश साथी जाकिर के साथ मिलकर रची थी। राजेश को फोन करके गांगन के पुल के निकट सामान ले जाने के बहाने बुलाया था। रात होने पर गांव डूंडाखेड़ी के निकट राजेश सैनी की उसके गमछे से ही गला घोंटकर हत्या कर दी। ई-रिक्शा लूटने के बाद जावेद ने अगले दिन ई-रिक्शा अपने भांजे अमरोहा निवासी फैसल को 22 हजार में बेच दिया था। कोतवाल धर्मेन्द्र सोलंकी ने बताया कि तीनों आरोपियों का चालान कर दिया है।

पुलिस की गिरफ्त में हत्या के आरोपी।

सार-संक्षेप

दुआ मांगते मदरसे के छात्र और मौलाना। ● अमृत विचार

मौलाना अब्दुल अलीम की मगफिरत के लिए मांगी दुआ

सहसपुर,अमृत विचार : जमीयत उलमा-ए-हिंद के उपाध्यक्ष मौलाना अब्दुल अलीम फारुकी का बुधवार सुबह इंतकाल हो गया। इसकी जानकारी के बाद नगर के मोहल्ला नई सराय स्थित मदरसा अनवर उल उलूम में उनकी मगफिरत के लिए दुआ मांग गई।कारी मसरूर आलम ने बताया कि मौलाना अब्दुल अलीम फारुकी का बुधवार को निधन हो गया। वह 76 वर्ष के थे। वह लंबे समय से बीमार चल रहे थे। उनकी मगफिरत के लिए मदरसे में तालिबों (मदरसे के छात्रों) ने दुआ मांगी।

दरगाह पर सालाना मजलिसों की तैयारियां शुरू

नजीबाबाद, अमृत विचार : जोगीरामपुरी स्थित दरगाह-ए-आलिया में सालाना मजलिसों की तैयारियां शुरू हो गई हैं। कमेटी के अध्यक्ष इरम अली जैदी और कमेटी सचिव कसीम अब्बास जैदी ने बताया कि दरगाह परिसर में जायरीनों की सुविधा के लिए लाइटें, पानी सहित अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। इसके लिए दरगाह पर कार्य तेजी से चल रहा है। दो मई की सुबह 11 बजे दरगाह परिसर में लगने वाले बाजार के ठेके दिए जाएंगे। जल्द ही प्रशासन के साथ बैठक कर तैयारियों की रूप रेखा बनाएगी।

घरों में घुसा गुलदार, टीम ने जाल लगाकर पकड़ा

रेहड़, अमृत विचार : गांव सुल्ताननगर सादकपुर में बुधवार दोपहर गुलदार ग्रामीण अली हसन के घर में घुस गया। शोर-शराबा होने पर गुलदार गांव में दूसरे व्यक्ति साबिर के घर में जा घुसा। इस दौरान साबिर अपनी पत्नी के साथ खेत पर गया हुआ था। उसके बच्चे आतिफा व अहतेशाम पड़ोसी अजूबी बरामदे में खेल रहे थे। घर में गुलदार देखकर तीनों बच्चे भयभीत हो गए। बच्च घर से बाहर आ गए और दरवाजा बंद करके घर में गुलदार घुसने की सूचना मोहल्ले वालों को दी। प्रधान के पति मोहम्मद अय्याज ने मामले की सूचना वन विभाग व पुलिस को दी। मौके पर पहुंची रेस्क्यू टीम में शामिल सेक्शन इंचार्ज जगत सिंह राणा (नगीना रेंज), सुरेश सिंह, मोहम्मद अब्बास व बाघ मित्र मुजीबुर्हमान ने गुलदार को जाल में पकड़ लिया। वन रेंज अधिकारी प्रदीप शर्मा ने बताया कि रेस्क्यू के बाद मादा गुलदार को पकड़ लिया गया है। गुलदार को परीक्षण के लिए केहरीपुर वन चौकी लाया गया है। उधर, आबादी में गुलदार घुसने से ग्रामीण भयभीत हैं। ग्रामीण सलीम अहमद, सर्वेश वत्सल, पूरन सिंह, नसीम अहमद का कहना है कि गांव के नजदीक गुलदार की गतिविधि रहती है। वन विभाग को इनके प्रबंधन के लिए प्रभावी कदम उठाने चाहिए।

वन विभाग की टीम द्वारा गांव सादकपुर में रेस्क्यू किया गया गुलदार।

एमए उर्दू की परीक्षा में सबा सुमैया प्रथम

किरतपुर, अमृत विचार : नगर स्थित मौलाना मोहम्मद अली जौहर हायर एजुकेशन इंस्टीट्यूट का एमए उर्दू के प्रथम सेमेस्टर का परीक्षा परिणाम बुधवार को घोषित किया गया। इसमें सबा सुमैया ने 75 प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया। मोहम्मद हादी 73 .60 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय, आफिया परवीन 72 .80 प्रतिशत अंकों के साथ तृतीय स्थान पर रहीं। प्रबंधक मोहम्मद साइम राजा ने उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को मुबारकबाद दी। प्राचार्य डॉ. मोहित बंसल ने कहा कि कॉलेज का परिणाम उत्तम रहा है। उर्दू प्रवक्ता उजमा परवीन व मोहम्मद फारूक ने सभी छात्र-छात्राओं को करियर के बारे में जानकारी दी।

पिता की अस्थियां विसर्जित करने जाते विधायक कुंवर सुशांत सिंह। ● अमृत विचार

पूर्व सांसद की अस्थियां विसर्जित करने जाते समय दी श्रद्धांजलि

संवाददाता, अफजलगढ़

अमृत विचार: पूर्व सांसद कुंवर सर्वेश सिंह की अस्थियां विसर्जित करने हरिद्वार जा रहे बढ़ापुर से विधायक कुंवर सुशांत सिंह बुधवार को भूतपुरी तिराहा पहंचे तो भाजपा कार्यकर्ताओं ने उन पर पुष्पा वर्षा की। कुंवर सर्वेश सिंह के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि देकर विदा किया।

बुधवार सुबह उनके पैतृक गांव रतूपुरा से उनकी अस्थियां कलश में लेकर हरिद्वार के लिए निकले उनके पुत्र कुंवर सुशांत सिंह को लोगों ने रास्ते में रोक लिया। पूर्व सांसद प्रतिनिधि चंद्रपाल सिंह, नवीन शर्मा, विधायक प्रतिनिधि नितिन चौहान, मनित प्रताप सिंह, राहुल ठाकुर उनके सहयोगियों ने विधि विधान से अस्थियों को विसर्जित कराया। अस्थियों को विसर्जित कारने वाले तीर्थ पुरोहित पंडित दिलीप वशिष्ठ ने बताया कि पूर्व सांसद कुंवर सर्वेश सिंह की अस्थि विसर्जन का कार्यक्रम विधि विधान से किया गया है। इस दौरान ब्लॉक प्रमुख प्रदीप कुमार बबली, पूर्व चेयरमैन नफीस कुरैशी आदि मौजूद रहे।

हनुमान जन्मोत्सव पर प्रस्तुत की गईं झांकियां

किरतपुर, अमृत विचार: हनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष में नगर स्थित हनुमान धाम मंदिर में कार्यक्रम हुआ। इस दौरान हनुमान मंदिर पर सुबह से ही प्रसाद चढ़ाने वालों का ताता लगा रहा।

मंगलवार दोपहर 12 बजे अखंड रामायण पाठ का समापन हुआ। इसके बाद हवन पूजन व भंडारा हुआ। रात आठ बजे कार्यक्रम का उद्घाटन अशोक राणा विधायक धामपुर, विधायक ओम कुमार, सूर्यमणि रघुवंशी ने किया। भगवान हनुमान, शिव, महाकाली की झांकी प्रस्तुति की। कलाकारों ने शंकर जी का तांडव, मेघनाथ, लक्ष्मण युद्ध, माता सीता व हनुमान की झांकी, राम दरबार का मंचन किया।

इस दौरान योगेश्वर भारती, आचार्य विक्रम सिंह, भाजपा नेत्री शोभा रानी को सम्मानित किया गया। ललित राजपूत, राजीव चौहान, डीपी सिंह, राकेश गोयल, नरेश कालरा, रोबिन सिंह शेखावत, डॉ. शशि प्रभा रघुवंशी आदि रहे।

बालाजी के जागरण में भजनों में झूमतीं महिलाएं व अन्य। ● अमृत विचार

बालाजी के भजनों पर झूमे लोग

संवाददाता, नगीना

अमृत विचार: श्रीराम सेवा समिति की ओर से आयोजित श्री बालाजी के जागरण में कलाकारों ने भजनों पर लोगों को झूमने पर मजबूर कर दिया। नगर में गांधी मूर्ति के पास आयोजित श्री बाला जी के प्रथम विशाल जागरण का आरंभ मंगलवार रात समिति के पदाधिकारियों विनोद कुमार राठौर, प्रदीप कुमार अग्रवाल, संदीप कुमार राठौर, प्रदीप गुप्ता, प्रबोध कुमार, मुकेश कुमार, गोलू टंडन, मनीराम, अनिल राणा, नंदलाल, राजू, सतीश चाधरी ने किया। उन्होंने बाला जी दरबार में ज्योत जलाई। इससे पहले पंडित विजय भारत ने यज्ञ कराया।

श्रद्धालुओं ने यज्ञ में आहुति दी। श्री बाला जी जागरण में हनुमान जी की झांकियों की प्रस्तुति ने श्रद्धालुओ को झूमने को मजबूर कर दिया। जागरण में बाला जी व श्री राम दरबार आकर्षण का केंद्र रहा। बाबा के छप्पन भोग, बाबा की सवा मनी, पंचमेवा, पंच फलों का भोग, मां भगवती व बाला जी का दरबार एवं मनमोहक झांकियां आकर्षण का केंद्र रहीं। भगवान राम-लक्ष्मण, सीता व हनुमान की मनमोहक झांकी प्रस्तुति की गई। कलाकार राजेश राज, प्रिया ठाकुर, सोनू, दीपा ने गीत सुनाए।

अमरोहा

तेज धूप और गर्म हवा के बीच निकलना मुश्किल

संवाददाता, गजरौला

अमृत विचार: इस माह में गर्मी का सितम हर दिन बढ़ता जा रहा है। तेज धूप में बाहर निकला मुश्किल हो रहा है। गर्म हवा बाहर निकलने वाले लोगों के शरीर को झुलसा रही है। बुधवार को अधिकतम तापमान 39 डिग्री तक पहुंच गया। सबसे ज्यादा परेशानी स्कूली बच्चों को हो रही है। इन दिनों मौसम में काफी गर्मी हो गई है।

सुबह नौ बजे ही सूरज आग उगलने लगता है। दिन चढ़ने के साथ बदन झुलसने लगता है। तपिश से दोपहर को लोगों का बाहर निकलना कम हो गया है। दोपहर के समय अधिकांश लोगों के घर में कैद रहने से शहर की व्यस्ततम सड़कों पर भी सन्नाटे में डुबी रही है। गर्मी के इस मौसम में हीट स्ट्रोक की चपेट में आने का खतरा बढ़ना शुरू हो गया है। स्कूली बच्चों पर भीषण गर्मी में जाना और आना भारी पड़ रहा है। शहर के अधिकांश स्कूलों की टाइमिंग साढ़े सात बजे से एक बजे तक है। सुबह में तो बच्चों के लिए कुछ राहत रहती है। लेकिन दोपहर को स्कूल की छुट्टी होने बाद बच्चे घर को वापस लौटते हैं। तो बच्चों की गर्मी से हालत खराब हो जाती है।

चेहरे पर कपड़ा बांधकर जातीं महिला।

राष्ट्र निर्माण के लिए सभी मतदाता करें मतदान

अमरोहा/सैदनगली, अमृत विचार : भाजपा पसमांदा मुस्लिम मंच के जिला उपाध्यक्ष जैद सिद्दीकी ने कहा कि मतदान करना जरूरी है। स्वयं मतदान करने के साथ हमें सभी को मतदान के लिए जागरूक करना चाहिए। शुक्रवार को अपने मत का प्रयोग करें। मतदान से हमें अपनी इच्छा के अनुसार, जनप्रतिनिधि को चुनने का अधिकार प्राप्त है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र को जीवित रखने के लिए हर वोटर का मतदान में हिस्सा लेना बेहद जरूरी है। अगर हम घर से निकल कर मतदान केंद्र में वोट डालने जाएंगे। तभी हम अपनी पसंद की सरकार बना सकते हैं। मतदान से ही लोकतंत्र मजबूत हो सकता है। अगर हम वोट का सही उपयोग करेंगे तो सही नेता चुन सकते हैं। उधर, अध्यापक सैय्यद अम्मार हैदर ने मतदाताओं से अपील की है कि लोकसभा चुनाव में मतदान अवश्य करें। मतदान करना हर नागरिक की जिम्मेदारी है। अपना मत देना प्रत्येक मतदाता का अधिकार भी है और फर्ज भी है। अपना वोट देकर सांसद चुनें। एक वोट की बहुत कीमत होती है।

मेड़ के विवाद में किसानों के दो पक्षों में मारपीट, पथराव

● गांव एवजाबाद की घटना, कई लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

अमृत विचार : अमरोहा थाना देहात क्षेत्र में खेत की मेड़ के विवाद में दो किसानों के बीच मारपीट हो गई। बाद में दोनों ओर पथराव भी हुआ। इस मामले में कई लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

बताया गया कि एवजाबाद गांव में बृजपाल सिंह और राजपाल सिंह के परिवार रहते हैं। दोनों के खेत की मेड़ एक है। आरोप है कि बृजपाल सिंह के खेत में आए दिन राजपाल सिंह पानी भर देते हैं। बृजपाल ने इसकी शिकायत की तो आरोपियों ने खेत बेचने की बात कही। इसके बाद उसने इसकी शिकायत गांव के लोगों से की। राजपाल सिंह रंजिश से रखने लगे। 12 अप्रैल की शाम 7 बजे बृजपाल सिंह अपने खेत पर जा रहे थे। तभी राज्यपाल ने अपने परिजनों के साथ मिलकर रास्ता रोक लिया और मारपीट की। इस दौरान किसी तरह बृजपाल सिंह जान बचाकर वहां से भाग निकले। इसके बाद आरोपी उनके घर में घुस आए। गाली गलौज की और परिवार के लोगों के साथ मारपीट शुरू कर दी। घटना में बृजपाल सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए। जिसके बाद आरोपियों ने पथराव कर दिया। सूचना मिलते ही पुलिस पहुंच गई। सीओ अंजलि कटारिया ने बताया कि मामले में राजपाल, प्रशांत, कलुआ उर्फ त्रिवेंद्र, दिनेश और उनके परिवार की अन्य सदस्यों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

अब तक 4754 अपराधियों को किया गिरफ्तार

अमरोहा, अमृत विचार: लोकसभा चुनाव को शांति पूर्ण तरीके से संपन्न करने के लिए पुलिस ने अभियान चलाकर अब तक 4754 अपराधियों को गिरफ्तार किया है। इनको कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया है। अभियान के दौरान 16 मार्च से लेकर 23 मार्च तक 4754 अपराधियों को जिले की पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। इन अपराधियों के क्षेत्र में रहने से चुनाव प्रभावित होने की आशंका थी।

जागरूकता | बेसिक स्कूलों की 300 से अधिक शिक्षिकाएं रैली में हुईं शामिल

शिक्षिकाओं ने रैली निकालकर मतदान के प्रति किया जागरूक

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

अमृत विचार : बेसिक शिक्षा परिषद के स्कूलों की शिक्षिकाओं ने बीएसए मोनिका ने नेतृत्व में स्कूटी रैली निकाल कर मतदान की अलख जगाई।

बुढ़नपुर स्थित डायट की प्राचार्या रीतू गोयल ने बुधवार सुबह जोया पुलिस चौकी के पास से हरी झंडी दिखाकर स्कूटी रैली को रवाना किया। रैली में बीएसए मोनिका और गंगेश्वरी की खंड शिक्षा अधिकारी आरती गुप्ता ने स्कूटी चलाई। इनके साथ करीब 300 से अधिक बेसिक स्कूलों की शिक्षिकाएं रैली में शामिल रहीं। रैली एसपी कार्यालय, कलेक्ट्रेट, गांधी मूर्ति तिराहा, आजाद रोड होते हुए रामलीला मैदान में पहुंच कर संपन्न हुई। रामलीला मैदान के मंच से डायट प्राचार्या रीतू गोयल ने मतदान के महत्व पर रोशनी डालते हुए सभी को मतदान की शपथ दिलाई। बीएसए ने भी सभी को मतदान करने और कराने के लिए प्रेरित किया। इससे पूर्व जोया अमरोहा चौराहे पर बेसिक शिक्षा विभाग की टीम ने नुक्कड़ नाटक मतदान प्रस्तुत कर आमजन को मतदान के लिए प्रेरित किया। टीम में शिक्षिका शालिनी आर्या, अंशजिया, मंजू, विशाखा, संगीता, कंचन मलासी शामिल रहीं।

स्कूटी रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना करतीं डायट प्राचार्या रीतू गोयल। ● अमृत विचार

रोड किनारे झाड़ियों में आग से हड़कंप

गजरौला,अमृत विचार: सलेमपुर गोसांई मार्ग पर सड़क किनारे झाड़ियों में बुधवार दोपहर अचानक आग लग गई। हवा तेज होने की वजह से आग की लपटें तेज हो गईं। आसपास मौजूद किसानों में हड़कंप मच गया। किसानों ने किसी तरह आग पर काबू पाया।

आशंका जताई जा रही है कि किसी राहगीर के जलती बीड़ी फेंकने के चलते झाड़ियों में आग लगी थी। तेज हवा चलने की वजह से आग कुछ ही देर में बढ़ गई और गेहूं के खेत की तरफ बढ़ने लगी। किसानों ने बमुश्किल आग पर काबू पाया। उधर, तेज धूप के बीच जिले में गेहूं की फसल में आग लगने की घटनाएं हो रही हैं। इससे किसानों को काफी नुकसान हो रहा है।

बरेली इंटरनेशनल विश्वविद्यालय
प्रवेश प्रारम्भ
सत्र : 2024-25
Accreditations, Affiliations & Approvals
University Grants Commission of India | Medical Council Of India | Dental Council of India | Pharmacy Council of India | Indian Nursing Council | Uttar Pradesh Nursing & Midwives Council | Association of Indian Universities | Uttar Pradesh State Medical Faculty
प्रस्तुत पाठ्यक्रम
CUET (UG/PG) स्कोर स्वीकृत और CUET (UG/PG) में सूचीबद्ध
मेडिकल साइसेंज
एमएससी मेडिकल (एनाटॉमी/बायोकेमिस्ट्री/माइक्रोबायोलॉजी/फार्माकोलॉजी/फिजियोलोजी)
डेन्टल साइंसेज
डिप्लोमा - डेंटल हाइजिनिस्ट/डिप्लोमा - डेंटल मैकेनिक्स
नर्सिंग विज्ञान
एएनएम/जीएनएम/बीएससी नर्सिंग/पोस्ट बेसिक बीएससी नर्सिंग/निर्स प्रक्टिशनर इन क्रिटिकल केयर (NPPCC)/ एमएससी नर्सिंग (मेडिकल सर्जिकल/चाइल्ड हेल्थ/मेंटल हेल्थ/अब्स्टेट्रिक्स एवं गायनेकोलॉजिस्ट)
फार्मेसी
डी. फार्मा/बी. फार्मा/एम फार्मा (फार्माकोलॉजी/फार्मास्यूटिक्स)
पैरामेडिकल साइंसेज
डिप्लोमा इन मेडिकल लैब तकनीशियन (DMLT)/डिप्लोमा इन एक्स-रे तकनीशियन/डिप्लोमा इन डायलिसिस तकनीशियन/ डिप्लोमा इन इमरजेंसी और ट्रामाकेयर/डिप्लोमा इन एम आर आई तकनीशियन/बैचलर इन फिजियोथेरेपी (BPT)/ बैचलर इन मेडिकल लेबोरेटरी (BMLT)/बैचलर ऑफ रेडियोलॉजी एंड इमेजिंग टेक्नोलॉजी (BRIT)/बीएससी (ऑप्टोमेट्री)
फोरेंसिक साइंसेज
बीएससी फोरेंसिक विज्ञान
मैनेजमेंट एंड कॉमर्स
बी.कॉम (ऑनर्स)/बीबीए (Finance & Texation)/बीसीए (आईटी और मल्टीमीडिया)/एम.कॉम (ऑनर्स)/मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन (MBA)/मास्टर ऑफ हॉस्पिटल एडमिनिस्ट्रेशन (MHA)/मास्टर ऑफ पब्लिक हेल्थ (MPH)
ह्यूमैनिटीज एंड जर्नलिज्म
बी.ए (पत्रकारिता)/बी.ए (जनसंचार)/एम.ए (अंग्रेजी)/एम.ए (मनोविज्ञान)/एम.ए (पत्रकारिता)/एमए (जनसंचार)
योगा एंड नेचुरोपैथी
पीजी डिप्लोमा इन योगा एंड नेचुरोपैथी (PGDYN)
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें - 9105500202, 9105500404, फोन-0581-2526153, 051, 053
पता : एडमिशन सेल, एडमिनिस्ट्रेटिव ब्लॉक, बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज कैंपस, बरेली, पिन कोड-243006 (उ.प्र.)
E-mail : admission@biu.edu.in

अमृत विचार
www.amritvichar.com

प्रियो भवति दानेन प्रियवादेन चापर : ।
मन्त्रमूलबलेनान्यो य : प्रिय : प्रिय एव स : ॥

कोई पुरुष दान देकर प्रिय होता है, कोई मीठा बोलकर प्रिय होता है, कोई अपनी बुद्धिमानी से प्रिय होता है ; लेकिन जो वास्तव में प्रिय होता है ,वह बिना प्रयास के प्रिय होता है।

संपादकीय

वैश्विक सुरक्षा के लिए खतरा

सेंट पीटर्सबर्ग में एक कार्यक्रम में रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने बुधवार को कहा कि अंतर्राष्ट्रीय आतंकवाद 21वीं सदी के सबसे गंभीर खतरों में से एक बना हुआ है। वास्तव में अंतर्राष्ट्रीय आतंकवाद वैश्विक सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण खतरा है जिसे जल्द से जल्द हल करने की आवश्यकता है। विश्व राजनीति आज तेजी से आतंकवाद की चपेट में आ रही है। इंटरनेट और सोशल मीडिया समाज को अस्थिर करने के लिए दुष्प्रचार, कट्टरपंथ और साजिश के सिद्धांत फैलाने के लिए आतंकवादियों और आतंकवादी संगठनों के उपकरण बन गए हैं। सवाल है कि 21वीं सदी में लोकतंत्र, सुशासन, विकास और राष्ट्रों की सुरक्षा के लिए उभरते आतंकवाद के खतरे के बारे में क्या किया जाना चाहिए। इसमें कोई संदेह नहीं है कि आतंकवाद की घटनाएं न्याय, लोकतंत्र, सार्वजनिक जवाबदेही, राष्ट्रीय संसाधनों के वितरण और जातीय सहिष्णुता, धार्मिक सहिष्णुता और इसी तरह सत्ता साझा करने के मुद्दों पर बढ़ते समकालीन संघर्षों के साथ बढ़ेंगी। साथ ही सुरक्षा मामलों के लिए जिम्मेदार उच्चस्तरीय अधिकारियों की 12वीं अंतर्राष्ट्रीय बैठक में भाग लेते हुए राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल ने कहा कि भारत आतंकवादियों और अपराधियों द्वारा सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकियों के दुरुपयोग तथा आतंकवाद के वित्तपोषण को रोकने के लिए सहयोग जारी रखेगा। उन्होंने सूचना सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए एक खुले, स्थिर, सुरक्षित, विश्वसनीय और समावेशी ढांचे के लिए अंतर्राष्ट्रीय सहयोग का आह्वान किया।

इस तरह के सहयोग की रूपरेखा में महत्वपूर्ण मुद्दों पर आम समझ विकसित करने में मदद के लिए सरकारों से लेकर निजी क्षेत्र, शिक्षा जगत, तकनीकी समुदायों और सिविल सोसायटी तक सभी हितधारक और नियमित संस्थागत संवाद शामिल हैं। उन्होंने कहा कि उभरती प्रौद्योगिकियों के लिए सुरक्षा मानकों के विकास के माध्यम से समान विचारधारा वाले देशों की क्षमता निर्माण और घरेलू तथा अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर सहयोग के लिए तंत्र का निर्माण भी ऐसे सहयोग का हिस्सा होना चाहिए। अंतर्राष्ट्रीय आतंकवाद के मामले में, प्रासंगिक संधि प्रावधानों का पालन किया जाना चाहिए। साइबर अपराध पर संयुक्त राष्ट्र का समझौता अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर एक महत्वपूर्ण पहल होगा। सूचना सुरक्षा सुनिश्चित करने और विश्वसनीय व समावेशी ढांचा बनाने के लिए अंतर्राष्ट्रीय सहयोग की जरूरत है। सरकारों और समाज को हमेशा आतंकवाद की प्रत्येक घटना का अध्ययन करने और उचित समाधान लागू करने की आवश्यकता है, क्योंकि कहा जाता है कि रोकथाम इलाज से बेहतर है। डिजिटल आतंकवाद की चुनौती को विफल करने के लिए इस खतरे के बारे में सामाजिक जागरूकता भी आवश्यक है।

अस्सी के बाद सत्तर के फेर में भाजपा

नवेद शिकोह
वरिष्ठ पत्रकार

पार्टी इस सच को महसूस कर रही है कि मतदाताओं में मतदान का उत्साह ना होना उसके लिए घातक हो सकता है। पिछले दस वर्ष का रिकार्ड देखिए तो कई चुनावों में जितना-जितना वोट प्रतिशत बढ़ा है उसी अनुपात से भाजपा की सीटों में इजाफा हुआ है। विशेषकर यूपी मे बढ़ते वोटिंग का ग्राफ हिन्दुत्व की लहर और ध्रुवीकरण के संकेत देती रही है।

पहले चरण के चुनाव में मतदाताओं का उत्साह ना देख भाजपा में बेचैनी लाजमी है। खासकर यूपी मे अस्सी की अस्सी सीटें जीतने का लक्ष्य असंभव सा दिख रहा, ऐसे में पिछले लोकसभा चुनाव में जीती 64 सीटें बचाने के लिए पार्टी चुनावी रणनीति को नई धार देने में जुट गई है।

पूर्व प्रधानमंत्री नरसिम्हा राव के पुराने बयान में मिर्च-मसाला लगाकर एक चुनावी जनसभा में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का विवादित संबोधन इसकी बानगी है। भाजपा के सबसे बड़े नेता और पीएम के इस बयान को ध्रुवीकरण की कोशिश माना जा रहा है। अंदरखाने की खबरों को मानें तो भाजपा ने यूपी में अस्सी की आस छोड़कर 65-70 का लक्ष्य तय करके अपनी जीती सीटों की संख्या को बर्करार रखने के लिए संगठन, कार्यकर्ताओं और पन्ना प्रमुखों को कुछ नए दिशा निर्देश दिए हैं। खासकर इस बात पर जोर दिया गया है कि दूसरे चरण के चुनाव से सत्तर प्लस प्रतिशत वोटिंग हो। इस लक्ष्य को पूरा करने के लिए बूथ संभालने वाले नेताओं-कार्यकर्ताओं को अधिक से अधिक मतदान के लिए आम जनमानस को वोट डालने के लिए प्रेरित और जागरूक करने की हिदायत दी गई है। भाजपा के यूपी संगठन को ये जिम्मेदारी दी गई है कि हर एक कार्यकर्ता दस मतदाताओं को मतदान के लिए घर से बाहर निकालने का लक्ष्य हासिल करे।

पार्टी इस सच को महसूस कर रही है कि मतदाताओं में मतदान का उत्साह ना होना उसके लिए घातक हो सकता है। पिछले दस वर्ष का रिकार्ड देखिए तो कई चुनावों में जितना-जितना वोट प्रतिशत बढ़ा है उसी अनुपात से भाजपा की सीटों में इजाफा हुआ है। विशेषकर यूपी मे बढ़ते वोटिंग का ग्राफ हिन्दुत्व की लहर और ध्रुवीकरण के संकेत देती रही है।

लोकसभा चुनाव शुरू होने से पहले पूरी तरह से देश में भाजपा के पक्ष में माहौल दिख रहा था। पहले चरण में वोट प्रतिशत गिरने के बाद लगने लगा कि देश की जनता इतनी भगवामय नहीं है जितना माना जा रहा था। बताते चलें कि विभिन्न टीवी चैनलों और सर्वे एजेंसियों ने भी ओपिनियन पोल में भाजपा को भारी बहुमत से जीतने और अपने लक्ष्य के करीब होने की संभावना जताई थी।

इंडिया गठबंधन की बुनियाद रखने वाले और देशभर के विपक्षी दलों को एकजुट करने की कवायद में आगे बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का पलट कर एनडीए का हिस्सा बनने से लेकर पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस का अकेले लड़ना। पंजाब में कांग्रेस और आप का अलगाव, रालोद के जयंत चौधरी का एनडीए में चला जाना, अपना दल (कमेरावादी) की पल्लवी पटेल द्वारा असद्दुदीन ओवेसी की एआईएमआईएम के साथ चुनाव लड़ने का फैसला.. जैसे बिखराव के बाद विपक्षी खेमा एनडीए के आगे बौना लग रहा था। किंतु यूपी में इंडिया गठबंधन खास कर सपा ने बेहद कम मुस्लिम और अधिक पिछड़ों को टिकट देकर चुनाव को जातिगत बनाने की रणनीति तय की, और ध्रुवीकरण के रास्ते बंद करने का रणनीति तय की।

चुनावी आग़ाज़ में ही यूपी-बिहार जैसी हिन्दी पट्टी में भी कम वोट पड़ना और भी घातक है। क्योंकि उत्तर भारत का जनाधार भाजपा की सबसे बड़ी ताकत है। दक्षिण में जो नुकसान होता है उत्तर उसे कवर कर लेता है। खासकर योगी के सुरक्षा का बुल्डोजर मॉडल, राममंदिर की उपलब्धि, प्राण प्रतिष्ठा का भव्य-दिव्य कार्यक्रम और काशी-मथुरा वाले यूपी से तो बहुत ज्यादा उम्मीद है। यहां पश्चिमी उत्तर प्रदेश से चुनाव का आरंभ हुआ। अस्सी की अस्सी सीटें जीतने के लक्ष्य वाली भाजपा को अनुमान था कि यहां बंपर वोटिंग के साथ भगवा के प्रति उत्साह दिखेगा। अतीत में जाइए तो मुजफ्फरनगर के सांप्रदायिक दंगे और कैराना में पलायन की खबरों के बाद भाजपा को अप्रत्याशित लाभ हुआ था। किसानों और जाट समाज के इस गढ़ में मुस्लिम समाज की भी बड़ी तादाद है। दस वर्ष पूर्व यहां से शुरू हुआ ध्रुवीकरण पूरे यूपी में और फिर देश के कई राज्यों में फैल गया था। 2024 में उम्मीद और भी बढ़ गई। राम मंदिर का मिशन पूरा होने की सफलता के बाद काशी-मथुरा ने हिंदुत्व की लहर और ध्रुवीकरण की आशा बढ़ा दी। साथ काफी समय के बाद भाजपा की ताकत में चार चांद लगाने के लिए किसान और जाट समाज में पकड़ रखने वाले राष्ट्रीय लोकदल के जयंत चौधरी एनडीए का हिस्सा बन गए हैं। यही सब कारण भाजपा का पलड़ा भारी होने के संकेत दे रहे थे।

इंडिया गठबंधन की बुनियाद रखने वाले और देशभर के विपक्षी दलों को एकजुट करने की कवायद में आगे बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का पलट कर एनडीए का हिस्सा बनने से लेकर पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस का अकेले लड़ना। पंजाब में कांग्रेस और आप का अलगाव, रालोद के जयंत चौधरी का एनडीए में चला जाना, अपना दल (कमेरावादी) की पल्लवी पटेल द्वारा असद्दुदीन ओवेसी की एआईएमआईएम के साथ चुनाव लड़ने का फैसला.. जैसे बिखराव के बाद विपक्षी खेमा एनडीए के आगे बौना लग रहा था। किंतु यूपी में इंडिया गठबंधन खास कर सपा ने बेहद कम मुस्लिम और अधिक पिछड़ों को टिकट देकर चुनाव को जातिगत बनाने की रणनीति तय की। इधर पश्चिमी उत्तर प्रदेश में ऐन चुनाव से पहले क्षत्रिय समाज द्वारा पंचायत कर भाजपा पर अनदेखी का आरोप लगाकर विपक्ष द्वारा जाति की राजनीति की मंशा को हवा दे दी। और फिर सैनी समाज, त्यागी समाज और अन्य जातियों की भी सत्तारूढ़ दल से नाराजगी की थोड़ी बहुत सुगबुगाहट नजर आने लगी। दूसरी तरफ हाशिए पर पड़ी बसपा भी मौजूदा चुनाव में मजबूती से लड़ती नजर आ रही। राजनीति परिपक्वता दिखाते हुए बसपा सुप्रीमो मायावती ने इस बार टिकट वितरण में ना सिर्फ सपा-कांग्रेस (इंडिया गठबंधन) को ही घेरा बल्कि भाजपा की भी मुश्किल बढ़ा दी। इस तरह बी टीम की तोहमत से बच कर बसपा अपना पारंपरिक वोट बैंक वापस लाने में हर संभव प्रयास कर रही है। ये कोशिश भी भाजपा भी भाजपा के माथे पर पसीना ला सकती है।

कुल मिलाकर पहले चरण के बाद भी यदि इस गर्मी में भी हिन्दुत्व एवं ध्रुवीकरण में गर्मी पैदा नहीं हुई और चुनाव माहौल ठंडा ही रहा, वोट प्रतिशत नही बढ़ा, प्रधानमंत्री के बयान से भी ध्रुवीकरण नहीं हुआ और जाति की राजनीति का असर फिर दिखाई दिया ये तो ये चुनाव एक तरफा नहीं बल्कि आमने-सामने का होगा।

प्रसंगवश

इस बार का सन्नाटा

सन 1951, मुझे अपने बचपन की याद है, जब किशोरी रमन कॉलेज की फील्ड में पंडित जवाहरलाल नेहरू आए थे। गली मोहल्ले के नर नारी टोल के टोल बना कर बड़े चाव से वहां पंहुचे थे। मेरी बुआ मुझे अपने साथ ले गई थी वहां मैंने अपने मोहल्ले के गोविंद रसिकजी को पहचान लिया था। गोविंद रसिक जी ने हम लोगों को मंच के नीचे बैठा दिया था और कुछ तो समझ में आना ही नहीं था किंतु वहां से मैंने जवाहरलाल नेहरू को देखा और इतनी बड़ी सभा पहली बार देखी।

डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

यह भारत के जनतंत्र का पहला चुनाव था। तब से लेकर अब तक जितने भी चुनाव हुए हैं, वे सब मेरी यादों में हैं। मैं बालक ही था, जब अटलजी मथुरा से चुनाव लड़े थे। शरद नामका मेरा सहपाठी मुझे बतलाया करता था कि कौन सी पार्टी अच्छी है। मोहल्लों में तान के अखाड़े खड़े होते थे और बाजार में डंडे शाही निकलती थी। एक लाइन याद है, पता नहीं, वह कौन से प्रत्याशी की ओर से गाई गई थी-पक्का इरादा कर के अखाड़े में कूदे हैं कस के लंगोट।/ हिम्मत से सब को हरा के दिखा देंगे आवेगी जो कोई जोट।

पार्टी में तो किसी में गया नहीं, गृहस्थी का भार था, किंतु बालकपन से लेकर अब तक जनतंत्र की इस प्रक्रिया का साक्षी जरूर रहा। जनता पार्टी बनी थी, तब राम राम की जगह जय जनता की, अभिवादन पद बन गया था। लोग मिलते थे, जय जनता की।

सन 2024 के चुनाव को भी देख रहा हूं। आज भरोसा कोई करे भी तो किस पर करे? बात तो ठीक है, सबको देख लिया है। किंतु समष्टिभाव और समष्टि प्रक्रिया पर तो विश्वास है ही। इसलिए सोच लेता हूं कि जो भी होगा, अच्छा ही होगा। लेकिन एक अंतर देख रहा हूं। अबकी बार लोग चुप हैं। मीडिया में जो कोलाहल हो रहा है, उसे तो सभी देख ही रहे हैं। लेकिन गली मोहल्ले में, पार्क में लोग मिलते तो हैं, लेकिन खुल कर कुछ भी नहीं कहते। वह चख-चख जो घर के चबूतरे पर ही हो जाती थी, कॉलोनी के दस नर नारी ठुरक कर अपनी बात कह कर जाते थे, अबकी बार कहां है? पार्टी जन की बात नहीं कर रहा, लेकिन लोकसभा के चुनाव में ऐसा सन्नाटा पहली बार देख रहा हूं।

'छिपा पाठ्यक्रम' और उसमें निहित संदेश

'रिक्शा चालक की बेटी बनी टॉपर, 'मज़दूर का बच्चा विद्यालय में अव्वल, 'किसान के बेटे ने गणित में पाए सौ में सौ' जैसे कितने ही शीर्षक किसी भी परीक्षा का परिणाम आने पर हम सबकी निगाहों से गुज़रते हैं। इनका निहितार्थ किसी विषम अथवा चुनौतीपूर्ण परिस्थिति में अर्जित की गई सफलता के प्रति पाठकों का ध्यान आकृष्ट करना होता है। लेकिन इनमें अनचाहे रूप से एक दूसरा संदेश भी छिपा रहता है कि अमुक पेशा, व्यवसाय या परिस्थिति में उक्त सफलता अनपेक्षित है। यह संदेश प्रायः अनचाहे या अनपेक्षित होते हैं जो छिपे पाठ्यक्रम (हिडन करिकुलम) का हिस्सा होते हैं।

डॉ. अवनीश यादव
प्रान्तीय शिक्षा सेवा संवर्ग, उ.प्र.

विद्यालय स्तर पर, विशेषकर सह शिक्षा वाले विद्यालयों में दिए जाने वाले निर्देशों में जेंडर विभेद अक्सर पाया जाता है। जैसे छात्राओं को 'बेटा' कहकर संबोधित करना।

नब्बे के दशक के अंतिम बरसों में उत्तर प्रदेश में प्रारंभिक स्तरीय पाठ्य पुस्तकों की समीक्षा, संशोधन व परिवर्धन का कार्य संचालित था। उन्हीं दिनों समीक्षा के दौरान यह बिंदु उभर कर आया कि पाठ्य सामग्रियों में कई अंश छिपे पाठ्यक्रम (हिडन करिकुलम)की तरह मौजूद हैं जो पठन-पाठन के समय अनचाहा संदेश दे सकते हैं। ऐसे कई अंश वाक्यों के रूप में भी थे, जैसे- 'वह महिला होते हुए भी बहादुर थी, 'वह गरीब होते हुए भी ईमानदार था' या कि 'वह सेठ होते हुए भी दयालु था'

औपचारिक एवं अनौपचारिक चर्चा-वार्ताओं में मौजूद इस प्रकार की धारणाएं प्रायः 'हिडन करिकुलम' की तरह समाज में प्रसारित होती रहती हैं और इनका प्रयोग विभिन्न शब्दावलियों, वाक्य-विन्यासों और देहभाषाओं के रूप में प्रचलित होता जाता है। बहुधा इन धारणाओं के मूल में नकारात्मक पूर्वाग्रह अधिक होते हैं।

अपवाद स्वरूप ही सही, यह पूर्वाग्रही धारणाएं कतिपय कक्षाओं में भी पहुंचती हैं। जहां परस्पर विद्यालयीय क्रियाकलापों में कदाचित, 'तुम क्या पढ़ोगे, एकदम गदहा हो' से लेकर पुश्तैनी काम - धंधों पर टिप्पणी जैसे वाक्यों का प्रयोग सामने आता है। पाठ्यवस्तु में भी यदा-कदा इस प्रकार के अंशों के होने से बच्चों के व्यक्तित्व पर इनका नकारात्मक प्रभाव पड़ता है जो उनके विद्यालय से पलायन का बड़ा कारण बन जाता है। इसलिए आवश्यक है कि इस 'हिडन करिकुलम' पर विद्यालय स्तर से ही विशेष ध्यान दिया जाए।

प्रतिभा किसी क्षेत्र, वर्ण अथवा संप्रदाय विशेष की पूंजी नहीं होती बल्कि सहज रूप से हर बच्चे में मौजूद होती है। हां, यह ज़रूर है कि सीखने -सिखाने की अनुकूल परिस्थितियां एवं एक्सपोज़र उसे तराशने में प्रमुख भूमिका निभाते हैं। स्वाभाविक ही है कि प्रतिभा को तराशने की इस प्रक्रिया का प्रमुख केंद्र विद्यालय ही होते हैं। ऐसे में यह आवश्यक हो जाता है कि विद्यालय से जुड़ा हर घटक यह सुनिश्चित करे कि बच्चे बिना किसी आरोपित आग्रह या पूर्वाग्रह के अपनी स्वाभाविक गति से आगे बढ़ें।

इसके लिए सबसे ज़रूरी यह है कि विभिन्न क्रियाकलापों के दौरान दिए जा रहे निर्देशों, चर्चा -परिचर्चा, प्रस्तुतीकरण तथा परस्पर संवाद की भाषाशैली और भाव-भंगिमाओं पर विशेष ध्यान दिया जाय। ऐसी किसी भी शब्दावली, संकेत या भाव-भंगिमा का प्रयोग न किया जाय जिसका निहितार्थ प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से बच्चे की निजता को ठेस पहुंचाए या उसे हतोत्साहित करे। किसी भी बच्चे के जीवन को आकार देने में भाषा विशेष भूमिका निभाती है। अतः यह आवश्यक है कि हमारी सामान्य बातचीत या संवाद के दौरान ऐसी शब्दावली या वाक्यों का प्रयोग न हो जिनमें अनचाहे संदेश छिपे हों।

विद्यालय स्तर पर, विशेषकर सह शिक्षा वाले विद्यालयों में दिए जाने वाले निर्देशों में जेंडर विभेद अक्सर पाया जाता है। छात्राओं को 'बेटा' कहकर संबोधित करना, निर्देशों का अधिकांशतः पुल्लिंग शब्दों में होना जैसी स्थितियां सामान्य मानी जाती हैं। विद्यालयीय क्रियाकलाप किसी न किसी लिखित औपचारिक पाठ्यक्रम का अंग होते हैं। जिसके क्रम में विद्यार्थी सीखने के विभिन्न अनुभवों द्वारा अपने ज्ञान का निर्माण करते हैं। छिपा हुआ पाठ्यक्रम (हिडन करिकुलम) स्कूली पाठ्यचर्या का वह अलिखित, अनौपचारिक और बहुधा अनपेक्षित हिस्सा होता है जिसे बच्चे औपचारिक पाठ्यक्रम के साथ साथ ग्रहण करते रहते हैं। यह हिस्सा सकारात्मक भी हो सकता है और नकारात्मक भी। पर यह तब चिंताजनक हो जाता है जब इसके निहितार्थ नकारात्मक होते हैं और बच्चे के व्यक्तित्व पर अवांछित असर डालते हैं। विद्यालय वह उचित प्लेटफ़ॉर्म है जहां इसके नकारात्मक पक्षों को कम या दूर किया जा सकता है। अतः आवश्यक है विद्यालयीय व्यवस्था से जुड़े समस्त हितधारक इस ओर विशेष ध्यान दें।

सोशल फोरम

ब्रांडेड जमाना

फ़िल्म थ्री इडियट का एक दृश्य है जिसमे आमिर खान करीना कपूर के भावी पति के बारे में करीना से कहता है कि उसके पति को अपनी घड़ी और जूतों पर बड़ा गुमान है। और उनको लेकर वह थोड़ा दिखावा करता है। और एक घटना से वो इसे साबित भी कर देता है।

आजकल जब कुछ लोगों को देखता हूं तो वो मुझे करीना के पति समान दिखते हैं। चलते फिरते ब्रांडेड शोरूम। सर से लेकर पैर तक पूरे ब्रांडेड। इधर बड़े अजीब अजीब से समाचार पढ़ने को मिलते हैं। एक सीजन में कोई खिलाड़ी हिट हुआ या किसी एक्टर की एकाध फ़िल्म हिट हो गई तो चार पांच सौ करोड़ उसकी नेटवर्थ तो यूं ही हो जाती है। इतने करोड़ का बंगला, इतने करोड़ की कारें तो बड़े सामान्य से समाचार हो जाते हैं। ज्यादा कमाया तो अपना प्राइवेट जेट भी संभव है।

तजिंदर सिंघ
जमशेदपुर, झारखंड

मैं किसी की कमाई के विरुद्ध नही हूं। लेकिन 80 करोड़ को 5 किलो अनाज वाले देश मे कुछ लोगों को इतना पैसा थोड़ा आंखों में चुभता है। वैसे इसके लिए भी हम आम जन जिम्मेवार हैं। क्योंकि हम ही उनकी जेबें भरते हैं। आईपीएल जैसे तमाशे में जनता लुटा रही है और कुछ लोग कमा रहे हैं। यही हाल हीरो हेरोइन को सर पर बैठाने वालों का भी है। किसी जमाने में तीन से चार रुपये की जगह आज 4 से 5 सौ रुपये देकर फ़िल्म देख रहे हैं तो एक ही हिट फ़िल्म से अथाह पैसा बनाना कोई बड़ी बात नहीं। आज एक फ्लॉप फ़िल्म भी अपनी लागत से ज्यादा कमा लेती है। और उसके हीरो हेरोइन भी। अब ऐसे धनाढ्य लोगों की जमात के ईगो को संतुष्ट करने के लिए ब्रांड बने हुए हैं। अरमानी का सूट हो, गुची के जूते हों। वैसे अब तो गुची भी गरीब पहनते हैं। मेरे एक मित्र का बेटा प्री वेडिंग शूट के लिए मालद्वीप गया। भाई यहां हीरो हीरोइन अपनी शादी के अधिकार बेच लाखों कमा रहे हैं और उनकी नकल कर हम लाखों गवां रहे हैं।

आप और हम मध्यम वर्गीय लोग ये सब सुन हैरान भले हों लेकिन अपनी हैसियत भर हमारे भी नखरे हैं और हमारे भी अपने ब्रांड हैं। **-फेसबुक वॉल से**

राजनैतिक सत्ता संपूर्ण सामाजिक प्रगति की कुंजी

लोकतंत्र के महापर्व में संपूरण देश चुनावी रंग में सराबोर है। सभी दलों के घोषणा पत्र सभी जनों को आकर्षित करने वाले हैं। पहले भी होते रहे हैं लेकिन क्या जनता परीक्षक की भूमिका में है। परीक्षण कर वोट देना सबको आ गया है या हर बार की तरह पिछली गारंटी पूरी न करने वाले नई गारंटी देने वाले दलों के समक्ष मजबूर है। मतदाता उन्हीं में से जो अच्छा लुभा ले जाये के बहाव में।

सुरेन्द्र सोनकर
सामाजिक चिंतक

आंबेडकर ने अपने ओजस्वी भाषण में कहा राजशक्ति ही सामाजिक उन्नति की कुंजी है। इसलिए अनुसूचित जातियों को चाहिए वे अपनी प्रगति के लिए संगठित हों और सत्ता पर काबिज हों।

25 अप्रैल 1948 को लखनऊ में शेड्यूल कास्ट फेडरेशन का पांचवां अधिवेशन था, जिसमें मुख्यातिथि के रूप में भारत के कानून मंत्री डॉ.बी आर आंबेडकर आमंत्रित किए गए थे। तब उत्तर प्रदेश को संयुक्त प्रांत कहा जाता था। मुख्यमंत्री तब पंडित गोविंद बल्लभ पंत थे। उस अधिवेशन में उन्होंने भी शिरकत की थी। हालांकि डॉ आंबेडकर उस तिथि से पहले दो बार और भी लखनऊ आए थे। एक बार लोथियन समिति के सदस्य के रूप में बारह वर्ष पूर्व लखनऊ आए थे। प्रत्येक बार वे लखनऊ के रिसालदार पार्क बुद्ध विहार में रुके। बुद्ध विहार के मुख्य कर्ता-धर्ता महेथरा बोधानन्द जी थे जो कि त्रिपटक के महाविद्वान थे। इस अधिवेशन की सफलता के पीछे उनका हाथ था। वे पिछड़ा वर्ग के सदस्य रहे, जिनका कहना था आसमान व्यवस्था को चौरस करके ही दम लूंगा। हालांकि व्यवस्था अभी भी चौरस नहीं हुई है पिछड़ा वर्ग के सदस्य रहे शिवदयाल चौरसिया अध्यक्ष समता सैनिक दल के गोपीचंद पिम्पल, कन्हैया लाल सोनकर, गयाप्रसाद तिलक चंद कुरील, अखिल भारतिय फेडरेशन के महासचिव पी एन राजभोज, मेवालाल सोनकर, बुद्धदास चौधरी इन सबके अतिरिक्त जागरूक पिछड़े वर्ग व अनुसूचित जाति के कार्यकर्ताओं की वजह से उस समय एक लाख के आसपास लोग उपस्थित हुए थे। इसके पीछे एक वजह थी, शेड्यूल कास्ट फेडरेशन ने एक वर्ष पूर्व ही अनुसूचित जातियों ने हितों की अनदेखी पर आंदोलन किया था। पुलिस ने लगभग दो हजार कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार किया था।

शिवदयाल चौरसिया ने डॉ.आंबेडकर से पूछा संविधान में पिछड़े वर्गों के लिए क्या है? आंबेडकर ने कहा जिस दिन पिछड़े और वंचित वर्ग के लोग एक साथ आ जाएंगे, तब हमारे लोगों के साथ अन्य लोग भी गौरान्वित महसूस करेंगे। आंबेडकर ने काफी प्रयास के साथ भारतीय संविधान के अनुच्छेद 340 में पिछड़े वर्गों की जानकारी उनकी स्थिति उनकी भागीदारी एवं उत्थान के लिए एक कमीशन बनाए जाने का प्रावधान किया था जिसके तहत तत्कालीन प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू ने काका कालेलकर आयोग गठित किया था।

25 अप्रैल 1948 को लखनऊ उत्तर प्रदेश शेड्यूल कॉस्ट फेडरेशन के सालाना अधिवेशन में डॉ. आंबेडकर ने जो भाषण दिया, जिसकी गर्माहट ने दिल्ली में पंडित नेहरू और पटेल को विचलित कर दिया लेकिन जिन लोगों के लिए आंबेडकर जोखिम लेकर संदेश दिया वे समाज या राजनीतिक नुमाइंदे आज तक नहीं समझे। नेहरू व पटेल ने अम्बेडकर को पत्र लिखकर नाराजगी व्यक्त की थी। आंबेडकर द्वारा स्पष्टीकरण का सिलसिला चलता रहा।

आंबेडकर ने अपने ओजस्वी भाषण में कहा राजशक्ति ही सामाजिक उन्नति की कुंजी है। इसलिए अनुसूचित जातियों को चाहिए वे अपनी प्रगति के लिए संगठित हों और सत्ता पर काबिज हों। ऐसे में कांग्रेस व समाजवादी पार्टियों के बीच सत्ता संतुलन में ही उनका कल्याण होगा। कांग्रेस एक जलता हुआ मकान है। उन्हें कोई ताज्जुब नहीं कुछ वर्षों में नष्ट होने के कगार पर पहुंच जाए। डॉ. आंबेडकर ने कहा पिछड़े वर्ग व दलित वर्ग मिलकर देश की बहुसंख्यक आबादी होते हैं। वे मिल जाएं तो इस देश पर राज कर सकते हैं। भारत का मेहनतकश समाज देश के विकास में सहयोगी है। आजादी के अमृत काल तक कितना बदलाव आया है। यह आज भी सवाल है। आंबेडकर ने अपने ओजस्वी भाषण में कहा राजशक्ति ही सामाजिक उन्नति की कुंजी है। इसलिए अनुसूचित जातियों को चाहिए वे अपनी प्रगति के लिए संगठित हों और सत्ता पर काबिज हों। ऐसे में कांग्रेस व समाजवादी पार्टियों के बीच सत्ता संतुलन में ही उनका कल्याण होगा। हालांकि कांग्रेस आज बदलाव के मार्ग पर है। वह जाति जनगणना की पक्षधर है। पिछड़े दलितों की भागीदारी पर भी चिंतित है। राहुल गांधी के बयानों में जब तब दिखता है। आंबेडकर के बाद बहुजन समाज पार्टी उभरी भी उत्तर प्रदेश के सत्ता तक पहुंची। आज स्थिति सोचनीय है समाजवादी पार्टी भी सत्ता का स्वाद चख चुकी है। प्रदेश में मुख्य विपक्षी दल है लेकिन कुछ निर्णय ऐसे हुए दलित समाज नाराज हुआ लेकिन आज समाजवादी पार्टी के प्रमुख भी समझे हैं, आंबेडकर व लोहिया की विचारधारा स्थापित करना चाहते हैं। सबको समुचित भागीदारी की बात भी कर रहे हैं। चुनाव की बेला में आंबेडकर का बयान 25 अप्रैल 1948 वाला आज भी बहुजनों में एकता के लिए प्रसांगिक है।

बढ़ती आर्थिक असमानता

इन दिनों देश में बढ़ रही गैर बराबरी की चर्चा जोरों पर है, हाल ही में वर्ल्ड इनेक्वलिटी लैब ने जो आंकड़े पेश किए वो बेहद चौकाने वाले है, इनसे पता चलता है कि मात्र एक फीसदी लोगों के पास देश की संपत्ति का 40 प्रतिशत हिस्सा मौजूद है। रिपोर्ट के अनुसार 2014-15 से 2022-23 के मध्य आय में असमानता सबसे तेजी से बढ़ी है। देश में अरबपतियों की संख्या निरंतर बढ़ रही हे नए आंकड़ों के अनुसार यह संख्या अब 259 हो गई है। यह रफ्तार कई अन्य देशों के मुकाबले कहीं ज्यादा है लेकिन वहीं दूसरी ओर 72 करोड़ से ज्यादा लोग मात्र 6000 रूपये मासिक आय पर अपना गुजारा करने को मजबूर हैं। आमदनी की असमानताओं में सिर्फ साउथ अफ्रीका और ब्राजील ही आगे हैं, यह भी बताना जरूरी है कि 1991 में जब वैश्विक उदारीकरण शुरू हुआ इस समय केवल एक भारतीय 1 अरब डालर से ज्यादा संपत्ति का मालिक था, किंतु पिछले चंद वर्षो में भारत में असमानता ब्रिटिश राज के समय से भी ज्यादा हो गई है। 2014 से 2023 के मध्य जहा आम आदमी की औसत आय 27.8 प्रतिशत बढ़ी है। वहीं चंद पूंजीपतियों की आय में 280 प्रतिशत का इजाफा देखने को मिला है, यह असीमित बढ़ोतरी ही अमीर गरीब की असमानता का मुख्य कारण है। गैर बराबरी तीन तरह की बताई जाती है, एक खपत में, दूसरी आय में और तीसरी वेल्थ में। इस आसमान पूंजी के बंटवारे को केवल क्रोनी केपिटालिज्म का विकास ही कहा जा सकता है, देश का चहुंमुखी विकास तो कतई नहीं। चहुंमुखी विकास के लिए और आर्थिक असमानता को दूर करने के लिए रोजगार के अवसर बढ़ाने होंगे महिलाओं की सीमित भागीदारी को बढ़ाना ही होगा। 85 प्रतिशत तक छोटे मझौले किसानों की आय को बढ़ाने की जरूरत होगी, माइक्रो सेक्टर की आमदनी बढ़ानी होगी, शिक्षा और स्वास्थ्य को बेहतर बनाना होगा ताकि लेबर प्रोडक्टिव हो सके, कर्मचारियों की रियल सेलरी में बढ़ोतरी की जरूरत होगी। क्योंकि जो ग्रोथ हो रही है उसका लाभ सिर्फ उद्योग जगत तक सीमित है और यही कारण आर्थिक असमानताएं बढ़ रही है। इस महत्वपूर्ण मुद्दे को ध्यान में रख कर आर्थिक नीतियों में बड़े परिवर्तन की जरूरत होगी।

संजीव मेहरोत्रा
बरेली

पश्चिमी उत्तर प्रदेश से शुरू हुए लोकसभा चुनाव के पहले चरण में कम मतदान से उपजी आशंकाओं को पीछे छोड़कर भाजपा की अगुवाई वाले एनडीए और कांग्रेस-सपा के इंडिया गठबंधन के साथ बहुजन समाज पार्टी ने अब प्रदेश में दूसरे चरण की उन आठ सीटों पर मुकाबले के लिए कमर कस ली है, जिन पर 26 अप्रैल को वोट डाले जाने हैं। इन आठ सीटों में पिछले 2019 के चुनाव में भाजपा ने सात सीटों मेरठ, बागपत, गाजियाबाद, गौतमबुद्ध नगर, बुलंदशहर, अलीगढ़ और मथुरा में कमल खिलाया था, जबकि अमरोहा सीट सपा से गठबंधन के चलते बसपा ने जीती थी। इस बार प्रदेश की इन आठ सीटों में से पांच पर जानकार मुकाबला त्रिकोणीय मान रहे हैं। दो सीटों पर भाजपा और सपा के बीच जबकि एक सीट पर भाजपा से बसपा की सीधी टक्कर होने का अनुमान लगाया जा रहा है। प्रदेश में मिशन -80 का लक्ष्य लेकर चल रही भाजपा के लिए यह चरण अगर काफी अहम है, तो कांग्रेस की साख भी चार सीटों पर चुनाव लड़ने के कारण सबसे ज्यादा दांव पर लगी है। सपा के लिए इस चरण में खोने के लिए बहुत कुछ नहीं है, लेकिन बसपा क्या खाता खोलने में कामयाब रहेगी, यह सवाल भी है। लेकिन इससे भी बड़ा सवाल 40 डिग्री पार जाते पारा में कौन अपने ज्यादा से वोट बूथ तक पहुंचा पाएगा, इसकी मशक्कत का भी है। हालांकि चुनाव आयोग मतदान बढ़ाने के लिए लगातार विशेष प्रयास कर रहा है।

जातीय समीकरण और ध्रुवीकरण का दूसरा चरण

91 प्रत्याशी आठ सीटों पर इस बार मैदान में

42 प्रत्याशी हैं दूसरे चरण में करोड़पति

02 वर्तमान सांसद भी आमने-सामने

62% से अधिक हुआ था 2019 में मतदान

मनोज त्रिपाठी

लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में प्रदेश में अमरोहा, मेरठ, बागपत, गाजियाबाद, गौतमबुद्ध नगर, बुलंदशहर, अलीगढ़ और मथुरा संसदीय सीट पर 26 अप्रैल को वोट पड़ेंगे। इन आठ लोकसभा सीटों पर कुल 91 प्रत्याशी मैदान में हैं। इनमें से अमरोहा को छोड़कर बाकी सभी सीटें 2019 में भाजपा ने जीती थीं। अमरोहा सीट सपा और रालोद के साथ गठबंधन के चलते बसपा के खाते में गई थी। इस बार चुनावी समीकरण पिछले चुनाव वाले नहीं हैं। रालोद अब भाजपा के साथ मिलकर चुनावी मैदान में है, तो सपा ने कांग्रेस के साथ गठजोड़ बनाया है। बसपा अकेले दम पर सभी आठ सीटों पर अपनी किस्मत आजमा रही है। भाजपा आठ में से सात सीटों पर चुनाव लड़ रही है। उसने बागपत सीट गठबंधन में शामिल रालोद को दी है। इसके मुकाबले इंडिया गठबंधन में सपा और कांग्रेस चार-चार सीटों पर चुनाव लड़ रही है। कांग्रेस के प्रत्याशी गाजियाबाद, मथुरा, बुलंदशहर, अमरोहा सीट पर मैदान में हैं, जबकि सपा अलीगढ़, बागपत, गौतमबुद्ध नगर और मेरठ सीट पर मुकाबला कर रही है। ऐसे में यह चुनावी चरण भाजपा-रालोद, सपा-कांग्रेस गठबंधन और बसपा की कड़ी परीक्षा लेने जा रहा है, जिसमें भाजपा पिछले चुनाव में मिली जीत का अंतर देखते हुए इस बार भी कमल खिलाने के लिए थोड़ी आश्वस्त नजर आ रही है।

ब्रजवासी किसे कहेंगे राधे-राधे

- मथुरा लोकसभा सीट हाईप्रोफाइल सीट मानी जाती है। इस सीट से हेमा मालिनी भाजपा प्रत्याशी के रूप में लगातार दो बार चुनाव जीत चुकी हैं और इस बार जीत की तिकड़ी लगाने में जुटी हैं। कांग्रेस यहां पिछली बार यहां 20 वर्ष पहले चुनाव जीती थी, जबकि बसपा का इस सीट पर अब तक खाता नहीं खुल पाया है। कांग्रेस ने हेमा मालिनी के मुकाबले दलित समाज के मुकेश धनगर को उतारा है, तो बसपा ने जाट बिरादरी से आने वाले रिटायर्ड आईआरएस अधिकारी सुरेश सिंह पर दांव लगा रखा है। भाजपा की तरफ से अयोध्या और काशी के बाद अब मथुरा की बारी जैसा मुद्दा उछाला जा रहा है। यह सीट जाट बाहुल्य मानी जाती है। जाट वोटों में सेंध लगने से बचाने के लिए धर्मेंद्र से शादी करने के कारण हेमा मालिनी खुद को जाट बता रही हैं। कांग्रेस प्रत्याशी मुकेश धनगर चुनाव ब्रजवासी और अप्रवासी का मुद्दा गर्म करने में लगे हैं और जाट वोट बंटने पर अपनी जीत का रास्ता खोज रहे हैं। जानकार मान रहे हैं कि मथुरा सीट पर बसपा अगर जाट-दलित वोटों को जोड़ने में कामयाब रही तो भाजपा को मुश्किल में डाल सकती है।

भाजपा का वोट प्रतिशत
2019 – 60.77%, 2014 – 53.29%

मेरठः भाजपा- बनाम बसपा लग रही लड़ाई

- मेरठ लोकसभा सीट से धारावाहिक रामायण में राम का किरदार निभाने वाले अरुण गोविल भाजपा प्रत्याशी हैं, उनके लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सभा और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रोड शो कर चुके हैं। सपा से यहां पूर्व महापौर सुनीता वर्मा उनका मुकाबला कर रही हैं। बसपा से देवव्रत त्यागी किस्मत आजमा रहे हैं। पिछली बार मेरठ सीट पर भाजपा मामूली अंतर से जीत दर्ज कर पाई थी। बसपा के याकूब कुरैशी ने सपा का गठबंधन मिलने से भाजपा प्रत्याशी राजेंद्र अग्रवाल को कांटे की टक्कर दी थी। इसी कारण भाजपा ने राजेंद्र अग्रवाल का टिकट काटकर अरुण गोविल को उतारा है। याकूब परिवार अब बसपा प्रत्याशी देवव्रत त्यागी को जिताने के लिए पूरी ताकत के साथ लगा है। बसपा सुप्रीमो दो दिन पहले यहां सभा कर गई हैं। इस दौरान उन्होंने वोट बैंक साधने के लिए सपा को ज्यादा निशाने पर रखा था। इसके चलते सपा प्रत्याशी सुनीता वर्मा के लिए चुनौती खड़ी हो गई है। मुस्लिम बाहुल्य इस सीट पर मुस्लिम मतदाता सपा और बसपा दोनों से प्रत्याशी हिंदू होने के कारण अभी असमंजस में नजर आ रहा है। सपा प्रत्याशी खुद को राम के सामने सबरी बताकर मुख्य मुकाबले में रहने की कोशिश कर रही हैं। लेकिन जिस तरह से बसपा मुस्लिम, दलित के साथ राजपूत और त्यागी वोटों पर नजर लगा रही है, उससे जानकार मेरठ का चुनाव भाजपा बनाम बसपा की तरफ बढ़ता मान रहे हैं।

भाजपा का वोट प्रतिशत
2019 – 48.19%, 2014 – 47.80%



08 लोकसभा सीटों पर कुल 91 प्रत्याशी मैदान में हैं।

गौतमबुद्ध नगर में त्रिकोणीय मुकाबला

- गौतमबुद्ध नगर लोकसभा सीट पर लगातार दो बार से चुनाव जीत रहे भाजपा सांसद डॉ महेश शर्मा जीत की हैट्रिक लगाने के लिए इस बार कड़ी मेहनत कर रहे हैं। लोकसभा क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों में विकास कार्यों को लेकर कई जगह लोग उनसे नाराज हैं, लेकिन वोट भाजपा को ही देने की बात कह रहे हैं। सपा से उतरे डॉ. महेंद्र नागर अपने सजातीय और पीडीए वोट बैंक के बूते चुनावी जंग को दो डॉक्टरों के बीच रखने के लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं, तो बसपा प्रत्याशी पूर्व विधायक राजेंद्र सिंह सोलंकी मुकाबले को त्रिकोणीय बनाने की भरसक कोशिश में जुटे हैं। इससे चुनाव रोचक हो गया है। तीनों प्रत्याशी अलग-अलग जातियों से हैं। भाजपा प्रत्याशी ब्रह्मण, सपा प्रत्याशी गुर्जर और बसपा प्रत्याशी ठाकुर बिरादरी से हैं। सपा ने गुर्जर-मुस्लिम-यादव समीकरण बनाने का दांव चला है तो बसपा ने ठाकुर-दलित समीकरण के सहारे जीत का ताना बाना बुन रखा है। इस सीट पर ठाकुर मतदाता बड़ी संख्या में है, जो भाजपा के परंपरागत वोटर माने जाते है, लेकिन ठाकुरों की नाराजगी का मुद्दा उछालकर इस वोट बैंक में सेंधमारी की कोशिशें भी कम नहीं हो रही हैं। इस लोकसभा सीट पर धीरे-धीरे मुकाबला त्रिकोणीय होता नजर आ रहा है।

भाजपा का वोट प्रतिशत
2019 – 59.6 %, 2014 – 50.0 %

2024 में किस दल के कितने प्रत्याशी

इंडिया गठबंधन		राजग गठबंधन		
04	04	07	01	08
सपा	कांग्रेस	भाजपा	रालोद	बसपा

2019 में आठ सीटों पर यह था स्कोर

07	01
भाजपा	बसपा

2019
बसपा ने सपा के साथ गठबंधन में लोकसभा चुनाव में 19 फीसदी वोट पाए, 10 सीटें जीतीं

25% सपा और कांग्रेस का साझा वोट प्रतिशत रहा था 2019 के लोकसभा चुनाव में

दूसरे चरण का रण क्या बदल पाएगा हाथ के हालात

- प्रदेश में दूसरे चरण के चुनाव में कांग्रेस की प्रतिष्ठा दांव पर है। कांग्रेस इस चरण में सबसे ज्यादा चार लोकसभा सीटों पर मैदान में है। गठबंधन के तहत बाकी चार सीटों पर समाजवादी पार्टी चुनाव लड़ रही है। कांग्रेस प्रत्याशी मथुरा, गाजियाबाद, अमरोहा और बुलंदशहर सुरक्षित सीटों पर भाजपा का मुकाबला कर रहे हैं। कांग्रेस से गाजियाबाद में ब्राह्मण महिला डॉली शर्मा, अमरोहा में मुस्लिम प्रत्याशी के रूप में बसपा से आए सांसद दानिश अली हैं, तो मथुरा की सामान्य सीट पर पार्टी ने दलित समाज के मुकेश धनगर पर दांव लगा रखा है। बुलंदशहर सुरक्षित सीट पर शिवलाल वाल्मीकि लोगों से हाथ का साथ मांग रहे हैं। फिलहाल कांग्रेस ने चारों सीटों पर प्रचार के अंतिम चरण में पूरी ताकत झोंक रखी है। कांग्रेस ने इन चारों सीटों में सबसे ज्यादा उम्मीद गाजियाबाद सीट पर लगा रखी है। यहां भाजपा द्वारा वीके सिंह का टिकट काटकर विधायक अतुल गर्ग को उतारे जाने से कांग्रेस को जीत के लिए उम्मीद की किरण नजर आ रही है। मथुरा सीट कांग्रेस ने आखिरी बार 2004 में जीती थी। यहां 2009 और 2019 में कांग्रेस प्रत्याशी तीसरे स्थान पर रहे थे। अमरोहा में बसपा से आए सांसद दानिश अली पर दांव लगाकर कांग्रेस जीत के लिए पूरी तरह उन्हीं पर और सपा के समर्थन पर निर्भर नजर आ रही है, इसकी वजह यह है कि इस सीट पर 1984 के बाद पार्टी का खाता नहीं खुला है और संगठन काफी कमजोर है। बुलंदशहर में कांग्रेस 2019 के चुनाव में तीसरे नंबर पर थी। इस बार यहां जातीय समीकरणों के सहारे पार्टी मुकाबले में आने की उम्मीद में है।

अलीगढ़ः जातीय खांचे में फंसी जीत की हैट्रिक

- तालों की नगरी अलीगढ़ से ब्राह्मण बिरादरी के भाजपा प्रत्याशी सतीश गौतम जीत की हैट्रिक लगाने को बेताब हैं। लेकिन बसपा ने यहां भाजपा छोड़कर हाथी की सवारी करने वाले ब्राह्मण समाज के ही हितेंद्र कुमार उर्फ बंटी उपाध्याय को मैदान में उतार कर भाजपा के सामने मुश्किल खड़ी कर दी है। सपा ने जाट बिरादरी के पूर्व सांसद चौधरी बिजेन्द्र सिंह पर फिर भरोसा जताया है। इस सीट पर सर्वाधिक मुस्लिम मतदाता हैं। बावजूद इसके सपा और बसपा ने मुस्लिम उम्मीदवार नहीं उतारा है। बसपा ने पहले मुस्लिम गुफरान नूर को टिकट दिया था, पर उनके बीमार होने पर प्रत्याशी बदल दिया। मुस्लिम मतों का झुकाव या बिखराव यहां के परिणाम पर असर डालेगा, ऐसा माना जा रहा है। इसे देखते हुए दो दिन पहले सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव रैली करके मुस्लिमों को जोड़ने के साथ पीडीए को मजबूत करने की बाद कह गए हैं। इसके बाद से सपा प्रत्याशी का हौसला बढ़ गया है।

भाजपा का वोट% 2019 – 56.42 %, 2014 – 48.34 %

बागपत : ब्राह्मण और पिछड़ा वर्ग लिखेगा जीत

- चौधरी चरण सिंह के परिवार का गढ़ रही इस सीट पर चुनाव जातीय समीकरणों में उलझता नजर आ रहा है। 47 वर्षों बाद चौधरी परिवार का कोई सदस्य यहां चुनाव नहीं लड़ रहा है। रालोद ने भाजपा से गठबंधन में मिली इस सीट पर अपने राष्ट्रीय सचिव राजकुमार सांगवान को जिताने के लिए पूरी ताकत लगा रखी है। एक तरह से जयंत चौधरी चुनावी कमान संभाले हैं। सपा ने इस सीट पर साहिबाबाद के पूर्व विधायक अमरपाल शर्मा को उतार कर मुकाबला दिलचस्प बना दिया है। अमर पाल शर्मा की ब्राह्मण बिरादरी में बढ़िया पकड़ मानी जाती है। बसपा ने दिल्ली हाई कोर्ट के अधिवक्ता गुर्जर बिरादरी के प्रवीण बंसल पर दांव लगाया है। पिछले दो चुनावों में यहां आमने-सामने रहीं भाजपा और रालोद के हाथ मिलाने से इस सीट पर गिना जाने वाला साढ़े तीन लाख जाट वोट तो सांगवान के समर्थन में लामबंद हो गया है, लेकिन मुस्लिम वोटर जो करीब चार लाख है, सपा की तरफ झुकने से रालोद प्रत्याशी के लिए परेशानी खड़ी कर सकता है, क्योंकि करीब 70 हजार यादव वोट सपा के साथ पहले ही खड़ा है। ऐसे में बागपत सीट पर जीत की राह ब्राह्मण और पिछड़े वर्ग के मतदाताओं के बीच से ही निकलने के कयास लगे जा रहे हैं।

भाजपा का वोट प्रतिशत
2019 – 50.32 %, 2014 – 42.15 %

बुलंदशहर है भाजपा का बुलंद दुर्ग

- अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित इस सीट पर इस बार दो सांसदों के बीच चुनावी जंग हो रही है। भाजपा ने यहां पिछले दो बार से लगातार जीत दर्ज कर रहे खटिक बिरादरी के भोला सिंह को जीत की हैट्रिक लगाने का मौका दिया है। बसपा ने नगीना के मौजूदा सांसद गिरीश चंद्र को मैदान में उतारा है। उनके सामने दलित वर्ग की गैर जाटव जातियों को अपने पक्ष में मोड़ने की चुनौती है। कांग्रेस से उतरे आल इंडिया कांग्रेस कमेटी के सदस्य शिवराम वाल्मीकि सपा से जुड़े वोटरों को जोड़कर दोनों सांसदों के बीच अपनी सफलता की राह खोज रहे हैं। बसपा यहां दम तो दिखाती रही है, पर कभी जीत की मंजिल तक नहीं पहुंच पायी है। सपा को जरूर वर्ष 2009 में सफलता मिली थी। इसी लोकसभा चुनाव को छोड़कर वर्ष 1991 के चुनाव से अब तक भाजपा यहां अपराजेय रही है।

भाजपा का वोट प्रतिशत
2019 – 60.64 %, 2014 – 59.83%

गाजियाबाद : जीत का चौका या चौंकाएंगे मतदाता

- गाजियाबाद में पिछले आठ लोकसभा चुनावों में भाजपा सात बार जीती है। इस बार यहां भाजपा, कांग्रेस और बसपा तीनों दलों के नए और स्थानीय प्रत्याशी जीत के लिए जूझ रहे हैं। प्रत्याशी बदलने के साथ ही चुनावी और जातीय समीकरण भी बदल गए हैं। भाजपा से मैदान में उतरे शहर के विधायक अतुल गर्ग के सामने पिछली बार वीके सिंह को मिली पांच लाख की जीत बरकरार रखने की चुनौती है, तो सपा-कांग्रेस गठबंधन से डॉली शर्मा भाजपा का किला भेदने के लिए जलभराव, कूड़े के पहाड़ और प्रदूषण जैसी समस्याओं के साथ शिक्षा, स्वास्थ्य व सुरक्षा के मुद्दों पर धार पैनी किए हैं। बसपा प्रत्याशी नंदकिशोर पुंडीर क्षत्रियों की नाराजगी के मुद्दे पर भाजपा के वोटबैंक में सेंध लगाने में जुटे हैं। बुधवार को इसीलिए उन्होंने क्षत्रिय बहुल धौलाना विधानसभा में रोड शो निकाला। बसपा सुप्रीमो मायावती यहां रैली में कह भी गई थीं कि देख लेना, क्षत्रिय को टिकट दिया है। तीनों प्रत्याशियों की इस टक्कर में अब भाजपा इस सीट पर जीत का चौका लगाएगी या वोटर चौंकाएंगे यह सवाल हर कहीं चर्चा में तैर रहा है।

भाजपा का वोट प्रतिशत
2019 – 61.93 %, 2014 – 56.51 %

अमरोहा में हाथी बिगाड़ेगा कांग्रेस का खेल ?

- 1980 के बाद से किसी प्रत्याशी को लगातार दो बार लोकसभा न भेजने वाली अमरोहा की जनता पुराना रिवाज कायम रखेगी या पिछले साढ़े चार दशक से चली आ रही परंपरा को इस बार तोड़ देगी। इस बात पर हर किसी की निगाह लगी है। यहां बसपा को छोड़कर हाथ का साथ थामने वाले मौजूदा सांसद कुंवर दानिश अली मुस्लिम बहुल इस सीट पर सपा की साइकिल का साथ मिलने से दोबारा जीत हासिल करने के लिए तेजी से पैडल मारते नजर आ रहे हैं। ऐसे में भाजपा प्रत्याशी कंवर सिंह तंवर भी इस बार रालोद का साथ पाकर 2014 वाली सफलता हासिल करने के लिए प्रयासरत हैं। मुस्लिम बाहुल्य इस सीट पर बसपा उम्मीदवार मुजाहिद हुसैन मुकाबले का तीसरा कोण बनकर असली परेशानी कांग्रेस प्रत्याशी दानिश अली के सामने खड़ी कर रहे हैं। जानकार बसपा और कांग्रेस-सपा गठबंधन दोनों के मुस्लिम प्रत्याशी होने से मुस्लिम वोटों में बिखराव तय मान रहे है। कहा जा रहा है कि बसपा ने मुस्लिम प्रत्याशी कांग्रेस का खेल बिगाड़ने के लिए खड़ा किया है। बसपा प्रमुख मायावती ने अमरोहा सीट पर प्रचार करते हुए कहा भी था कि दानिश अली ने मुस्लिमों को धोखा दिया है और उनके साथ गद्दारी की है। ऐसे में भाजपा के कंवर सिंह तंवर की स्थिति मजबूत मानी जा रही है, लेकिन यहां भी समस्या भाजपा-रालोद कार्यकर्ताओं में एकजुटता नहीं बन पाने की आ रही है। कई बार टकराव की स्थिति बन चुकी है।

वोट प्रतिशत
बसपा **2019 – 51.4 %,** भाजपा **2014 – 48.3 %**

जीत की भरी हुंकार

मथुरा से भाजपा की उम्मीदवार सांसद हेमा मालिनी ने रोड शो किया। इस दौरान उन्होंने अबकी बार चार सौ पार का नारा लगाया।

बहस में उलझे मतदाता | परिवारवाद और भ्रष्टाचार से शुरू हुई चुनावी लड़ाई नए मुकाम पर पहुंची, महंगाई, बेरोजगारी जैसे मुद्दे हुए दरकिनार

मंगलसूत्र, संपत्ति बंटवारे और विरासत टैक्स से बढ़ी सियासी गर्मी बूथ तक पहुंचेगी!

राजपुरुष

नई दिल्ली। लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में मौसम का पारा और मतदाताओं का मिजाज कितना गर्म रहेगा, इसका पता तो 26 अप्रैल को ही चलेगा, लेकिन सियासी तापमान अभी से बेहद गर्म हो गया है। परिवारवाद और भ्रष्टाचार से शुरू हुई लड़ाई अचानक कांग्रेस के मैनिफेस्टो से होती हुई मंगलसूत्र, संपत्ति सर्वे, मुस्लिम आरक्षण और विरासत टैक्स पर उलझ गई है। महंगाई, बेरोजगारी जैसे मुद्दे दरकिनार हो गए हैं और मतदाता भी इस बहस में जुड़कर यह पड़ताल करने में लगा है कि क्या वास्तव में कांग्रेस पार्टी जातीय जनगणना और संपत्ति सर्वे की आड़ में अरबन नक्सल के हाथों में खेल रही है। हालांकि इस विमर्श में कुछ लोगों को यह भी लग रहा है कि चुनावी जंग में यह सब कुछ जुमलों की बौछार या फिर वोट बैंक को साधने के इंतजाम से ज्यादा कुछ नहीं है। लेकिन इस तरह के आक्रमक चुनावी अभियान का मतदाता के मन पर कहां और कितना असर हुआ है या आगे होगा, इसती लाभ-हानि का जोड़ घटाना परिणाम आने पर ही लगाया जा सकेगा, फिलहाल बयानों के अग्नि बाण दोनों तरफ से जारी हैं।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लगातार पिछले तीन दिनों से अपनी रैलियों में कांग्रेस के घोषणा पत्र की बातों का जिक्र करते हुए उसे कठघरे में खड़ा करके सवालों के दनादन प्रहार कर रहे हैं। वह लोगों को आगाह कर रहे हैं कि कांग्रेस की सरकार आने पर लोगों की संपत्ति घुसपैठियों और उन लोगों में बांट दी जाएगी, जिनके अधिक बच्चे हैं। यहां तक कि माताओं-बहनों का मंगलसूत्र तक नहीं बचने देंगे। जिनके पास दो घर हैं, उनका एक घर छीन लिया जाएगा। कांग्रेस भाजपा के इस प्रचार अभियान को लेकर चुनाव आयोग तक पहुंच गई है, लेकिन आरोपों की बौछार रुकने का नाम नहीं ले रही है। प्रधानमंत्री के हमले को को भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा, गृहमंत्री अमित शाह के साथ यूपी और एमपी के मुख्यमंत्री और धार देने में जुट गए हैं। इसी क्रम में नया विवाद इंडियन ओवरसीज़ कांग्रेस के चेयरमैन सैम पित्रोदा के बयान से जुड़ गया है, उन्होंने एक साक्षात्कार में अमेरिका जैसे उत्तराधिकार टैक्स की भारत के लिए वकालत की है। उनकी इस टिप्पणी पर भाजपा ने कांग्रेस के खिलाफ और हमलावर रुख अख्तियार किया तो कांग्रेस को कहना पड़ा कि यह बयान पित्रोदा के निजी विचार हैं। पित्रोदा ने भी अपने बयान पर भी सफ़ाई दी है। लेकिन विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। ऐसे में चुनावी रण में भाजपा की तरफ से हो रहे ताबड़तोड़ हमलों की बौछार का कांग्रेस की तरफ से जवाब आना ही था। पहले प्रियंका गांधी ने पलटवार किया कि उनकी मां सोनिया गांधी ने अपना मंगलसूत्र देश के लिए कुर्बान कर दिया था। अब राहुल गांधी जिनके तेलंगाना में यह कहने से सारा विवाद शुरू हुआ था कि उनकी सरकार आने पर देश में संपत्ति का सर्वे कराया जाएगा, भी यह कहते हुए इस दंगल में कूद पड़े हैं कि प्रधानमंत्री मोदी ने देश 25 करोड़पति बनाए हैं, कांग्रेस की सरकार आने पर करोड़ों लोग लखपति बनाए जाएंगे।

कांग्रेस की सफाई कितनी उसके काम आई

- कांग्रेस नेता प्रधानमंत्री और भाजपा नेताओं के हमले से बचाव की मुद्रा में हैं। पार्टी की तरफ से सफाई दी जा रही है कि उनके घोषणा पत्र जिसे न्याय पत्र दिया गया है, उसमें ऐसा कुछ भी नहीं जैसा कि प्रचारित किया जा रहा है। कांग्रेस नेताओं के मुताबिक उनके घोषणा पत्र में आर्थिक न्याय से जुड़े पेज नंबर 28 के बिंदु नंबर 21 में ये जरूर लिखा है कि कांग्रेस नीतियों में उपयुक्त बदलाव करके धन और आय के मामले में बढ़ती असमानता का समाधान करेगी। घोणषा पत्र के पेज नंबर 6 पर कांग्रेस ने हिस्सेदारी न्याय औऱ सामाजिक न्याय के अंतर्गत लिखा है कि आर्थिक सामाजिक जाति गणना कराएगी. आर्थिक सामाजिक स्थिति का पता लगाएगी. फिर कांग्रेस सुधार के लिए कदम उठाएगी। इसी तरह पेज नंबर 7 पर अल्पसंख्यक के तहत लिखा गया है कि तानाशाही या बहुसंख्यकवाद के लिए देश में कोई जगह नहीं है। कांग्रेस भारत में अल्पसंख्यकों के अधिकार को बनाए रखने और रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है।

- **आक्रमक प्रचार अभियान क्या जुमलों की बौछार या वोट बैंक साधने का इंतजाम, बड़ा सवाल**



गुजरात जीतने की तरफ

मोदी-शाह का विजय रथ

- सूरत लोकसभा सीट निर्विरोध जीतकर वोट पड़ने से पहले पार्टी खोल चुकी है क्लीन स्वीप हैट्रिक का खाता

दिग्विजय सिंह

अमृत विचार: गुजरात में भाजपा की परंपरागत प्रतिद्वंदी कांग्रेस ही है। आम आदमी पार्टी ने विधानसभा चुनावों में असर जरूर छोड़ा था, लेकिन लोकसभा चुनाव में उसकी उपस्थिति चुनौती देने वाली नहीं है। कांग्रेस की मुश्किल यह है कि लोकसभा चुनाव में उतरने से पहले ही उसके तमाम नेता पार्टी छोड़ गए हैं। गुजरात में लोकसभा चुनाव के लिए मतदान एक ही चरण में सात मई को होगा। कांग्रेस ने भाजपा का विजय रथ रोकने के लिए इस बार के चुनाव में आम आदमी पार्टी से गठबंधन किया है। राज्य में कांग्रेस 24 और आप दो सीटों भरूच और भावनगर में चुनाव लड़ रही है। गुजरात में पिछले दो लोकसभा चुनावों में भाजपा ने सभी 26 सीटें जीती थीं। कांग्रेस के खाते में कोई भी सीट नहीं आई थी। राज्य में भाजपा का जन समर्थन लगातार चुनाव दर चुनाव बढ़ रहा है, इसके मुकाबले कांग्रेस पूरा जोर लगाने के बाद भी बमुश्किल अपना जनाधार बचाने में ही कामयाब हो पा रही है।

भाजपा का वोट लगातार बढ़ता रहा

- भाजपा ने 2014 के लोकसभा चुनाव में 59 .05 फीसदी वोट प्राप्त किए थे, जबकि 2019 में यह आंकड़ा बढ़कर 62 .21 फीसदी पर पहुंच गया। इसके मुकाबले कांग्रेस का वोट प्रतिशत स्थिर ही रहा। 2014 में पार्टी को 32 .86 प्रतिशत वोट मिले थे। 2019 में भी कांग्रेस 32 .11 फीसदी ही वोट प्राप्त कर सकी थी। इस आंकड़े से साफ है कि 2014 में भाजपा जहां कांग्रेस से वोट शेयर में करीब 27 फीसदी आगे थी, वहीं 2019 में उसकी बढ़त 30 फीसदी से ज्यादा थी। अब ऐसे में सवाल है कि कांग्रेस के वोट घटे बिना, भाजपा के वोट बढ़े कैसे। इसका जवाब अन्य को मिलने वाले वोटों से मिलता है।
- अन्य को 2014 में मिले 8% से कुछ अधिक वोट मुकाबले 2019 में महज 6% वोट ही मिल सका। यही दो फीसदी से ज्यादा वोट भाजपा के खाते में चला गया। हालांकि वोटों के इस खेल यह भी तथ्य है कि राज्य में जब भी कांग्रेस का वोट शेयर 40 फीसदी से ऊपर गया है, उसके हाथ कुछ सीटें जरूर लगी हैं। 2009, 2004 और 1999 के चुनावी आंकड़े इस बात की गवाही देते हैं। 2009 में कांग्रेस को 11 सीटें मिली थीं और उसे 43 .38 फीसदी वोट हासिल हुए थे जबकि भाजपा को कांग्रेस से करीब तीन फीसदी ज्यादा वोटों के साथ 15 सीटें मिली थीं। 2004 में भी कमोबेश यही स्थिति थी, भाजपा को तब 45 .02 फीसदी वोट के साथ 14 सीटें मिली थीं और कांग्रेस के हाथ में 43 .86 फीसदी वोट के साथ 12 सीटें आई थीं।

32.86 फीसद मत कांग्रेस को 2014 में मिले थे

32.11 फीसद मत कांग्रेस को 2019 मिले थे

2014 और 2019 के चुनाव में भाजपा राज्य की सभी 26 लोकसभा सीटों पर हासिल कर चुकी है जीत

राजकोट भाजपा का मजबूत गढ़, क्षत्रिय विवाद के बाद सेंध लगाने की कोशिश में कांग्रेस

- क्षत्रिय समाज में केंद्रीय मंत्री पुरुषोत्तम रूपाला के बयान को लेकर उपजे विरोध और आंदोलन के बाद राजकोट की सीट पर दिलचस्प हो गया है। भाजपा ने रूपाला की उम्मीदवारी को जहां वापस नहीं लिया है, वहीं कांग्रेस ने बड़ा दांव खेलते हुए परेश धानाणी को राजकोट में उतार दिया है। अब यहां भाजपा और कांग्रेस दोनों के प्रत्याशी अमरेली के ही रहने वाले हैं। कांग्रेस प्रत्याशी धानाणी गुजरात में नेता विपक्ष रह चुके हैं। उन्होंने वर्ष 2002 के विधानसभा चुनावों में रूपाला को शिकस्त दी थी। ऐसे में धानाणी के मैदान में उतरने के बाद सभी की नजरें इस बात पर लगी हैं कि क्या धानाणी 2002 वाला परिणाम दोहराने में सफल हो पाएंगे या फिर रूपाला 22 साल पुरानी हार का बदला उनसे राजकोट के रण में लेंगे। तीन बार के राज्यसभा सदस्य रुपाला पहली बार लोकसभा का चुनाव लड़ रहे हैं।

कांग्रेस और आप पर विधानसभा चुनाव के वोट शेयर से आगे निकलने का दबाव

- भाजपा अपने मजबूत गढ़ गुजरात में जमीनी स्तर पर लगातार अपनी पैठ मजबूत करने पर काम करती रहती है, इसके लिए पार्टी चुनाव का इंतजार नहीं करती है। इसी के चलते कांग्रेस उसका मुकाबला करने की ताकत खोती जा रही है। यही कारण है कि कांग्रेस ने इस बार आम आदमी पार्टी के साथ गठबंधन कर उसे दो सीटें दी हैं। हालांकि 2014 के लोकसभा चुनाव में जब आप अकेले मैदान में उतरी थी तो उसे 1 .17 फीसदी वोट ही मिले ही थे, लेकिन 2022 के विधानसभा चुनाव में आप को करीब 13 फीसदी वोट मिले थे। 2022 के विधानसभा चुनाव में भाजपा को 52 .50 प्रतिशत वोट मिले थे। इसके मुकाबले विधानसभा चुनाव में कांग्रेस और आप दोनों का वोट शेयर 40 .2 प्रतिशत ही था। कांग्रेस और आप नेताओं का कहना है कि उनका गठबंधन लोकसभा चुनाव में इसी आधार पर 40 से 45 फीसदी मत प्राप्त करने की तैयारी कर रहा है। ऐसा होने पर आधी लोकसभा सीटों पर भाजपा को हाथ मलना पड़ सकता है। भाजपा ने भी ताकत लगा दिया है। प्रधानमंत्री कई रैली कर चुके हैं।

14 सांसदों के टिकट काटने के बाद भाजपा के प्रति कहीं कोई नाराजगी नहीं

- भाजपा ने इस बार गुजरात में अपने 14 मौजूदा सांसदों के टिकट काटे थे। उनके स्थान पर नए चेहरों को मौका दिया गया है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को मिलाकर सिर्फ 12 सांसद ही दोबारा मैदान में हैं। पार्टी ने इस बार सिर्फ चार महिलाओं को ही टिकट दिया है। 2019 में गुजरात से छह महिलाएं लोकसभा पहुंची थीं। भाजपा के लिए राहत की बात यह है कि आधे से ज्यादा सांसदों के टिकट काटने के बाद भी पार्टी के प्रति कहीं कोई नाराजगी नहीं है। मतदाताओं का मोदी और शाह पर भरोसा अटूट है तो भाजपा गुजरात गौरव का प्रतीक है।
- इंडिया गठबंधन में कांग्रेस के साथ मिली दो सीटों पर भरूच और भावनगर में आम आदमी पार्टी ने अपने मौजूदा विधायकों क्रमश : चैतर वसावा और उमेश मकवाणा को उम्मीदवार बनाया है। कांग्रेस और आप दोनों की कोशिश उन मतदाताओं तक पहुंचने की है, जो भाजपा का विकल्प तलाश रहे हैं। इसके साथ ही कांग्रेस आप गठबंधन आदिवासी वोटों पर ध्यान केंद्रित कर रहा है। राज्य के आदिवासी बहुल इलाके परंपरागत रूप से कांग्रेस के समर्थन में रहे हैं। लेकिन कांग्रेस की सबसे बड़ी परेशानी चुनाव से पहले राज्य के नेताओं का भाजपा में शामिल होना है। इससे पार्टी की छवि पर गलत संदेश गया है, जिसकी भरपाई करना मुश्किल हो गया है। दरअसल, गुजरात में कांग्रेस अपने सबसे खराब दौर से गुजर रही है। कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अर्जुन मोढ़वाडिया, पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष अंबरीश डेर ने लोकसभा चुनाव की घोषणा से पहले पार्टी का साथ छोड़ दिया था, तो उससे पहले चार विधायक भी पार्टी से नाता तोड़ चुके थे। हाल ही में पार्टी प्रवक्ता रोहन गुप्ता ने भी कांग्रेस को अलविदा कह दिया है। इसके अलावा जिला और पंचायत स्तर पर भी सैकड़ों पदाधिकारी कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल हो चुके हैं। सबसे ताजा मामला सूरत के कांग्रेस प्रत्याशी नीलेश कुंभाणी का है, जिसका पर्चा रद होने से इस सीट पर भाजपा प्रत्याशी मुकेश दलाल के निर्विरोध निर्वाचन का रास्ता खुला। अब खबर है कि नीलेश कुंभाणी भाजपा में शामिल होने जा रहे हैं।

1996 में अटल बिहारी वाजपेयी भी गांधी नगर से चुने गए थे सांसद

गांधी नगर में अमित शाह के लिए कांग्रेस की सोनल पटेल चुनौती नहीं

- 2019 के लोकसभा चुनाव में हाई प्रोफाइल गांधी नगर सीट से गृह मंत्री अमित शाह को 8 लाख 94 हजार 624 वोट मिले थे, जबकि कांग्रेस प्रत्याशी डॉ. सीजे चावड़ा तीन लाख 37 हजार 610 मत ही प्राप्त कर सके थे। इस तरह अमित शाह ने साढ़े पांच लाख से ज्यादा मतों से जीत हासिल की थी। 2014 में गांधी नगर सीट पर भाजपा के वरिष्ठ नेता लालकृष्ण आडवाणी को 7,73,539 वोट (68 .04%) और कांग्रेस प्रत्याशी ईश्वरभाई पटेल को 2,90,418 (25 .55%) वोट मिले थे। तब आडवाणी ने 4 लाख 80 से ज्यादा मतों से जीत हासिल की थी। आडवाणी ने आधा दर्जन बार गांधी नगर सीट का संसद में प्रतिनिधित्व किया था। एक बार 1996 में यहां से पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी ने भी जीत हासिल की थी। गांधी नगर में इस बार अमित शाह का मुकाबला कांग्रेस की सोनल पटेल से हो रहा है। सोनल गुजरात महिला कांग्रेस की अध्यक्ष रह चुकी हैं। लेकिन जानकारों का मानना है कि वह अमित शाह के लिए बड़ी चुनौती नहीं पेश कर पाएंगी।

सपा ने गैर यादव ओबीसी समुदाय को साधने के लिए बिछाई बिसात

58 उम्मीदवारों में 15 गैर-यादव अन्य पिछड़ा वर्ग समुदाय से

चुनाव डेस्क

कानपुर। समाजवादी पार्टी ने कांग्रेस के साथ प्रदेश में 62 सीटों पर प्रत्याशी उतारने में फोकस तो पीडीए पर रखा है, लेकिन पुराने मुस्लिम और यादव की छाप वाले दाग को धोने की कोशिश की भी है। पार्टी ने जहां कई मुस्लिम बाहुल्य सीटों पर ध्रुवीकरण की आशंका से बचन के लिए मुस्लिम उम्मीदवार नहीं उतारे हैं, वहीं बड़ी सावधानी के साथ भाजपा के पिछड़ा वर्ग वोट बैंक में सेंध लगाने के लिए गैर यादव ओबीसी समुदाय को साधने के लिए बिसात भी बिछाई है। प्रदेश में सपा ने 17 सीटें कांग्रेस तो एक टीएमसी के लिए छोड़ी है।

प्रदेश में सपा ने अब तक जिन 58 उम्मीदवारों की घोषणा की है। उनमें से 15 गैर-यादव अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) समुदायों से हैं। हालांकि इनमें से अधिकतर कभी न कभी बसपा के दिग्गज नेताओं में गिने जाते थे। इनमें सबसे बड़ा चेहरा बाबू सिंह कुशवाहा का है। सपा ने इन्हें जौनपुर लोकसभा सीट से उतारा है। बाबू सिंह कुशवाहा प्रदेश में मायावती की सरकार में दिग्गज कैबिनेट मंत्री थे। ओबीसी समुदाय से आने वाले कुशवाहा बसपा से निकाले जाने पर भाजपा में शामिल हो गए लेकिन उन्हें वहां भी पार्टी से निकाल दिया गया। 2016 में उन्होंने जन अधिकार पार्टी बनाई थी। अब वह सपा के साथ गठबंधन में साइकिल चुनाव चिन्ह पर चुनाव लड़ रहे हैं। इस कड़ी में दूसरा बड़ा नाम लाल जी वर्मा का है, जिन्हें सपा ने अंबेडकर नगर से टिकट दिया है। वह भी बसपा के बड़े नेताओं में गिने जाते थे लेकिन 2021 में पार्टी से निष्कासित कर दिए गए थे। कुर्मी ओबीसी समुदाय से आने वाले लालजी वर्मा इसके बाद सपा में शामिल हो गए थे। 2022 में वह कटेहरी विधानसभा सीट से सपा के टिकट पर चुनाव जीते थे। इसी तरह आरके चौधरी सपा के टिकट पर मोहनलालगंज से चुनाव मैदान में हैं। वह बसपा के संस्थापकों में रहे हैं और कांशीराम के विश्वासपात्र थे। 1993 से 1995 तक वह मुलायम सिंह यादव के नेतृत्व वाली सपा-बसपा सरकार में मंत्री थे। पासी समुदाय से आने वाले चौधरी ने 2001 में बसपा छोड़कर राष्ट्रीय स्वाभिमान पार्टी बनाई थी। 2014 का लोकसभा चुनाव बसपा के टिकट पर मोहनलालगंज से लड़ा लेकिन भाजपा के कौशल किशोर से हार गए थे। इसके बाद आरके चौधरी सपा में शामिल हो गए थे।

कुर्मी समुदाय से आने वाले राम शिरोमणि वर्मा को सपा ने श्रावस्ती से टिकट दिया है। वह यहां से मौजूदा सांसद हैं और हाल ही में सपा में शामिल हुए हैं। 2019 में सपा-बसपा गठबंधन में राम शिरोमणि वर्मा ने बसपा उम्मीदवार के रूप में यह सीट जीती थी। बसपा के ही नेता राजा राम पाल अकबरपुर से चुनाव मैदान में हैं। राजा राम 2004 में बिहौर से बसपा सांसद चुने गए लेकिन बाद में कांग्रेस में शामिल हो गए थे। पाल (ओबीसी) समुदाय से आने वाले राजा राम ने 2009 का लोकसभा चुनाव अकबरपुर से कांग्रेस उम्मीदवार के रूप में जीता था। लेकिन 2014 और 2019 में हारने के बाद सपा में शामिल हो गए थे। कप्तानगंज से पांच बार के विधायक राम प्रसाद चौधरी बस्ती से चुनाव मैदान में हैं। वह कुर्मी समुदाय से हैं और 2019 का लोकसभा चुनाव बसपा के टिकट पर हार गए थे। कुर्मी समाज के ही राम शिरोमणि वर्मा को सपा ने श्रावस्ती से टिकट दिया है। वह भी मौजूदा सांसद हैं और हाल ही में सपा में शामिल हुए हैं। 2019 में सपा-बसपा गठबंधन में राम शिरोमणि वर्मा बसपा के टिकट पर जीते थे। नीरज मौर्य सपा के टिकट पर नीरज आंवला लोकसभा सीट से चुनाव मैदान में हैं। वह जलालाबाद से दो बार के विधायक रह चुके हैं। बसपा और भाजपा में होते हुए सपा में आए हैं। शंकर राजभर सपा से सलेमपुर में चुनाव लड़ रहे हैं। 2009 में बसपा से सांसद चुने गए थे।

जीतेंगे बाजी कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी ने केरल के वायनाड संसदीय सीट पर रोड शो किया और कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष एवं अपने भाई राहुल गांधी के लिए वोट मांगा।

बैतूल में मोदी और मंदिर के भरोसे भाजपा प्रत्याशी

भोपाल। मध्य प्रदेश की अदिवासी बाहुल्य बैतूल लोकसभा सीट पर दूसरे चरण में 26 अप्रैल को मतदान होना था, लेकिन बसपा प्रत्याशी अशोक भलावी के निधन के चलते दोबारा पर्चे भरे गए। अब मतदान तीसरे चरण में 7 मई को होगा। बसपा से अब इस सीट पर अर्जुन अशोक भलावी चुनाव लड़ रहे हैं।

बैतूल सीट पर कांग्रेस ने अपने जनजातीय प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष राम टेकाम को उम्मीदवार बनाया है, जबकि भाजपा ने मौजूदा सांसद दुर्गादास उइके को दोबारा मैदान में उतारा है। यहां मुकाबला इन्हीं दोनों के बीच है। बैतूल लोकसभा सीट भाजपा का गढ़ गिनी जाती है। यहां 1996 से भाजपा कमल खिला रही है। कांग्रेस आखिरी बार 1991 में चुनाव जीती थी। तब कांग्रेस के असलम शेर खान ने भाजपा के आरिफ बेग को 23 हजार वोटों से चुनाव हराया था। इसके बाद से बैतूल में कांग्रेस लगातार हार रही है। बैतूल में आदिवासी समुदाय के बाद सर्वाधिक मतदाता ब्राह्मण समाज के हैं। इसके बाद गूर्जर और राजपूत मतदाता हैं।

मुरैना-श्योरपुर संसदीय सीट | चुनाव दर चुनाव गाढ़ा होता गया भाजपा का भगवा रंग

मुरैना के रण में त्रिकोणीय मुकाबले में फंसी भाजपा

चुनाव डेस्क

अमृत विचार। मध्य प्रदेश की मुरैना-श्योपुर संसदीय सीट पर भारतीय जनता पार्टी का वह अभेद्य किला है जिसे ढहाने की कोशिश कांग्रेस ने तो खूब की लेकिन ढहा नहीं सके। स्थिति यह है कि 1996 से लगातार भाजपा का उम्मीदवार यहां जीत रहा है। चुनाव दर चुनाव भगवा रंग गाढ़ा हो रहा है यह कहना गलत नहीं होगा। इस बार भी कांग्रेस और बसपा ने उम्मीदवार उतारे हैं। मुख्य मुकाबले में हर बार कांग्रेस ही रही। इस बार बसपा यहां लड़ाई को त्रिकोणीय बनाने की कोशिश में जुटी है। उसे कितनी कामयाबी मिलेगी यह वक्त ही बताएगा।

इस बार के चुनाव में भाजपा ने शिव मंगल सिंह तोमर को टिकट दिया है तो कांग्रेस ने सत्यपाल सिंह सिकरवार को मैदान में उतारा है।

जबकि बसपा ने रमेश चंद्र गर्ग पर दांव लगाया है। 2009 और 2019 में इस सीट से जीते नरेंद्र सिंह तोमर इस बार चुनावी समर में नहीं हैं। तोमर को पार्टी ने विधानसभा का चुनाव लड़ाया था और वे जीते भी। मध्य प्रदेश विधानसभा का अध्यक्ष बनाया गया है। पार्टी ने इस बार शिव मंगल सिंह तोमर को टिकट देकर उनकी ही पसंद को तरजीह दी है। शिवमंगल सिंह दिमनी से भाजपा के विधायक रह चुके हैं तो उनका मुकाबला कभी उन्हीं की पार्टी से विधायक रहे सत्यपाल सिंह सिकरवार से है। भाजपा ने उन्हें अनुशासनहीनता के आरोप में पार्टी से निष्कासित कर दिया था। इसके बाद वे कांग्रेस में चले गए थे। जातीय समीकरण पर नजर डालें तो यहां जाट, गुर्जर, ब्राह्मण, राजपूत, और यादव मतदाताओं की संख्या ज्यादा है। राजपूत, गुर्जर और ब्राह्मण निर्णायक भूमिका में होते हैं।

कांग्रेस के बागी हैं बसपा उम्मीदवार: बसपा से चुनावी समर में उतरे रमेश चंद्र गर्ग कांग्रेस से बगावत कर बसपा में आए हैं। पार्टी ने उन्हें अपना उम्मीदवार बनाया है। वह भाजपा में भी रह चुके हैं। उनका ऑयल का बड़ा कारोबार है।

लगातार चार बार जीते भाजपा के अशोक अर्गल: भाजपा इस सीट पर 1996 से लगातार जीत रही है। पार्टी नेता अशोक अर्गल 1996, 1998, 1999 और 2004 में जीते। 2009 में वर्तमान में विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर सांसद बने। 2014 में पार्टी ने अनूप मिश्रा को मैदान में उतारा तो वे भी जीते। 2019 में पुनः नरेंद्र सिंह तोमर समर में आए और उन्हें जीत मिली। अब देखना यह है कि शिव मंगल सिंह इस जीत को बरकरार रख पाते हैं या नहीं।

आठ में से पांच विस सीटों पर कांग्रेस काबिज

- संसदीय क्षेत्र में 8 विधानसभा सीटें आती हैं। आठ में से पांच पर कांग्रेस तो तीन पर भाजपा का कब्जा है। विधानसभा सीटों पर कांग्रेस की जीत पर गौर करें तो इस बार के चुनाव में उसका पड़ला भरी है। लेकिन लोकसभा चुनावों के अब तक के परिणाम पर नजर डालें तो भाजपा के साथ मतदाता यह मजबूती से खड़े रहे हैं। भाजपा नेता यह मानते हैं कि विधानसभा में मतदाता भले ही उनके साथ नहीं थे लेकिन लोकसभा में वे उनके ही उम्मीदवार को जीत दिलाएंगे।

एक बार ही विधानसभा पहुंचे तोमर

- भाजपा उम्मीदवार शिवमंगल सिंह तोमर ने अब तक तीन बार विधानसभा का चुनाव लड़ा पर जीत उन्हें एक ही बार मिली। 2008 में पहली बार वे बसपा के रविंद्र सिंह तोमर से मात्र 256 वोट से जीते थे। 2013 के चुनाव में उन्हें हार का सामना करना पड़ा था। 2018 में भी वे मैदान में उतरे पर कांग्रेस के गिर्राज डण्डोतिया से हार गए थे। बावजूद इसके पार्टी ने उन पर लोकसभा चुनाव में भरोसा जताया है।

पश्चिम बंगाल से गल्फ देशों तक चेन्नई के रास्ते जाता है गोमांस

गिरफ्तार आरोपी की कंपनी का टर्नओवर 20 से 22 करोड़

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : प्रदेश में सी-फूड की सप्लाई के नाम पर गोमांस की तस्करी धड़ल्ले से जारी है। इसी हफ्ते एसटीएफ ने गिरोह के सदस्य को पकड़ा है, जिसके पास लाइसेंस तो सी-फूड सप्लाई का है, लेकिन सप्लाई गोमांस कर रहा था। इस बार जो आरोपी पकड़ा गया है, उसका माल दक्षिण अफ्रीका और गल्फ कंट्रीज तक जाता है। एसटीएफ ने इस आरोपी को जालौन के झांसी-कानपुर हाईवे पर पकड़ा है। आरोपी पर 50 हजार का इनाम भी घोषित था।

एएसपी दिनेश कुमार सिंह के मुताबिक, 21 अप्रैल को जनकराज शर्मा को गिरफ्तार किया था। इसके बाद बुधवार को मो. लईक को गिरफ्तार किया। मूल रूप से बिजनौर के स्योहारा के रहने वाले मो. लईक द्वारा 20 दिसंबर 2023 को टाटा कन्टेनर अरविया इंटर प्राइजेस नई दिल्ली से सी-फूड के नाम की बिल्टी बनवाकर, उसमें गोमांस लोड कराकर चेन्नई भेजा जा रहा था। जबकि उक्त माल अरीबा इन्टरप्राइजेज के चालान फार्म पर जगदीश कोल्ड स्टोरेज रामपुरा, इण्डस्ट्रियल एरिया श्रीनगर नई दिल्ली से लोड होकर शामेन लाजिस्टिक लिमिटेड हैदराबाद तेलंगाना ले जाना अंकित था।

इस संबंध में जालौन में गोवध अधि. के अंतर्गत मुकदमा भी पंजीकृत हुआ था। लईक लगभग 13 वर्षों से मीट का व्यवसाय कर रहा है। एएसपी ने बताया कि स्लाटर हाउस से गोमांस लेकर प्रोसेसिंग (हड्डी अलग करना) कराकर उसकी पैकिंग कराकर कन्टेनर के माध्यम से पश्चिम बंगाल से फारबिसगंज, गोपालगंज, (बिहार) कुशीनगर, बस्ती, फैजाबाद, कानपुर देहात, कालपी के रास्ते चेन्नई भेजा जाता है। चेन्नई से गल्फ कन्ट्री एवं दक्षिण अफ्रीका में भेजा जाता है। हैदराबाद एवं दिल्ली से भी इसी तरफ मांस की खेप भेजी जाती है। मीट को चेन्नई से गल्फ कन्ट्री में भिजवाने का काम इसके भाई अतीक अहमद द्वारा किया जाता है।

अल जुबैर फूड के नाम से है कम्पनी

एएसपी ने बताया कि 2019 से पूर्व इसके भाई अतीक अहमद का सहसपुर, जनपद बिजनौर में स्लाटर हाउस था। अल जुबैर फूड के नाम से इसकी कम्पनी है, जिसका आफिस अग्रवाल प्लाजा 2-फ्लोर, लारेन्स रोड, केशवपुरम में है। इस कम्पनी का सालाना टर्न ओवर लगभग 20-22 करोड़ है।

भैंस ने बच्चे को रौंदकर मार डाला

बहराइच, अमृत विचार : जिले के लौकिहा गांव निवासी चार वर्षीय बालक के पेट में भैंस ने पैर रखकर मसल दिया। जिससे बालक की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। खैरीघाट थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत लौकिहा निवासी कंधई बुधवार शाम को भैंस को स्नान करवा रहे थे। जबकि पड़ोसी मनमोहन की पत्नी चार वर्षीय बेटे को लेकर तालाब के निकट मिट्टी निकाल रही थी। इसी दौरान कंधई ने अपनी भैंस छोड़ दी। भैंस ने चार वर्षीय बेटे रितेश ने पेट में पैर रख कर रौंद डाला। पेट बालक का फट गया। कुछ ही देर में बालक की मौत हो गई। इस पर परिवार के लोग रोने लगे। सभी ने घटना की जानकारी पुलिस को दी। प्रभारी निरीक्षक एसके सिंह ने बताया कि बालक की मौत भैंस के हमले में हुई है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। वहीं मृतक के पिता मनमोहन का कहना है कि जान बूझकर भैंस को छोड़ दिया था। जिसके चलते भैंस ने बालक को रौंद दिया और उसकी मौत हो गई।

आरक्षी को भारी पड़ा फेसबुक के जरिए प्यार, दर्ज हुई एक और रिपोर्ट

अयोध्या कार्यालय

- सीओ ने कराई थी शादी, मेरठ में दर्ज हुआ था नशीला पदार्थ खिला दुष्कर्म का मामला

अमृत विचार : सोशल मीडिया प्लेटफार्म फेसबुक पर युवती से प्यार एक आरक्षी को भारी पड़ गया है। जनपद पहुंची युवती ने आरक्षी के खिलाफ एक और रिपोर्ट दर्ज कराई है। शारीरिक शोषण के बावजूद शादी न करने पर पहले मेरठ में नशीला पदार्थ खिला दुष्कर्म का मामला दर्ज कराया था। जिसके बाद मामले को ठंडा करने के लिए वहां के सीओ ने दोनों की शादी करवा दी थी, लेकिन मामला कोर्ट मैरिज के चक्कर में फंसा हुआ है।

मेरठ जनपद के मेडिकल कालेज थाना क्षेत्र निवासी पीड़ित युवती का कहना है कि वर्ष 2018 में फेसबुक पर उसकी दोस्ती पुलिस विभाग में आरक्षी पद पर तैनात हापुड़ जिले के गढ़ मुक्तेश्वर निवासी गौतम भारती से हुई थी। आरक्षी ने उसको शादी का झांसा दिया और उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए, लेकिन फिर शादी से आनाकानी करने लगा। ऐसा दूसरी जगह शादी करने के लिए किया। अगस्त 23 में उसने शिकायत डीजीपी और राज्य महिला आयोग से की तो जाँच सीओ सिविल लाइन अरविन्द चौरसिया को मिली, उन्होंने जल्द कोर्ट मैरिज की शर्त पर सितंबर में शादी करवा दी, लेकिन वह आनाकानी करता रहा तो इस वर्ष जनवरी में मेडिकल थाने में नशीला पदार्थ खिलाकर दुष्कर्म और धमकी की रिपोर्ट दर्ज हुई।

युवती का कहना है कि आरक्षी ने शादी का पंजीकरण कराने के लिए 12 मार्च को यहां बुलाया और सहादतगंज क्षेत्र स्थित अपने आवास पर रखा, लेकिन पंजीकरण कराने को लेकर आनाकानी करता रहा। दो मार्च को उसने अधिकारियों से शिकायत कर दी तो 4 मार्च की रात उसने गाली-गलौच करते हुए मारापीटा तथा जान से मार डालने की धमकी दी। अब कैंट पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है। इस बाबत कैंट थाने के प्रभारी संजय मौर्य का कहना है कि आरक्षी गौतम भारती के खिलाफ गाली-गलौच और हमलाकर गंभीर रूप से घायल करने तथा धमकी की धारा में रिपोर्ट दर्ज की गई है।

सार-संक्षेप

फर्जी पासपोर्ट मामले में अब्दुल्ला आजम के खिलाफ उत्पीड़ात्मक कार्रवाई पर रोक

विधि संवाददाता, प्रयागराज : इलाहाबाद हाईकोर्ट ने सपा के राष्ट्रीय महासचिव आजम खान के बेटे और पूर्व विधायक अब्दुल्ला आजम के खिलाफ नकली पासपोर्ट और शैक्षिक प्रमाण पत्र के मामले में अगली सुनवाई तक याची के खिलाफ किसी भी प्रकार की उत्पीड़नात्मक कार्रवाई पर रोक लगा दी है। मामले की सुनवाई न्यायमूर्ति संजय कुमार सिंह की पीठ के समक्ष हुई। याची के अधिवक्ता ने कोर्ट को बताया कि ट्रायल के दौरान याची को अपने बचाव में भौतिक साक्ष्य और गवाहों को प्रस्तुत करने से वंचित किया जा रहा है और ट्रायल कोर्ट मुकदमे की सुनवाई में जल्दबाजी दिखा रहा है। इस पर कोर्ट ने अपर महाधिवक्ता पीसी श्रीवास्तव को मामले में विशिष्ट निर्देश प्राप्त करने के लिए तीन सप्ताह का समय दिया। मामले के अनुसार रामपुर से भाजपा विधायक आकाश सक्सेना ने 30 जुलाई 2019 को रामपुर के सिविल लाइन थाना में आईपीसी की विभिन्न धाराओं के तहत अब्दुल्लाह आजम के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई थी जिसमें आरोप लगाया गया है कि आरोपी द्वारा अनुचित आर्थिक लाभ, विदेश यात्राओं तथा शैक्षिक संस्थाओं की मान्यता के लिए कूटरचित पासपोर्ट का प्रयोग किया जा रहा है।

कांग्रेस में चुनावी रैली-बैठकों का संचालन करेंगे नितिन

लखनऊ, अमृत विचार : प्रदेश में कांग्रेस की चुनावी रैली व बैठकों का संचालन पार्टी नेता नितिन शर्मा करेंगे। कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव व प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडेय ने चुनाव के संचालन में सहयोग करने के लिए संचालन कमेटी का सदस्य नामित किया है। नितिन को प्रशासन से समन्वय बनाने, बैठकों-सभाओं के लिए अनुमति लेने, मीटिंगों का संचालन करने की जिम्मेदारी दी गई है। नितिन शर्मा ने वर्ष 1984 से राष्ट्रीय छात्र संगठन से अपनी राजनीतिक पारी की शुरुआत की। वह उत्तर प्रदेश राष्ट्रीय छात्र संगठन के महासचिव, उप्र. युवा कांग्रेस के महासचिव व प्रदेश कांग्रेस कमेटी. के सदस्य के रूप में संगठन में व्यापक स्तर से लगातार काम कर चुके हैं।

बसपा ने आजमगढ़ के प्रत्याशी की सीट बदली

लखनऊ, अमृत विचार : देश में 18वीं लोकसभा चुनाव के लिए बसपा ने बुधवार को 7वीं सूची में आजमगढ़ सीट के प्रत्याशी की सीट बदलते हुए कुल तीन सीटों पर उम्मीदवार घोषित कर दिये हैं। साथ ही शाहजहांपुर में होने वाले विधानसभा उपचुनाव में भी उम्मीदवार घोषित कर दिया है। माल एवेन्यू स्थित केन्द्रीय कार्यालय से राष्ट्रीय महासचिव मेवालाल गौतम ने प्रत्याशियों की सूची जारी करते हुए बताया कि पूर्व प्रदेश अध्यक्ष भीम राजभर आजमगढ़ की जगह अब सलेमपुर से लोकसभा का चुनाव लड़ेंगे। इसके अलावा भदोही सीट पर इरफान अहमद (बबलू) और हमीरपुर सीट से निर्दोष कुमार दीक्षित को उम्मीदवार घोषित किया गया है। शाहजहांपुर की ददरौल विधानसभा सीट पर होने वाले उप चुनाव में सर्वेश चन्द्र मिश्रा (धांधू) को प्रत्याशी बनाया गया है। मालूम हो कि भाजपा विधायक मानवेंद्र सिंह के निधन के बाद ददरौल सीट रिक्त हो गई थी, जिस पर विधानसभा उप चुनाव हो रहे हैं।

पूर्ण अमृत सरोवरों की मांगी फोटो समेत रिपोर्ट

अमृत विचार, लखनऊ : प्रदेश में बने अमृत सरोवरों का ग्रामीण विकास मंत्रालय ने संज्ञान लिया है। पूर्ण हो चुके अमृत सरोवरों की फोटो के साथ रिपोर्ट मांगी है। शासन से हर ग्राम पंचायत पर दो अमृत सरोवर बनाने के निर्देश हैं। इस क्रम में 22 अप्रैल तक 17,194 अमृत सरोवर जिलों पूर्ण हो चुके है और इस्तेमाल हो रहा है। इन पूर्ण अमृत सरोवरों की ग्राम्य विकास मुख्यालय ने सभी मुख्य विकास अधिकारी से 28 अप्रैल तक फोटो के साथ रिपोर्ट मांगी है, जो ग्रामीण विकास मंत्रालय भेजी जाएगी।

मैनहोल में गिरकर बच्चे की मौत मामले का लिया स्वतः संज्ञान

विधि संवाददाता, लखनऊ

- कोर्ट ने पूछा- और कितनी ऐसी घटनाएं हो चुकी हैं

अमृत विचार : हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने मैनहोल में गिरकर आठ साल के बच्चे शाहरुख की मौत की घटना का स्वतः संज्ञान लिया है। न्यायालय ने मामले में स्वतः संज्ञान जनहित याचिका दर्ज करते हुए, नगर आयुक्त, लखनऊ नगर निगम व उपाध्यक्ष, एलडीए को नोटिस जारी करने का भी आदेश दिया है।

न्यायालय ने कहा है कि हम जानना चाहते हैं कि इस प्रकार के और कितने हादसे पहले हो चुके हैं तथा नगर निगम के अधिकारियों द्वारा क्या कोई लापरवाही की गए है। हम यह भी जानना चाहते हैं कि शहर में और ऐसे कितने मैनहोल खुले हुए हैं और यदि हैं तो नगर निगम के अधिकारियों की इस लापरवाही से लोगों की जिंदगियों को बचाने के लिए क्या उपाय किए गए हैं। मामले की अगली सुनवाई 30 अप्रैल को होगी। यह आदेश न्यायमूर्ति राजन रॉय व न्यायमूर्ति ओम प्रकाश शुक्ला की खंडपीठ ने पारित किया है। कोर्ट की नियमित कार्यवाही के दौरान न्यायालय ने अखबारों में छपी उक्त हादसे की खबर का संज्ञान लिया। वहीं बार की ओर से अधिवक्ता आदर्श मेहरोत्रा ने न्यायालय को बताया कि खबरों के मुताबिक शहर में ऐसे कई मैनहोल और पाइप लाइन हैं जो खुले पड़े हुए हैं। कहा गया कि यह नगर निगम की जिम्मेदारी है कि मैनहोल ठीक प्रकार से बंद रहें। इस पर न्यायालय ने खुले हुए 'लखनऊ में खुले हुए मैनहोल व पाइप लाइन से नगरवासियों के जीवन के खतरे का मामला' शीर्षक से जनहित याचिका दर्ज करने का आदेश दिया।

तनावग्रस्त पेशकार ने जहर खाया, मौत

मिर्जापुर, एजेंसी : जिले की मड़िहान तहसील में तैनात पेशकार ने फाईल गुम होने पर बुधवार को जहर खा कर आत्महत्या कर ली। जिलाधिकारी कार्यालय के सूत्रों ने बुधवार को बताया कि रामसहाय सिंह मड़िहान तहसील में तहसीलदार के पेशकार पद पर कार्यरत थे। पिछली 18 अप्रैल को राजस्व परिषद के अध्यक्ष ने तहसील का निरीक्षण किया था। निरीक्षण में पांच महत्वपूर्ण फाईलें नहीं मिली। उन्होंने उपजिलाधिकारी युगान्तर त्रिपाठी को हर हाल में फाईल को खोजने का आदेश दिया था। एसडीएम एवं तहसीलदार संजीव यादव फाईल खोजने में पूरे कार्यालय को लगा रखा था। जिसमें चार फाईलें मिल भी गई है मगर एक फाईल नहीं मिली। रामसहाय सिंह के पुत्र रितेश सिह ने बताया कि पिता इन दिनों काफी तनाव में रहते थे। पर कुछ बताते नही थे।

बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका एक विशेषाधिकार

विधि संवाददाता, प्रयागराज

- व्यक्तिगत स्वतंत्रता की रक्षा और सुरक्षा के लिए कानून में शामिल किया गया है: इलाहाबाद हाईकोर्ट

अमृत विचार : इलाहाबाद हाईकोर्ट ने पिता द्वारा अपनी नाबालिग बेटी से मिलने के लिए दाखिल बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका पर सुनवाई करते हुए कहा कि बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका एक विशेषाधिकार है। इसे व्यक्तिगत स्वतंत्रता की रक्षा और सुरक्षा के लिए कानून में शामिल किया गया है। इसका इस्तेमाल बच्चों के कस्टडी के केवल उन मामलों में होता है, जहां नाबालिग की कस्टडी ऐसे व्यक्ति को दे दी जाती है जो कानूनी रूप से उसका हकदार नहीं होता है।

कोर्ट ने इस बात पर जोर दिया कि बंदी प्रत्यक्षीकरण आमतौर पर मुलाकात का अधिकार देने के लिए जारी नहीं की जाती है, विशेषकर जब पक्षकारों के बीच वैवाहिक विवाद परिवार न्यायालय के समक्ष लंबित हो। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि जहां तक बच्चे से मुलाकात के अधिकार का संबंध है, ऐसी स्थिति में संबंधित पक्ष के लिए यह हमेशा खुला रहता है कि वह परिवार न्यायालय के समक्ष एक उचित आवेदन दाखिल करके उपाय का लाभ उठाए।

उक्त टिप्पणी न्यायमूर्ति डॉ.योगेंद्र कुमार श्रीवास्तव की एकलपीठ ने मिथिलेश मौर्य द्वारा दाखिल बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका को खारिज करते हुए की, जिसमें उसने अपने एक महीने की बच्ची से मिलने का अधिकार मांगा था जो वर्तमान में उसकी पत्नी की कस्टडी में है। दरअसल पक्षकारों के बीच तलाक और भरण-पोषण को लेकर परिवार न्यायालय, आजमगढ़ के समक्ष आपराधिक मामला लंबित है। अंत में कोर्ट ने माना कि हिंदू अप्राप्तवयता और संरक्षकता अधिनियम, 1956 की धारा 6(ए) के अनुसार किसी नाबालिग की उसकी मां के साथ हिरासत को अवैध नहीं माना जा सकता है। अतः पति नाबालिग की कस्टडी और मुलाकात के संबंध में राहत के आदेश प्राप्त करने के लिए धारा 26 के तहत परिवार न्यायालय के अधिकार क्षेत्र का इस्तेमाल कर सकता है।

पति को पीट-पीटकर मार डालने की आरोपी भाइयों सहित गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

- ननद को उपहार में एलईडी टीवी और सोने की अंगूठी देने को लेकर हुआ था विवाद

अमृत विचार : भाइयों के साथ मिलकर पति को पीट-पीटकर मार डालने की आरोपी पत्नी को पुलिस ने भाइयों सहित बुधवार को गिरफ्तार कर लिया। मंगलवार को यह हत्या महज इस लिए की गई थी क्योंकि पति अपनी बहन को एलईडी टीवी और सोने की अंगूठी उपहार में देना चाहता था। इस घटना पूरा जिला स्तब्ध है।

बड्डूपुर थाना क्षेत्र के सहरी मजरे झरसावा गांव के निवासी 35 वर्षीय चंद्र प्रकाश मिश्र की बहन पूजा का विवाह 26 अप्रैल को होना है। शादी की तैयारियों में चंद्र प्रकाश भी लगा हुआ था। वह अपनी बहन को शादी में गिफ्ट के तौर पर एलईडी टीवी और सोने की अंगूठी देना चाहता था। लेकिन उसकी पत्नी छवि मिश्रा इसका विरोध कर रही थी। इसी बात को लेकर पति पत्नी में मंगलवार को कहासुनी शुरू हुई। इसी दौरान महिला ने रामनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत कस्बा रामनगर के मोहल्ला कादिराबाद स्थित अपने मायके से भाई सहित दूसरे लोगों को बुला लिया।

जब घर में शादी के लिए मंडप रखा जा रहा था, तब उसी जगह पत्नी के मायके से आए लोगों ने चंद्र प्रकाश को ईंटों और लाठी-डंडों से पीटना शुरू कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने गंभीर हालत में चंद्रप्रकाश को सीएचसी घूंघटेर पहुंचाया। जहां से गंभीर हालत के चलते उसे जिला अस्पताल बाराबंकी रेफर कर दिया गया। लेकिन जिला अस्पताल पहुंचने से पहले ही उसकी मौत हो गई। जिसके बाद घर में चल रही शादी की खुशियां मातम में बदल गई। मृतक का एक वर्ष का बेटा गोपाल भी है। सीओ फतेहपुर डॉ. बीनू सिंह ने बताया कि पत्नी ननद की शादी में एलईडी टीवी देने का विरोध कर रही थी। इसी को लेकर विवाद हुआ और युवक की जान चली गई।

अभी तक चार आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। गिरफ्तार लोगों में मृतका की पत्नी छवि, हिमांशु बाजपेई उर्फ लालू पुत्र उदय प्रताप वाजपेई, विकास वाजपेई पुत्र उदय प्रताप बाजपेई, सुधांशू बाजपेई पुत्र उदय प्रताप बाजपेई शामिल हैं। इसके अलावा एक बाल अपचारी को संरक्षण में लिया गया है। जबकि अभियुक्त मोनू उर्फ आकाश बाजपेई पुत्र सत्यप्रकाश बाजपेई और प्रदीप शुक्ला पुत्र अहिरवादीन शुक्ला की पुलिस तलाश कर रही है।

अखिलेश, जयंत के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई पर रोक

विधि संवाददाता, प्रयागराज

अमृत विचार : इलाहाबाद हाईकोर्ट में वर्ष 2022 में कोविड-19 दिशा निर्देशों के कथित उल्लंघन मामले में यूपी के पूर्व मुख्यमंत्री और समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव, राष्ट्रीय लोकदल प्रमुख जयंत चौधरी और छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस नेता भूपेश बघेल के खिलाफ आपराधिक कार्यवाही लंबित है।

उक्त नेताओं पर आईपीसी की विभिन्न धाराओं और महामारी रोग अधिनियम की धारा 3/4 के तहत मामला दर्ज किया गया है। वर्तमान याचिका समन आदेश और संपूर्ण आपराधिक कार्यवाही को चुनौती देते हुए दाखिल की गई है। सुनवाई के दौरान सरकारी अधिवक्ता ने कोर्ट को बताया कि राज्य सरकार वर्तमान मामले में शामिल मुद्दे और अन्य जुड़े हुए मुद्दों के संबंध में जून 2024 के अंत तक नीतिगत निर्णय लेगी कि उपरोक्त नेताओं के खिलाफ आपराधिक कार्रवाई जारी रहेगी या नहीं। पिछली सुनवाई में कोर्ट ने अपर मुख्य सचिव (गृह) और प्रमुख सचिव (कानून) से व्यक्तिगत हलफनामा मांगा था, जिसे मंगलवार को दाखिल किया गया। सरकार के रवैये को देखते हुए न्यायमूर्ति संजय कुमार सिंह की एकलपीठ ने सभी राजनीतिक नेताओं के खिलाफ दंडात्मक कार्यवाही पर आगामी 30 जुलाई तक रोक लगा दी है और निर्देश दिया है कि अधिकारियों द्वारा कोर्ट के आदेश का सही अर्थों में अनुपालन किया जाए। मामले के अनुसार सपा प्रमुख और जयंत चौधरी के खिलाफ 300-400 अज्ञात व्यक्तियों के साथ 3 फरवरी 2022 को लुहारली गेट, गौतमबुद्ध नगर से नोएडा की ओर रोड शो करने तथा जनसभा आयोजित कर चुनाव प्रचार करने का आरोप है।

वर्ग पहेली-50

बाएं से दाएं

4. 1. बल, शक्ति 2. ज़ोर 3. सामर्थ्य।
6. 1. भलीभांति, भरपूर, पूरी तरह से, परिपूर्ण 2. अघाया हुआ, संतुष्ट।
9. बहुत दुबला-पतला, जिसके शरीर में हड्डियां ही रह गई हों।
10. शिव के सिर पर विराजमान गंगा।

ऊपर से नीचे

1. 1. किसी बात का पता लगाने के लिए लोगों से प्रश्न करना या पूछना 2. ख़ोजबीन करना 3. मालूमात के लिए सवाल-जवाब करना; (इनक्वाइरी)।
2. 1. कांपता हुआ 2. व्याकुल 3. क्षुब्ध।
3. 1. कलौंछ 2. वह काला अंश जो धुएं के जमने से बन जाता है, कालिख।
5. 1. हिंदी वर्णमाला में 'क' से 'ह' तक के वर्णों का समूह 2. बारहखड़ी 3. वर्णमाला 4. किसी विषय का आरंभिक या ज़रूरी ज्ञान।
7. 1. महान या उच्च आशय और विचारों वाला व्यक्ति 2. आदर्श व्यक्ति, सज्जन 3. समुद्र, सागर।
8. 1. मोहित करने की शक्ति, माया या जादू 2. वशीकरण 3. सुंदर स्त्री 4. मोहक प्रभाव 5. पोई का साग 6. एक तरह की जूही।



वर्ग पहेली -49 का हल

■	■	1 छू	■	■	■	2 चुँ
3 भाँ	4 प	ना	■	5 ध	■	द
■	रि	■	6 क	म	ज़ो	री
7 अ	व	न	म	न	■	■
■	ह	■	ठी	■	8 दं	■
9 सि	न	क	■	■	भ	■
■	■	■	10 ल	प	क	ना

सुडोकू -129

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

				6		1		
4		7						
9					5	8		
					9		7	
2								5
	3							
		2	1					3
					7	6		4
5				3				

सुडोकू -128 का हल

8	4	3	2	1	5	7	9	6
9	6	2	4	3	7	8	5	1
7	1	5	6	8	9	3	2	4
1	9	4	8	7	6	5	3	2
2	5	6	3	9	1	4	7	8
3	8	7	5	4	2	6	1	9
6	3	9	7	2	4	1	8	5
5	2	8	1	6	3	9	4	7
4	7	1	9	5	8	2	6	3

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 25 अप्रैल गुरुवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-वैशाख, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-प्रतिपदा 06.45 तक तत्पश्चात द्वितीया।

आज का पंचांग



दिशाशूल-दक्षिण। ऋतु-ग्रीष्म।
चन्द्रबल-मेष, वृषभ, सिंह, तुला, धनु, मकर।
ताराबल-भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-विशाखा 26 अप्रैल 02.24 तक तत्पश्चात अनुराधा।

मेष — आज घर की साज-सजावट में आप काफी ध्यान देंगे। मेहनत के सकारात्मक परिणाम मिलेंगे। आपकी प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। पारिवारिक तनाव दूर होगा। विद्यार्थियों को शिक्षा के उत्तम अवसर प्राप्त होंगे।

वृष — आज जीवनसाथी के साथ चर्चा करने से काफी समस्याओं का समाधान हो जायेगा। स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं का निवारण होगा। बेवजह की बातों को तूल देने से बचें। आपके काम में स्थिरता बनी रहेगी। शत्रु पक्ष आपका नुकसान पहुंचाने को लेकर तत्पर रहेगा।

मिथुन — आज प्राइवेट नौकरी कर रहे लोगों के ऊपर काम का दबाव बढ़ सकता है। लेकिन शाम के समय आप मनोरञ्जन में बितायेंगे। प्रेम संबंधों में थोड़ी सावधानी रखें। आपकी लापरवाही बड़ी परेशानी को आमंत्रण दे सकती है।

कर्क — आज नवीन कार्य योजना बनाने से पहले अनुभवी लोगों की सलाह अवश्य ले लें। कार्यक्षेत्र में जिम्मेदारियों का दबाव बढ़ सकता है। रक्तचाप के रोगियों को तनाव से बचना चाहिए। विरोधी आपकी छवि को बिगाड़ने में लगे रहेंगे। कुसंगति से आपको बचना चाहिए।

सिंह — आज आपकी जीवनशैली काफी अनुशासित रहेगी। किसी महत्वपूर्ण मीटिंग को लेकर योजना बना सकते हैं। धन को लेकर समस्या का समाधान हो जायेगा। राजनीति से जुड़े लोगों के लिए काफी बेहतरीन है।

कन्या — आज कार्यक्षेत्र में आलस्य का अनुभव करेंगे। नई विधा सीखने के लिए तत्पर रहेंगे। बच्चे पढ़ाई को लेकर लापरवाह हो सकते हैं। दिन भर की थकान दूर होगी। आपका खोया हुआ आत्मविश्वास जागृत होगा। दूसरों के मामले में अपनी सलाह सोच-समझकर दें।

तुला — आज कार्यक्षेत्र में अपने संसाधनों का सार्थक सदुपयोग करने के कारण आपको लाभ मिलेगा। बच्चे अपने करियर को लेकर थोड़े भ्रमित हो सकते हैं। प्रेमी जन के साथ कहीं घूमने की योजना बना सकते हैं। दिन की शुरुआत में काम की अधिकता रहेगी।

वृश्चिक — आज अनावश्यक विवादों से दूर रहें। विदेश में रहने वाले लोगों को धन की कमी का सामना करना पड़ सकता है। अपने नकारात्मक पक्ष को समझे और उसे नियंत्रित करने का प्रयास करें। बिना मांगी सलाह देने के कारण अपमानित होना पड़ सकता है।

धनु — आज कोर्ट-कचहरी के मामलों में निर्णय आपके पक्ष में आ सकता है। वैवाहिक जीवन का भरपूर आनन्द लेंगे। घर की साज-सजावट का पूरा ध्यान रखेंगे। कारोबार में बड़ा लाभ मिलने की सम्भावना बन रही है।

मकर — आज जीवनसाथी के साथ अनबन दूर होगी। आपके काम में स्थिरता रहेगी। व्यावसायिक यात्रा से आपको लाभ मिलेगा। रिश्तों के बीच बढ़ रही दूरियाँ दूर होंगी। अपनी योग्यता के अनुरूप काम करके आत्म सन्तुष्टि का अनुभव करेंगे।

कुंभ — आज स्वास्थ्य काफी अच्छा रहेगा। गूढ़ विद्या के प्रति आकर्षित रहेंगे। परिजनों के साथ घूमने के लिए जा सकते हैं। अपने गुस्से पर नियंत्रण रखें। छोटी-छोटी बातों पर त्वरित प्रतिक्रिया आपकी छवि के लिए नुकसानदेह हो सकती है।

मीन — आज आपको कुछ विपरीत परिस्थितियों का सामना करना पड़ेगा। व्यवहारिक बने रहें अन्यथा आप गलत निर्णय ले सकते हैं। अपनी इच्छाओं को दूसरों पर लादने का प्रयास न करें। बदलते मौसम को लेकर अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

आज की फिल्में

B4U MOVIES
- शादी में जरूर आना — सुबह : 10.56
- धड़कन — रात : 08.44

&pictures
- पार्टनर — सुबह : 11.01
- इंग्लिश विंग्लिश — रात : 08.00

SONY PIX
- रश आर 3 — सुबह : 09.30
- ब्राइटबर्न — रात : 07.30

ZEE CINEMA
- ट्रफिक सिग्नल — सुबह : 08.35
- त्रिशुल — शाम : 06.00

colors CINEPLEX
- वन फ्राईडे नाइट — सुबह : 08.23
- चमत्कार — शाम : 05.52

आज की सुपरहिट फिल्म

एंड पिक्चर पर रात :08.00 बजे

जोक्स ऑफ द डे

पहला दोस्त- यार कल तो तू बहुत मायूस था आज इतना खुश कैसे है?
दूसरा दोस्त- कल मेरी बीवी ने 7 हजार की साड़ी खरीद ली थी
पहला दोस्त- अच्छा आज इतना खुश क्यों है उसने साड़ी वापिस कर दी क्या ?
दूसरा दोस्त- नहीं यार मेरी पत्नी वही साड़ी पहनकर तेरी पत्नी से मिलने आ रही है।

चिंटू- अगर कोई गलती हो जाए तो पता है क्या करना चाहिए?
पिंटू- क्या...?
चिंटू- शांति से बैठकर सोचना चाहिए कि नाम किसका लगाना है।

मैंथा बाजार भाव

चन्दौसी : शिवालिक- 995 फ्लैग-1105 बोल्ड- 1145 डीएमओ- 865
रामपुर : शिवालिक-990 फ्लैग-1105 डीएमओ-885 बोल्ड-1165

सर्राफा

कानपुर	
चांदी 999 (प्रति किलो)	83200
सिक्का (प्रति सैकड़ा) लिवाल	85000
सिक्का (प्रति सैकड़ा) बिकवाल	90000
सोना बिस्कुट (दस ग्राम)	74000
सोना गिन्नी (प्रति नग)	55150-55350
लखनऊ	
सोना स्टैंडर्ड	74,500
सोना रवा	74,350
सोना गिन्नी (प्रति नग)	42,500
चांदी तैयार	82,600
चांदी (999)	82,500
चांदी सिक्के (100 नग)	80,000
बरेली	
गोल्ड (पक्के जेवर)	74000
गोल्ड (गिन्नी जेवर)	73000
सिल्वर (पक्की)	817 (अनुमानित)
मुरादाबाद	
सोना 24 कैरेट	73,700
चांदी आभूषण	82,100

मुरादाबाद मंडी

दाल चना :75 से 76 रुपये मसूर : 88 से 90 रुपये मलका : 82 से 85 रुपये अरहर : 118 से 125 रुपये उड़द : 95 से 101 रुपये धोआ उड़द : 110 से 120 रुपये मूंग धोआ : 104 – 106 रुपये मूंग छिलका : 102 रुपये मूंग साबुत : 100 रुपये चना देसी : 80 रुपये चना कावली : 145 से 160 रुपये राजमा लाल : 155 रुपये राजमा चित्ता : 145 रुपये लोबिया लाल 94 रुपये लोबिया सफेद 98 रुपये।

लाइसेंसधारकों को बुनियादी ढांचा साझा करने की सिफारिश

नई दिल्ली। दूरसंचार नियामक ट्राई ने बुधवार को दूरसंचार सेवा लाइसेंसधारकों को उनके स्वामित्व एवं संचालन वाले भवनों, टावर, विद्युत उपकरण और डार्क फाइबर सहित निष्क्रिय बुनियादी ढांचे को सभी तरह के दूरसंचार सेवा लाइसेंसधारकों के साथ साझा करने की मंजूरी देने की सिफारिश की।

2जी फैसला बदलने की कोशिश नहीं, रक्षा व उपग्रह क्षेत्र के लिए नीलामी के बगैर आवंटन

सुप्रीम कोर्ट ने दूरसंचार स्पेक्ट्रम के आवंटन के लिए नीलामी को माध्यम बनाने का दिया था निर्देश

नई दिल्ली, एजेंसी

सरकार दूरसंचार स्पेक्ट्रम आवंटन के लिए नीलामी को अहमियत देने के उच्चतम न्यायालय के फैसले में बदलाव की कोशिश नहीं कर रही है। शीर्ष सूत्र ने बुधवार को यह बात कही। उच्चतम न्यायालय ने 2012 के अपने फैसले में दूरसंचार स्पेक्ट्रम के आवंटन के लिए नीलामी को ही माध्यम बनाने का निर्देश दिया था। हालांकि उपग्रह संचार और रक्षा जैसे विशिष्ट क्षेत्रों को इसके दायरे में नहीं रखा था।

सरकार ने पिछले साल 15 दिसंबर को शीर्ष अदालत में अर्जी दायर कर विशिष्ट क्षेत्रों को स्पेक्ट्रम आवंटन के संबंध में स्थिति स्पष्ट करने की गुहार लगाई थी। इसमें उपग्रह संचार, रक्षा बलों और सार्वजनिक क्षेत्र की इकाइयों, मेट्रो या रेलवे संचालन के लिए नीलामी के बगैर स्पेक्ट्रम

- सरकार ने पिछले साल अर्जी दायर कर स्पेक्ट्रम आवंटन में स्थिति स्पष्ट करने की लगाई थी गुहार
- स्टारलिंक, वनवेब व प्रोजेक्ट कुइपर जैसे अंतरिक्ष दूरसंचार सेवा प्रदाताओं को मिल सकती है राहत

आवंटित करने को लेकर स्पष्टीकरण देने का आग्रह किया गया था। याचिका दिसंबर के अंत में संसद में दूरसंचार विधेयक को पारित करने से पहले दायर हुई थी।

यह सोमवार को सुनवाई के लिए रखी गई। नए विधेयक में 19 छूटें दी हैं। सूत्र ने याचिका पर उपजे विवाद को 'बेमतलब' बताते हुए कहा कि सरकार से 2जी फैसले को बदलने जैस सवाल किए जा रहे हैं। तथ्य यह है कि कई मुकदमों को देखते हुए पारदर्शिता बनाए रखने के लिए यह आवेदन दायर किया गया था। प्रशासनिक आवंटन मार्ग से एलन मस्क की स्टारलिंक, भारती एयरटेल के वनवेब और अमेजन की प्रोजेक्ट कुइपर जैसे अंतरिक्ष दूरसंचार सेवा प्रदाताओं को राहत मिल सकती है क्योंकि उन्हें नीलामी प्रक्रिया से गुजरे बिना स्पेक्ट्रम मिलने का रास्ता साफ होगा। दूरसंचार के लिए स्पेक्ट्रम की अगली नीलामी इस साल जून में होने वाली है। इस पर सभी पक्षों से परामर्श हुआ लेकिन न्यायालय से परामर्श करने का कोई तरीका नहीं है। लिहाजा न्यायालय को सूचित करने तथा उसकी राय जानने को आवेदन दायर किया गया था।

माइक्रोसॉफ्ट और अमेजन के एआई सौदों की जांच करेगा ब्रिटेन

लंदन। ब्रिटेन का प्रतिस्पर्द्धा नियामक माइक्रोसॉफ्ट और अमेजन के हाल ही में किए कृत्रिम मेधा (एआई) सौदों की समीक्षा करेगा। इन सौदों से एआई उद्योग में प्रतिस्पर्धा प्रभावित होने की आशंका है। ब्रिटेन के प्रतिस्पर्धा एवं बाजार प्राधिकरण ने कहा कि वह माइक्रोसॉफ्ट की मिस्ट्रल एआई के साथ साझेदारी और एक अन्य स्टार्टअप इन्फ्लेक्शन एआई से प्रमुख कर्मचारियों को नियुक्त करने पर गौर कर रहा है। प्रतिस्पर्द्धा नियामक ने सैन फ्रांसिस्को स्थित एंथ्रोपिक में अमेजन के चार अरब डॉलर के निवेश की जांच करने की भी घोषणा की। सार्वजनिक तथा व्यावसायिक रुचि के बीच बड़ी प्रौद्योगिकी कंपनियां जेनरेटिव एआई स्टार्टअप में पैसा लगा रही हैं। ये निवेश व्यापार विरोधी गतिविधियों की जांच करने वालों का ध्यान भी अपनी ओर खींच रहे हैं।

सेंसेक्स फिर पहुंचा 74,000

मुंबई, एजेंसी

वैश्विक बाजारों में मजबूती के बीच धातु और जिंस शेयरों में खरीदारी से बुधवार को शेयर बाजार चौथे कारोबारी सत्र में बढ़त में रहा और दोनों सूचकांक सेंसेक्स एवं निफ्टी चढ़कर बंद हुए। दूरसंचार, आईटी और प्रौद्योगिकी कंपनियों के शेयरों में भारी बिकवाली से इस तेजी पर लगाम लग गई।

बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित सूचकांक सेंसेक्स 114.49 अंक यानी 0.16 प्रतिशत चढ़कर 73,852.94 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 383.16 अंक उछलकर 74,121.61 अंक पर भी पहुंच गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का सूचकांक निफ्टी भी 34.40 अंक यानी 0.15 प्रतिशत बढ़कर 22,402.40 अंक पर पहुंच गया। कारोबारी सत्र के अंतिम दौर

- भारत का दुनिया में मात्रा के हिसाब से तीसरा और मूल्य के हिसाब से 13वां सबसे बड़ा उद्योग

में सूचकांकों पर कुछ बिकवाली से शुरुआती बढ़त कम हो गई। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा कि आईटी और कुछ अन्य दिग्गज कंपनियों के अपेक्षाकृत कमजोर नतीजों से भारतीय बाजार में थोड़ी निराशा है। इसके बावजूद विनिर्माण और सेवा क्षेत्रों के दमदार प्रदर्शन से मझोली और छोटी कंपनियों के शेयरों में कुछ तेजी दिख रही है। अप्रैल में विनिर्माण और सेवा क्षेत्र आर्थिक गतिविधियों को गति देते हुए नजर आ रहे हैं।

हलाल प्रमाणपत्र देने वाले निकायों की मान्यता चार जुलाई तक बढ़ी

नई दिल्ली, एजेंसी

सरकार ने हलाल प्रमाणपत्र देने वाले निकायों की मान्यता और निर्यात इकाइयों के पंजीकरण की समय सीमा तीन महीने बढ़ाकर चार जुलाई कर दी है। विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) ने पिछले साल मांस और मांस उत्पादों के लिए हलाल प्रमाणन प्रक्रिया के लिए नीति और शर्तों को अधिसूचित किया था। साथ ही मौजूदा निकायों को आई-सीएएस (भारत अनुरूप मूल्यांकन योजना) हलाल के लिए राष्ट्रीय प्रमाणन निकाय प्रत्यायन बोर्ड (एनएबीसीबी) से पांच अप्रैल, 2024 तक मान्यता लेने का निर्देश दिया था।

डीजीएफटी ने अधिसूचना में कहा, हलाल प्रमाणन निकायों की मान्यता और निर्यात इकाइयों के

- डीजीएफटी ने पिछले साल हलाल प्रमाणन प्रक्रिया के लिए नीति और शर्तों को किया था अधिसूचित
- निकायों को हलाल के लिए एनएबीसीबी से पांच अप्रैल तक मान्यता लेने का दिया था निर्देश

पंजीकरण की समय अवधि तीन महीने यानी चार जुलाई, 2024 तक बढ़ा दी गई है। विदेश व्यापार महानिदेशालय वाणिज्य मंत्रालय के अंतर्गत आता है। यह निर्यात और आयात से संबंधित मुद्दों को देखता है। दिशानिर्देशों के अनुसार मांस और उसके उत्पादों को 'हलाल प्रमाणित' के रूप में निर्यात करने की अनुमति तभी दी जाती है, जब वे भारतीय गुणवत्ता परिषद के बोर्ड से मान्यता प्राप्त निकाय से मिले वैध प्रमाण पत्र वाली सुविधा में उत्पादित, प्रसंस्कृत और पैक किये जाते हैं।

एलआईसी ने उसके ब्रांड और प्रतीक वाले भ्रामक विज्ञापनों पर किया आगाह

नई दिल्ली। भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) ने वरिष्ठ अधिकारियों की तस्वीर, कंपनी के ब्रांड तथा प्रतीक का दुरुपयोग करके सोशल मीडिया पर धोखाधड़ी वाले विज्ञापन देने में शामिल लोगों/संस्थाओं को बुधवार को आगाह किया। एलआईसी ने 'एक्स' पर अपने पॉलिसीधारकों और जनता से सावधानी और ऐसी हर चीज की प्रामाणिकता की जांच करने को कहा है। निगम ने सार्वजनिक नोटिस में कहा, यह हमारे संज्ञान में आया है कि कुछ लोग और संस्थाएं हमारी सहमति के बिना हमारे अधिकारियों या पूर्व अधिकारियों की तस्वीर, हमारे ब्रांड नाम तथा प्रतीक का दुरुपयोग करके सोशल मीडिया पर धोखाधड़ी वाले विज्ञापन दे रहे हैं। हम इसेल लेकर जनता को सचेत करना चाहते हैं। नोटिस में जनता से एलआईसी सोशल मीडिया खातों पर ऐसे विज्ञापनों के 'यूआरएल लिंक' की जानकारी देने को भी कहा गया। एलआईसी ने कहा, बिना अनुमति हमारे ब्रांड का इस्तेमाल करके धोखाधड़ी में शामिल लोगों के खिलाफ उचित कानूनी कार्रवाई करेंगे।

देश का औषधि निर्यात 9.67% बढ़कर पहुंचा 27.9 अरब डॉलर

नई दिल्ली, एजेंसी

देश का औषधि निर्यात 2023-24 में सालाना आधार पर 9.67% बढ़कर 27.9 अरब अमेरिकी डॉलर हो गया। वित्त वर्ष 2022-23 में निर्यात 25.4 अरब डॉलर था। वाणिज्य मंत्रालय के मुताबिक, मार्च में दवा निर्यात 12.73% बढ़कर 2.8 अरब डॉलर हो गया। 2023-24 में इस क्षेत्र के लिए शीर्ष पांच निर्यात बाजार अमेरिका, ब्रिटेन, नीदरलैंड, ब्रिटेन, दक्षिण अफ्रीका और ब्राजील थे। भारत के कुल औषधि निर्यात में अमेरिका की हिस्सेदारी 31% से अधिक रही।

उद्योग विशेषज्ञ ने कहा कि अमेरिका जैसे देशों में बढ़ते बाजार अवसरों और मांग से निर्यात को मासिक आधार पर वृद्धि दर्ज करने में मदद मिल

- भारत का दुनिया में मात्रा के हिसाब से तीसरा और मूल्य के हिसाब से 13वां सबसे बड़ा उद्योग

रही है। भारत का दवा उद्योग का कारोबार 2030 तक 130 अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक हो सकता है। बाजार के विस्तार तथा विदेशी में बढ़ती मांग से यह हो पाएगा। 2022-23 में कारोबार 50 अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक रहा था।

भारत औसतन हर महीने दो से तीन अरब डॉलर के औषधि उत्पादों का निर्यात करता है। देश का दवा उद्योग दुनिया में मात्रा के हिसाब से तीसरा सबसे बड़ा और मूल्य के हिसाब से 13वां सबसे बड़ा उद्योग है, जो 60 चिकित्सीय श्रेणियों में 60,000 से अधिक जेनेरिक दवाओं का उत्पादन करता है।

एक नजर

केन्द्रीय कारागार में कैदी ने की आत्महत्या

अलवर। राजस्थान में अलवर केंद्रीय जेल में पॉक्सो मामले में बंद कैदी ने बुधवार को पिता से बात करने के बाद जूते के सलु से फंदा बनाकर आत्महत्या कर ली। जेल अधीक्षक शिवेंद्र कुमार ने बताया कि खैरथल जिला निवासी धीरेंद्र (21) पॉक्सो के मामले में 10 जनवरी 2024 से जेल में सजा काट रहा था। बुधवार सुबह उसने साढ़े नौ बजे एसटीडी पर पिता से बात की और कहा कि उसे जल्दी जमानत कराकर जेल से निकलवाओ। यहां उसका दम घुट रहा है। पिता के जवाब के बाद मायूस हो गया और अपने बैरेक में चला गया। 10 बजे वह नहाने गया, लेकिन वह जिंदा वापस नहीं आया।

मणिपुर में विस्फोट से पुल क्षतिग्रस्त

इंफाल। मणिपुर में जातीय हिंसा प्रभावित कांगपोकपी जिले में एनएच-दो पर विस्फोट से पुल आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त हो गया, जिससे यातायात बाधित हो गया। पुलिस अधिकारी ने बताया कि आईईडी विस्फोट मंगलवार रात 12.45 बजे सपरमीना और कोउब्रू लेइखा के बीच पुल पर हुआ। इस विस्फोट में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। पुल के दोनों छोर पर गड्ढे और दरारें देखी गईं। मणिपुर की राजधानी इंफाल को नगालैंड के दीमापुर से जोड़ने वाले पुल पर भारी वाहनों की आवाजाही रोक दी गई है।

कश्मीर में 15 तस्कर गिरफ्तार

श्रीनगर। कश्मीर घाटी में मादक पदार्थ की तस्करी में शामिल 15 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। दस तस्करों की पहचान सलामाबाद के बशरत अहमद रैना, बांदी के चंगेज़ खान और उरी में परानपीलन के सैयद मेहताब हुसैन, लचीपोरा बिझामा के मंजूर अहमद लोन उर्फ मुन्ना, मदियान कमलकोटे के नजर दीन भट्टी, नूरखाह के इमरान अहमद खान, लवायपोरा एचएमटी के आशिक हुसैन पर्रे उर्फ इलाही, मालपोरा सोपोर के अल्ताफ अहमद मीर, वाटरगाम वागूरा के अमीर सुभान मल्ला और चानपोरा के साहिल अहमद रेशी कुन्जर के तौर पर की है। इसके अलावा अन्य पांच तस्करों में वानपोरा खुदवानी के मोहम्मद उर्फ रमजान शेख उर्फ रम्म शेख, ब्रेज़लू जागीर के आरिफ अहमद भट, मांचेवा यारीपोरा के फिरदौस अहमद शेख, ब्राज़लू जागीर के शाहिद अहमद भट और मालवान देवसर के हिलाल अहमद डार है।

नशीले कैप्सूल रखने में 10 साल की जेल

श्रीगंगानगर। राजस्थान के हनुमानगढ़ में एनडीपीएस एक्ट मामलों की विशेष अदालत के न्यायाधीश रूपचंद सुथार ने नशीले कैप्सूल बरामद होने के मामले में आरोपी रवीश कुमार को बुधवार को 10 वर्ष कठोर कारावास की सजा सुनायी। विशिष्ट लोक अभियोजक दिनेश दाधीच ने बताया कि हनुमानगढ़ जिले में टिब्बी थाने में नौ फरवरी 2020 को खाराखेड़ा गांव में हनुमान मंदिर के पास रवीश कुमार को गिरफ्तार किया, जिसके पास नशे के रूप में इस्तेमाल किये जाने वाले पर पारवोरिन पास के 600 कैप्सूल बरामद हुये। खाराखेड़ा गांव निवासी रवीश कुमार के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया।

प्रेमी संग मिलकर महिला ने की पति की हत्या

जीपीएम। छत्तीसगढ़ के गौरेला पेंड्रा मरवाही जिला के पेंड्रा थाना क्षेत्र में महिला के प्रेमी के साथ मिलकर पति को मौत के घाट उतार दिया।पुलिस को सूचना मिली की लालचंद नायक अपनी बाड़ी में फांसी पर लटका है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच की। शक मृतक की पत्नी था। पुलिस ने दुर्गावती नायक से पूछताछ की तो उसने बताया कि प्रेमी कमलेश्वर के साथ उसने 20 अप्रैल की रात पति का गला दबाकर हत्या कर दी और शव को लटका दिया।

फ्लाईओवर से लटका मिला शव

नई दिल्ली। दिल्ली में रोहिणी के अमन विहार इलाके में बुधवार सुबह 35 वर्षीय एक व्यक्ति का शव एक निर्माणाधीन फ्लाईओवर से लटका हुआ मिला। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के मुताबिक उन्हें एक राहगीर ने इसकी सूचना दी थी। मृतक की पहचान हरप्रीत सिंह के रूप में हुई है। पुलिस के एक अधिकारी ने कहा कि प्रथम दृष्टया यह आशंका जताई जा रही है कि हरप्रीत ने आत्महत्या की है।

राष्ट्रीय

कांग्रेस की लूट जिंदगी के साथ भी और जिंदगी के बाद भी : मोदी

आप जीवित रहेंगे तो कर से और आप नहीं रहेंगे तो विरासत कर से मारेगी

अंबिकापुर, एजेंसी

प्रधानमंत्री मोदी ने अमेरिका में 'विरासत कर' संबंधित सैम पित्रोदा की टिप्पणी पर कहा कि पार्टी 'विरासत कर' लगाकर लोगों और उनके बच्चों का अधिकार छीनना चाहती है। मोदी ने अंबिकापुर की चुनावी रैली में कहा कि कांग्रेस के खतरनाक इरादे खुलकर सामने आ रहे हैं। शाही परिवार के शहजादे के सलाहकार ने कहा था कि देश के मध्यम वर्ग के लोग जो मेहनत करके कमाते हैं उन पर ज्यादा कर लगना चाहिए। इन्होंने सार्वजनिक तौर पर ऐसा कहा था।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस का कहना है कि अब वह इनहेरिटेंस टैक्स (विरासत कर) लगाएगी। माता-पिता से मिलने वाली विरासत पर भी कर लगाएगी। आप जो मेहनत से संपत्ति बनाते हैं, वह आपके बच्चों को नहीं मिलेगी। कांग्रेस सरकार का पंजा उसे

- कहा- लोगों का धन लेने के कांग्रेस के नापाक मंसूबों को किया उजागर

भी आपसे छीन लेगा। कांग्रेस का मंत्र है- कांग्रेस की लूट जिंदगी के साथ भी जिंदगी के बाद भी। मोदी ने कहा कि जब तक आप जीवित रहेंगे, कांग्रेस ज्यादा कर से मारेगी और जब आप जीवित नहीं रहेंगे तो आप पर विरासत कर का बोझ लाद देगी।

प्रधानमंत्री ने कहा कि कांग्रेस नहीं चाहती कि आम भारतीय अपनी संपत्ति अपने बच्चों को दें। मूल्यों से लेकर संस्कृति तक हमारा देश उपभोक्तावादी देश नहीं है। हम संचय, संवर्धन और संरक्षण में विश्वास करते हैं। आज हमारी प्रकृति और पर्यावरण इन्हीं मूल्यों के कारण सुरक्षित है। उन्होंने कहा कि हमारे माता-पिता, दादा-दादी, अपने हर गहनों को यह सोचकर संभालकर रखते हैं कि पोते-पोतियों को उनकी शादी में पहनाएंगे... मेरे देश के लोग कर्ज लेकर जीवन जीने के शौकीन नहीं हैं। यहां लोग मेहनती हैं और जरूरत के मुताबिक खर्च करते हैं तथा संचय की प्रवृत्ति रखते हैं।

प्रधानमंत्री ने कहा कि कांग्रेस पार्टी भारत के मूलभूत संस्कार पर कड़ा प्रहार करने जा रही है। उन्होंने कहा कि कल उन्होंने यह बयान इसलिए दिया है क्योंकि उनकी यह सोच बहुत पुरानी है। जब मैंने कहा कि शहरी नक्सलियों और माओवादियों ने कांग्रेस पर कब्जा कर लिया है तो लगा कि उन्हें अमेरिका को खुश करने के लिए कुछ कहना चाहिए। जब मोदी ने आरोप लगाए तो वे संतुलन साधने के लिए दूसरी तरफ जाने का नाटक कर रहे थे।

जाति आधारित जनगणना को कोई ताकत नहीं रोक सकती : राहुल गांधी

नई दिल्ली। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने बुधवार को प्रधानमंत्री मोदी और भाजपा पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि जो अपने आप को देशक्त कहते हैं वो 90 प्रतिशत लोगों के लिए 'न्याय' सुनिश्चित करने वाली जाति आधारित जनगणना के 'एक्सरे' के विरोध में खड़े हो गए हैं, लेकिन वे जाति आधारित जनगणना को रोक नहीं सकते।

उन्होंने जोर दिया कि जाति आधारित जनगणना को कोई शक्ति नहीं रोक सकती है क्योंकि लोगों को यह बात समझ में आ गई है। भाजपा के लोग जातिगत जनगणना के 'एक्सरे' से डरते हैं। मोदी ने देश से 10 साल कहा कि वह ओबीसी हैं। जैसे ही मैंने जाति आधारित जनगणना और एक एक्सरे की बात की तो नरेन्द्र मोदी कहते हैं की जाति ही नहीं होती है। अगर जाति नहीं है तो आप ओबीसी कैसे हैं? आपको उसी समय कहना चाहिए था कि मेरी कोई जाति नहीं है। उनका कहना था कि अगर आप महाशक्ति बनना चाहते हैं, चीन से मुकाबला करना चाहते हैं तो 90 प्रतिशत लोगों की शक्ति का इस्तेमाल तो करना पड़ेगा। जाति आधारित जनगणना का 'एक्सरे' और न्याय उनके लिए राजनीतिक मुद्दा नहीं है।

अदालत ने केजरीवाल को जवाब देने के लिए दिया वक्त

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली की अदालत ने आबकारी नीति मामले में ईडी द्वारा जारी समन को कथित तौर पर नजरअंदाज करने को लेकर आदेश के खिलाफ पुनर्विचार की मांग करने वाली मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की दो याचिकाओं पर एजेंसी के जवाब पर प्रतिक्रिया देने के लिए आप नेता को समय दिया है।

ईडी की शिकायत पर एक मजिस्ट्रेट अदालत ने केजरीवाल को समन जारी किया था और उनके खिलाफ एक आदेश पारित किया था, जिसको चुनौती देते हुए 'आप' नेता ने विशेष अदालत का दरवाजा खटखटाया था। ईडी ने मामले में जारी समन से कथित तौर पर बचने के लिए केजरीवाल के खिलाफ मजिस्ट्रेट अदालत में शिकायत की थी। विशेष न्यायाधीश राकेश सयाल ने केजरीवाल की अपील पर ईडी के जवाब मिलने के बाद आप संयोजक को जवाब दाखिल करने के लिए दो सप्ताह का समय दिया है। केजरीवाल के वकीलों ने अदालत को बताया

समन अनदेखी मामला

- ईडी की शिकायत पर समन भेजने और आदेश को चुनौती देने आप नेता पहुंचे थे विशेष अदालत

केजरीवाल से मिले सौरभ

नई दिल्ली। दिल्ली सरकार में मंत्री सौरभ भारद्वाज ने बुधवार को तिहाड़ जेल में मुख्यमंत्री केजरीवाल से मुलाकात की, जो 30 मिनट चली। भारद्वाज ने कहा कि केजरीवाल ने जनता से कहा है कि उनकी चिंता न करे। वह मुलाकात जंगले में मिले और इंटरकॉम पर बातचीत हुई।

कि ईडी मामले में 'आप' नेता को गिरफ्तार कर चुकी है इसलिए उन्हें अब इस बारे में उनसे कोई निर्देश नहीं मिला इसलिए जवाब दाखिल करने के लिए समय चाहिए, जिसके बाद अदालत ने यह आदेश दिया। अब 14 मई को याचिका पर सुनवाई करेगी।

चुनावी बांडः एसआईटी जांच के लिए उच्चतम न्यायालय में याचिका

नई दिल्ली। रद कर दी गई चुनावी बांड योजना में 'घोटाले' का आरोप लगाते हुए इसकी जांच उच्चतम न्यायालय के एक सेवानिवृत्त न्यायाधीश की निगरानी में कराने का निर्देश देने की मांग वाली एक जनहित याचिका शीर्ष अदालत में दायर की गई है। अधिवक्ता प्रशांत भूषण के माध्यम से गैर सरकारी संगठनों - कॉमन कॉज और सेंटर फॉर पब्लिक इंटरेस्ट लिटिगेशन- द्वारा संयुक्त रूप से दायर याचिका कहा गया है कि एक सेवानिवृत्त न्यायाधीश की देखरेख में बेदाग निष्ठावान मौजूदा या सेवानिवृत्त अधिकारियों की एक विशेष जांच टीम (एसआईटी) द्वारा जांच की जानी चाहिए।

याचिका में दावा किया गया है कि ऐसा प्रतीत होता है कि बड़ी संख्या में बांड कई कॉरपोरेट्स द्वारा राजनीतिक दलों को अनुबंध या लाइसेंस या पट्टे प्राप्त करने के लिए दिए गए हैं। कुछ उदाहरणों में यह देखा गया है कि केंद्र या राज्यों के सत्ताधारी राजनीतिक दलों ने सार्वजनिक हित की कीमत पर निजी कॉर्पोरेट्स को लाभ प्रदान करने के लिए नीतियों या कानूनों में स्पष्ट रूप से संशोधन किये। याचिका में ईडी, आईटी, सीबीआई पर भी सवाल उठाए गए हैं।

उच्च न्यायालय के फैसले को ममता ने दी सुप्रीम कोर्ट में चुनौती

नई दिल्ली, एजेंसी

शिक्षक भर्ती मामले में प. बंगाल सरकार ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। ममता सरकार ने कलकत्ता हाईकोर्ट के फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है। ये मामला 2016 में हुई शिक्षण और गैर-शिक्षण कर्मचारियों की 24 हजार नियुक्तियों को रद करने से जुड़ा है।

राज्य सरकार ने याचिका में दावा किया है कि नियुक्तियां रद करने से शिक्षा प्रणाली ठप हो जाएगी। तथ्य की अनदेखी की गई है, नियुक्तियों को रद करने से स्कूलों में शून्य की स्थिति पैदा हो जाएगी, खासकर जब नया शैक्षणिक सत्र शुरू हो रहा हो। हाईकोर्ट के शिक्षक भर्ती रद करने के आदेश के बाद शिक्षकों को चार हफ्ते में वेतन भी वापस करना होगा। वहीं मंगलवार को प. बंगाल के मुख्य सचिव को हाईकोर्ट ने 2016 के स्कूल नौकरी मामले में सीबीआई द्वारा गिरफ्तार किए पूर्व लोक सेवकों के खिलाफ मुकदमा चलाने की मंजूरी देने के लिए 23 अप्रैल तक का समय दिया था। लेकिन मुख्य सचिव ने अब तक इसका पालन नहीं किया। इस पर हाईकोर्ट ने कहा था यदि मुख्य सचिव ने आदेश का पालन नहीं किया तो उन पर कार्रवाई होगी।

जांच के खिलाफ प. बंगाल के मुकदमे पर सुनवाई एक मई तक स्थगित

नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने प. बंगाल सरकार द्वारा दाखिल मुकदमे पर सुनवाई बुधवार को एक मई तक के लिए स्थगित कर दी। सरकार ने सीबीआई पर राज्य से बिना मंजूरी प्राप्त किए चुनाव के बाद हिंसा मामलों में जांच को आगे बढ़ाने का आरोप लगाया है। न्यायमूर्ति बीआर गवई और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने सुनवाई को स्थगित करने के सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता के अनुरोध के बाद मामले को स्थगित कर दिया।

यमुना प्रदूषणः एनजीटी ने दो निकायों पर 65 करोड़ का लगाया जुर्माना

नई दिल्ली। राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) ने बुधवार को कहा कि उत्तर प्रदेश के दो नगर निकाय यमुना में प्रदूषित जल के प्रवाह को रोकने में नाकाम रहे और नियमों का उल्लंघन किया है। एनजीटी ने आगरा और मथुरा-वृंदावन के निगमों पर 65 करोड़ से अधिक का जुर्माना लगाया।

हरित अधिकरण अनुपचारित अवजल के प्रवाह से आगरा और मथुरा-वृंदावन में यमुना के प्रदूषण के संबंध में दो याचिकाओं पर सुनवाई कर रहा था। एनजीटी अध्यक्ष न्यायमूर्ति प्रकाश श्रीवास्तव की पीठ ने कहा कि हमें यह मानने में झिझक नहीं कि यमुना की सुरक्षा और सफाई राज्य का वैधानिक और संवैधानिक दायित्व था, लेकिन वह इसमें विफल रहा है। पीठ में न्यायिक सदस्य न्यायमूर्ति सुधीर अग्रवाल और विशेषज्ञ सदस्य ए. सेंथिल वेल भी थे। पीठ ने कहा कि आगरा और मथुरा-वृंदावन में निकाय जैसे वैधानिक निकाय यमुना में प्रदूषित सामग्री के प्रवाह को रोकने में विफल रहे हैं और अवजल को बहा कर इसे प्रदूषित होने दिया। पीठ ने कहा कि दोनों निगम और उनके एसटीपी का संचालन करने वाली एजेंसियों ने प्रवाह को न रोककर प्रावधानों का उल्लंघन किया है।

ओबीसी आरक्षण पर कर्नाटक ने नहीं दिया उचित स्पष्टीकरण : आयोग

नई दिल्ली। कर्नाटक में संपूर्ण मुसलमान समुदाय को अन्य पिछड़ा वर्ग- ओबीसी के अंतर्गत आरक्षण देने पर राष्ट्रीय ओबीसी आयोग ने कहा है कि राज्य सरकार ने इस संबंध में उचित स्पष्टीकरण नहीं दिया है। राष्ट्रीय ओबीसी आयोग के अध्यक्ष हंसराज गंगाराम अहीर ने बुधवार को यहां कहा कि कर्नाटक सरकार ने ओबीसी आरक्षण का श्रेणीकरण इस तरह से किया है कि संपूर्ण मुसलमान समुदाय ओबीसी आरक्षण में आ गया है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार से मुसलमान समुदाय को ओबीसी के अंतर्गत आरक्षण देने का आधार पूछा गया था जिसका राज्य सरकार से कोई उचित स्पष्टीकरण नहीं मिला है। श्री अहीर ने कहा कि कर्नाटक में ओबीसी समुदाय को 32 प्रतिशत आरक्षण प्राप्त है। राज्य सरकार ने ओबीसी आरक्षण में बंटवारा किया जिसमें श्रेणी प्रथम, प्रथम बी, द्वितीय बी, तृतीय ए और तृतीय बी बनायी हैं। प्रथम श्रेणी में 95 जातियां हैं जिनमें 17 मुसलमान जाति हैं। द्वितीय बी में 103 जातियां हैं जिनमें 19 मुसलमान जातियां भी शामिल हैं।

ट्रेलर और स्कार्पियो टकराने से पांच लोगों की मौत

नागौर। राजस्थान में नागौर जिले के डेगाना क्षेत्र के हरसौर कस्बे में आज ट्रेलर और स्कार्पियो गाड़ी टकरा जाने से तीन बच्चों सहित पांच लोगों की मौत हो गई तथा छह घायल हो गए। डेगाना पुलिस उपाधीक्षक रामेश्वर लाल ने बताया कि ये लोग हरसौर के पास स्थित रानाबाई मंदिर में दर्शन करने के लिए जा रहे थे कि उनकी स्कार्पियों गाड़ी और सामने से आर रहा ट्रेलर आपस में टकरा गये। ये जोधपुर के रिजनाली गांव के रहने वाले बताये जा रहे हैं। मृतकों में एक महिला भी शामिल हैं। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया हैं।

आयोग के सात स्थानों के लिए आठ दावेदार थे दौड़ में, मतदान प्रक्रिया के बाद चुने गए सात सदस्य

डब्ल्यूएफआई एथलीट पैनल के अध्यक्ष बने नरसिंह

वाराणसी, एजेंसी

राष्ट्रमंडल खेलों के पूर्व स्वर्ण पदक विजेता नरसिंह पंचम यादव बुधवार को यहां भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के एथलीट आयोग का अध्यक्ष चुना गया जिससे खेल की विश्व संचालन संस्था द्वारा अनिवार्य की गई प्रक्रिया भी पूरी हो गई। आयोग के सात स्थानों के लिए कुल आठ दावेदार दौड़ में थे और मतदान के बाद सात सदस्यों को चुना गया। इसके बाद उन्होंने आयोग के अध्यक्ष पद के लिए नरसिंह को चुना।

2016 ओलंपिक से पहले टीम के सदस्य नरसिंह सुर्खियों में आ गये थे जब ओलंपिक पदक विजेता सुशील कुमार ने उनके खिलाफ एक ट्रायल मुकाबले का अनुरोध किया था जबकि वह चोट के कारण क्वालीफिकेशन टूर्नामेंट में नहीं खेल पाये थे। सुशील ने दिल्ली उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया और उनकी अपील खारिज होने के बाद पुष्टि हो गयी कि नरसिंह ही रियो ओलंपिक जाएंगे, लेकिन हैरानी की बात रही कि नरसिंह ओलंपिक से पहले कराई गई दो डोप जांच में विफल हो गए थे जिससे खेल पंचाट ने उन्हें चार साल के लिए प्रतिबंधित कर दिया था। हालांकि राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी (नाडा) ने उन्हें यह कहते हुए पाक साफ करार कर दिया था कि वह साजिश के कारण डोप जांच में पॉजिटिव आए थे। खेल पंचाट का फैसला नरसिंह के शुरूआती मुकाबले से एक दिन पहले ही आया था जिससे वह रियो से बिना खेले ही वापस लौट आये थे। उनका प्रतिबंध जुलाई 2020 को खत्म हुआ और उन्होंने कहा कि था कि यह घटनाक्रम साजिश का हिस्सा था।

- पूर्व पहलवान ने राष्ट्रमंडल खेलों में जीता था स्वर्ण पदक
- पहलवानों की शिकायतों पर एथलीट आयोग ने उठाया कदम

एथलीट आयोग के लिए चुने गए अन्य सदस्य साहिल (दिल्ली), स्मिता ए एस (केरल), भारतीय भाघेई (उत्तर प्रदेश), खुशबू एस पवार (गुजरात), निक्की (हरियाणा) और श्वेता दुबे (बंगाल) हैं। खेल की अंतर्राष्ट्रीय संस्था यूडब्ल्यूडब्ल्यू ने डब्ल्यूएआई का निलंबन हटाते हुए कहा था कि संजय सिंह की अगुआई वाली राष्ट्रीय महासंघ के लिए पहलवानों की शिकायतों को निपटाने के लिए एथलीट आयोग गठित करना अनिवार्य होगा।

आज का मुकाबला

सनराइजर्स हैदराबाद

बनाम

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु

समय : शाम 7:30 बजे

ऑरेंज कैप

खिलाड़ी	मैच	रन
विराट कोहली (आरसीबी)	08	379
ऋतुराज गायकवाड़ (सीएसके)	08	349
ऋषभ पंत (दिल्ली कैपिटल)	09	342

पर्पल कैप

खिलाड़ी	मैच	विकेट
जसप्रीत बुमराह (मुंबई)	08	13
युजवेंद्र चहल (राजस्थान)	08	13
हर्षल पटेल (पंजाब)	08	13

आरसीबी के खिलाफ रनों का अंबार लगाने पर होंगी हैदराबाद की निगाह

हैदराबाद, एजेंसी

सनराइजर्स हैदराबाद की टीम जब गुरुवार को आईपीएल में निचले पायदान पर चल रही रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के खिलाफ मैदान पर उतरेगी तो उसकी निगाह फिर से आक्रामक बल्लेबाजी करते हुए रनों का अंबार लगाने की होगी।

इस आईपीएल चरण में तीन बार 250 रन का आंकड़ा पार कर चुकी सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) ने तूफानी बल्लेबाजी दिखाई है, इसमें मुंबई इंडियंस उसका सबसे पहला शिकार बनी और फिर बेंगलुरू में 2016 की विजेता टीम ने आरसीबी के खिलाफ तीन विकेट पर 287 रन बनाकर टूर्नामेंट का सबसे बड़ा स्कोर खड़ा कर दिया। इतना ही काफी नहीं था कि एसआरएच ने दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ पावरप्ले में बिना विकेट गंवाए 125 रन का रिकॉर्ड बनाने के साथ आईपीएल में पहली बार 300 रन पार करने की संभावना भी बना दी थी।

गुरुवार को भी अगर एसआरएच कुछ रिकॉर्ड बना दे तो हैरानी नहीं होगी और वो भी आरसीबी के कमजोर गेंदबाजी आक्रमण के खिलाफ, जिसकी संभावना काफी ज्यादा है। आरसीबी अब तक आठ में से सात मैच गंवाकर तालिका में निचले स्थान पर काबिज है। आरसीबी के बल्लेबाजों ने अपनी गेंदबाजी की खामियों की भरपाई करने के लिए मशक्कत की है लेकिन संतुलन के मामले में इतनी कमजोर टीम के लिए हरफनमौला प्रदर्शन दिखाना असंभव ही दिखता है।

अंकतालिका

टीम	मैच	जीत	हार	अंक	रन रेट
राजस्थान	8	7	1	14	+0.698
कोलकाता	7	5	2	10	+1.206
हैदराबाद	7	5	2	10	+0.941
लखनऊ	8	5	3	10	+0.148
चेन्नई	8	4	4	8	+0.415
दिल्ली	9	4	5	8	-0.386
गुजरात	9	4	5	8	-0.974
मुंबई	8	3	5	6	-0.227
पंजाब	8	2	6	4	-0.292
बेंगलुरु	8	1	7	2	-1.046

दिल्ली मैच जीता... गुजरात टाइटंस ने जीते दिल

आखिरी ओवर में 4 रनों से जीती दिल्ली कैपिटल्स, मिलर और राशिद ने खेली शानदार पारी

नई दिल्ली, एजेंसी

कप्तान ऋषभ पंत और अक्षर पटेल के अर्धशतक और दोनों के बीच शतकीय साझेदारी से दिल्ली कैपिटल्स ने इंडियन प्रीमियर लीग के रोमांचक मुकाबले में बुधवार को गुजरात टाइटंस को चार रन से हरा दिया।

दिल्ली के 225 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए टाइटंस की टीम साई सुदर्शन (39 गेंद में 65 रन) और डेविड मिलर (23 गेंद में 55 रन) के अर्धशतक के बावजूद आठ विकेट पर 220 रन ही बना सकी। साई सुदर्शन ने सलामी बल्लेबाज रिद्धिमान साहा (39) के साथ दूसरे विकेट के लिए 82 रन भी जोड़े। दिल्ली की ओर से रसिक सलाम (44 रन पर तीन विकेट) ने तीन जबकि कुलदीप यादव (29 रन पर दो विकेट) ने दो विकेट चटकाए। विकेटकीपर बल्लेबाज पंत (43 गेंद में नाबाद 88 रन) ने इससे पहले ताबड़तोड़ अर्धशतक जड़कर टी20 विश्व कप की भारतीय टीम में जगह बनाने का दावा मजबूत किया। उन्होंने अक्षर (43 गेंद में 66 रन) के साथ चौथे विकेट के लिए उस समय 113 रन की साझेदारी की जब टीम 44 रन पर तीन विकेट गंवाने के बाद संकट में थी। पंत ने अंत में ट्रिस्टन स्टब्स (सात गेंद में नाबाद 26) के साथ सिर्फ 18 गेंद में 67 रन की अटूट साझेदारी करके टीम का स्कोर चार विकेट पर 224 रन तक पहुंचाया।

विकेट लेने के बाद खुशी मनाते दिल्ली कैपिटल्स के खिलाड़ी। ● एजेंसी

लक्ष्य का पीछा करने उतरे टाइटंस ने पावर प्ले में कप्तान शुभमन गिल (06) का विकेट गंवाने के बाद 67 रन बनाए। साहा और साई सुदर्शन ने इसके बाद पारी को संभाला। साई सुदर्शन हालांकि रसिक सलाम की पहली ही गेंद पर भाग्यशाली रहे जब अक्षर ने मिड ऑन पर उनका आसान कैच टपका दिया। साई सुदर्शन ने अक्षर पर भी लगातार दो चौके मारे लेकिन कुलदीप ने साहा को अक्षर के हाथों कैच कराके टाइटंस को दूसरा झटका दिया। सुदर्शन ने कुलदीप की गेंद पर दो रन के साथ सिर्फ 29 गेंद में अर्धशतक पूरा किया। इसके बाद मिलर एक छोर पर डटे रहे। टाइटंस को अंतिम पांच ओवर में जीत के लिए 78 रन की जरूरत थी। मिलर ने 21 गेंद में अर्धशतक पूरा किया। इसके बाद मुकेश ने मिलर को कैच कराके दिल्ली का पलड़ा भारी किया। टाइटंस को अंतिम दो ओवर में 37 रन की दरकार थी। राशिद खान (11 गेंद में नाबाद 21) ने और साई किशोर (13) ने लगातार दो छक्के जड़कर 18 रन बटोरे लेकिन साई किशोर अंतिम गेंद पर बोल्ड हो गए।

दिल्ली 224/4

20 ओवर, अतिरिक्त : 05

बल्लेबाज	रन	गेंद	4/6
पृथ्वी साव का नूर बो वारियर	11	7	2/0
जेक फ्रेजर मैकगर्क का नूर बो वारियर	23	14	2/2
अक्षर पटेल का साई सुदर्शन बो नूर	66	43	5/4
शाई होप का राशिद बो वारियर	5	6	1/0
ऋषभ पंत नाबाद	88	43	5/8
ट्रिस्टन स्टब्स नाबाद	26	7	3/2

गेंदबाजी : उमरजई 4-0-33-0, वारियर 3-0-15-3, राशिद 4-0-35-0, नूर 3-0-36-1, मोहित 4-0-73-0, शाहरूख 1-0-8-0, साई किशोर 1-0-22-0

गुजरात 220/8

20 ओवर, अतिरिक्त : 08

बल्लेबाज	रन	गेंद	4/6
रिद्धिमान सहा का अक्षर बो कुलदीप	39	25	5/1
शुभमन गिल का अक्षर बो नोर्किया	6	5	1/0
साई सुदर्शन का अक्षर बो रसिक	65	39	7/2
उमरजई का फ्रेजर मैकगर्क बो अक्षर	1	2	0/0
डेविड मिलर का रसिक बो मुकेश	55	23	6/3
शाहरूख खान का पंत बो रसिक	8	5	0/1
राहुल तेवतिया का पंत बो कुलदीप	4	5	0/0
राशिद खान नाबाद	21	11	3/1
साई किशोर बो रसिक	13	6	0/2
मोहित शर्मा नाबाद	0	0	0/0

गेंदबाजी : खलील 2-0-26-0, नोर्किया 3-0-48-1, रसिक 4-0-44-3, मुकेश 4-0-41-1, अक्षर 3-0-28-1, कुलदीप 4-0-29-2

खेल डायरी

एशियाई अंडर-22 में भारतीय टीम का नेतृत्व करेंगी मुक्केबाज प्रीति

नई दिल्ली। पेरिस ओलंपिक जाने वाली टीम की सदस्य मुक्केबाज प्रीति पवार 27 अप्रैल से कजाखस्तान के अस्ताना में शुरू होने वाली एएसबीसी एशियाई अंडर-22 और युवा मुक्केबाजी चैंपियनशिप में 50 सदस्यीय भारतीय टीम की अगुआई करेंगी। 20 वर्षीय मुक्केबाज प्रीति के साथ अंडर-22 प्रतियोगिता में पूर्व युवा विश्व चैंपियन और 2022 एशियाई एलीट मुक्केबाजी चैंपियनशिप की स्वर्ण पदक विजेता अलफिया पठान (81 किग्रा) भी हिस्सा लेंगी।

आईटीएफ के पूर्व अध्यक्ष ब्रायन टोबिन का निधन

लंदन। अंतर्राष्ट्रीय टेनिस महासंघ (आईटीएफ) के पूर्व अध्यक्ष ब्रायन टोबिन का सोमवार को निधन हो गया। वह 93 वर्ष के थे। खेल की संचालन संस्था ने इसकी जानकारी दी। आईटीएफ ने कहा कि टोबिन का सोमवार को निधन हो गया। टेनिस ऑस्ट्रेलिया के पूर्व अध्यक्ष ज्योफ पोलार्ड ने भी बुधवार को ओसनिया टेनिस महासंघ को संदेश में टोबिन के निधन की पुष्टि की।

उसेन बोल्ट को आईसीसी ने टी-20 विश्व कप का दूत बनाया

दुबई। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने महान धावक उसेन बोल्ट को एक से 29 जून तक वेस्टइंडीज और अमेरिका में खेले जाने वाले आगामी टी20 विश्व कप का ब्रांड दूत नियुक्त किया। जमैका में जन्में बोल्ट ने 2008 में बीजिंग में हुए ओलंपिक खेलों में इतिहास रचा था, जहां उन्होंने विश्व रिकॉर्ड समय में 100 मीटर, 200 मीटर और 4 गुणा 100 मीटर दौड़ जीती थी। बोल्ट विश्व कप के अपने देश आने और अपनी नयी भूमिका को लेकर उत्साहित है।

ओलंपिक के लिए तैयार अदिति और दीक्षा

नई दिल्ली, एजेंसी

भारतीय गोल्फर अदिति अशोक (46) और दीक्षा डागर (138) पेरिस ओलंपिक में हिस्सा लेने के लिए तैयार हैं जबकि शुभंकर शर्मा (197) और गगनजीत भुल्लर (232) के भी रैंकिंग के आधार पर खेलों में जगह बनाने की संभावना है। अदिति के लिए यह तीसरा ओलंपिक होगा जो किसी भारतीय गोल्फर की ओलंपिक में सबसे ज्यादा भागीदारी होगी।

दीक्षा दूसरी बार ओलंपिक में हिस्सा लेंगी। शर्मा और भुल्लर के लिए यह पहला ओलंपिक होगा। भारत के लिए ओलंपिक में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन अदिति के नाम है जो तोक्यो 2020 ओलंपिक में चौथे स्थान पर रही थीं। ओलंपिक के लिए प्रविष्टियां भारतीय गोल्फ संघ द्वारा भेजी जाती हैं। ओलंपिक के लिए क्वालीफिकेशन रैंकिंग से निर्धारित होता है जो आधिकारिक विश्व गोल्फ रैंकिंग (ओडब्ल्यूजीआर) के जरिये 60 पुरुष और इतनी ही महिला खिलाड़ियों के लिए सीमित है। ओडब्ल्यूजीआर रैंकिंग में शीर्ष 15 खिलाड़ी ओलंपिक के लिए स्वतः ही क्वालीफाई कर लेते हैं जिसमें से प्रत्येक देश से अधिकतम चार गोल्फर इसमें हिस्सा ले सकते हैं। इसके बाद ओलंपिक गोल्फ रैंकिंग (ओजीआर) में से प्रत्येक देश से दो शीर्ष खिलाड़ी शामिल होते हैं, बशर्ते देश के शीर्ष 15 में कम से कम दो गोल्फ खिलाड़ी शामिल नहीं हों। भारतीय मूल के अमेरिकी गोल्फर साहित थिगाला और अक्षय भाटिया पीजीए टूर पर काफी अच्छा खेल रहे हैं और दोनों ने इस हफ्ते अपने करियर की शीर्ष रैंकिंग हासिल की है, लेकिन अमेरिकी खिलाड़ियों के शीर्ष 15 रैंकिंग में दबदबे को देखते हुए उनके ओलंपिक में जाने की संभावना नहीं है। थिगाला की रैंकिंग 12 और भाटिया की रैंकिंग 33 है।

- शुभंकर और गगनजीत को भी रैंकिंग के आधार पर मिल सकती है जगह

महिला फुटबॉल की कोच होंगी चाओबा

नई दिल्ली, एजेंसी

- 1999 में हुए एशियाई चैंपियनशिप में भारतीय टीम की कर चुकी हैं कप्तानी
- पूर्वोत्तर की एकमात्र महिला कोच हैं जिनके पास है 'ए' कोचिंग लाइसेंस

आईएम विजयन की अगुआई वाली अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) की तकनीकी समिति ने बुधवार को पूर्व खिलाड़ी लांगम चाओबा देवी के नाम की सिफारिश राष्ट्रीय महिला फुटबॉल कोच पद के लिए की है जिससे वह इस पद की जिम्मेदारी लेने को तैयार हैं। देवी (51 वर्ष) ने फिलीपींस में 1999 एशियाई चैंपियनशिप में राष्ट्रीय टीम की कप्तानी की थी। वह भारतीय टीम की सहायक कोच भी रह चुकी हैं।

एआईएफएफ ने कहा कि काफी सोच विचार के बाद समिति ने एल चाओबा देवी के नाम की सिफारिश भारतीय सीनियर महिला राष्ट्रीय टीम के मुख्य कोच पद के लिए की है। देवी पूर्वोत्तर की एकमात्र महिला कोच हैं जिनके पास एएफसी का 'ए' लाइसेंस कोचिंग प्रमाण पत्र है। एआईएफएफ की कार्यकारी समिति इस सिफारिश को अगली बैठक में मंजूरी देगी। तकनीकी समिति ने विजयन की अध्यक्षता में वर्चुअल बैठक में यह सिफारिश की जिसमें पिंकी भोंपल मगर, शब्बीर अली, विक्टर अमलराज, संतोष सिंह और क्लाइमेक्स लॉरेंस शामिल थे।

बॉलीवुड हलचल

किंग में डॉन का किरदार निभाएंगे शाहरूख

मुंबई। बॉलीवुड के किंग खान फिल्म किंग में डॉन का किरदार निभाते नजर आ सकते हैं। शाहरुख खान अपनी बेटी सुहाना खान के साथ फिल्म किंग में काम करने जा रहे हैं। चर्चा है कि शाहरुख खान फिल्म किंग में डॉन के किरदार में नजर आएंगे। कहा जा रहा है कि फिल्म किंग शाहरुख खान के सबसे बड़े प्रोजेक्ट्स में से एक है, जिसकी हर बारीकी पर खुद शाहरुख खान निर्देशक सुजॉय घोष और सिद्धार्थ आनंद से बात कर रहे हैं। कहा जा रहा है कि फिल्म किंग में शाहरुख खान के बाल लंबे होंगे और उनकी हल्की दाढ़ी भी होगी। मेकर्स फिल्म में उनके लुक से अपने दर्शकों को पूरी तरह से हैरान करने की तैयारी कर रहे हैं। इस फिल्म की शूटिंग इस साल सितंबर में शुरू होगी।

डांस ऑफ एनवी गाने पर थिरकेंगी माधुरी-करिश्मा

मुंबई। बॉलीवुड अभिनेत्री माधुरी दीक्षित और करिश्मा कपूर कलर्स चैनल के पॉपुलर शो डांस दीवाने में अपनी सुपरहिट फिल्म दिल तो पागल है के गाना डांस ऑफ एनवी पर फिर थिरकती नजर आएंगी। यशराज बैनर तले वर्ष 1997 में प्रदर्शित फिल्म दिल तो पागल है में शाहरूख खान, माधुरी दीक्षित, करिश्मा कपूर और अक्षय कुमार ने मुख्य भूमिका निभाई थी। इस फिल्म का माधुरी और करिश्मा पर फिल्माय गाना डांस ऑफ एनवी काफी पॉपुलर हुआ था। माधुरी और करिश्मा की जोड़ी का जादू एक बार फिर इस गाने में देखने को मिला। कलर्स चैनल के पॉपुलर शो डांस दीवाने में करिश्मा कपूर स्पेशल गेस्ट बनकर आएंगी।, जिसमें करिश्मा और माधुरी का डांस ऑफ एनवी भी देखने को मिलेगा। इससे जुड़ा प्रोमो सामने आ चुका है। इस प्रोमो में माधुरी और करिश्मा उसी डांस ऑफ एनवी को रिपीट करती नजर आ रही हैं।

भारतीय पुरुष, महिला कंपाउंड टीमों की नजरें स्वर्ण पदक पर

शंघाई में जीत के बाद अभिषेक वर्मा, प्रथमेश भालचंद्र फुगे और प्रियांश। ● एजेंसी

शंघाई, एजेंसी

तीरंदाजी विश्व कप

भारतीय पुरुष और महिला कंपाउंड तीरंदाजी टीमों ने बुधवार को सत्र के शुरुआती तीरंदाजी विश्व कप में फाइनल में जगह बनाकर देश का पदक पक्का कर दिया। अनुभवी अभिषेक वर्मा, उभरते हुए तीरंदाज प्रथमेश भालचंद्र फुगे और मौजूदा अंडर-21 विश्व चैंपियन प्रियांश की चौथी वरीयता प्राप्त पुरुष टीम ने फिलीपींस और डेनमार्क को शिकस्त देने के बाद सेमीफाइनल में कोरिया की चुनौती खत्म की।

भारतीय पुरुष टीम के सामने शनिवार को खेले जाने वाले फाइनल में नीदरलैंड की चुनौती होगी। महिला वर्ग में मौजूद विश्व चैंपियन भारत ने तुर्की और एस्तोनिया को शिकस्त देकर फाइनल का टिकट कटाया। भारत के सामने फाइनल में इटली की चुनौती होगी। मौजूदा अंडर-18 और सीनियर चैंपियन अदिति स्वामी, एशियाई खेलों की स्वर्ण पदक विजेता ज्योति सुरेखा वेन्नम और परनीत कौर की तिकड़ी ने अपने शुरुआती दो मैचों में सिर्फ 10 अंक गंवाए। भारतीय पुरुष टीम ने करीबी मुकाबले में कोरिया को 235-233 से हराकर बड़ा उलटफेर किया। इस मुकाबले के शुरुआती दो दौर के बाद दोनों टीमें बराबरी पर थी लेकिन भारत ने 59 के स्कोर के साथ कोरिया को पछाड़ा।

आईसीसी टी-20 बल्लेबाज रैंकिंग में शीर्ष पर सूर्यकुमार

दुबई, एजेंसी

भारत के स्टार सूर्यकुमार यादव बल्लेबाजी टी-20 रैंकिंग में 861 की रेटिंग के साथ शीर्ष पर कायम है। आईसीसीआई की ताजा रैंकिंग में इंग्लैंड के फिल साल्ट 802 की रेटिंग के साथ दूसरे नंबर पर हैं। हाल ही में टी-20 में सबसे तेज तीन हजार रन बनाने वाले पाकिस्तान के विकेटकीपर बल्लेबाज मोहम्मद रिजवान को रैंकिंग में कोई फायदा मिलता हुआ नहीं दिख रहा है। उनकी रेटिंग 800 की है। इस बीच दक्षिण अफ्रीका के एडन मारक्रम एक पायदान आगे बढ़कर चौथे नंबर पर आ गए हैं और उनकी रेटिंग 755 की है।

मारक्रम के कारण पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम को नुकसान हुआ है और वे एक स्थान नीचे खिसक कर पांचवें नंबर पर पहुंचे गये हैं। शीष पांच बल्लेबाजों के बाद छठे स्थान पर 714 रेटिंग के साथ यशस्वी जायसवाल हैं। दक्षिण अफ्रीका के राइली रूसो 689 की रेटिंग के साथ सातवें नंबर पर हैं। इंग्लैंड के जॉस बटलर 680 की रेटिंग के साथ अब एक स्थान की उछाल के साथ आठवें नंबर पर पहुंच हैं। न्यूजीलैंड के फिन ऐलन एक स्थान नीचे यानी नौवें नंबर पर पहुंच गए हैं। उनकी रेटिंग 666 की है। दक्षिण अफ्रीका के रीजा हेड्रिक्स 660 की रेटिंग के साथ अभी भी नंबर 10 पर बने हुए हैं।



- 802 की रेटिंग के साथ दूसरे स्थान पर इंग्लैंड के फिल साल्ट
- शाहीन अफरीदी सर्वोच्च रेटिंग वाले टी-20 गेंदबाज तेज गेंदबाज

वहीं, बाएं हाथ के तेज गेंदबाज शाहीन अफरीदी एक बार फिर पाकिस्तान के सर्वोच्च रेटिंग वाले टी-20 गेंदबाज हैं। वह न्यूजीलैंड केखिलाफ सीरीज में शानदार प्रदर्शन करते हुए दो स्थान ऊपर चढ़कर 17वें स्थान पर पहुंच गए हैं। तेज गेंदबाजी में टीम साउदी और तेज हारिस रऊफ 22वें स्थान पर हैं।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक राज सागर द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं एलआईजी 23, प्रथम तल, आशियाना फेस-1, कांठ रोड मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित।

संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0591-3551286(कार्यालय), ईमेल-amritvichar.moradabad@gmail.com आर.एन.आई नं0-UPHIN/2020/79034 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुरादाबाद होगा)।

सेना खुले मंच पर करे चर्चा, पीटीआई ने गुप्त बातचीत को नकारा

इस्लामाबाद। पाकिस्तान में जेल की सजा काट रहे पीटीआई (पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ) के संस्थापक और पूर्व पीएम इमरान खान उन दावों को सिरे से नाकारा है, जिनमें कहा जा रहा था कि उनकी सेना के साथ गुप्त वार्ता चल रही है।

पार्टी के अध्यक्ष गोहर खान ने रावलपिंडी की जेल के बाहर पत्रकारों से बातचीत की। इस दौरान उन्होंने कहा कि मैंने आज पार्टी के संस्थापक इमरान खान से पूछा कि क्या कुछ संस्थानों ने बातचीत के लिए उनसे संपर्क किया है। इमरान खान ने स्पष्ट जवाब दिया, उनसे किसी ने संपर्क नहीं किया और न ही उन्हें किसी से बातचीत के लिए कोई संदेश मिला था। गोहर खान का यह बयान ऐसे समय में आया है, जब पाकिस्तान की मीडिया में कुछ खबरें आई थीं।

मालदीव में 30 द्वीपों का ठेका चीनी कंपनियों को देंगे मुइज्जू

माले, एजेंसी

- भारत विरोधी मुइज्जू को संसदीय चुनाव में बहुमत मिलने के बाद चीनी एजेंडे शुरू

मालदीव में भारत विरोधी राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू को संसदीय चुनाव में प्रचंड बहुमत के पाने के बाद साइड इफेक्ट शुरू हो गए हैं। 93 सीटों में से मुइज्जू की पार्टी को 68 सीटें मिली हैं। अब मुइज्जू ने चीन के एजेंडे पर काम शुरू कर दिया है। उनका पहला टास्क संविधान बदलना है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, अभी राष्ट्रपति के अधिकारों पर संसद का नियंत्रण है। मुइज्जू राष्ट्रपति के आदेश को मंजूरी के लिए संसद में तीन चौथाई की जगह साधारण बहुमत का प्रावधान करेंगे। मुइज्जू 188 बसाहट वाले द्वीपों में से 30 नए द्वीपों में कंस्ट्रक्शन के ठेके चीनी कंपनियों को देंगे। यहां चीन की कंपनियां पहले चरण में एक हजार फ्लैट बनाएंगी। ये 30 नए द्वीप समुद्र हैं। इसे लैंड पाट कर बनाए गए है रिक्लेमेशन कहा जाता है। कर्ज चुकाने के लिए तुर्किये और सऊदी से इस्लामिक बॉन्ड, 4200 करोड़ जुटाएंगे मालदीव पर 54,186 करोड़ रुपये का विदेशी कर्ज है। वर्ल्ड बैंक के अनुसार 2026 तक मालदीव को लगभग 9 हजार करोड़ का विदेशी कर्ज चुकाना होगा। इसके लिए राष्ट्रपति मुइज्जू ने इस्लामिक बॉन्ड के जरिए 4200 करोड़ रुपये जुटाने का प्लान बनाया है।

श्रीलंकाः स्वदेश लौटे भारत के 5 मछुआरे

कोलंबो। श्रीलंका द्वारा भारत के पांच मछुआरों को स्वदेश वापस भेज दिया गया है। बता दें कि सभी को द्वीप राष्ट्र के समुद्री क्षेत्र में मछली पकड़ने के दौरान श्रीलंका की नौसेना द्वारा गिरफ्तार किया गया गया था।

श्रीलंका में भारत के राजदूत ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर बताया कि पाच भारतीय मछुआरों को सुरक्षित वापस भेज दिया गया है। भारतीय दूतावास द्वारा यह भी बताया गया कि इस महीने की शुरुआत में भी श्रीलंका की नौसेना ने 19 भारतीय मछुआरों पकड़ा था, जिन्हें स्वदेश वापस भेजा गया। बता दें कि भारत और श्रीलंका के बीच संबंधों में मछुआरों का मुद्दा एक विवादास्पद मुद्दा है। इससे पहले श्रीलंकाई नौसेना द्वारा पाक जलडमरूमध्य में भारतीय मछुआरों पर गोलीबारी भी की गई थी।

दुनिया का सबसे अमीर मंदिर बना तिरुमाला तिरूपति देवस्थानम

दुनिया के सबसे अमीर मंदिर ट्रस्ट तिरुमाला तिरुपति देवस्थानम (टीटीडी) ने इस साल 1161 करोड़ रुपये की एफडी कराई है। पिछले 12 सालों में यहा सबसे ज्यादा है। बता दें कि यह ट्रस्ट दुनिया का सबसे अमीर मंदिर ट्रस्ट है। रिपोर्ट के अनुसार, ट्रस्ट देश का एकमात्र हिंदू धार्मिक ट्रस्ट है, जो पिछले 12 सालों में साल दर साल लगातार 500 करोड़ रुपये या उससे ज्यादा की रकम जमा कर रहा है। 2012 तक, ट्रस्ट का फिक्स डिपॉजिट 4820 करोड़ रुपये था।

अब तक की सबसे बड़ी रकम

सभी बैंकों और ट्रस्टों में तिरुपति ट्रस्ट की नकदी 18817 करोड़ रुपये तक हो गई है। जो इतिहास में अब तक की सबसे बड़ी रकम है। बता दें कि ट्रस्ट अपनी एफडी पर ब्याज के रूप में सालाना लगभग 1,600 करोड़ रुपये की राशि कमाता है। इसके अलावा हाल ही में 1,031 किलोग्राम सोने की जमा के बाद, बैंकों में मंदिर का सोना भंडार भी बढ़कर 11,329 किलोग्राम हो गया है।

12 साल में 8467 करोड़ की रकम की जमा

तिरुपति ट्रस्ट ने 2013 से 2024 के बीच 8467 करोड़ रुपये की रकम जमा की है। यह देश के किसी भी मंदिर ट्रस्ट के लिए सबसे ज्यादा है। ट्रस्ट की बैंकों में कुल एफडी 13,287 करोड़ रुपये हो गई है। इसके अलावा मंदिर ट्रस्ट की ओर से संचालित कई ट्रस्ट जिसमें श्री वेंकटेश्वर नित्य अन्नप्रसादम ट्रस्ट, श्री वेंकटेश्वर प्राणदानम ट्रस्ट आदि है, जिन्हें भक्तों से पर्याप्त दान मिलता है। उनकी करीब 5529 करोड़ रुपये की फिक्स डिपॉजिट हो गई है।

पहली बार कोरोना काल में एफडी की राशि घटी

साल दर साल तिरुपति ट्रस्ट की फिक्स डिपॉजिट में बढ़ोतरी हो रही है। 2013 में 608 करोड़, 2014 में 970 करोड़, 2015 में 961 करोड़, 2016 में 1153 करोड़, 2017 में 774 करोड़, 2018 में 501 करोड़ की एफडी हुई थी। पिछले 12 सालों में पहली बार कोरोना काल में एफडी की राशि घट गई थी। 2019 में 285 करोड़, 2020 में 753 करोड़, 2021 में 270 करोड़, 2022 में 274 करोड़ की एफडी हुई थी। पिछले साल ट्रस्ट ने 757 करोड़ की एफडी कराई थी।

यहां बालों का किया जाता है दान

मान्यता है कि जो व्यक्ति अपने मन से सभी पाप और बुराइयों को यहां छोड़ जाता है, उसके सभी दु:ख देवी लक्ष्मी खत्म कर देती हैं। इसलिए यहां अपनी सभी बुराइयों और पापों के रूप में लोग अपने बाल छोड़ जाते हैं। और मंदिरों में भगवान को चढ़ाया गया तुलसी पत्र बाद में प्रसाद के रूप में भक्तों को दिया जाता है।

यूएन में भारत बोला- पाक आतंकियों के लिए कवच बना चीन का सीक्रेट वीटो

कंबोज बोलीं- चुनौतियों का सामना करने के लिए सुरक्षा परिषद का रिकॉर्ड निराशाजनक

वाशिंगटन,एजेंसी

भारत ने चीन पर परोक्ष रूप से कटाक्ष करते हुए कहा है कि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) की प्रतिबंध समितियों में प्रस्तावों पर लगाई गईं रोक एक प्रकार का 'छिपा हुआ वीटो' है और इसकी आड़ में पाकिस्तान स्थित वैश्विक आतंकवादियों को सूचीबद्ध करने जैसे मामलों पर परिषद के कुछ सदस्य देश कोई जिम्मेदारी नहीं लेंगे।

संयुक्त राष्ट्र में भारत की स्थायी प्रतिनिधि एवं राजदूत रुचिरा कंबोज ने मंगलवार को यह बात कही। रुचिरा कंबोज ने एक बयान में कहा, किसी भी संस्थान के काम करने के तरीकों को उसके सामने आने वाली चुनौतियों का जवाब देना चाहिए। बढ़ती हुई चुनौतियों का मुकाबला करने में संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद का रिकॉर्ड काफी निराशाजनक रहा है।

कंबोज ने संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा 'वीटो पहल- संयुक्त राष्ट्र प्रणाली को मजबूत करना' प्रस्ताव को सर्वसम्मति से अपनाने की दूसरी वर्षगांठ के अवसर पर संयुक्त राष्ट्र महासभा में कहा कि सुरक्षा परिषद ने वीटो को छिपाने के लिए अपने कामकाज के तरीके का उपयोग किया। उसने इस काम को अपनी समितियों की तदर्थ कार्य पद्धतियों के माध्यम से छिपाने का प्रयास किया है जो उसकी तरफ से काम तो करती है किंतु उसकी जवाबदेही बहुत कम है। दो साल पहले, संयुक्त राष्ट्र महासभा में संकल्प 76/262 को अपनाया गया था जिसमें यह निर्णय लिया गया था कि 193 सदस्यीय महासभा के अध्यक्ष 15 देशों की सुरक्षा परिषद के एक या अधिक स्थायी सदस्यों द्वारा वीटो करने के 10 दिनों के भीतर एक औपचारिक बैठक बुलाएंगे। कंबोज ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र महासभा प्रस्ताव में परिषद के कामकाज के तरीकों की अपारदर्शिता को संबोधित करने और जवाबदेही तय करने की आवश्यकता को प्रतिबिंबित करने वाली भावना का स्वागत है। उन्होंने कहा, इन प्रयासों के महत्व को पहचानते हुए, हम चाहेंगे कि इन प्रयासों को इस तरह से किया जाए जिससे उंगली उठाने के बजाय आम सहमति बनाने का माहौल बने। बता दें, सुरक्षा परिषद के स्थायी सदस्य की हैसियत से चीन मसूद अजहर पर प्रतिबंध संबंधी भारत के प्रस्ताव को लगातार रोक रहा है। इस तरह के प्रस्ताव अल कायदा प्रतिबंध कमेटी में रखे जाते हैं, जो सुरक्षा परिषद का सहायक संगठन है। संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रतिनिधि सैयद अकबरुद्दीन ने कहा कि सुरक्षा परिषद के कार्यो को किस तरह से वीटो के जरिये निष्प्रभावी किया जाता है।

चीन ने आतंकियों पर प्रतिबंध के लिए लगाई है रोक

रुचिरा कंबोज ने कहा, हममें से जो लोग मंजूरी समितियों की कार्य प्रणाली और रोक और अवरोध लगाने की इसकी परंपरा से परिचित हैं, वे जानते हैं कि ये उन मामलों पर एक प्रकार की छिपी हुई वीटो शक्ति हैं, जिन पर कुछ परिषद सदस्य कोई जिम्मेदारी नहीं लेंगे और उन्हें अपने निर्णयों की व्याख्या करने की आवश्यकता नहीं होती है। कंबोज की यह टिप्पणी स्पष्ट रूप से चीन के संदर्भ में है। चीन ने सुरक्षा परिषद की 1267 अल कायदा प्रतिबंध समिति के तहत पाकिस्तान स्थित आतंकवादियों को नामित करने के लिए भारत और अमेरिका जैसे उसके सहयोगी देशों द्वारा पेश किए गए प्रस्तावों पर बार-बार रोक लगाई है।

ऑस्ट्रेलिया का फर्जी वीजा देकर 18 लाख की ठगी

श्रीगंगानगर। राजस्थान के श्रीगंगानगर जिले में पदमपुर थाना क्षेत्र में पुलिस ने कुछ व्यक्तियों पर ऑस्ट्रेलिया का फर्जी वीजा देकर 18 लाख 50 हजार रुपये की धोखाधड़ी करने के आरोप में मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार, चक 23 बीबी निवासी हरजिंदर सिंह द्वारा अदालत में दायर किए गए इस्तगासा के आधार पर कपिल शर्मा (28) निवासी चक 7-ईईए, उमेश (36) निवासी चक 2-आरबी तहसील पदमपुर, सुखविंदर सिंह (30) और सतनाम सिंह(30) निवासी चक 6-जेकेएम तहसील रायसिंहनगर हरविंदर सिंह (36) निवासी चक 6-पी तहसील अनूपगढ़ और सुमीर (40)के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस ने कहा-मामले में आगे की जांच की जा रही है।

संचार तकनीकी का दुरुपयोग कर रहे आतंकी

मॉस्को, एजेंसी

- डोभाल बोले-मुकाबला करने के लिए अंतर्राष्ट्रीय सहयोग जरूरी

भारत आतंकवादियों और अपराधियों द्वारा सूचना और संचार प्रौद्योगिकियों के दुरुपयोग का मुकाबला करने के लिए सहयोग जारी रखेगा। राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल ने बुधवार को यह भरोसा दिया और कहा कि सूचना सुरक्षा सुनिश्चित करने और विश्वसनीय व समावेशी ढांचा बनाने के लिए अंतर्राष्ट्रीय सहयोग की जरूरत है।

रूस के सेंट पीटर्सबर्ग में सूचना सुरक्षा सुनिश्चित करने के विषय पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डोभाल ने समावेशी आर्थिक विकास के लिए डिजिटल प्रौद्योगिकी के इस्तेमाल की भारत की नीति के बारे में बताया। डोभाल ने जोर देकर कहा कि भारत आतंकवादियों और अपराधियों की ओर से सूचना और संचार प्रौद्योगिकियों के दुरुपयोग का मुकाबला करने के साथ-साथ आतंकवाद के वित्तपोषण को रोकने के लिए भी सहयोग जारी रखेगा। उन्होंने कहा कि इस संदर्भ में साइबर अपराध पर संयुक्त राष्ट्र का समझौता अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर एक महत्वपूर्ण पहल होगा। उन्होंने सूचना सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए एक खुले, स्थिर, सुरक्षित, विश्वसनीय और समावेशी ढांचे के लिए अंतर्राष्ट्रीय सहयोग का आह्वान किया। सुरक्षा मामलों के लिए जिम्मेदार उच्च रैंकिंग अधिकारियों की बारहवीं अंतर्राष्ट्रीय बैठक में भाग लेने वाले डोभाल ने कहा कि इस तरह के सहयोग के रोडमैप में सरकारों से लेकर निजी क्षेत्र, शिक्षा, तकनीकी समुदाय और नागरिक समाज तक सभी हितधारकों को शामिल होना चाहिए।

दीनानाथ मंगेशकर पुरस्कार से सम्मानित अमिताभ बच्चन

मुंबई, एजेंसी

अभिनेता अमिताभ बच्चन को बुधवार को लता दीनानाथ मंगेशकर पुरस्कार से सम्मानित किया गया। पांच मंगेशकर भाई-बहनों में सबसे बड़ी लता की 2022 में मृत्यु हो जाने के बाद परिवार और ट्रस्ट ने सुर सम्राज्ञी की याद में पुरस्कार की स्थापना की थी।

बच्चन (81) को यह सम्मान 24 अप्रैल को रंगमंच-संगीत के दिग्गज और मंगेशकर भाई-बहनों के पिता दीनानाथ मंगेशकर के स्मृति दिवस पर मिला। पुरस्कार ग्रहण करते हुए उन्होंने कहा, मैंने कभी खुद को इस तरह के पुरस्कार के लायक नहीं समझा, लेकिन हृदयनाथ (मंगेशकर) जी ने बहुत कोशिश की कि मैं यहां आऊं। गायिका उषा मंगेशकर ने बच्चन को पुरस्कार प्रदान किया। पहले, मंगेशकर की दूसरी बहन और प्रसिद्ध गायिका आशा भोसले को पुरस्कार प्रदान करना था लेकिन वह अस्वस्थ होने के कारण कार्यक्रम में शामिल नहीं हो सकीं। बता दें, यह पुरस्कार हर साल उस व्यक्ति को दिया जाता है जिसने राष्ट्र, उसके लोगों और समाज के प्रति अग्रणी योगदान दिया हो।

अमिताभ बच्चन को सम्मानित करतीं लता मंगेशकर की छोटी बहन उषा मंगेशकर।

एक नजर

चीन का अंतरिक्ष यान चालक दल के साथ आज होगा प्रक्षेपित

जिउक्वान। उत्तर पश्चिमी चीन में जिउक्वान सैटेलाइट लॉन्च सेंटर से अंतरिक्ष यान शेनझोउ-18 चालक दल के साथ गुरुवार को प्रक्षेपित किया जाएगा। चीन मानवयुक्त अंतरिक्ष एजेंसी (सीएमएसए) ने बुधवार को इसकी घोषणा की। सीएमएसए के उप निदेशक लिन जिकियांग ने कहा कि अंतरिक्ष यान शेनझोउ-18 अंतरिक्ष उड़ान मिशन को पूरा करने के लिए तीन अंतरिक्ष यात्रियों को ले जाएगा। शेनझोउ-18 चीन के मानवयुक्त अंतरिक्ष कार्यक्रम का 32वां उड़ान मिशन है और चीन के अंतरिक्ष स्टेशन के अनुप्रयोग और विकास चरण के दौरान तीसरा मानवयुक्त मिशन है।

अमेरिका में मालवाहक विमान दुर्घटनाग्रस्त, दो लोगों की मौत

लॉस एंजिलिस। अमेरिका के अलास्का प्रांत में डगलस डीसी-4 मालवाहक विमानदुर्घटना ग्रस्त होने से दो लोगों की मौत हो गई। अलास्का स्टेट ट्रूपर्स की जानकारी के मुताबिक विमान ने फेयरबैंक्स अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे से उड़ान भरी और करीब 11 किलोमीटर दूर एक पहाड़ी से टकरा गया, जिसके बाद उसमें आग लग गई। विमान में सवार दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। राष्ट्रीय परिवहन सुरक्षा बोर्ड (एनटीएसबी) के अलास्का क्षेत्रीय कार्यालय के प्रमुख क्लिंट जॉनसन ने बताया कि बचाव और जांच टीम को मौके पर भेजा गया है ताकि विमान दुर्घटनाग्रस्त होने के वास्तविक कारणों का पता लगाया जा सके।

भारतवंशी भाविनी पटेल डेमोक्रेटिक पार्टी का प्राइमरी चुनाव हारीं

वाशिंगटन। भारतीय अमेरिकी भाविनी पटेल मंगलवार रात पेनसिल्वेनिया से डेमोक्रेटिक पार्टी की प्राइमरी में हार गईं। मौजूदा सांसद समर ली को 12वें 'कांग्रेसनल डिस्ट्रिक्ट' पेनसिल्वेनिया की प्राइमरी में विजेता घोषित किया गया। ली को 59 प्रतिशत वोट मिले, वहीं पटेल को 41 प्रतिशत वोट से संतोष करना पड़ा। बाइडन और रिपब्लिकन पार्टी से उनके प्रतिद्वंद्वी डोनाल्ड ट्रंप दोनों ने उम्मीद के अनुरूप 'प्राइमरी' चुनाव जीते। बाइडन को डेमोक्रेट्स से 94 फीसदी वोट मिले। पटेल बाइडन की समर्थक हैं, जबकि ली राष्ट्रपति की मुखर आलोचक हैं और उन्होंने इजराइल के खिलाफ समर्थन किया है। चुनाव परिणाम आने के बाद पिट्सबर्ग पोस्ट-गज़ेट ने कहा, मंगलवार की उनकी (पटेल) हार यह दिखाती है कि ली जैसी प्रगतिशील उम्मीदवार अब भी पिट्सबर्ग पर अपना वर्चस्व कायम कर सकती हैं...।

तेज हवा से गिरा निर्माणाधीन पुल

हैदराबाद : हैदराबाद के पेदापल्ली जिले में निर्माणाधीन पुल अचानक गिर गया। एक किमी लंबे इस पुल का काम 2016 से चल रहा था। यह पुल ओदेदू को गर्मिलापल्ली गांव से जोड़ने के लिए बनाया जा रहा था। बताया जा रहा है कि रात में तेज हवा की वजह से पुल के दो गार्डर ढह गए। ● एजेंसी

नवलनी की मौत पर मेमोरियल सेवा आयोजित करने वाला पादरी निलंबित

मॉस्को। रूसी विपक्षी नेता एलेक्सी नवलनी की मौत के बाद मेमोरियल सेवा आयोजित करने वाले पादरी को आर्थोडॉक्स चर्च प्रमुख ने तीन साल के लिए निलंबित कर दिया है। राजनेता की मौत के 40 दिन पूरे होने के अवसर पर दिमित्री सफ्रोनोव ने 26 मार्च को मॉस्को में नवलनी की कब्र पर एक मेमोरियल सेवा आयोजित की थी।

इस आयोजन को रूसी परंपरा में महत्वपूर्ण माना जाता है। मॉस्को डायोसीज वेबसाइट पर मंगलवार को प्रकाशित एक आदेश में सफ्रोनोव को सार्वजनिक रूप से पादरी के पद से हटाकर अन्य पद दे दिया गया है। उन्हें राजधानी के एक अन्य चर्च में स्थानांतरित भी कर दिया गया। अगले तीन वर्षों के लिए धार्मिक परिधान पहनने का अधिकार भी छीन लिया गया है।

ईरान से व्यापार पर पाकिस्तान को नसीहत

- इशारों में पड़ोसी देश को अमेरिका ने चेताया, प्रतिबंधों से सजग रहे पाक

वाशिंगटन, एजेंसी

तीन दिवसीय यात्रा संपन्न होने के बाद ईरानी राष्ट्रपति का आभार जताते शहबाज।

अमेरिकी विदेश विभाग के उप प्रवक्ता वेदांत पटेल ने कहा कि ईरान के साथ व्यापारिक समझौते पर विचार करने वाले को अमेरिकी प्रतिबंधों के संभावित जोखिम के बारे में पता होना चाहिए। ईरानी राष्ट्रपति की पाकिस्तान यात्रा पर सवाल का जवाब देते हुए उन्होंने यह बात कही।

यात्रा के दौरान पाकिस्तान और ईरान ने आठ एमओयू (समझौता ज्ञापन) पर हस्ताक्षर किए और द्विपक्षीय व्यापार को 10 अरब डॉलर तक बढ़ाने पर सहमति व्यक्त की है। ईरानी राष्ट्रपति सैय्यद इब्राहिम रायसी की इस्लामाबाद यात्रा आठ फरवरी के आम चुनाव के बाद किसी राष्ट्र प्रमुख की पहली यात्रा थी। अपनी तीन दिवसीय यात्रा के दौरान, ईरानी राष्ट्रपति ने अपने समकक्ष आसिफ अली जरदारी, प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ, सेना प्रमुख जनरल असीम मुनीर, सीनेट अध्यक्ष यूसुफ रजा गिलानी आदि से मुलाकात की। गौरतलब है कि इस सप्ताह की शुरुआत में अमेरिका ने पाकिस्तान के बैलिस्टिक मिसाइल कार्यक्रम के आपूर्तिकर्ताओं पर प्रतिबंध लगाए थे। इनमें चीन की तीन कंपनियां भी शामिल थीं। अमेरिकी विदेश विभाग के उप प्रवक्ता ने कहा कि प्रतिबंध इसलिए लगाए गए थे, क्योंकि ये सभी संस्थाएं सामूहिक विनाश के हथियारों की प्रसारक थीं।

विज्ञान खगोलविदों ने किया खुलासा, हमारे सौर मंडल के पड़ोस में एक अलग दुनिया का संकेत देती है यह खोज

ब्रॉउन ड्वार्फ के मीथेन की आश्चर्यजनक खोज

नैनीताल कार्यालय

अमृत विचार : खगोलविदों ने ठंडे भूरे बौने (ब्रॉउन ड्वार्फ) पर मीथेन की अप्रत्याशित खोज की है। यह खोज जेम्स वेब स्पेस टेलीस्कोप के जरिए हुई है। इस ब्रॉउन ड्वार्फ का तापमान 400 डिग्री फ़ारेनहाइट है। इस खोज से हमारे सौर मंडल के पड़ोस में एक अलग दुनिया का संकेत मिलता है। ब्रॉउन ड्वार्फ ब्रह्मांड के वह पिंड हैं, जो न तो तारे बन पाते हैं और ना ही ग्रह। इन्हें तारे व ग्रह के बीच के पिंड कह सकते हैं। ब्रह्मांड में इनकी भी बड़ी संख्या है। पहले माना जाता था कि इनकी संख्या सीमित है। मगर वास्तव में ऐसा बिलकुल नही है। पिछले करीब दो दशक से ब्रॉउन ड्वार्फ के शोध में तेजी आई है। जिस कारण इनके बारे में जानकारी का लगातार विस्तार हो रहा है। नई खोज न केवल चौंकाने वाली है, बल्कि ब्रह्मांड में ब्रॉउन ड्वार्फ में जीवन होने का इशारा भी करती है। शोध में निष्कर्षों से पता चलता है कि यह भूरा बौना हमारे अपने ग्रह के साथ-साथ बृहस्पति और शनि की तरह ध्रुवीय रोशनी उत्पन्न कर सकता है। ब्रॉउन ड्वार्फ आकार में ग्रहों से अधिक विशाल और तारों से हल्के व छोटे होते हैं। हमारे सौर मंडल के पड़ोस में फैले हुए हैं। अमेरिकन म्यूजियम ऑफ नेचुरल हिस्ट्री के वैज्ञानिक जैकी फाहर्टी के नेतृत्व में वैज्ञानिकों ने 12 भूरे बौनों की जेम्स वेब टेलेस्कोप से जांच पड़ताल की। जिसमें सी डब्लू आई एस ई पी जे 193518.59-154620.3 ब्रॉउन ड्वार्फ कुछ अलग नजर आया। इसका शार्ट नाम डब्लू 1935 है। यह ब्रॉउन ड्वार्फ हमसे - 47 प्रकाश वर्ष दूर है। यह अन्य ब्रॉउन ड्वार्फ की तुलना में ठंडा है। इसके द्रव्यमान अभी अच्छी तरह से ज्ञात नहीं हो पाया है, लेकिन संभवतः यह बृहस्पति के द्रव्यमान के 6-35 गुना के बीच हो सकता है।

ब्रॉउन ड्वार्फ की तस्वीर।

जेम्स वेब स्पेस टेलीस्कोप से हुई यह खोज

जेम्स वेब स्पेस टेलीस्कोप के विकसित होने के बाद ब्रह्मांड में आश्चर्यजनक खोज होने लगी है। इस दूरबीन के जरिए सैंकड़ो खोज हो चुकी हैं। हर खोज में कुछ नया देखने को मिलता है। साथ ही खगोल विज्ञान को दिशा देने व आगे बढ़ाने में जेम्स अभी तक मील का पत्थर साबित हुई है।

युवाओं को जॉब के लिए नौ साल पुराना करियर पोर्टल 6 महीने में होगा लॉन्च

नई दिल्ली, एजेंसी

- केंद्र सरकार का लाखों युवाओं और नियोक्ताओं को एक साथ प्लेटफॉर्म पर लाने का उद्देश्य

नई दिल्ली केंद्र सरकार ने नौ साल पुराने नेशनल करियर सर्विस (एनसीएस) पोर्टल को अपग्रेड करने की योजना बनाई है। इसका उद्देश्य लाखों युवाओं और नियोक्ताओं को एक प्लेटफॉर्म पर लाना और भविष्य की वर्कफोर्स तैयार करना है। एनसीएस 2.0 के अपग्रेडेशन पर काम कर रहा केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्रालय पोर्टल को ज्यादा प्रभावी बनाने के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) और मशीन लर्निंग की मदद लेगा।

एनसीएस 2.0 पोर्टल लॉन्च होने में छह से नौ महीने लग सकते हैं। केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्रालय के एक अधिकारी जानकारी देते हुए बताया है कि, नए वर्जन में राज्यों व जिलों की माइक्रो- साइट होगी। जिले, राज्य और देश का सेंट्रलाइज आंकड़ा एक ही पोर्टल पर होगा।

टीमलीज सर्विसेज की को-फाउंडर रितुपर्णा चक्रवर्ती ने इस फैसले का स्वागत किया है। गौरतलब है कि 2023-24 में एनसीएस के जरिए 1 करोड़ से ज्यादा रिक्तियां लाई गई, जो पिछले वित्त वर्ष (35 लाख) से 3 गुना हैं। वित्त वर्ष 2024 में इस पोर्टल पर 25 से 26 लाख नियोक्ता मौजूद हैं।

50 से ज्यादा पोर्टल से जुड़ा

एनसीएस नौकरी चाहने वालों, नियोक्ताओं, करियर काउंसलर, प्लेसमेंट संगठनों, सरकारी विभागों को एक डिजिटल प्लेटफॉर्म पर लाएगा। अभी एनसीएस 50 से ज्यादा पोर्टल से जुड़ा है। इनमें एमएसएमई के लिए उद्यम पोर्टल, ईपीएफओ, ईएसआईसी, ई-श्रम, टीमलीज, मॉन्स्टर डॉट कॉम जैसे पोर्टल के साथ कई अन्य संस्थान शामिल हैं। फिलहाल 22 राज्यों के जॉब पोर्टल एनसीएस के साथ जुड़े हैं और सात राज्य सीधे इसका इस्तेमाल कर रहे हैं।